# समयसार

श्री कुन्द कुन्द भारती, दिल्ली

Scanned with OKEN Scanner

प्रकाशक :
मंत्री
श्री कुन्दकुन्दभारती :
७ ए, राजपुर रोड, दिल्ली ११०००६

प्राप्ति स्थान :
व्यवस्थापक
श्री १०८ आचार्यरत्न देशभूषण जी महाराज ट्रस्ट (पंजी०)
श्री लाला सरदारीमल, रतनलाल जैन, अतिथि-भवन,
४१७ कूचाबुलाकीबेगम, एस्प्लेनेड रोड, दिल्ली-११०००६

प्रथम संस्करण :
जून १९७७

मूल्य : पच्चीस रुपया

© आचार्य बृहस्पति

मुद्रक :
एमरसन प्रिंटर्स दिल्ली-११०००६
फोन : २७६२६६

Scanned with OKEN Scanner

# आद्य मिताक्षर

## नाद-निर्वचन—

नाद संगीतशास्त्र का प्राणपुरुष है। यद्यपि नाद को नितान्त संगीत जागतिक ही नहीं माना जा सकता। क्योंकि यह सम्पूर्ण भुवन ही नादाधिष्ठित है। पुद्गल का गुण[1] होने से यह सर्वत्र व्याप्त होता है। तथापि संगीत में नाद की सविशेष उपयोगिता को स्वीकार किया गया है। यह 'नाद' शब्द संस्कृत-व्याकरण के 'नद्' धातु से निष्पन्न होता है। इसका मूल अर्थ 'अव्यक्त शब्द' है! अव्यक्त और व्यक्त ध्वनि के दो स्वरूप हैं। वैसे उभययोग से मिश्रित ध्वनि को 'व्यक्ताव्यक्त' कहकर ध्वनि का एक तृतीय भेद और स्वीकार किया जा सकता है। अव्यक्तनाद वह माना गया है जिसमें मानवकण्ठ से उच्चार्यमाण स्वरों और व्यंजनों की अभिव्यक्ति नहीं है, जो ध्वनिमात्र है। इस वर्गणा में वीणा, वेणु, मृदंग, मुरज आदि की अवर्णपरिग्रह ध्वनि का ग्रहण किया जाता है। जब उस ध्वनि में अ, क, च, ट, त, प—आदि वर्णों का स्पष्ट उच्चारण सन्निविष्ट हो जाता है, तब वह व्यक्तध्वनि कहलाती है। इस नाद के विषय में विभिन्न विद्वानों, शास्त्रकारों एवं विषयविशेष के निरूक्तिकारों ने अनेकधा प्रतिपादन किया है, जैसा कि निम्नलिखित प्रकीर्तना से विदित होगा।

'प्राकृत, संस्कृत और हिन्दी' कोषकार ने ऊँची दहाड़, चिल्लाहट, चीख, गर्जन, सिंहनाद[2] मेघध्वनि एवं जलप्रपात से उत्पन्न शब्द 'नाद' के

---

१. 'आर्हतानां पुद्गलारब्धः।'—कुमारिलभट्टः।
—पौद्गलो दिगम्बरैः। पुद्गला परमाणव उच्यन्ते। तदात्मक इत्यर्थः।
'पूरण गलणाइय गुण सहियइँ। पुग्गलाइँ बहु भेयइँ कहियइँ।
—विबुध श्रीधर, वड्ढमाणचरिउ १०/३९/२०
—पूरण गलन आदिगुणों के कारण पुद्गल को अनेक भेद वाला कहा गया है।

२. 'वाक्सिंह नादैः'—समन्तभद्र, स्वयंभू, ३८
'सुगदसिंहनादः'— सिद्धसेन ब०, ३/३६
'ननादसिंहनादं'—अश्वघोष, ५/४८
'सिंहनादं'—गीता, १/३८
'सिंहनादः'—प्रतिष्ठाति०, ९/३
'सिंहरवम्'—रत्नाकर, ११२

अर्थ में दिये हैं। वर्षाकाल में सान्द्रघनस्तनित सुनकर 'केका' रव करने वाले मयूर को 'मेघनादानुलासी' घनध्वनि पर नृत्यकारी पक्षी कहा गया है।

वैदिक वाङ्मय में शब्दब्रह्म को 'नद' कहा गया है। वह सृष्टि की सिसृक्षावस्था में अपने मानसंकल्प को वाणीरूप प्रदान करता है। अतः नद से उत्पन्न वाक् (ध्वनि, नाद) को नाद कहा जाता है। नाद की उत्पत्ति का वर्णन करते हुए शारदातिलक में कहा गया है कि सत्, चित्, आनन्द विभूतित्रयी से सम्पन्न प्रजापति से सर्वप्रथम शक्ति का प्रादुर्भाव होता है। वह शक्ति नाद को उत्पन्न करती है और नाद से बिन्दु की उत्पत्ति होती है।[1] जैन साहित्य में नादकला का आकार आधे चन्द्रमा के समान है, वह सफेद रंगवाली है, बिन्दु काले रंग वाला है।[2] महाभारत में भी स्वयम्भू द्वारा अनादिनिधन, नित्य वाक् की उत्पत्ति का अभिधान किया गया है जिसका आदिरूप वेदात्मक (ज्ञानात्मक) है और जो संसार की सम्पूर्ण प्रवृत्तियों में ओतप्रोत है।

मनुष्य शरीर में नाभिस्थान को नाभिसरोवर, ब्रह्मग्रन्थि, नाभिह्रद आदि अनेक नामों से अभिहित किया गया है। इस नाभिसरोवर में दिव्य कमल उत्पन्न होता है, उस पर ब्रह्मा का आसन परिकल्पित किया गया है। ब्रह्मा का स्वरूप चतुर्मुख है, उनकी प्रजापति संज्ञा है। वही सृष्टि में सर्व प्रथम छन्दोगायी हैं। वही श्रुति अथवा श्रुत का उद्गान करते हैं। यह श्रुत शब्दावच्छिन्न है अतएव उत्पन्नध्वंसी है, पुद्गलधर्मा है, परन्तु इस भावश्रुत का अर्थ विषयावच्छिन्न है, अनादिनिधन-नित्य है। शतपथ-ब्राह्मण में एक प्रतीक-कथा है—'त्रयः प्राजापत्याः पस्पर्धिरे'-देव, मनुष्य और असुर प्रजापति की तीनों सन्तान एक बार प्रजापति से उपदेश-ग्रहणार्थ उनके समीप उपस्थित हुईं। उन्होंने प्रजापति से निवेदन किया-कृपया हमें उपदेश प्रदान कीजिए। सानुकम्प परमात्मा ने उपदेश देते हुए उनके प्रति केवल 'द' अक्षर का उच्चारण किया और तूष्णीक हो गये। 'द' अक्षर को सुनकर देवों ने विचार किया—अहो! भगवान् प्रजापति ने हमारे निमित्त सम्यक् उपदेश किया है। हम राजरंग, भोगविलास, अप्सराओं के नृत्य आदि में मग्न रहकर संयमरहित हो गये हैं अतः 'द' से

---

१. 'सच्चिदानन्दविभवात् सकलात् परमेश्वरात्।
आसीच्छक्तिस्ततो नादो नादाद् बिंदुसमुद्भवः। —शारदातिलक, १/७

२. 'नादश्चन्द्र समाकारो बिंदुर्नीलसमप्रभः।' —ऋषिमंडलस्तोत्र, १२

भगवान ने हमें 'दमन'-इन्द्रियनिग्रह का उपदेश दिया है। मनुष्यों ने विचार किया कि हम धन के अतिसंचय में लगे रहकर घोरपरिग्रही हो गये हैं एतावता हमें अर्थनियमन, परिग्रह परिमाण रखते हुए 'दान' करना उचित है। असुरों ने सोचा कि हम बहुत क्रूरकर्मा हैं और प्रायः संहार की रुचि रखते हैं। प्रजापति भगवान ने हमें 'द' अक्षरद्वारा 'दया' का उपदेश दिया है। इस प्रकार प्रजापति के 'द' अक्षरोपदेश को तीनों ने तीन विभिन्न अर्थों में ग्रहण किया। नाभि से उत्पन्न, कमलासन पर विराजमान, चतुर्मुख और एक दिव्यध्वनि से सम्पूर्ण जीवों को उनके वांछित उपदेश के प्रवक्ता प्रजापति की यह वैदिक गाथा भगवान् ऋषभदेव की अवधारणा को पुष्ट करती प्रतीत होती है जिनके लिए–'दिव्यध्वनिर्भवति ते विशदार्थ सर्वभाषा' कहा गया है।

संगीतविद्याविशारदों का कथन है कि नाद की उत्पत्ति ब्रह्मग्रन्थि[1] से होती है। भगवान् शंकर नादतनु हैं, नाद के प्रवक्ता हैं। 'संगीतोपनिषत्सारोद्धार' में वर्णन है कि 'नाभि में एक कूर्मचक्र है, उसके कन्द पर पद्मिनी है, उसकी नाल में एक पत्र है, उसमें एक कमल है। उसमें अग्नि-प्राण की स्थिति है, उससे वायु की उत्पत्ति होती है। उस अग्निवायु के संयोग से सिद्धध्वनि उत्पन्न होती है। उस सिद्धध्वनि के योग से नाद की उत्पत्ति होती है।[2] ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर तीनों देव नादात्मा हैं। इतना ही नहीं, परब्रह्म, पराशक्ति और ओंकार भी नादसंभव हैं। इसीलिए विशुद्ध नाद की उपासना पराशक्ति, परब्रह्म, त्रिदेव और ओंकार की उपासना है।

---

१. 'ब्रह्मग्रन्थिजमारुतानुगतिना चित्तेन हृत्पंकजे
सूरीणामनुरंजकः श्रुतिपदं योऽयं स्वयं राजते।
यस्माद् ग्रामविभागवर्णरचनालंकारजातिक्रमो
वन्दे नादतनुं तमुद्भुरजगद्गीतं मुदे शंकरम्॥' संगीतरत्नाकरः १/१

२. 'नाभौ यत् कूर्मचक्रं स्यात्तस्य कन्दे तु पद्मिनी।
तस्या नाले तु यत् पत्रं तस्मिंश्च कमलं स्थितम्॥
तत्र च ज्वलनो भूतो वायोस्तस्माच्च संभवः।
ततः सिद्धध्वनेर्योगादेष नादस्तु जायते॥
नादात्मानस्त्रयो देवा ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः।
परं ब्रह्म पराशक्तिरोंकारो नादसंभवाः॥'

—संगीतोपनिषत्सारोद्धारः १/२५-२७

नाद के इन व्याख्याकारों का प्रतिपाद्य आशय यह है कि नाद की उपासना ब्रह्म की उपासना है क्योंकि वह तन्मयता उत्पन्न करते हुए आत्मस्थ होने की वृत्ति को लक्ष्य करता है।

ॐ अथवा ओंकार को नादब्रह्म का सर्वोच्च उद्गान माना गया है। भारतीय वाङ्मय में यह विलक्षण शब्द है। इसे परमात्मा का वाचक पद माना गया है 'तस्य वाचकः प्रणवः' 'ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म' 'प्रणवश्छन्दसामहम्' ओ३म् का अर्थ है–जिससे परमात्मा की स्तुति की जाये–'प्रणूयते-स्तूयते परमात्मा येन स प्रणवः' 'अवतीति ओम्'—रक्षा करता है, अतः ओम् संज्ञक (परमात्मा) है। नादानुसन्धान करते-करते अन्त में ओम् नाद की सिद्धि होती है। यह ओंकार बिन्दुसंयुक्त है। बिन्दु सृष्टि का परम रहस्य है। योगी इस बिन्दुसंयुक्त ओंकार का नित्यमेव ध्यान करते हैं। काम और मोक्ष दोनों की प्राप्ति ओंकार से संभव है—ऐसा प्राचीन-आचार्यों का अभिमत है।[1]

ओंकार के दिव्यनाद का बलाघात मूल में कुण्डलिनी शक्ति पर और चूल में शीर्षस्थ सहस्रार पर होता है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह शब्द कुण्डलिनी का प्रबोध वैतालिक है, उसे प्रबुद्ध करने वाला अतिसक्षम शब्द है। इस मधुरमन्द्र छन्दः शीर्ष को सुनकर बोधसाम्राज्य की अधीश्वरी कुंडलिनी निद्रा का परित्याग कर देती है। एतावता ओंकार सुषुम्णापथ के अवरोध का दूरयिता है और शिव के साथ शक्ति का, आत्मा के साथ परमात्मा का सम्बन्धस्थापक है।

---

१. 'ओंकारं बिंदुसंयुक्तं नित्यं ध्यायन्ति योगिनः।
कामदं मोक्षदं चैव ओंकाराय नमो नमः॥'

'यश्छन्दसामृषभो विश्वरूपः। छन्दोभ्योऽध्यमृतात् संबभूव। स मेन्द्रो मेधया स्पृणोतु। अमृतस्य देवधारणो भूयासम्। शरीरं मे विचर्षणम्॥'

—तैत्तिरीयोपनिषद्, शांकरभाष्य० शिक्षाध्याय ४/१

मेधा और श्रीप्राप्ति के लिए परमात्मा की उपासना करनी चाहिए। वह परमात्मा छन्दोवाक् (वेदभाषा) में ऋषभ और विश्वरूप कहा गया है। ओंकार ही वह ऋषभ है, विश्वरूप है। वह वेदों के अमृत अंश से उत्पन्न हुआ है। वह इन्द्र (सर्वशक्तिमान ओंकार) मुझे मेधा से बलवान् करे। हे देव! मैं अमृतत्त्व (ब्रह्मज्ञान) का धारक बनूँ। मेरा शरीर इसके लिए योग्य बने।

Scanned with OKEN Scanner

नाद स्फोटजन्मा है। यौगिक क्रियाओं द्वारा कुण्डलिनी का जब व्युत्थान होता है तब स्फोट होता है। इस स्फोट से नादोत्पत्ति होती है ऐसी भी एक मान्यता है। यह नाद सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त है। इस में व्याप्तरूप में वह अनाहतनाद[1] कहा जा सकता है। जिस प्रकार श्वासोच्छवास से परिगृह्यमाण प्राणवायु सर्वत्र व्याप्त है और प्राणी के नासापुटों द्वारा आकर्षित होने पर व्यष्टिरूप में उसे प्राप्त होता है उसी प्रकार समष्टिनाद भी नादानुसंधित्सु को साधन की भूमि पर व्यष्टिरूप में उपलब्ध होता है। व्यष्टिनाद से ऊपर उठकर साधक उस समष्टिनाद को सुनने का यत्न करते हैं। उन्हें अनाहतनाद के रूप में विराट् आत्मसत्ता में गुंजायमान इस अपार्थिव नाद को सुनने का सौभाग्य मिलता है। योगियों ने इस अनाहतनाद का अनुभववर्णन करते हुए लिखा है कि यह सर्वप्रथम समुद्रगर्जन, मेघस्तनित, भेरीरव और झर्झर ध्वनि के समान सुनाई देता है। मध्य में मर्दल, शंख, घण्टा और काहल से उत्पन्न ध्वनि के समान शब्द की प्रतीति होती है और अन्त में किंकिणी, वंशी, भ्रमर और वीणा के निक्वाण जैसे ध्वनि सुन पड़ती है।[2] इस प्रकार, नानाविध शब्द देह के भीतर सुनायी देते हैं। इस अनाहतनाद को सुनने में तन्मय हुआ योगी साधक संसार के समस्त पौद्गलिक विषयों से अपने को सहज विमुक्त पाता है।[3] जिस प्रकार पुष्प के मकरन्दरस का पान करने वाला भ्रमर उस पुष्प के गन्ध की अपेक्षा नहीं करता, अथवा जैसे घास चरती हुई गौ उस यवसमुष्टि को प्रदान करने वाली गोपाली के हाथों में रची हुई मेंहदी की ओर दृष्टिपात नहीं करती अथवा कि आहार ग्रहण करते हुए श्रमण मुनि जिस प्रकार आहारदाता के मणिकंठाभरणों से निरपेक्ष रहते हैं वैसे ही शुद्ध नाद में आसक्त चित्त विषयों की आकांक्षा नहीं

---

१. 'आदौ जलधिजीमूत भेरी झर्झर सम्भवाः।
मध्ये मर्दल शंखोत्था घंटाकाहलजास्तथा ॥
अन्ते तु किंकिणीवंश वीणा भ्रमरनिःस्वनाः।
इति नानाविधाः शब्दाः श्रूयन्ते देहमध्यगाः ॥'

२. 'अनुपम दरूशन ज्ञान सुखामृत अनहत बाजे मृदंग'

—भावाष्टक

३. 'मकरन्दं पिवन् भृंगो गन्धं नापेक्षते यथा।
नादासक्तं तथा चित्तं विषयान्न हि कांक्षति ॥'

करता। इस अनाहतनाद[1] को सुनते रहने से अपेक्षित ध्यान में एकाग्रता, निराकुलता और शान्ति का अनुभव होता है। इससे पाप का क्षय होता है क्योंकि पाप की संप्राप्ति (आस्रव) चंचल मन के योग से होती है। वह मन नादासक्त होने पर स्वतः स्थिर हो जाता है। हठयोगियों का तो अनुभव है कि उस अवस्था में चित्त निरंजन में लीन हो जाता है।[2] वास्तव में नाद के समान लयकारी, समाधिसहायक अन्य कोई उपाय नहीं है—'न नादसदृशो लयः'।[3]

दार्शनिक कवि कबीर ने संसार-समुद्र में नाद और बिन्दु को नौका बताया है। रामनाम इस नौका का कर्णधार है, पतवारिया है। परमात्मा के गुणों का गान करना ही सार है। गुरु के बताये मार्ग से ही इस भव-समुद्र से पार उतरा जा सकता है।[4] इस प्रकार अनेक रूपकसन्निवेश से नाद को आत्मानुसन्धान में सहायक निरूपित किया है। आत्मानुसन्धान और आत्मतत्व की प्राप्ति ही तो परम उपलब्धि है।

पाणिनीय शिक्षा में नादोत्पत्ति का क्रमनिर्देश करते हुए बताया गया है कि आत्मा बुद्धि से संयोग करता है, मन विवक्षाधीन अर्थों के साथ युक्त होता है। वह व्यापारित मन शरीरस्थित अग्नि पर आघात करता है। अग्नि वायु को प्रेरणा देता है। वह मारुत हृदयप्रदेश में ऊर्ध्व संचरण करता हुआ मन्द्रस्वर (नाद) को जन्म देता है। मारुत से उदीर्ण (ऊर्ध्व-क्षिप्त) वह मन्द्रस्वर मूर्ध प्रदेश में अभिहित होता है और मुखयंत्र का अन्तर्वर्ती होकरवर्णों को प्रसूत करता है।[5] नादोत्पत्ति का यह मार्ग नाद को स्फोटरूप



१. अनाहत नाद की आकृति।

२. 'सदा नादानुसन्धानात् क्षीयते पापसंचयः।
निरंजने विलीयेते निश्चितं चित्तमारुतौ॥'
—हठयोग प्र० ४/१०४

३. हठयोग० १/४५

४. 'नादबिंदु की नाव री, रामनाम कनिहार।
कहै कबीर गुण गाइले, गुरुगमि उतरौ पार॥'

५. 'आत्मा बुद्धया समेत्यार्थान् मनो युंक्ते विवक्षया।
मनः कायाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम्॥'
मारुतस्तूरसि चरन् मन्द्रं जनयति स्वरम्।
सोदीर्णो मूर्ध्न्यभिहतो वक्त्रमापद्य मारुतः॥
वर्णान् जनयते.....'
—पाणिनीय शिक्षा ६-८

Scanned with OKEN Scanner

प्रदान करता है, उसकी उच्चारणावस्था एवं श्रुतिलभ्य ध्वनिरूप का निर्वचन करता है। अब यदि इसकी विलोमगति पर विचार करें तो नाद के पीछे चलते हुए आत्मा के समीप ही पहुंच जाएंगे। यथा—यह चिन्तन करें कि कण्ठ, ओष्ठ, मूर्धा, तालु आदि प्रदेशों से उच्चार्यमाण यह अक्षरात्मक ध्वनि कंठ से पूर्व कहाँ अवस्थित थी। उत्तर मिलेगा हृदयप्रदेश में। हृदय से पूर्व मूलाधार स्थित अग्निवायु में, उससे पूर्व मन में, मन से पूर्व बुद्धि में और सर्वतः पूर्व आत्मा में। अनुसन्धान की वीथियों में अन्तः, अन्तः प्रवेश करता हुआ चेतन अन्त में आत्मा को ही पा लेता है, यही नादोपासना का चरम प्रयोजन है।

एक घट का उदाहरण है—उत्पन्न होने से पूर्व घट के लिए कुम्भकार अपेक्षित है, मिट्टी, जल, चक्र, चीवर, दण्डादि की अपेक्षा है परन्तु जब अग्निपक्व होकर घट निष्पन्न हो जाता है तब जल भरने के समय उसे न कुलाल चाहिए, न मृत, चक्रादि।[1] इसी प्रकार नाद की आरम्भिक साधना में शब्द, गीत, लय, ताल, वाद्य-यंत्रादि की अपेक्षा की जाती है, 'सोऽहं' का पाठ घोखना पड़ता है, परन्तु नाद के स्थूल रूप से सूक्ष्म की ओर प्रत्यावर्तन करते-करते शब्दादि का परिधान निष्प्रयोजन हो जाता है। तब यह नाद निर्ग्रन्थ अथवा दिगम्बर, यथाजातरूपधर हो जाता है। शिशिर-ऋतु में वृक्षों के पत्रों के समान इसके बाह्य उपकरण झर जाते हैं, शब्द-समुच्चय की निर्जरा हो जाती है और शुद्ध नाद 'ओ३म्' शेष रह जाता है। इस अवस्था में सम्पूर्ण परसमयों का अन्त होकर विशुद्ध स्वसमय की प्राप्ति होती है। यहाँ आने पर यह संगीत, यह नादोपासना 'समयसार' का सार्थक विशेषण अर्जित कर पाती है।

ऋग्वेद में एक प्रसिद्ध मंत्र है 'चत्वारिः शृंगाः' जिसके अनेक अर्थ विद्वानों ने किये हैं। इस—मंत्र में वृषभ पर एक रूपक-निरूक्ति का अध्याहार किया गया है। संगीत की दृष्टि से इसका अर्थ कुछ इस प्रकार होगा—इस संगीतरूप वृषभ के चार शृंग हैं (स्वर, गीत, वाद्य और ताल अथवा तत, घन, सुषिर और आनद्ध)। तीन चरण हैं—(गीत, नृत्य और

---

१. 'मृत्पिण्डदण्डचक्रादि घटो जन्मन्यपेक्षते।
उदकाहरणे तस्य तदपेक्षा न वर्तने॥' —आचार्य अकलंक, श्लोकवार्तिक २/४८

१. 'चत्वारि शृंगास्त्रो अस्य पादाः, द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति, महो देवो मर्त्यान् आविवेश॥'
—ऋग्वेद ४/५८/३

वाद्य)। दो शिर हैं—(श्रोत्र, नेत्रमहोत्सवरूप अथवा वाद्यादि उपकरण और गात्रवीणा)। सात हाथ हैं—(निषाद, ऋषभ, गान्धार, षड्ज, मध्यम, धैवत, पंचम-सप्तस्वर) यह वृषभ तीन प्रकार से बंधा हुआ है—(ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत उच्चारण से अथवा मन्द, मध्य, तार स्वरों से) यह शब्द करता है। इस महान् देव ने मर्त्यों में प्रवेश किया है।

'धीती वा ये अनयन् वाचो अग्रम्' (अथर्व ७/१/१)—वास्तव में अध्येता वे ही हैं जो वाणी को अग्रभाग पर्यन्त ले गये हैं। मुखयन्त्र से उच्चरित वाणी को—ध्वनि को जान लेना ही पर्याप्त नहीं है। आवश्यक यह है कि वाणी का मूल उद्गम कहाँ है। जो व्यक्ति हरद्वार अथवा वाराणसी में प्रवहमान गंगा के स्रोत को देखकर ही 'मैंने गंगा को जान लिया' ऐसा प्रत्यय रखता है, व उससे अल्पज्ञ है जिसने उसका हिमालय से आविर्भूत प्रथम उद्गम स्थान देखा है। जिस प्रकार पुत्र अपने पिता को जानता है उसी प्रकार स्थूलनादोत्पन्न शब्द भी अपने सूक्ष्म जनयिता को जानकर ही धन्य होता है। ऐसा कोई शब्द, जिसका अर्थ नहीं, एक निरर्थक वाग्व्यापार ही तो कहा जाएगा। शब्द अपने मूलानुसन्धान में सफल होकर ही शोभा धारण करता है। नाद का मूलानुसन्धान, प्रयोजन आत्मसंवित् है, इसीलिए यह 'समयसार' है, योगिध्येय है।

जो नाद स्वयं सुशोभित होता है, वह स्वर कहलाता है। पद स्वर का अधिकरण है और वह अर्थ का प्रतिपादक है।[1] और विशुद्ध नाद का आश्चर्यजनक प्रभाव है। स्वर्ग के देवों को यद्यपि द्राक्षारस तथा मोदक मिष्टान्न उपलब्ध नहीं होते तथापि वे इस नाद के (संगीत के) मधुर आस्वादन से परितृप्त होकर अपने समय का सुखपूर्वक व्यतियापन करते हैं। यह नाद परमपद देने वाला है और इससे परमदेव जिनेश्वर की आराधना की जाती है। ऐसे उत्तमप्रभाव का धारक विशुद्धनाद शुद्धसत्त्व सज्जनों के पवित्र काय में उत्पन्न होता है। इस उत्तम नाद की विजय-हो।[2]

---

१. 'स्वयं यो राजते नादः स्वरः स परिकीर्तितः।
पदं स्वराधिकरणमर्थस्य प्रतिपादकम्॥'
—आचार्य पार्श्वदेव, संगीतसमयसार ५/१६-१७

२. संगीतोपनिषत्सारोद्धार २/२

डॉ० श्रीमती हेम भटनागर ने 'शृंगार युग में संगीत-काव्य' विषय पर अनुसंधान करते हुए अपने शोध प्रबन्ध में निष्कर्ष रूप में जैन राग-मालाओं की चर्चा की है। उनका कथन है कि 'जैन मुनि संगीत का ज्ञान भी अधिक मात्रा में रखते थे, ऐसा उनके ग्रन्थों का अवलोकन करने से विदित होता है। जैन मुनियों में रागमालाएँ लिखने का बड़ा प्रचार था। कवि अपने किसी तीर्थंकर का यश वर्णन करते समय राग तथा रागनियों में बाँधकर काव्य-रचना करता था। जैन कवियों की संगीत-प्रियता असंदिग्ध है। जैन रागमालाओं में हिन्दी रागमालाओं का मूल मानना उचित होगा।[1] जैन मुनियों ने संस्कृत-कथा-साहित्य के क्षेत्र में भी महान् योगदान किया है। उन्होंने धार्मिक सिद्धान्त एवं नैतिक उपदेश कथा के रुचिर माध्यम से प्रस्तुत किये हैं। विद्वद्वर पं० बलदेव उपाध्याय ने लिखा है,[2] कहानी लिखने में जैनियों को शायद ही कोई पराजित कर सके। उनके यहाँ इसका एक विशाल भव्य साहित्य है। पंचतंत्र स्वयं एक विस्मयावह कहानियों का एक सामान्य संग्रहमात्र न होकर साहित्य की दृष्टि से एक नितान्त उपादेय ग्रन्थ है जिसका प्रभाव भारत के ही कथा-साहित्य के ऊपर न पड़कर पश्चिमी जगत् के साहित्य पर विशेष रूप से पड़ा है।"[1]

जैनाचार्य पार्श्वदेवकृत यह प्राचीन ग्रन्थ भारतीय सङ्गीतशास्त्र के इतिहास की एक अज्ञात एवं अर्चचित किन्तु महत्त्वपूर्ण कड़ी है। सङ्गीत समयसार इस बात का प्रमाण है कि प्राचीन युग में जैन साधुओं को विविध कलाओं का विशिष्ट ज्ञान था और उन्होंने इनका मनन, चिन्तन एवं आलोड़न करने के उपरान्त मौलिक विश्लेषण किया है। आचार्य पार्श्वदेव की इस कृति से यह स्पष्ट हो जाता है कि सङ्गीतशास्त्र के गूढ़ एवं सूक्ष्म सिद्धान्तों एवं उनके प्रयोग का रचनाकार को विशिष्ट ज्ञान था, साथ ही उन्हें काव्यशास्त्र एवं नाट्यशास्त्र का परिज्ञान था। कुन्दकुन्द भारती का यह महत्त्वपूर्ण प्रकाशन सङ्गीत में अभिरुचि रखने वाले कला प्रेमियों के लिए वरदान सिद्ध होगा और इस क्षेत्र में अनुसन्धित्सुओं के लिए अनुसंधान का नवीन मार्गप्रशस्त करेगा।

इस ग्रन्थ के सम्पादन एवं प्रामाणिक अनुवाद में आचार्य बृहस्पति ने अथक परिश्रम किया है। वे संस्कृत के प्रकाण्ड पण्डित एवं सङ्गीत के मर्मज्ञ विद्वान् हैं। उन्होंने विगत चार-पाँच वर्षों में परिश्रम करके इस

---

१. शृंगार युग में संगीत काव्य, डॉ० हेम भटनागर, पृ० २२-२४

२. संस्कृत साहित्य का इतिहास, पं० बलदेव उपाध्याय, १९६५, पृ० ८

ग्रन्थ का अवगाहन किया और इसका अनुवाद करते हुए पादटिप्पण में शोधपूर्ण संदर्भ प्रस्तुत किये। आचार्य जी की इस क्षेत्र में महती सेवाएँ हैं। निश्चय ही उन्होंने, आचार्य पार्श्वदेव के गूढ़ भावों को इस ग्रन्थ में बहुत ही स्पष्ट ढंग से प्रस्तुत किया है। इस ग्रन्थ के परिशिष्ट से भी उनके परिश्रम का सहज ही अनुमान किया जा सकता है। हमारा उनको शुभाशीर्वाद है, वे इस क्षेत्र में अपनी मौलिक प्रतिभा से अविस्मरणीय योगदान करते रहें। पं० प्रेमचन्द जैन ने इस ग्रन्थ के मुद्रण एवं प्रूफ संशोधन में बहुत परिश्रम किया है। आकाशवाणी दिल्ली के श्री सतीश जैन ने इस ग्रन्थ के प्रकाशन में बड़े उत्साह एवं लगन से संयोजना की है। हमारा इन दोनों को शुभाशीर्वाद है। यह ग्रन्थ उपादेय एवं महत्त्वपूर्ण सिद्ध होगा, ऐसा हमारा विश्वास है। श्री कुन्दकुन्द भारती का लक्ष्य प्राचीन महत्त्वपूर्ण किन्तु लुप्तप्राय ग्रन्थों को खोजकर प्रकाशित करना है और इस उद्देश्य की प्राप्ति में यह ग्रन्थ दूसरा सोपान है।

—विद्यानन्द मुनि

Scanned with OKEN Scanner

# भूमिका

योगानन्दमयाः केचिद् भोगानन्दपराः परे ।
वयं सर्वप्रदातारं **विद्यानन्दमुपास्महे** ।।*

कई वर्ष पूर्व कुछ उत्साही जैन युवकों के माध्यम से प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक को परम श्रद्धास्पद पूज्यपाद उपाध्यायवर्य्य मुनि श्री विद्यानन्द जी की सेवा में उपस्थित होने का अवसर प्राप्त हुआ था। उनका अनुग्रह निरन्तर वृद्धिङ्गत होता गया और मुझे यह निवेदन करने का अवसर मिला कि तेरहवीं शती ई० के एक दिगम्बर जैन आचार्य्य पार्श्वदेव की एक कृति 'सङ्गीतसमयसार' की कुछ प्रतियाँ देश के विभिन्न पुस्तकालयों में सङ्गृहीत है यदि उनके आधार पर इस ग्रन्थ के, यथासम्भव, संशोधित रूप का प्रकाशन, हिन्दी-अनुवाद-सहित, हो जाये, तो अनेक दृष्टियों से उपयोगी होगा।

जैनों के 'ठाणाङ्गसुत्त', 'रायापसेणीय', 'अनुयोगद्वारसुत्त' इत्यादि ग्रंथों में सङ्गीत सम्बन्धी प्रभूत सामग्री उपलब्ध होती है* जैन आचार्य्यों के द्वारा 'सङ्गीतशास्त्र' पर भी स्वतंत्र ग्रन्थ अवश्य लिखे गये होंगे, तथापि वर्तमान स्थिति में उपलब्ध, जैन आचार्य्यों के द्वारा लिखित सङ्गीतसम्बन्धी लक्षणग्रन्थों में, 'सङ्गीतसमयसार' प्राचीनतम है। 'सङ्गीतरत्नाकर' के अजैन टीकाकार महाराज सिंहभूपाल (१४वीं शती ई०) ने भी 'सङ्गीत समयसार' से अनेक उद्धरण दिये हैं। प्रस्तुत संस्करण पूज्य उपाध्यायपाद की अहैतुकी कृपा का परिणाम है।

---

* अर्थात् —"कुछ लोग योग प्राप्य विभूतियों के पीछे पड़े हैं, तो कुछ लोग भोगों में मग्न हैं। हम तो **विद्यानन्द** (वास्तविक विद्या से प्राप्त होने वाले आनन्द) की उपासना करते हैं, जो समस्त प्राप्तव्य का देने वाला है।

* कृपया देखिये, 'भारतीय सङ्गीत का इतिहास; पृ. १७७-१८८, ले० डॉ० परांजये शरच्चन्द्र-प्रकाशक चौखम्भा-संस्कृत-सीरीज, १९६९ ई.।

आदिपुराण के कर्त्ता आचार्य्य जिनसेन का संगीतशास्त्र पर भी अधिकार था। परिशिष्ट-२ के अन्तर्गत 'भरतमुनि' से सम्बद्ध टिप्पणी के नीचे 'आदि-पुराण' से उद्धरण दिये गये हैं।

Scanned with OKEN Scanner

सहृदय पाठकों के सम्मुख हमें यह स्वीकृत करने में कोई सङ्कोच नहीं है, कि प्रस्तुत संस्करण में अनेक कमियाँ है।* हाँ, इतना अवश्य कहा जा सकता कि इसके प्रकाशन से जहाँ आचार्य्य पार्श्वदेव का समन्वयवादी दृष्टिकोण तत्वदर्शियों के सम्मुख स्पष्ट होगा, वहाँ शोधकर्ताओं को 'सङ्गीत समयसार' का पाठ पर्य्याप्त मात्रा तक शुद्ध रूप में मिलेगा।

---

* प्रस्तुत संस्करण के प्रथम और द्वितीय पृष्ठ पर पाद-टिप्पणी में हमारी ओर से संस्कृत पद्य में जो कुछ कहा गया है, उसका हिन्दी अनुवाद इस प्रकार है :

"जिन्होंने अपने कुञ्चित भू-विलास से कामदेव को निश्शेष कर दिया है, वे शंकर (कल्याणकर) दिगम्बर रक्षा करें ॥१॥

जिनकी कृपा से क्षणमात्र में दुर्बोध्य वस्तु सुबोध हो जाती है, वे पवित्र शारदा वात्सल्यपूर्वक मेरा मंगल करें ॥२॥

यह बात सुप्रसिद्ध है कि विमलमतियुक्त, साधक, एवं शान्तचित्त प्राचीन जैन आचार्यों ने भी संगीत को श्रुतिपदविषय (गुरु-शिष्य-परम्परा के अनुसार शिक्षा का विषय) बनाया था, उनमें से एक, आचार्य्य पार्श्वदेव ने कुछ ऐसे तत्वों की भी व्याख्या की है, जो अन्य आचार्यों के द्वारा अनुक्त हैं, महात्मा पार्श्वदेव अपने गुणगण के कारण प्रसिद्ध हैं ॥३॥

कीड़ों के द्वारा खाये हुए अक्षरों के कारण, पाठ की अस्तव्यस्तता के कारण उत्पन्न कठिनता से, बुरे लिपिकर्त्ताओं के प्रमाद के कारण, लोक में 'संगीत-समयसार' के सम्प्रदाय का उच्छेद होने से, संगीताकर पार्श्वदेव के द्वारा सुरक्षित विज्ञानमणि दुर्लभ हो गई थी, पूज्यपाद मुनि श्री विद्यानन्द जी की कृपा से उस विज्ञानमणि की ओर आकृष्ट यह बृहस्पति प्रसन्नता पूर्वक, आचार्य्य पार्श्वदेव के द्वारा चर्चित आचार्य्यों के ग्रन्थों का आलोडन करके, 'संगीतसमयसार' का संशोधन कर रहा है ॥४-६॥

पुण्यशील व्यक्तियों के सत्संकल्प पूर्ण हो जाते हैं, तब भी सत्कार्य्य की ओर प्रेरित करने वाला प्रयोजक कर्त्ता वन्दनीय है ॥७॥

भेद में अभेद का प्रतिपादन करने वाले, विनयमार्ग में संलग्न, नित्य पुनीत अन्तरात्मा से युक्त, शान्तचित्त, प्रवीण, निष्काम होने पर भी समस्त जनों के उद्धार की कामना करने वाले, उद्यत्प्रताप, जिनका चित्त प्रतिक्षण श्री जिनेन्द्र के चरण कमलों का अवलम्बन कर रहा है, और जो सभी लोगों को प्रसन्नता पूर्वक उपदेश देते हैं, वे मुनि विद्यानन्द जी मुझे पवित्र करें ॥८॥ वही मुनि श्रेष्ठ आचार्य्य पार्श्वदेव की कृति को शुद्ध देखना चाहते हैं, इसीलिए प्रसन्नता पूर्वक मेरा यह प्रयत्न है।

मनुष्य किसी सुख की प्राप्ति के लिए ही किसी कार्य्य में प्रवृत्त होता है। गान्धर्व की सिद्धि से भी परात्पर सुख की प्राप्ति होती है। इस 'सुख' या 'आनन्द' के प्रकार और परिमाण पर तनिक विचार अप्रासङ्गिक न होगा।

## आनन्द के परिमाण और गान्धर्व के द्वारा भी उसकी प्राप्ति

'तैत्तिरीयोपनिषद्', द्वितीयवल्ली, अष्टम अनुवाक के अनुसार "सदाचारी' सत्स्वभाव, सत्कुलोत्पन्न, वेदज्ञ, ब्रह्मचारियों को शिक्षा देने में कुशल, नीरोग, युवा, समर्थ तथा धनसम्पत्तियुक्त पृथ्वी के सम्राट् को प्राप्त होने वाला आनन्द **'मानुष आनन्द'** है। मानुष आनन्द की अपेक्षा सौ गुना आनन्द **मनुष्य गन्धर्वों** (मर्त्यगन्धर्वों) को, उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **देवगन्धर्वों** (दिव्य गन्धर्वों) को, उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **दिव्यपितरों** को, उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **आनानजदेवों** (सृष्टि के आरम्भ में ही उत्पन्न) देवों को, उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **कर्मदेवों** को उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **देवों** को, उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द इन्द्र को, उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **वृहस्पति** को, उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **प्रजापति** को और उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **ब्रह्मा** को प्राप्त होता है। वही आनन्द **'श्रोत्रिय'** (सामवेदज्ञ) को प्राप्त होता है, **जो कामनाहीन है।**"

जो मन अथवा इन्द्रिय समूह के द्वारा अप्राप्त है, उस ब्रह्म के आनन्द को जानने वाला महापुरुष सर्वथा निर्भय होता है।[1]

---

प्रयत्न के द्वारा अत्यन्त दुष्कर कार्य्य भी सुकर हो जाता है, तब भी यदि दोष रह जायें, तो करुणासागर विज्ञ जनों के द्वारा उनका निराकरण कर दिया जाना उचित है ॥१०॥

जिन्होंने कभी कहीं अध्ययन नहीं किया, ज्ञानवृद्धों की सेवा नहीं की, जो शब्दगत शुद्धि, भाषा, अर्थ एवं भाव का दूर से ही परित्याग कर देते हैं, वे आज संगीतविद कहलाते हैं। राग, ताल, स्वर इत्यादि विलाप कर रहे हैं भगवान् वासुदेव हमारी रक्षा करें ॥११॥

१. "यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह।
आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न विभेति कुतश्चन ॥"
—तैत्तिरीयोपनिषद्, वल्ली २, अनुवाक ९

Scanned with OKEN Scanner

मनुष्य किसी सुख की प्राप्ति के लिए ही किसी कार्य्य में प्रवृत्त होता है। गान्धर्व की सिद्धि से भी परात्पर सुख की प्राप्ति होती है। इस 'सुख' या 'आनन्द' के प्रकार और परिमाण पर तनिक विचार अप्रासङ्गिक न होगा।

## आनन्द के परिमाण और गान्धर्व के द्वारा भी उसकी प्राप्ति

'तैत्तिरीयोपनिषद्', द्वितीयवल्ली, अष्टम अनुवाक के अनुसार "सदाचारी' सत्स्वभाव, सत्कुलोत्पन्न, वेदज्ञ, ब्रह्मचारियों को शिक्षा देने में कुशल, नीरोग, युवा, समर्थ तथा धनसम्पत्तियुक्त पृथ्वी के सम्राट् को प्राप्त होने वाला आनन्द **'मानुष आनन्द'** है। मानुष आनन्द की अपेक्षा सौ गुना आनन्द **मनुष्य गन्धर्वों** (मर्त्यगन्धर्वों) को, उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **देवगन्धर्वों** (दिव्य गन्धर्वों) को, उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **दिव्यपितरों** को, उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **आनानजदेवों** (सृष्टि के आरम्भ में ही उत्पन्न) देवों को, उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **कर्मदेवों** को उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **देवों** को, उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द इन्द्र को, उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **बृहस्पति** को, उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **प्रजापति** को और उसकी अपेक्षा सौ गुना आनन्द **ब्रह्मा** को प्राप्त होता है। वही आनन्द **'श्रोत्रिय'** (सामवेदज्ञ) को प्राप्त होता है, **जो कामनाहीन है।**"

जो मन अथवा इन्द्रिय समूह के द्वारा अप्राप्त है, उस ब्रह्म के आनन्द को जानने वाला महापुरुष सर्वथा निर्भय होता है।[1]

---

प्रयत्न के द्वारा अत्यन्त दुष्कर कार्य्य भी सुकर हो जाता है, तब भी यदि दोष रह जायें, तो करुणासागर विज्ञ जनों के द्वारा उनका निराकरण कर दिया जाना उचित है॥१०॥

जिन्होंने कभी कहीं अध्ययन नहीं किया, ज्ञानवृद्धों की सेवा नहीं की, जो शब्दगत शुद्धि, भाषा, अर्थ एवं भाव का दूर से ही परित्याग कर देते हैं, वे आज संगीतविद कहलाते हैं। राग, ताल, स्वर इत्यादि विलाप कर रहे हैं भगवान् वासुदेव हमारी रक्षा करें॥११॥

१. "यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह।
आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न विभेति कुतश्चन॥"

—तैत्तिरीयोपनिषद्, वल्ली २, अनुवाक ९

Scanned with OKEN Scanner

गान्धर्ववेद 'सामवेद' का उपवेद है। अतः निर्लोभ गान्धर्ववेत्ता को भी वही परमानन्द प्राप्त होता है। आचार्य्य पार्श्वदेव ने भी ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर को नादात्मक कहा है।[1] वाचनाचार्य्य सुधाकलश परब्रह्म, पराशक्ति एवं ओङ्कार को भी नादसम्भव कहते हैं।[2]

आहत नाद की साधना से अनाहत की प्राप्ति उसी प्रकार हो जाती है, जिस प्रकार मणि की प्रभा से आकृष्ट व्यक्ति मणि को स्वतः प्राप्त कर लेता है, अर्थात् अनाहतनाद यदि मणि है, तो आहतनाद उसकी प्रभा है।[3]

गान्धर्व की इसी महिमा को समझकर जैन आचार्य्य भी सङ्गीत के लक्षण-ग्रन्थों की रचना में प्रवृत हुए।

'गान्धर्व' और 'गन्धर्व' के विषय में कुछ जान लिया जाये।

## गान्धर्व और गन्धर्व

**गान्धर्व**

जो गन्धर्व सम्बन्धी हो, गन्धर्व के द्वारा गाया गया हो अथवा गन्धर्व जिसका अधिष्ठातृदेवता हो, उसे गान्धर्व कहते हैं, यह गान्धर्व शब्द की व्युत्पत्ति है।[4] ताल के द्वारा सङ्गत तथा अवधानपूर्वक प्रयुक्त पदस्थ

---

१. "नादात्मानस्त्रयो देवा ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः।
सं. स. सार, अध्याय २, श्लोक १८,

२. 'नादात्मानस्त्रयो देवा ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः।
परं ब्रह्म पराशक्तिरोंङ्कारो नादसम्भवाः॥'
—सङ्गीतोपनिषत्सारोद्धार, अध्याय १, श्लो. २७

३. 'अहोगीतप्रपञ्चादि श्रुत्यादेस्तत्वदर्शनात्।
अपि स्यात् सच्चिदानन्दरूपिणः परमात्मनः॥
प्राप्तिः प्रभाप्रवृत्तस्य मणिलाभो यथा भवेत्।'
प्रत्यासन्नतयाऽत्यन्तम्—
संगीतरत्नाकर, अध्याय प्रथम, प्रकरण तृतीय, श्लोक प्रथम की टीका में कल्लिनाथ द्वारा उद्धृत।

४. गन्धर्वस्य इदं गन्धर्वेण गीतं वा। गन्धर्व+अण्। यद्वा गन्धर्वो अधिष्ठात्री देवता अस्येति। 'शब्द कल्पद्रुम, खण्ड २, पृ. ३२३।

Scanned with OKEN Scanner

स्वर-सङ्घात को दत्तिल ने गान्धर्व कहा है।[1]

**गन्धर्व और उनके भेद**

सङ्गीतवाद्यादिजनित प्रमोद को 'गन्ध' कहते हैं, उस विशिष्ट गन्ध को प्राप्त करने वाला 'गन्धर्व' कहलाता है।[2] सामान्यतया गन्धर्व का अर्थ **देवयोनि स्वर्गगायक** है।

## मर्त्यगन्धर्व और देवगन्धर्व

गानधर्म्मी गन्धर्वों के दो प्रकार मर्त्यगन्धर्व (मनुष्य गन्धर्व) और 'देवगन्धर्व' (दिव्य गन्धर्व) हैं।[3] जो मनुष्य पुण्यपाक के कारण उसी कल्प में गन्धर्वत्व प्राप्त कर लेता है, वह **मर्त्य गन्धर्व** और जो पूर्वकल्प में किये हुए पुण्यों के कारण अग्रिम कल्प के आरम्भ में ही 'गन्धर्व' होता है, वह **दिव्य गन्धर्व** 'या **देवगन्धर्व**' कहलाता है।

**देवगन्धर्वों** के दो प्रकार हैं, **'मौनेय'** एवं **'प्राधेय'**। मुनि नामक दक्ष-कन्या के गर्भ से महर्षि कश्यप के द्वारा उत्पन्न "भीमसेन, उग्रसेन, सुपर्ण, वरुण, गोपति, धृतराष्ट्र, सूर्य्यवर्चा, सत्यवाक्, अर्कपर्ण, अयुत, अभिविश्रुत, **चित्ररथ**, शालिशिर, पर्जन्य, कलि और **'नारद'** सोलह गन्धर्व **'मौनेय'** कहलाते हैं। प्राधा के गर्भ से महर्षि कश्यप के द्वारा उत्पन्न "सिद्ध, पूर्ण, बर्ही, पूर्णायु, ब्रह्मचारी, रतिगुण, सुपर्ण, **विश्वावसु**, भानु और सुचन्द्र" ये दस दिव्य गन्धर्व **'प्राधेय'** कहलाते हैं।[4]

---

१. "पदस्थस्वरसङ्घातस्तालेन संगतस्तथा।
प्रयुक्तश्चावधानेन गान्धर्वमभिधीयते॥"—दत्तिल, 'शब्दकल्पद्रुम', खण्ड २, पृष्ठ ३२३ पर उद्धृत

२. गन्धं सङ्गीतवाद्यादिजनितप्रमोदं अर्ब्बति, प्राप्नोति इति गन्धर्वः। अर्व्व गतौ + अण् कन्ध्वादित्वात् अलोपे साधुः।

३. "अस्मिन् कल्पे मनुष्यः सन् पुण्यपाकविशेषतः।
गन्धर्वत्वं समापन्नो मर्त्यगन्धर्व उच्यते॥
पूर्वकल्पकृतात् पुण्यात् कल्पादौ च चेद्भवेत्।
गन्धर्वत्वं तादृशोऽत्र देवगन्धर्व उच्यते॥"—"शब्दार्थचिन्तामणि

४. देवगन्धर्वा द्विविधाः, केचिन्मौनेयाः केचित्प्राधेवाः कश्यपपत्न्यां दक्षसुतायां मुनिनामकायां जाताः मौनेयाः षोडश प्राधेयाश्च प्राधायां तत्पत्न्यां जाता दश इत्येवं महाभारतादिपर्वपञ्चषष्टितमाध्याय उक्ताः, यथा—
"भीमसेनोग्रसेनौ च सुपर्णो वरुणस्तथा। गोपतिर्धृतराष्ट्रश्च सूर्यवर्चाश्च सप्तमः।

'अग्नि-पुराण' में देवयोनी गन्धर्व 'अभ्राज' जङ्घारि, वम्भारि, सूर्य-वर्चा, कृधु, हस्त, सुहस्त, स्वामी, मूर्द्धवान् विश्वावसु और कुशानु' ये ग्यारह बताये गये हैं।[१] जयधर के अनुसार 'हा हा, हू हू, चित्ररथ, हंस, विश्वासु, गोमायु, तुम्बुरु और नन्दि इत्यादि गन्धर्व हैं।[२]

## अन्तराभव गन्धर्व

जन्म और मरण के मध्य में, यातनाशरीर से युक्त गुप्त प्राणी भी 'गन्धर्व' कहलाते हैं।'[३] इन्हें अन्तर्धानयुक्त होने की शक्ति प्राप्त होती है। सुश्रुत के अनुसार जब किसी जीवित प्राणी पर किसी गन्धर्व का आवेश हो जाता है, तब वह प्रसन्नचित्त, नदी के तट अथवा वनान्त का सेवन करने वाला, स्वतंत्राचारी, गीत, गन्ध और पुष्पों का अनुरागी होकर हँसने और

---

सत्यवागर्क पर्णश्च प्रयुतश्चाभिविश्रुतः।
भीमश्चित्ररथश्चैव विख्यातः सर्व-विद् वशी॥
तथा शालिशिरा राजन् पर्जन्यश्च चतुर्दशः।
कलिः पञ्चादशस्तेषां नारदश्चैव षोडशः॥
इत्येते देवगन्धर्वाः मौनेयाः परिकीर्तितः। ..... ,,
"सिद्धः पूर्णश्च बर्ही च पूर्णायुश्च महायशाः।
ब्रह्मचारी रतिगुणः सुपर्णश्चैव सप्तमः॥
विश्वावसुश्चभानुश्च सुचन्द्रोदशमस्तथा।
इत्येते देवगन्धर्वाः प्राधेया परिकीर्तिताः॥"

वाचस्पत्यम्, पृ. २५२७-२५२८

१. "अभ्राजोऽङ्घारिवम्भारी सूर्य्यवर्चास्तथा कृधुः।
हस्तः सुहस्तः स्वाम्येव मूर्द्धवांश्च महामनाः॥
विश्वावसुः कृशानुश्च गन्धर्वैकादशो गणः"

वाचस्पत्यम्, पृ. २५२८

२. जटाधरेण तन्नामान्यथोक्तानि यथा—
हाहा हूहूश्चित्ररथो हंसो विश्वावसुस्तथा।
गोमायुस्तुम्बुरुर्नन्दिरेवमाद्याश्च ते स्मृताः॥"

वाचस्पत्यम् पृ. २५२८

३. अन्तराभवसत्वस्तु जन्ममरणयोर्मध्यभवः यातनाशरीरवान् गुप्तप्राणी वा।—
वही, पृ. २५२७

नाचने लगता है।[1] 'शतपथ ब्राह्मण' में पतञ्जल काप्य की गन्धर्वगृहीता कन्या का उल्लेख है।[2]

श्रीमद्भागवत में नट, नर्तक, सूत, मागध और वन्दीजन साथ-साथ गिनाये गये हैं।[3]

सङ्गीतजीवी मानव-जातियों में भी एक वर्ग स्वयं को 'गन्धर्व' कहता है।

**पार्श्वदेव की स्थिति और काल**

आचार्य्य पार्श्वदेव दिगम्बर जैन आचार्य्य थे। 'संगीतसमयसार' में अनेक स्थानों पर 'दिगम्बरसूरिणा' कह कर अन्य पुरुष में उन्होंने अपने धर्म्म की ओर सङ्केत किया है। पूर्वाचार्य्यों में उन्होंने भोज, सोमेश्वर और 'प्रतापपृथिवीभुक्' (जगदेकमल्ल) जैसे अजैन आचार्य्यों का सादर उल्लेख ही नहीं किया, अपितु महाराज जगदेकमल्ल के ग्रन्थ 'सङ्गीत चूडामणि' से पर्य्याप्त सामग्री यथातथ रूप में उद्धृत करली है। महाराज जगदेकमल्ल ने हैदराबाद (दक्षिण) के निकट 'कल्याणी' नामक अपनी आनुवंशिक राजधानी में ११३४–ई० से ११४५ ई० तक राज्य किया।

आचार्य्य पार्श्वदेव के द्वारा 'सङ्गीतचूडामणि' की सामग्री का ग्रहण जहाँ एक ओर यह सिद्ध करता है कि वे महाराज जगदेकमल्ल के सङ्गीत-सम्प्रदाय में निष्ठा रखते थे, वहाँ उनके द्वारा ठाय-प्रकरण में 'मोडामोडि' 'गाणा चे ठाय,' चित्ता चे ठाय,' 'गीता चे ठाय,' 'जोडिय चे ठाय' 'शरीरा चे ठाय' जैसी लोकप्रचलित परिभाषाओं के प्रयोग इस तथ्य की ओर इङ्गित करते हैं कि वे किसी मराठीभाषी स्थान के रहने वाले थे और 'सङ्गीतसमयसार' की रचना के समय महाराज जगदेकमल्लकृत 'सङ्गीत चूड़ामणि' सङ्गीत-सम्प्रदाय में प्रतिष्ठित हो चुका था।

---

१. "सुश्रुते दर्शितो यथा "अथातोऽमानुषप्रतिषेधीयं व्याख्यास्यामः।" इत्युपक्रमे ··
हृष्टात्मा पुलिनवनान्तरोपसेवी स्वाचारः प्रियगीतगंधमाल्यः।
नृत्यन् वा प्रहसति चारु चाट्पशब्दं गन्धर्वग्रहपरिपीडितो मनुष्यः।"
—वही, पृ. २५२७

२. "ते पतञ्जलस्य काप्यस्य गृहानैम, तस्यासीददुहिता गन्धर्वगृहीता।"
वही पृष्ठ. २५२७

३. नटनर्तकगन्धर्वाः सूतमागधवन्दिनः।
गायन्ति चोत्तमश्लोकचरितान्यद्भुतानि च ॥"
—शब्दकल्पद्रुम, खण्ड २ पृ. ३०४

Scanned with OKEN Scanner

दूसरी ओर चौदहवीं शती में 'संगीत-रत्नाकर' के टीकाकार सिंह भूपाल ने 'सङ्गीत-रत्नाकर' की टीका में 'सङ्गीतसमयसार' और उसके रचयिता पार्श्वदेव का उल्लेख करते हुए 'सङ्गीत-समयसार' के उद्धरण यत्र-तत्र दिये हैं। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि पार्श्वदेव ने कुछ ऐसी बातें भी लिखी हैं, जो शार्ङ्गदेव जैसे महान् आचार्य्य के द्वारा अनुक्त हैं और सङ्गीत-रत्नाकर के विद्यार्थी को जिनसे परिचित होना चाहिये। सिंहभूपाल पञ्च-देवोपासक थे, जैन नहीं। अजैन सङ्गीतशास्त्रियों के द्वारा दिगम्बर जैन आचार्य पार्श्वदेव के मत का सादर उल्लेख सङ्गीतसमयसार' और उसके प्रणेता के महत्व का परिचायक है।

अस्तु, उपर्युक्त स्थिति से यह सिद्ध है कि आचार्य्य पार्श्वदेव ने 'सङ्गीतसमयसार' की रचना ईसाकी तेरहवीं शती में की।

आचार्य्य पार्श्वदेव ने स्वयं को 'नाना राजसभाओं में स्थित रसिकों के द्वारा स्तुत्य'[1] कहा है, जो यह सिद्ध करता है कि ये देशदेशान्तर में घूमे हुए अनुभवी आचार्य्य थे।

इनके द्वारा लिखा हुआ 'वाद-निर्णय' नामक अध्याय इस युग के लिए अमूल्य निधि है, क्योंकि इसमें सङ्गीत-सम्बन्धी प्रतियोगिता के नियमों, निर्णायकों की योग्यताओं, वादी एवं प्रतिवादी के गुण-दोषों के तारतम्य का जैसा वैज्ञानिक विवेचन है, वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। आचार्य्य पार्श्वदेव के अनुसार **मतङ्ग** इत्यादि मनीषियों ने यद्यपि 'वाद' के चार अङ्गों, सभापति, सभ्य, वादी एवं प्रतिवादी का वर्णन किया है, परन्तु 'मतङ्ग' का ग्रन्थ खण्डित रूप में ही उपलब्ध है, अतः सङ्गीतसमयसार' का नवम अधि-करण (वादनिर्णय) सङ्गीत-वाङ्मय में अनुपम है।

सप्तम अधिकरण में आचार्य्य पार्श्वदेव ने देशी के कुछ अङ्गो का भी वर्णन किया है, जो पूर्वाचार्य्यों के द्वारा वर्णन का विषय नहीं बने।[2]

आचार्य्य पार्श्वदेव का गोत्र 'श्रीकण्ठ' था, उनके पिता का नाम 'आदिदेव' और जननी का नाम 'गौरी' था, उनकी उपाधि सङ्गीताकर'

---

१. नानाराजसभान्तरालरसिकस्तुत्यः श्रुतिज्ञान स (वि)
च्चक्रेशो रसभावभेदनिपुणः साहित्यविद्यापतिः।

—भरतकोष-भूमिका, पृ. ८

२. "अथ पूर्वैरनुक्तानि देश्यङ्गानि वदाम्यहम्।"

सप्तम अधिकरण, श्लोक, १६५

Scanned with OKEN Scanner

थी।[१] आचार्य्य पार्श्वदेव महादेवार्य्य के शिष्य थे और महादेवार्य्य श्रीमान् अभयचन्द्र मुनीन्द्र (सम्भावित काल १२वीं ई०) के चरणसेवक थे।[२]

आचार्य्य पार्श्वदेव ने महामहेश्वर आचार्य्य अभिनव गुप्त की चर्चा कहीं नहीं की जिनकी 'अभिनवभारती' का भरपूर उपयोग आचार्य्य शार्ङ्गदेव ने 'सङ्गीतरत्नाकर' के नृत्याध्याय में किया है।

आचार्य्य पार्श्वदेव ने शार्ङ्गदेवोक्त 'तारावली' इत्यादि प्रबन्ध-भेदों से असहमति प्रकट की है,[३] अतः उनका काल शार्ङ्गदेव के पश्चात् तेरहवीं शती का उत्तरार्ध प्रतीत होता है।

**भारतीय शास्त्रकारों की समन्वयात्मक दृष्टि से सम्पन्न आचार्य्य पार्श्वदेव**

भारतीय मनीषी सदैव 'भेद' में 'अभेद' या समन्वय की खोज में रहे हैं और उन्होंने अपने-अपने दृष्टिकोण से सर्वत्र समन्वय का सम्पादन किया। महमूद ग़ज़नवी ने जब अपने निरन्तर आक्रमणों से समस्त मन्दिरों के विनाश का आरम्भ किया, तब ग्यारहवीं शती ई० के एक वैष्णव कवि हनुमान् ने अपनी कृति महानाटक' में कहा :—

> "शैव लोग 'शिव' कहकर जिसकी उपासना करते हैं, वेदान्ती जिसकी अर्चना 'ब्रह्म' कह कर करते हैं, बौद्धों के द्वारा जो 'बुद्ध' नाम से उपास्य है, प्रमाणपटु नैयायिक 'कर्ता' कह कर जिसका पूजन करते हैं, जैनशासन में संलग्न लोग जिसे 'अर्हत्' कहते हैं और जो मीमांसकों की दृष्टि में 'कर्म' है, वह त्रैलोक्य-

---

१. श्रीकण्ठान्वयदुग्धवार्धिलहरी संवर्द्धनेन्दोः कला
गौरी यज्जननी लसद्गुणगणो यस्यादिदेवः पिता।
—सं. स. सा., अध्याय १, श्लोक ४, पृ.३

२. इति श्रीमदभयचन्द्रमुनीन्द्रचरणकमलमधुकरायितमस्तकमहादेवार्य्याशिष्य·····
सङ्गीताकरनामधेयपार्श्वदेवविरचिते·····"
सं. स. सा., पुष्पिका, पृ. २२

३. "तारावल्यादयः संज्ञा जातीनां कैश्चिदीरिताः।
अङ्गसंख्यावियोगात्तु नैवैताः सम्मता मम॥
सं. स. सा., अध्याय ५, श्लोक २२, २३

Scanned with OKEN Scanner

नाथ हरि आपके लिए वाञ्छित फल का विधान करे।"*

इसी 'भारतीयता' ने भारतीय विचारधारा की सनातनता, चिर-नूतनता समयसूचकता और अखण्डता को अत्यन्त विपरीत परिस्थितियों में भी बनाये रखा है सङ्गीत-शास्त्र के क्षेत्र में भी यह समन्वयात्मक दृष्टि रही और 'सङ्गीतसमयसार' के लेखक दिगम्बर जैन आचार्य्य पार्श्वदेव ने 'व्यास, पराशर, भृगु, यम, संवर्त, कात्यायन, आपस्तंब, बृहस्पति, लिखित, हारीत, दक्ष, मनु, विष्वग्रीव, गौतम, शङ्ख, दाक्षायण इत्यादि मनीषियों का सादर स्मरण किया** और कहा—वे शङ्कर गीत के द्वारा प्राप्य हैं, जो मीमांसा इत्यादि छः दर्शनों के द्वारा भी अगम्य हैं।***

बात केवल इतनी ही नहीं, आचार्य्य पार्श्वदेव ने सङ्गीतचूडामणिकार 'प्रतापचक्रवर्ती' महाराज जगदेकमल्ल जैसे पञ्चदेवोपासक आचार्य्य के अनेक श्लोक उदारतापूर्वक 'संगीतसमयसार' में जैसे के तैसे उद्धृत कर लिये।[1]

---

* यं शैवाः समुपासते शिव इति ब्रह्मेति वेदान्तिनो
बौद्धा बुद्ध इति प्रमाणपटवः कर्तेति नैयायिकाः
अर्हन्नित्यथ जैनशासनरताः कर्मेति मीमांसकाः
सोऽयं वो विदधातु वाञ्छितफलं त्रैलोक्यनाथो हरिः ॥

सुभाषितरत्नभाण्डागारम्, पृ. १५, श्लोक २७,
निर्णयसागर प्रेस द्वितीय संस्करण (१९५२) में संगृहीत

** पाराशर्य्यपराशरौ भृगुयमौ संवर्तकात्यायना—
वापस्तम्बबृहस्पती सलिखितौ हारीतदक्षौमनुः
विष्वग्ग्रीवसगौतमौ मुनिवरश्शङ्खोऽपि दाक्षायण—
सर्वे मोक्षदमित्युशन्ति मुनयो गीतं तदेवोक्तितः ॥

सं. स. सार, प्रस्तुत संस्करण पृ.

***मीमांसाद्वयवेदान्तन्यायवैशेषिकैर्मतैः ।
षड्भिस्तर्कैरगम्योऽपि गम्यो गीतेन शङ्करः ॥ पूर्वोक्त, पृ.

१. महाराज जगदेकमल्ल की राजधानी 'कल्याण' (हैदराबाद, दक्षिण का कल्याणी नामक प्रदेश) थी। इनका राज्य-काल (११३८-११५० ई.) है। जगदेकमल्ल के पिता सोमेश्वर (राज्य-काल ११२७-११३४ ई.) थे, इनकी रचना 'अभिलषितार्थचिन्तामणि' एक विश्वकोष है, इसके चौथे प्रकरण में सङ्गीतविषयक एक हजार एक सौ सोलह श्लोक हैं। महाराज सोमेश्वर ने अपने पिता पश्चिम

आचार्य्य पार्श्वदेव ने रागजननी 'जातियों' को ब्रह्मदेव के मुख से निर्गत एवं सामवेद से समुत्पन्न बताया है।[१] 'जाति' शब्द का निर्वचन करते समय भी आचार्य्य पार्श्वदेव ने बृहद्देशीकार मतङ्ग मुनि के शब्द ज्यों के त्यों दुहरा दिये हैं।[२]

आचार्य्य पार्श्वदेव ने ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर को नादात्मक कहा है।[३] इस विषय में भी वे मतङ्ग मुनि के अनुवर्ती हैं।[४] घनवाद्यों में वे झाँझ या मँजीरे की जोड़ी को 'शक्ति' और 'शिव' कहते हैं और उन्हें बिन्दु-नाद-समुद्भव मानकर शैव सम्प्रदाय की ओर अपनी उदार दृष्टि का इङ्गित करते हैं।[५]

मतङ्ग इत्यादि मनीषियों ने यह माना है कि 'तानों' के यज्ञात्मक विशिष्ट नाम हैं और 'अग्निष्टोम' नामक 'तान' का गान करने वाले को 'अग्निष्टोम' याग करने का पुण्य मिलता है। आचार्य्य पार्श्वदेव ने भी उदारतापूर्वक इस दृष्टिकोण का उल्लेख किया है।[६]

'सङ्गीतसमयसार' में आचार्य्य पार्श्वदेव ने भरत, मतङ्ग, दत्तिल,

---

चालुक्यचक्रवर्ती 'परमर्दी' महाराज त्रिभुवनमल्ल के यशोगान में 'विक्रमाङ्काभ्युदय' की रचना की। महाराज त्रिभुवनमल्ल (राज्यकाल १०७६-११२६ ई.) इतिहास में 'जयसिंह' एवं 'विक्रमाङ्कदेव' के नाम से भी प्रसिद्ध हैं, ये प्रसिद्ध कश्मीरी कवि बिल्हण के आश्रयदाता थे। बिल्हण की प्रसिद्ध कृति 'विक्रमाङ्कदेवचरितम्' के नायक महाराज त्रिभुवनमल्ल ही हैं। सम्पादक

१. "इति ब्रह्ममुखविनिर्गतसामवेदसमुद्भवाष्टादश जातिनामानि।"
सं. स. सा., पृ. १६

२. "सकलस्य रागादेः·····एवमत्रापि।" सं. स. सा. पृ. १७

३. "नादात्मानस्त्रयो देवा ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः।" सं. स. सा., पृ. २७

४. "नादरूपः स्मृतो ब्रह्मा नादरूपो जनार्दनः।
नादरूपा परा शक्तिर्नादरूपो महेश्वरः॥"
बृहद्देशी त्रिवेन्द्रम्-संस्करण, पृ० ३

५. "सुश्लक्षणौ सुस्वरौ तालौ तज्ज्ञैः शक्तिशिवौ स्मृतौ।
आधाराधेयवशतो बिन्दुनादसमुद्भवौ॥"
सं. स. सार, पृ. १५४-१५५

६. "एवं यज्ञनामानि वदन्ति·····यज्ञतानमिति नाम प्रसिद्धम्।"
सं. स. सा., पृ. १७

कोहल, आञ्जनेय, तुम्बुरु, भोज, कश्यप और याष्टिक जैसी सभी अजैन महाविभूतियों के मत को सादर माना है, परन्तु उन्होंने जैन दृष्टिकोण के अनुसार शब्द को 'अनित्य' और 'अव्यापक' कहकर कोहल के मत का प्रचण्ड खण्डन किया है।[1]

## दिगम्बर जैन आचार्य्य पार्श्वदेव और उनके परवर्ती श्वेताम्बर जैन आचार्य्य सुधाकलश 'वाचनाचार्य्य'

वाचनाचार्य्य सुधाकलश अपने ग्रन्थ 'संगीतोपनिषत्सारोद्धार' (रचना-काल १३५०) में पश्चिमी भारत और मध्य-प्रदेश के कुछ भागों के संगीत-सम्प्रदाय की चर्चा करते हैं।[2] वे कहते हैं :—'मैंने प्रबन्धों की चर्चा विस्तारपूर्वक नहीं की, क्योंकि मेरे युग में न तो प्रबन्धों के कर्त्ता हैं, न उनके गाने वाले।[3] यह शिकायत पार्श्वदेव को नहीं है।

वाचनाचार्य सुधाकलश कहते हैं—"मेरे युग में नर्तक मूर्ख हैं, विद्वान् साधक नहीं, बचपन से वे अपनी बोली में बन्दरों के समान सधाये जाते हैं।"[4] पार्श्वदेव अपने प्रदेश से इतने निराश नहीं।

वाचनाचार्य्य सुधाकलश मुसलमानों के सम्पर्क में आये थे, वे कहते हैं :—"ढोल तब्ल, इत्यादि म्लेच्छ-वाद्य हैं, 'डफा' (दफ़ याठप) और 'डउँडि (डोंडी) जैसे बाजे पैदल चलने वालों के हैं।[5] पार्श्वदेव के द्वारा म्लेच्छ-वाद्यों का वर्णन नहीं हुआ है। क्योंकि सम्भवतः उनके युग तक

---

१. सं स. सार, पृ. १२

२. संगीतोपनिषत्सारोद्धार, भूमिका, पृ. ८, गायकवाड-सीरीज़, १९५१

३. "प्रबन्धबन्धकर्तारो विरला भूतलेऽधुना।
तद्गायनाश्च न प्रायोऽतो नोक्तास्ते सविस्तराः॥"
संगीतोपनिषत्सारोद्धार, प्रथम अध्याय, श्लो. ३७

४. कालेऽस्मिन् नर्त्तका मूर्खा विद्वांसः साधका नहि।
न नर्तकान् विनाभ्यासः शास्त्रात् सिद्धिर्न तं विना॥
आबाल्यात् कपिवत्तेहि साध्यन्ते तैः स्वभाषया।
वही, षष्ठ अध्याय, श्लो. १२९-१३०

५. तथैव म्लेच्छवाद्यानि ढोलतब्लमुखानितु।
डफा च टामकी चैव डउंडिः पादचारिणाम्॥
वही, अ. ४, श्लो. ९३

वाचनाचार्य्य सुधाकलश ने 'संगीतोपनिषत्सारोद्धार' में महाराज जगदेकमल्ल के ग्रंथ सङ्गीतचूडामणि' की चर्चा निम्नाङ्कित श्लोक में की है :—

"मयराः सतजा भो नो वर्णाः स्युर्गणपूर्वगाः ।
तत्तत्तत्वमयाश्चूडामणौ हि कथिता यतः ।"

संगीतोपनिषत्सारोद्धार, अध्याय ३, श्लोक २३

हमारी विनम्र सम्मति में आचार्य्य पार्श्वदेव वाचनाचार्य्य सुधाकलश की अपेक्षा कुछ पूर्ववर्ती हैं, क्योंकि सिंहभूपाल (१४ वीं शती ई०) ने उनका स्मरण श्रद्धापूर्वक किया है आचार्य्य सुधाकलश का नहीं। आचार्य्य सुधाकलश के परिवेश पर मुस्लिम प्रभाव था।[1]

**पार्श्वदेव की दृष्टि में मार्ग-सङ्गीत**

परम्परा का पालन करने की दृष्टि से आचार्य्य पार्श्वदेव ने मार्ग सङ्गीत की चर्चामात्र 'सङ्गीतसमयसार' के प्रथम अधिकरण के अन्तर्गत कर दी है। इस विषय के स्पष्टीकरण की आवश्यकता उन्होंने नहीं समझी, क्योंकि उनके पूर्ववर्ती सोमेश्वर के युग में भी 'ग्रामरागों' का प्रयोग मनोविनोद के लिए नहीं किया जाता था।[2] अतः सोमेश्वर ने भी 'ग्रामरागों' का नामोल्लेख मात्र किया है।

'सङ्गीतसमयसार' के प्रथम अधिकरण का अध्ययन करके स्पष्ट निष्कर्षों पर पहुँचना असम्भव है, अतः पाठकों की सुविधा के लिए कुछ सामग्री प्रस्तुत है।

**रागजननी जातियाँ**

लोकरुचि सर्वथा स्वतन्त्र होती है। अनेक कलाओं का बीज लोक

---

१. भारतीय सङ्गीत पर मुसलमानों का प्रभाव जानने के लिए पढ़िये, 'मुसलमान और भारतीय सङ्गीत',—लेखक आचार्य्य बृहस्पति। प्रकाशक—राजकमल-प्रकाशन, ८ नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली-६। 'खुसरो, तानसेन तथा अन्य कलाकार'—ले. सुलोचना एवं बृहस्पति, राजकमल-प्रकाशन। 'संगीत चिन्तामणि', द्वितीय संस्करण, प्रकाशक संगीत कार्य्यालय हाथरस। 'ध्रुवपद और उसका विकास', लेखक बृहस्पति, प्रकाशक 'बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्' पटना।

२. "नामतो गदितास्सर्वे रागा मुनिसमीरिताः ।
विनोदे नोपयुज्यन्ते तस्माल्लक्ष्म न लक्ष्यते ।।"

मानसोल्लास, तृतीय भाग, अध्याय १६, विंशतिः ४, श्लोक १३२, पृ० १३, गायकवाड-सीरीज, नं० १३८, संस्करण १९६१।

Scanned with OKEN Scanner

की उस इच्छा में है, जो 'रञ्जन' चाहती है और उसके साधन भी सहज और स्वाभाविक रूप में निकाल लेती है। लोक-प्रचलित 'धुनें' किसी व्यक्तिविशेष की कृति नहीं होतीं। जिन 'धुनों' में कोई सामान्य धर्म्म पाया गया, उन्हें एक 'जाति' के अन्तर्गत रख दिया गया। 'धुनों' या विशिष्ट समुदायों का ऐसा वर्गीकरण करने वाले विचारक महामनीषी थे। उन विचारकों ने यह भी देखा कि विभिन्न स्वरजातियों में जहाँ विभिन्न प्रकार की विशेषताएँ हैं, वहाँ एक विशेषता यह भी है कि सभी स्वर-जातियों में प्रयुक्त होने वाले स्वरों के पारस्परिक अन्तराल त्रिविध हैं, इन अन्तरालों को उन्होंने आगे चलकर 'चतुःश्रुतिक' (उदात्त), 'द्विश्रुतिक' (अनुदात्त) त्रिश्रुति (स्वरित) कहा, धीरे-धीरे वे इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि यदि स्वरों को 'ग्रामीण' कहा जाये, तो उनकी बस्ती को 'ग्राम' कहा जाये और एक स्वर उस बस्ती का 'ग्रामणी' या चौधरी हो।

स्वरों के 'ग्राम' (गाँव) दो पाये गये, जिन्हें 'षड्ज-ग्राम' और 'मध्यम-ग्राम कहा गया। षड्जग्राम में जिस स्वर को 'पञ्चम' कहा गया, उसका क्षेत्र चतुःश्रुतिक था और मध्यमग्राम में जिस स्वर को 'पञ्चम' कहा गया, उसका अन्तराल त्रिश्रुतिक। चतुःश्रुतिक षड्ज के साथ चतुः श्रुति पञ्चम का अत्यन्त इष्ट और स्वाभाविक सम्बन्ध था, जिन 'धुनों' में इन दोनों की सङ्गति पाई जाती थी वे 'षड्जग्रामीय' कहलाती थीं। त्रिश्रुतिक ऋषभ के साथ त्रिश्रुतिक पञ्चम का अत्यन्त इष्ट और सहज सम्बन्ध था। जिन 'धुनों' या जातियों में त्रिश्रुतिक ऋषभ और त्रिश्रुतिक पञ्चम की सङ्गति होती थी, वे 'मध्यमग्रामीय, कहलाती थीं।

इसीलिए भगवान् भरत ने कहा है :—

जातिभिः श्रुतिभिश्चैव स्वरा ग्रामत्वमागताः।"

अर्थात्—"जातियों (लोक प्रचलित धुनों और श्रुतियों (जाति प्रयोज्य ध्वनि-सम्बन्धी सूक्ष्म परिणामों) के कारण स्वर 'ग्रामों' में वर्गीकृत किये।

इन शब्दों का सीधा सादा अर्थ यह है कि विचारकों की दृष्टि पहले लक्ष्य पर गई, जिसके अनुसार उन्होंने लक्षण किये। ज्ञान की उपलब्धि और ज्ञान के प्रतिपादन का भिन्न क्रम विज्ञान सम्मत है।

षड्ज ग्राम के आदिम स्वर का नाम 'षड्ज' (छः अन्य स्वरों को जन्म देने वाला) रखा गया। अन्तिम स्वर का नाम 'निषाद' (जिस पर स्वरों की समाप्ति हो) रखा गया। स्वर-सप्तक के बीचोंबीच विद्यमान,

Scanned with OKEN Scanner

अथवा सप्तक के मध्य देश को नापने वाला, होने के कारण सप्तक के मँझले स्वर को 'मध्यम' कहा गया।

तंत्री पर स्थापित 'मध्यम' की मुख्य ध्वनि से स्वतः उत्थित होने वाली एक उपध्वनिविशेष को संसार में सब से पहले 'तुम्बुरु' ने सुना और उसका निरूपण किया, अतः तुम्बुरु जैसे 'धीवान्' (बुद्धिमान्) व्यक्ति के द्वारा निरूपित होने के कारण यह ध्वनि 'धैवत' कहलाई।

'पञ्च' का अर्थ विस्तार या अन्तराल है। षड्ज-ग्रामीण षड्ज-पञ्चम, ऋषभ-धैवत तथा गान्धार-निषाद में प्राप्त अन्तराल को ठीक-ठीक नापने वाली ध्वनि षड्जग्रामीय 'पञ्चम' कहलाई। संयोगवश यही ध्वनि षड्जग्रामीय मूल सप्तक में आरोह की ओर पाँचवीं भी है।

वृषभ के समान पौरुषमय होने एवं षड्ज की अपेक्षा ऊर्ध्वगतिक होने के कारण षड्ज ग्राम के मूल सप्तक की द्वितीय ध्वनि को 'ऋषभ' कहा गया। गौओं के लिए विशेषतया आकर्षक होने के कारण सप्तक की तृतीय ध्वनि को 'गान्धार' कहा गया।

**संवाद**

'संवाद' का अर्थ 'अनुकूलता', 'पारस्परिक प्रश्नोत्तर', 'एक दूसरे का प्रतिनिधित्व' करने की क्षमता' तथा 'एक स्थान पर देखी हुई विशेषता' का अन्यत्र दर्शन' है। षड्ज, ऋषभ, गान्धार और मध्यम क्रमशः चतुः श्रुतिक, द्विश्रुतिक एवं चतुः श्रुतिक हैं, पञ्चम, धैवत, निषाद और षड्ज की भी स्थिति यही है, अतः इस स्थिति को 'संवाद' (एक स्थान पर देखी हुई विशेषता का दर्शन) कहा जायेगा। तुल्य श्रुत्यन्तरालों के कारण षड्ज-पञ्चम, ऋषभ-धैवत और गान्धार-निषाद परस्पर संवादी (अत्यन्त इष्ट तेरह श्रुतियों के अन्तर पर स्थित) हैं। इस 'संवाद' को हम परम इष्टता या परम अनुकूलता कह सकते हैं।

षड्ज-मध्यम और पञ्चम-षड्ज में नवश्रुत्यन्तराल है, यह अन्तराल भी ध्वनिसम्बद्ध परम इष्टता का बोधक है, यह अन्तराल मध्यम और द्विश्रुतिक निषाद में प्राप्त है, अतः यह भी ध्वनि-संवाद है। यद्यपि मध्यम चतुः श्रुतिक है और निषाद द्विश्रुतिक, तथापि मध्यम द्विश्रुतिक गान्धार का पारस्परिक अन्तराल षड्ज और मध्यम के पारस्परिक अन्तराल के समान है।

नवश्रुति संवाद और त्रयोदश श्रुति संवाद के अतिरिक्त मध्यम और धैवत का पारस्परिक सप्तश्रुतिक अन्तराल भी सहज है, जिसे तुम्बुरु ने

Scanned with OKEN Scanner

सबसे पहले देखा था, यह भी इष्ट या अभीप्सित है और एक विशिष्ट प्रकार का संवाद है।

ये संवाद ही स्वर-सप्तक की स्थापना का आधार हैं।

गुणियों के द्वारा वागीश्वरी में प्रयोज्य मध्यम, गान्धार, ऋषभ और षड्ज और उनके संवादी षड्ज, निषाद, धैवत और पंचम ही षड्ज ग्रामीय षड्ज, निषाद, धैवत और पञ्चम हैं। हारमोनियमवादक इस सूक्ष्मता को नहीं समझ सकते।

**ग्रामणी स्वर का लक्षण**

जिन दो स्वरों में नौ या तेरह श्रुतियों का अन्तर हो और जिनकी श्रुति-संख्या समान हो, उनमें 'राग-संवाद' भी होता है और 'स्वर-संवाद' भी। जिन दो स्वरों में नौ या तेरह श्रुतियों का अन्तर तो हो, परन्तु उन दोनो स्वरों की श्रुतिसंख्या समान न हो, उनमें 'स्वर-संवाद' या 'ध्वनि-संवाद' तो होता है, 'राग-संवाद' नहीं। निम्नस्थ स्थिति पर विचार कीजिये :—

'स, ३ रे, २ **ग**, ४ **म**, ४ प, ३ ध, २ **नि**, ४ सं'

'स-म' दोनों चतुः श्रुतिक हैं, और 'स' की अपेक्षा' 'म' नौ श्रुतियों के अन्तर पर स्थिर है, अतः 'स-म' में 'राग-संवाद' भी है और ध्वनि-संवाद भी। 'म-नि' में नौ श्रुतियों का अन्तर होने के कारण 'ध्वनि-संवाद' तो है, परन्तु राग-संवाद, नहीं, क्योंकि 'म' चतुः श्रुतिक है और 'नि' द्विश्रुतिक।

'ग्रामणी' स्वर सदैव चतुः श्रुतिक होता है और सप्तक में उसके संवादी स्वर दो होते हैं, ग्रामणी स्वर की अपेक्षा आरोह की ओर अग्रिम स्वर सदैव त्रिश्रुतिक होता है। पूर्वोक्त स्वरावली में षड्ज 'ग्रामणी' स्वर है, क्योंकि वह स्वयं चतुःश्रुतिक है, दो स्वर अर्थात् 'म' और 'प' उसके संवादी हैं और ग्रामणी स्वर षड्ज की अपेक्षा आरोह की ओर अगला-स्वर ऋषभ त्रिश्रुतिक है।

मध्यम-ग्राम में मूल स्वरों की स्थिति यों है :—

"म, ३ प, ४ ध, २ **नि**, ४ स, ३ रे, २ **ग** ४ म"

कार्य्यास्तासूत्थिताः शब्दाः श्रवणाच्छ्रुतिसंज्ञका : ॥१८॥

---

वीणा में श्रुतियाँ—

नाभि में जो बाईस श्रुतियों का स्थान है, वह कण्ठ के द्वारा भी स्पष्टतया नहीं दिखाया जा सकता है, उसे वीणा में समझिये ॥१४॥

समस्त अवयवों से युक्त दो वीणाओं को सर्वथा इस प्रकार सदृश कर लेना चाहिये कि वे एक ही प्रतीत हों । ऐसा होने पर आदिम तंत्री को मन्द्रतम ध्वनि में मिला लेना चाहिये ॥१५-१६॥

दूसरी तंत्री पहली तंत्री की अपेक्षा तीव्र ध्वनि रखी जाती है, उतनी कि उन दोनों के मध्य में कोई तीसरी ध्वनि उत्पन्न न हो । इसी प्रकार अन्य तंत्रियाँ भी क्रमशः तीव्रतर ध्वनियों से युक्त कर ली जानी चाहिये। सुनाई देने के कारण उनमें उत्थित शब्द श्रुति कहलाते हैं ॥१७-१८॥

---

१. (क) वस्तथा ।
२. (क) अपि ।
३. (क) स्थिता ।
४. (क) तावद्वाना ।
५. (क) यथावरं ।
६. (क) शल्वा ।

Scanned with OKEN Scanner

श्रूयत इति श्रुतिः । षट्षष्टिनामानि ।

मन्द्रा चैवाति[1] मन्द्रा च घोरा घोरतरा तथा ।
मण्डना च तथा सौम्या[2] सुमनाः पुष्करा तथा ॥१९॥
शंखिनी चैव नीला च उत्पला सानुनासिका ।
घोषवती लीननादा[3] आवर्तन्यपि चापरा ॥२०॥
रणदा[4] चैव गम्भीरा दीर्घतारा[5] च नादिनी[6] ।
मन्द्रजा[7] सुप्रसन्ना च निनदा मन्द्रसप्तके ॥२१॥

एतानि द्वाविंशतिर्नामानि मन्द्रसप्तकश्रुतीनाम् ।

नादान्ता निष्कला[8] गूढा सकला[9] मधुरा गली ।
एकाक्षरा भृङ्गजाती रसगीती[10] सुरञ्जिका[11] ॥२२॥
पूर्णाऽलंकारिणी चैव वांशिका[12] वैणिका तथा ।
त्रिस्थाना सुस्वरा सौम्या भाषाङ्गी वार्तिका तथा ॥२३॥
सम्पूर्णा च प्रसन्ना च सर्वव्यापनिका तथा ।
द्वाविंशतिः समाख्याताः श्रुतयो मध्यसप्तके ॥२४॥

---

सुनी जाती हैं, इसलिये श्रुति कहलाती हैं । उनके छियासठ नाम हैं ।

मन्द्रा, अतिमन्द्रा, घोरा, घोरतरा, मण्डना, सौम्या, सुमनाः, पुष्करा, शंखिनी, नीला, उत्पला, अनुनासिका, घोषवती, लीननादा, आवर्तनी, रणदा, गम्भीरा, दीर्घतारा, नादिनी, मन्द्रजा, सुप्रसन्ना और निनदा ये श्रुतियाँ मन्द्र सप्तक में होती हैं ॥१९-२१॥

ये बाईस नाम मन्द्र सप्तकीय श्रुतियों के हैं ।

नादान्ता, निष्कला, गूढा, सकला, मधुरा, गली, एकाक्षरा, भृङ्गजाति, रसगीति, सुरंजिका, पूर्णा, अलंकारिणी, वांशिका, वैणिका, त्रिस्थाना, सुस्वरा, सौम्या, भाषांगी, वार्तिका, सम्पूर्णा, प्रसन्ना, और सर्वव्यापनिका, ये श्रुतियाँ मध्यसप्तक में हैं ॥२२-२४॥

---

१. (क) अनुमन्द्रा । २. (क) सौख्या । ३. (क) लीनगाथा । ४. (क) रणा ।
५. (क) दीर्घतरा । ६. (क) अनुवादिनी । ७. (क) मन्द्रा । ८. (क) निष्करा ।
९. (क) सरला । १०. (क) सरगीती । ११. (क) करञ्जिका । १२. (क) वाशी ।

श्रूयत इति श्रुतिः । षट्षष्टिनामानि ।

मन्द्रा चैवाति[1] मन्द्रा च घोरा घोरतरा तथा ।
मण्डना च तथा सौम्या[2] सुमनाः पुष्करा तथा ॥१९॥
शंखिनी चैव नीला च उत्पला सानुनासिका ।
घोषवती लीननादा[3] आवर्तन्यपि चापरा ॥२०॥
रणदा[4] चैव गम्भीरा दीर्घतारा[5] च नादिनी[6] ।
मन्द्रजा[7] सुप्रसन्ना च निनदा मन्द्रसप्तके ॥२१॥

एतानि द्वाविंशतिर्नामानि मन्द्रसप्तकश्रुतीनाम् ।

नादान्ता निष्कला[8] गूढा सकला[9] मधुरा गली ।
एकाक्षरा भृङ्गजाती रसगीती[10] सुरञ्जिका[11] ॥२२॥
पूर्णाऽलंकारिणी चैव वांशिका[12] वैणिका तथा ।
त्रिस्थाना सुस्वरा सौम्या भाषाङ्गी वार्तिका तथा ॥२३॥
सम्पूर्णा च प्रसन्ना च सर्वव्यापनिका तथा ।
द्वाविंशतिः समाख्याताः श्रुतयो मध्यसप्तके ॥२४॥

---

सुनी जाती हैं, इसलिये श्रुति कहलाती हैं । उनके छियासठ नाम हैं ।

मन्द्रा, अतिमन्द्रा, घोरा, घोरतरा, मण्डना, सौम्या, सुमनाः, पुष्करा, शंखिनी, नीला, उत्पला, अनुनासिका, घोषवती, लीननादा, आवर्तनी, रणदा, गम्भीरा, दीर्घतारा, नादिनी, मन्द्रजा, सुप्रसन्ना और निनदा ये श्रुतियाँ मन्द्र सप्तक में होती हैं ॥१९-२१॥

ये बाईस नाम मन्द्र सप्तकीय श्रुतियों के हैं ।

नादान्ता, निष्कला, गूढा, सकला, मधुरा, गली, एकाक्षरा, भृङ्गजाति, रसगीति, सुरंजिका, पूर्णा, अलंकारिणी, वांशिका, वैणिका, त्रिस्थाना, सुस्वरा, सौम्या, भाषांगी, वार्तिका, सम्पूर्णा, प्रसन्ना, और सर्वव्यापनिका, ये श्रुतियाँ मध्यसप्तक में हैं ॥२२-२४॥

---

१. (क) अनुमन्द्रा । २. (क) सौख्या । ३. (क) लीनगाथा । ४. (क) रणा ।
५. (क) दीर्घतरा । ६. (क) अनुवादिनी । ७. (क) मन्द्रा । ८. (क) निष्करा ।
९. (क) सरला । १०. (क) सरगीती । ११. (क) करञ्जिका । १२. (क) वाशी ।

Scanned with OKEN Scanner

एतानि द्वाविंशति नामानि मध्यसप्तकश्रुतीनाम्

ईश्वरी चैव कौमारी सवराली[1] तथा परा।
भोगवीर्य्या मनोरामा सुस्निग्धा च तथा परा ॥२५॥
दिव्याङ्गाथो[2] सुललिता विद्रुमा च तथा परा।
महार्काशंकिनी राका लज्जा चैव तथा परा ॥२६॥
काली सूक्ष्मातिसूक्ष्मा च पुष्टा चैव सुपुष्टिका।
विस्पष्टा काकली चैव कराली च तथा परा ॥२७॥
विस्फोटान्तर्भेदिनी च इत्येतास्तारसप्तके ॥

एतानि द्वाविंशति नामानि तारसप्तकश्रुतीनाम्।

(अधुना मतङ्गोक्तानि श्रुतिसम्बधिमतान्युद्धरति)

तादात्म्यं च विवर्तत्वं कार्य्यत्वं परिणामिता[3] ॥२८॥
अभिव्यञ्जकता चापि[4] श्रुतीनां परिकल्प्यते।

---

ये बाईस नाम मध्यसप्तकीय श्रुतियों के हैं।

ईश्वरी, कौमारी, सवराली, भोगवीर्या, मनोरामा, सुस्निग्धा, दिव्याङ्गा, सुललिता, विद्रुमा, महार्का, शंकिनी, राका, लज्जा, काली, सूक्ष्मा, अतिसूक्ष्मा, पुष्टा, सुपुष्टिका, विस्पष्टा, काकली, कराली; विस्फोटा और अन्तर्भेदिनी ये श्रुतियाँ तारसप्तक में हैं। २५-२७॥

ये बाईस नाम तारसप्तकीय श्रुतियों के हैं।

(इसके पश्चात् पार्श्वदेव-मतङ्गोक्त, श्रुतिसम्बन्धी पांच मत उद्धृत करते हैं।)

कुछ लोग श्रुतियों का तादात्म्य, कुछ लोग विवर्तत्व, कुछ लोग कार्य्यत्व, कुछ लोग परिणामिता और कुछ अभिव्यंजकता कल्पित करते हैं ॥२८॥

---

१. (क) अमराली। २. (क) दिव्याङ्का।
श्रुतिनामाङ्किताः श्लोकाः सिंहभूपालेनोद्धृताः (क) आदर्शेश्लोकोऽनिबद्धो भ्रष्टश्च पाठः।
३. (क) परिणामता। ४. (क) वापि।

Scanned with OKEN Scanner

इदानीमेतदेव विवृणोति ।

विशेषस्पर्शशून्यत्वाच्छ्रवणेन्द्रियगम्ययोः[1] ॥२९॥
स्वरश्रुत्योस्तु तादात्म्यं जातिव्यक्तिरिवानयोः[2] ।
नराणां[3] च मुखं यद्वत् दर्पणे च विवर्तितम् ॥३०॥
प्रतिभान्ति[4] स्वरास्तद्वच्छ्रुतिष्वेव विवर्तिनः[5] ।
स्वराणां श्रुतिकार्य्यत्वमिति केचिद्वदन्ति[6] हि ॥३१॥
मृत्पिण्डदण्डकार्य्यत्वं घटस्येह[7] यथा भवेत् ।
श्रुतयः स्वररूपेण परिणामं[8] व्रजन्ति हि ॥३२॥
परीणमेद् यथाक्षीरं दधिरूपेण सर्वथा ।
षड्जादयः स्वराः सप्त व्यज्यन्ते श्रुतिभिः सदा ॥३३॥

---

अब इसी का विवरण दिया जाता है—

श्रवणेन्द्रिय द्वारा स्वर और श्रुति का विशिष्ट रूप में पृथक्-पृथक् स्पर्श न होने के कारण स्वर और श्रुति में उसी प्रकार का तादात्म्य मानते हैं, जो व्यक्ति और जाति में है ॥२९॥

कुछ लोगों का कथन है कि जिस प्रकार दर्पण में मनुष्यों का मुख प्रतिबिम्बित होता है, उसी प्रकार स्वर श्रुतियों में विवर्तित होते हैं ॥३०॥

कुछ लोग स्वरों का श्रुतिकार्य्यत्व मानते हैं, जिस प्रकार मिट्टी का लोंदा और चाक घुमाने का डण्डा, घड़े के कारण होते हैं ॥३१॥

कुछ लोगों की दृष्टि में स्वर उसी प्रकार श्रुतियों का परिणाम है, जिस प्रकार दूध दही में परिणत हो जाता है ॥३२॥

कुछ लोगों के अनुसार स्वर, श्रुतियों के द्वारा उसी प्रकार अभिव्यक्त होते है, जिस प्रकार अन्धकार में स्थित घट इत्यादि दीपक के द्वारा अभिव्यक्त होते हैं ॥३३॥

---

१. (क) ग्राह्यता ।
२. (क) वृत्ति ।
३. (क) स्वराणां ।
४. (क) प्रविभाति ।
५. (क) विवर्तितः ।
६. (क) किञ्चित् ।
७. (क) घटस्य हि ।
८. (क) मन्ति न संशयः ।

Scanned with OKEN Scanner

अन्धकारस्थिता यद्वत्प्रदीपेन घटादयः ।
अर्थापत्त्यानुमानेन प्रत्यक्ष श्रोत्रजेन वा ॥३४॥
गृह्यन्ते श्रुतयस्तावत्स्वराभिव्यक्तिहेतवः ।
एतेष्वभिव्यञ्जकतामेव केचिद्वदन्ति हि ॥३५॥
परिणामाभिव्यक्तिस्तु न्याय्यः[1] पक्षः सतां मतः
इति तावन्मया प्रोक्तं तादात्म्यादिविकल्पनम् ॥३६॥
(इति श्रुतिविकल्पनम्)

राजृ[2] दीप्ताविति धातोः स्वशब्दपूर्वकस्य च ।
स्वयं यो राजते यस्मात् तस्मादेष स्वरः स्मृतः ॥३७॥

राजन्त इति स्वराः । ननु स्वरशब्देन किमुच्यते ? रागजनको ध्वनिः स्वरः। तथा चाह कोहल :—

आत्मेच्छया नाभितलात्[3] वायुरुद्यन्निधार्य्यते
नाडीभित्तौ[4] तथाकाशे[5] ध्वनौ रक्तः[6] स्वरः स्मृतः ॥३८॥

---

अर्थापत्ति, प्रत्यक्ष ज्ञान, शब्द प्रमाण या अनुमान से यही सिद्ध होता है कि श्रुतियाँ स्वरों की अभिव्यक्ति का कारण हैं ॥३४॥

इन मतों में कुछ लोग अभिव्यञ्जकता को ही ग्रहण करते हैं। सज्जनों की दृष्टि में परिणाम की अभिव्यक्ति ही मानना न्याययुक्त है। इस प्रकार मैंने तादात्म्य इत्यादि का विकल्प कह दिया ॥३६॥

(यह श्रुतिविकल्पन सम्पन्न हुआ ।)

स्वशब्दपूर्वक दीप्त्यर्थक 'राजृ' धातु से स्वर शब्द निष्पन्न होता है। जो स्वयं राजित होता है, वह 'स्वर' कहा गया है ॥३७॥

शोभित होने वाले (नाद) स्वर हैं । 'स्वर' शब्द से क्या तात्पर्य है ? रागजनक ध्वनि 'स्वर' है । जैसा कि कोहल ने कहा है :—

अपनी इच्छा से नाभितल से उठने वाली वायु का नाडीभित्ति और आकाश में निधारण होता है, तब उत्पन्न होने वाली रञ्जक ध्वनि 'स्वर' है ॥३८॥

---

१. (क) स्थाय्यः । २. (क) राजृ दीप्ताविति धातोः स्वयं स्वशब्दपूर्वस्य च ।
३. (क) ऊर्ध्वं विधार्य्यते । ४. (क) चित्तौ । ५. (क) तदाकाशे । ६. (क) रक्तेश्वरः ।

Scanned with OKEN Scanner

तथा गीततत्वेऽन्यथा वक्ति। स्वरः श्रुतिरिति। स्थानाभिघात प्रभवो ध्वनिर्नादः अनुरणनात्मा यः स्यादसावुच्यते स्वरः। एकोऽनेको वा, व्यापकोऽव्यापको वा। अत्रोच्यते, एकोऽनेको नित्यश्चेति। तत्र निष्कल-रूपेणैक एव स्वरः षड्जादिरूपेणानेकः स्वरः।

**तथा चाह कोहल :—**

जातिभाषादिसंयोगादनन्तः कीर्तितः स्वरः।
[1]नादैर्युक्तस्तालमितः कृतौ योज्यो रसेष्वपि ॥३९॥

नित्योऽविनाशी[2] व्यापकः[3] सर्वगतः। तथा चाह कोहल :—

ऊर्ध्वनाडी[4]प्रयत्नेन सर्वभित्ति[5]निघट्टनात्।
मूर्च्छती ध्वनिरामूर्ध्नः स्वरोऽसौ[6]व्यापकः परः ॥४०॥

---

गीततत्व के अवसर पर और ढंग से कहते हैं। स्वर ही श्रुति है। 'स्थान' पर अभिघात से उत्पन्न अनुरणनात्मक ध्वनि स्वर है। वह एक है या अनेक ? व्यापक है या अव्यापक ? इस सम्बन्ध में कहते हैं कि स्वर एक, अनेक, व्यापक और नित्य है। निष्कल रूप से एक ही स्वर है, षड्ज इत्यादि रूप से अनेक है।

जैसा कि कोहल ने कहा है :—

'जाति' और 'भाषा' इत्यादि के संयोग से स्वर अनन्त कहा गया है। नादों से युक्त, ताल के द्वारा परिमित स्वर को कृति में और रसों में नियोजित करना चाहिये ॥३९॥

स्वर, नित्य, अविनाशी, व्यापक और सर्वगत है। कोहल ने भी कहा है :—

ऊर्ध्वनाडी के प्रयत्न के द्वारा समस्त भित्तियों के निघट्टन (रगड़) से शिर तक व्याप्त ध्वनि 'स्वर' है और व्यापक है ॥४०॥

---

१. (क) पर्युक्तिस्तालमितः। २. (क) अविनाशि। ३. (क) व्यापकं।
४. (क) नाडि। ५. (क) भेत्ति। ६. (क) स।

(स्वमतं कथयति)

अनित्यो ऽव्यापकश्च, तथा चार्थमेव[1] ववक्षितत्वात्, प्रदेशात् प्रदेशान्तरे श्रवणाभावादव्यापकत्वम् स्वरस्य, नो चेद्देशान्तरेऽपि श्रवणं स्यात्, न च तथा लोकेऽपि इच्छाप्रयत्नपूर्वकत्वेन उत्पन्नस्वरकाले यथास्वर श्रवणं तथा कालान्तरे श्रवणाभावात् नित्यत्वं नास्ति, नो चेत् कालान्तरेऽपि श्रवणं स्यात्, न च तथा लोकेऽस्ति, तस्मात् स्वरो ऽव्यापको ऽनित्यश्च।

ननु षड्जादीनां कथं स्वरत्वं व्यञ्जनत्यात् यदि व्यज्जकानां स्वरत्वमभिधीयते तर्हि कादीनामेव[2] स्वरत्वम्। अत्रोच्यते, असाधारणत्वात् षड्जादीनामेव स्वरत्वं न कादीनाम्। ननुषड्जादीनामसाधारणत्वं कथम्? आप्तोपदेशात् षड्जादीनामसाधारणत्वमिति केचित्, सङ्केतमात्रमिति केचित्, अहमेवं वदामि। मन्द्रादिसप्तकानामुच्चारणे व्यक्तत्वात् सरिगमपधनीनामेव स्वरत्वमिति सिद्धम्, तथा च लोके दृश्यते।

---

(पार्श्वदेव अपना मत व्यक्त करते हुए कहते हैं।)

स्वर अनित्य और अव्यापक है, क्योंकि अपना विशिष्ट अर्थ ही व्यक्त कर सकता है। एक प्रदेश से दूसरे (दूरस्थ) प्रदेश में न सुनाई देने के कारण स्वर अव्यापक है, अन्यथा उसका श्रवण देशान्तर में भी होता, परन्तु लोक में वैसा होता नहीं। इच्छा और प्रयत्न का श्रवण जैसा उस समय होता है, वैसा कालान्तर में नहीं, यदि स्वर नित्य होता तो उसका श्रवण कालान्तर में भी होता, अतः स्वर अव्यापक और अनित्य है।

षड्ज आदि तो व्यञ्जन है, इनका स्वरत्व कैसे है? यदि व्यञ्जनों का भी स्वरत्व है, तो 'क' इत्यादि का भी होगा। इस सम्बन्ध में कहा जाता है कि असाधारणत्व के कारण षड्ज इत्यादि का ही स्वरत्व है, 'क' इत्यादि का नहीं। षड्ज इत्यादि में असाधारणत्व कैसे है? कुछ लोगों का कथन है कि आप्तोपदेश के कारण इनका असाधारणत्व है, कुछ लोग कहते हैं कि ये नाम संकेतमात्र हैं। मैं तो यह कहता हूं कि मन्द्र इत्यादि सप्तकों का उच्चारण करने पर व्यक्त होने के कारण स, रि, ग, म, प, ध, नि, का स्वरत्व सिद्ध है, वैसा ही लोक में दिखाई देता है।

---

१. (क) अर्हतमेव।
२. (क) मेवास्तु।

Scanned with OKEN Scanner

निस्साणडमरुकानाञ्च वादने परिदृश्यते ढणं ढणमिति वर्णव्यक्तिः। ननु तथापि तेषां स्वरत्वं नास्ति, मैवम्, रागजनको ध्वनिः स्वर इति लक्षणम्, तस्य ध्वनेः कारणत्वात्, सरिगमपधनीनामेव स्वरत्वम्, कारणे कार्य्य-लक्षणया।

**अथ स्वरनिरुक्तिः कथ्यते—**

नासा कण्ठ उरस्तालु जिह्वादन्तस्तथैव[1] च।
षड्भिःसंजायते यस्मात् तस्मात् षड्ज इति स्मृतः ॥४१॥

नाभेः[2] समुत्थितो वायुः कण्ठशीर्षसमाहतः।
[3]नदत्यृषभवद्यस्मात् तस्मादृषभ ईरितः ॥४२॥

नाभेः समुत्थितो वायुः कण्ठशीर्षसमाहतः।
गन्धर्वसुखहेतुः स्याद् गान्धारस्तेन हेतुना ॥४३॥

---

निस्साण, डमरू इत्यादि केवादन में 'ढणंढणं' जैसे वर्णों की अभिव्यक्ति दिखाई देती है। क्या इन ध्वनियों में स्वरत्व नहीं? नहीं, क्योंकि स्वर का लक्षण है कि राग-जनक ध्वनि स्वर होती है, स्वर नामक ध्वनि राग का कारण होती है, इसलिये स, रि, ग, म, प, ध, नि ही कारण में कार्य्य की लक्षणा के कारण 'स्वर' हैं।

अब स्वरों की निरुक्ति कही जाती है।

नासा, कण्ठ, उर, तालु, जिह्वा और दन्त इन छः स्थानों से उत्पन्न होने के कारण षड्ज की संज्ञा है ॥४१॥

नाभि से उठा हुआ और कण्ठ तथा शिर से समाहत वायु वृषभ के समान नाद करने के कारण ऋषभ कहलाता है ॥४२॥

नाभि से उत्थित तथा कण्ठ एवं शिर से समाहत गन्धर्वों के सुख का कारण होने से गान्धार कहलाता है ॥४३॥

---

१. (क) न्ता।
२. (क) नाभिस्समंस्थितो।
३. (क) ऋषभवन्नदते।
४. (क) हेतुत्वात्।

वायुः समुत्थितो नाभेर्हृदये[1] च समाहतः ।
मध्यस्थानोद्भवत्वात्तु[2] मध्यमत्वेन[3] कीर्तितः ॥४४॥

वायुः समुत्थितो नाभेरोष्ठकण्ठशिरोहृदि ।
पञ्चस्थानसमुद्भूतः[4] पञ्चमस्तेन कीर्तितः[5] ॥४५॥

नाभेः समुत्थितो वायुः कण्ठतालुशिरोहृदि ।
तत्तत्स्थान[6] धृतो यस्मात् ततोऽसौ धैवतो मतः ॥४६॥

नाभेः समुत्थितो वायौ कण्ठतालुशिरोहृते ।
निषीदन्ति स्वरास्सर्वे निषादस्तेन कथ्यते ॥४७॥

(इति स्वरनिरुक्तिः ।)

चतुःश्रुतिस्वरा विप्रास्त्रिश्रुतो[7] क्षत्रियौ मतौ ।
वैश्यौ द्विश्रुतिकौ ज्ञेयौ शूद्रौ चान्तरकस्वरौ ॥४८॥

---

नाभि से उत्थित और हृदय से समाहत वायु मध्य स्थान में उत्पन्न होने के कारण मध्यम कहलाता है ॥४४॥

नाभि से समुत्थित वायु ओष्ठ, कण्ठ, शिर और हृदय इन पाँच स्थानों में उत्पन्न होने के कारण पञ्चम कहा गया है ॥४५॥

नाभि से उत्थित वायु कण्ठ, तालु, शिर और हृदय रूपी उस स्थान पर धृत होने के कारण धैवत कहलाता है ॥४६॥

नाभि से समुत्थित वायु के द्वारा कण्ठ, तालु और शिर का स्पर्श होने पर जिस स्वर से सब स्वरों की समाप्ति हो जाती है, वह निषाद कहा जाता है ॥४७॥

(यह स्वर-निरुक्ति सम्पन्न हुई ।)

चतुःश्रुति स्वर ब्राह्मण, त्रिश्रुति स्वर क्षत्रिय, द्विश्रुति स्वर वैश्य और अन्तर स्वर शूद्र हैं ॥४८॥

---

१. (क) हृदयोष्ठ। २. (क) मध्यस्थान भवत्वाच्च। ३. (क) मध्यमस्तेन।
४. (क) पञ्चम स्थान संजातः। ५. (क) सम्मतः। ६. (क) षष्ठस्थाने धृतो।
७. (क) त्रिश्रुतिः।

Scanned with OKEN Scanner

इति स्वरजातयः ।)

मध्यम[1] पञ्चमभूयिष्ठं कार्य्यं[2] शृङ्गारहास्ययोः ।
षड्जर्षभप्रायकृतं[3] वीररौद्राद्भुतेषु[4] च ॥४९॥
गान्धारसप्तमप्रायं[5] करुणे गानमिष्यते ।
तथा [6]धैवतभूयिष्ठं बीभत्से [7]सभयानके ॥५०॥

(इति रसानुसारिस्वरविनियोगः ।)

स्वराणां मूर्च्छनातानजातिजात्यंशकात्मनाम् ।
व्यवस्थितश्रुतीनां हि समूहो ग्राम इष्यते ॥५१॥
[8]समूहवाचिनौ ग्रामौ स्वरश्रुत्यादिसंयुतौ ।

---

(ये स्वरों की जातियाँ हुई ।)

शृंगार और हास्य में मध्यमबहुल या पञ्चमबहुल, वीर, रौद्र और अद्भुतरस में षड्जबहुल या ऋषभबहुल, करुणरस में गान्धारबहुल और निषादबहुल तथा बीभत्स और भयानक रस में धैवतबहुल गान करना चाहिये ॥४९-५०॥

(यह स्वरों का रसानुसारी विनियोग हुआ ।)

मूर्च्छना, तान, जाति और जाति के अंशभूत व्यवस्थित श्रुतियुक्त स्वरों का समूह ग्राम कहलाता है ॥५१॥

स्वर और श्रुति इत्यादि से युक्त दोनों ग्राम समूहवाची हैं ।

---

१. (क) षड्जपञ्चमभूयिष्ठां ।
२. (क) कार्य्या ।
३. (क) प्राकृतं ।
४. (क) ख्येषु च ।
५. (क) स्स ।
६. (क) दैवतभूषष्ठं ।
७. (क) भतूनके ।
८. (क) समूह वाजे नो ग्रामौ ।

Scanned with OKEN Scanner

द्वौ[1] ग्रामौ विश्रुतौ लोके षड्जमध्यमसंज्ञितौ ॥५२॥
केचिद्गान्धारमप्याहुः स तु नेहोपलभ्यते ।
(इतिग्रामाः)

मूर्च्छना[2] शब्दनिष्पत्ति र्मुर्छामोहे समुच्छ्रये ॥५३॥
मूर्च्छ्यतेयेन[3] रागो हि मूर्च्छनेत्यभिसंज्ञिता ।
आरोहणावरोहण[4]क्रमेण स्वरसप्तकम् ॥५४॥
मूर्च्छनाशब्दवाच्यं हि विज्ञेयं तद्विचक्षणैः ।[5]
सप्तानां क्रययुक्तानां स्वराणां[6] यस्समुच्छ्रयः ॥५५॥
सा मूर्च्छना प्रतिग्रामं सप्तधा परिकीर्तिता ।

सा च मूर्च्छना द्विविधा सप्तस्वरमूर्च्छना द्वादशस्वरमूर्च्छना चेति। अष्टाविंशति मूर्च्छनानां नामानि कथ्यन्ते ।

---

लोक में षड्ज ग्राम और मध्यम ग्राम नामक दो ग्राम प्रसिद्ध हैं। कुछ लोग गान्धार ग्राम की भी चर्चा करते हैं, वह उपलब्ध नहीं होता ।५२।

(ये ग्राम हुए ।)

'मोह' 'समुच्छ्र' (उभार) का बोध कराने वाली 'मूर्च्छा' धातु से मूर्च्छना शब्द की निष्पत्ति हुई ॥५३॥

क्योंकि इससे राग उभरता है, इसलिए इसे 'मूर्च्छना' कहा गया है। आरोह और अवरोह से युक्त क्रम पूर्ण स्वर सप्तक मूर्च्छना शब्द का अर्थ है यह विद्वान् व्यक्तियों को समझ लेना चाहिये, यह क्रम युक्त सात स्वरों का समुच्छ्रय (उभार) है ॥५४॥

यह मूर्च्छना प्रत्येक ग्राम में सात प्रकार की है ।

वह मूर्च्छना दो प्रकार की है, सप्त स्वर मूर्च्छना और द्वादशस्वर मूर्च्छना। अट्ठाईस (चौदह सप्त स्वर और चौदह द्वादश स्वर) मूर्च्छनाओं के नाम कहे जाते हैं ।

---

१. (क) यथा कुटुम्बिनः सर्वं एकीभूता वसन्ति हि । सर्वलोकेषु (कस्य ?) तौ ग्रामौ यत्रानित्य-व्यवस्थितौ (यत्रनित्यं व्यवस्थितिः ?) ।
२. (क) मूर्च्छा मोहसमूच्छ्रायः । ३. (क) मूर्च्छते ये नगारेऽपि मूर्च्छना व्यभिसंज्ञिता ।
४. (क) अथारोहावरोहेण । ५. (क) विलक्षणम् । ६. (क) स्वराणां ।

उत्तरमन्द्रा, रजनी, उत्तरायता, शुद्धषड्जा, मत्सरीकृता,[1] अश्व क्रान्ता,[2] अभिरुद्गता,[3] एतानि सप्त षड्जग्राममूर्च्छनानामानि । सौवीरी, हारिणाश्वा, कलोपनता, शुद्धमध्यमा मार्गी, कौरवी, हृष्यका[4] एतानि सप्त मध्यमग्राममूर्च्छनानामानि । एतान्येव द्वादशस्वरमूर्च्छनानां नामानि ।

उभयग्रामषाडव[5] मूर्च्छना एकोनपंचाशत्, औडुवमूर्च्छनाः[6] पञ्च-त्रिंशत् ।

(इति चतुरशीतिमूर्च्छनाः ।)

एवं यज्ञनामानि वदन्ति । ननु तानयज्ञानां[7] कथमेकत्र[8] व्यवहारः । उच्यते-एकस्मिन्नपि तान उच्चरिते अग्निष्टोमादियागानामेकैकस्य फलो-पलब्धेः गायकानां यज्ञतानमिति नाम प्रसिद्धम् ।

षड्भिः स्वरैः या गीयते षाडवा, पञ्चभिः स्वरैर्या गीयते सा औडुवा ।

---

उत्तरमन्द्रा, रजनी, उत्तरायता, शुद्धषड्जा, मत्सरीकृता, अश्वक्रान्ता और अभिरुद्गता ये सात षड्जग्राम की मूर्च्छनाओं के नाम हैं । सौवीरी, हारिणाश्वा, कलोपनता, शुद्धमध्या, मार्गी, कौरवी और हृष्यका ये सात मध्यमग्राम की मूर्च्छनाओं के नाम हैं ।

यही नाम द्वादशस्वर मूर्च्छनाओं के हैं ।

दोनों में षाडव मूर्च्छनाएँ उनचास और ओडुव मूर्च्छनाएँ पैंतीस होती हैं ।

(ये चौरासी मूर्च्छनाएँ हुईं ।)

इसी प्रकार यज्ञ (वाचक तानों के) नाम कहे जाते हैं । तान और यज्ञ का एकत्र व्यवहार क्यों है ? उत्तर है कि एक एक तान का उच्चारण करने पर अग्निष्टोम इत्यादि यज्ञों में से एक एक का फल गायक को मिलता है, इसलिये यज्ञतान नाम प्रसिद्ध है ।

छः स्वरों से युक्त गाई जाने वाली (तान और मूर्च्छना) षाडव है और पाँच स्वरों से गाई जाने वाली औडुव ।

---

१. (क) मत्सरा । २. (क) अपक्रान्ता । ३. (क) रुद्रगता । ४. (क) ह्यष्टका ।
५. (क) ग्रावषाड्व । ६. (क) औडव । ७. (क) तानयज्ञां । ८. कथनं

औडुवं द्विविधम्,[1] शुद्धं संसर्गजञ्चेति। एकजात्याश्रयं शुद्धम्, अन्यत् संसर्गजं भवेत्।

संसर्गजं द्विधा प्रोक्तं जातिसाधारणाश्रितम् ॥५६॥

काकल्यन्तरस्वरैर्या गीयते सा साधारणा।

साधारणं द्विविधम्, जातिसाधारणं स्वर साधारणं चेति।

ननु कथं मूर्च्छनातानयोर्भेदः प्रतिपादितः, उच्यते—

आरोहावरोहणक्रमयुक्तः[2] स्वरसमुदायो मूर्च्छनेत्युच्यते[3]। तानस्तु आरोहक्रमेण भवतीति भेदः। तत्तानसंख्या पञ्चसहस्राणि चत्वारिंशच्च भवति। किमस्ति तानकथनेन कार्य्यम्? उच्यते-ठायानां करणत्वात्।

इति तानकथनम्

सकलस्य रागादेः जन्महेतुत्वाज्जातयः[4] श्रुतिस्वरग्रहादिसमूहाज्जायन्ते,[5] अतो जातय इत्युच्यन्ते। यद्वा जातय इव जातयः यथा नराणां ब्राह्मणादयो जातयः, शुद्धाविकृताश्च एवमत्रापि।

---

औडुव दो प्रकार का है, शुद्ध और संसर्गज। एक जाति के आश्रित शुद्ध है और दूसरा संसर्गज है।

जाति और साधारण के आश्रित संसर्गज भी दो प्रकार का है।

काकली और अन्तर स्वरों से गाई जाने वाली (तान और मूर्च्छना) 'साधारण' है।

'साधारण' दो प्रकार का है, 'स्वरसाधारण' और 'जातिसाधारण'।

मूर्च्छना और तान का भेद कैसे प्रतिपादित किया गया है? उत्तर है कि क्रमशः आरोहावरोहयुक्त, स्वरसमुदाय मूर्च्छना है। तान आरोहक्रम मात्र से होता है, यही भेद है। उन तानों की संख्या पाँच हजार चालीस है। तान-कथन से क्या प्रयोजन है। उत्तर है, ठायों (राग वाचक) स्वर समुदायों का कारण होने के कारण तानों का कथन किया गया है।

(यह तान कथन हुआ।)

समस्त राग इत्यादि के जन्म का कारण होने के कारण 'जातियों' की यह संज्ञा है। श्रुति, स्वर, ग्रह इत्यादि के समूह से जन्म लेने के कारण जातियाँ 'जाति' कहलाती है। अथवा जिस प्रकार मनुष्यों की "ब्राह्मण" इत्यादि जातियां हैं, उसी प्रकार ये जातियां भी हैं। इनमें भी शुद्ध और विकृत हैं।

---

१. (क) द्विविधा। २. (क) व्यवरोहण। ३. (क) मुर्च्छने।
४. (क) जन्य। ५. (क) हा।

Scanned with OKEN Scanner

षाड्जी, आर्षभी, गान्धारी, मध्यमा,[1] पञ्चमी,[2] धैवती,[3] नैषादी[4]
सप्तैताः शुद्धजातयः ।
[5]षड्जकैशिकी, षड्जोदीच्यवा, षड्जमध्यमा, रक्तगान्धारी, गांधारोदीच्यवा, मध्यमोदीच्यवा, गान्धारपञ्चमी, नन्दयन्ती,[6] आन्ध्री, कार्मारवी,[7] कैशिकीत्येकादश विकृतजातयः ।

एकस्वरो द्विस्वरच[8] त्रिस्वरोऽथ चतुः स्वरः ।
पञ्चस्वरश्चतुर्धास्यादेकधा सप्तषट्स्वरौ ॥५७॥

इति जातीनामंशास्त्रिषष्टिर्भवन्ति ।
(इति ब्रह्मवक्त्र विनिर्गतसामवेदसमुद्भवाष्टादशजाति नामानि ।

॥ अथ जातिसमुद्भूतबहुविधरागकथनम् ॥

स्वरवर्णविशिष्टेन ध्वनिभेदेन वा पुनः ।
रज्यते येन सच्चित्तं स रागः सम्मतः सताम् ॥५८॥

(इति रागनिरुक्तिः)

---

षाड्जी, आर्षभी, गान्धारी, मध्यमा, पंचमी, धैवती और नैषादी ये सात शुद्ध जातियाँ तथा षड्जकैशिकी, षड्जोदीच्यवा, षड्जमध्यमा, रक्त गान्धारी, गान्धारोदोच्यवा, मध्यमोदीच्यवा, गान्धारपञ्चमी, नन्दयन्ती, आन्ध्री, कार्मारवी और केशिकी ये ग्यारह विकृत जातियाँ हैं ।

(एक अंशस्वर तीन जातियों में होता है ऐसी तीन जातियों का 'गण') एकस्वर, (दो दो अंश स्वर तीन जातियों में होते हैं, उनका 'गण') द्विस्वर, (तीन तीन अंश स्वरोंवाली तीन जातियों का गण) त्रिस्वर, (चार चार अंश स्वरों वाली तीन जातियों का गण) चतुस्वर, (पाँच अंश स्वरों वाली चार जातियों का 'गण') पञ्चस्वर, (छः अंश स्वर और सात अंश स्वर वाली एक एक जाति) षट्स्वर और सप्तस्वर होता है ॥५७॥

इस प्रकार जातियों के कुल अंश स्वर तिरसठ होते हैं ।

(ये ब्रह्ममुखविनिर्गत सामवेदोत्पन्न अठारह जातियों के नाम हुए ।)

जातिसमुद्भूत राग का कथन—

स्वर और वर्णविशेष अथवा ध्वनिभेद से जिसके द्वारा सज्जनों के चित्त का रञ्जन हो, वह राग है ।

(यह रागनिरुक्ति हुई)

---

१. (क) माध्यमी । २. (क) पाञ्चमी । ३. (क) दैवती । ४. (क) नैषदी ।
५. (क) षडजा कैशिकी । ६. (क)नन्दयति । ७.(क)कामीर । ८.(क) द्विस्वरोऽपि ।

षड्जग्रामो[1] भवेदादौ मध्यमग्राम एव च ।
कैशिकः[2] पञ्चमश्चैव तथा कैशिकमध्यमः[3] ॥५९॥

साधारितः[4] षाडवश्च सप्तैते शुद्धसंज्ञकाः ।
भिन्नषड्जस्तथाभिन्नपंचमो भिन्नकैशिकः[5] ॥६०॥

भिन्नतानसमाख्यश्च भिन्नकैशिकमध्यमः[6] ।
पञ्चैते भिन्नरागाः[7] स्युः गौडरागः प्रवक्ष्यते ॥६१॥

गौडकैशिक इत्येषस्ततः[8] स्याद्गौडपञ्चमः ।
गौडकैशिकमध्योऽन्यस्त्रयो गौडा[9] भवन्त्यमी ॥६२॥

षाडवो[10] वोट्टरागश्च[11] तथा मालवकैशिकः ।
टक्ककैशिकहिन्दोलौ तथा मालवपञ्चमः ॥६३॥

सौवीरष्टक्करागश्चेत्यष्टौ रागाश्च[12] वेसराः ।
नर्ताख्यः[13] ककुभः षड्जकैशिकः[14] शकसंज्ञकः[15] ॥६४॥

---

षड्जग्राम, मध्यमग्राम, कैशिक, पञ्चम, कैशिकमध्यम, साधारित और षाडव ये सात शुद्ध राग हैं ॥५९॥

भिन्नषड्ज, भिन्नपंचम, भिन्नकैशिक, भिन्नतान तथा भिन्नकैशिक मध्यम ये पाँच भिन्नराग हैं ।

अब गौडराग कहे जाते हैं ॥६०॥

गौडकैशिक, गौडपञ्चम, गौडकैशिकमध्यम, ये तीन 'गौड' राग हैं ।

षाडव, वोट्ट, मालवकैशिक, टक्ककैशिक, हिन्दोल, मालवपञ्चम, सौवीर और टक्क ये आठ 'वेसर' राग हैं ।

नर्त, ककुभ, षड्जकैशिक, शक, रूप साधारित, भम्माणपंचम और गान्धारपञ्चम ये सात साधारण राग हैं ॥६१-६४॥

---

१. (क) षड्जग्रामौ । २. (क) कैशिकी । ३. (क) भिन्नकैशिकिमध्यमः ।
४. (क) सादारितः । ५. (क) कैशिकी । ६. (ज) कैशिकिमध्यमा ।
७. (क) भिन्नता । ८. (क) तेतस्ततः । ९. (क) गौडी । १०. (क) साडवो ।
११. (क) भाट्ट । १२. (क) रागश्च । १३. (क) वल्लाख्य । १४. (क) षड्ज कैशिकी ।
१५. (क) शकच्छंज्ञकः ।

Scanned with OKEN Scanner

रूपसाधारितश्चैव तथा भम्माणपञ्चमः[1] ।
गान्धारपञ्चमश्चैते[2] सप्त साधारणा मताः ॥६५॥

रेवगुप्तस्तथानागगान्धारष्टक्कसैन्धवः ।
[3](पञ्चमषाडवश्चान्यस्तिलकः शकपूर्वकः ।)
पञ्चमो रागराजोऽन्य[4] उपरागाः षडीरिताः ॥६६॥

॥ इति ग्रामरागाः ॥

गीयत इति गीतम् । मद्रकम्,(अपरान्तकम्), उल्लोप्यम्,(प्रकरी,) ओवेणकम्,[5] रोविन्दकम्,[6] (उत्तरम्) (इति सप्त गीतकानि) (छन्दकम्,) आसारितम्, वर्धमानकम्, पाणिकम् ऋक्, गाथा, साम, इति सप्त गीतानि[7] ।

---

रेवगुप्त, नागगान्धार, टक्कसैन्धव, [पञ्चम षाडव, शकतिलक] और रागराजपञ्चम (कोकिलापञ्चम ? भावनापंचम ? या नाग पञ्चम ?) ये छः (आठ) उपराग हैं ।

(ये ग्रामराग हुए ।)

जो गाया जाता है, वह 'गीत' है ।

मद्रक, अपरान्तक, उल्लोप्य, प्रकरी, ओवेणक, रोविन्दक और उत्तर ये सात 'गीतक' और छन्दक, आसारित, वर्धमानक, पाणिक, ऋक्, गाथा और साम ये सात 'गीत' हैं ।

---

१. (क) भूमाल पञ्चमः ।
२. (क) ·· गाल रा ।
३. (क) एषा कोष्ठकान्तर्गता पंक्तिः व्याख्यातृकृता ग्रन्थस्य खण्डितत्वात् ।
४. (क) रागराजान्य ।
५. (क) रेणुकम् ।
६. (क) ननिन्दम् ।
७. (क) कोष्ठकान्तर्गतानानिनामान्यादर्शे न सन्ति, व्याख्याकृता ग्रन्थान्तराद् गृहीतानि । अस्याधिकरणस्य संशोधनमुपजीव्याचार्य्यग्रन्थवाक्यमाश्रित्य कृतम् । सिंह भूपालोद्धृतानि पार्श्वदेववचनान्यप्यवलोकितानि । अधिकरणेऽस्मिन् ग्रन्थकर्त्रा मतंगवाक्यानि तथैव समुद्धृतानि । केचन श्लोका नाट्यशास्त्रादप्युद्धृताः ।

इति श्रीमदभय चन्द्रमुनीन्द्रचरणकमलमधुकरायित-
मस्तकमहादेवार्य्यशिष्यस्वरविद्यायुक्त सम्य-
क्त्वचूडामणि भरतभाण्डीकभाषाप्रवीण
श्रुतिज्ञानचक्रवर्तिसंगीताकरनाम-
धेयपार्श्वदेवविरचिते संगीत-
समयसारे
प्रथमाधिकरणम्

---

श्रीमद् अभयचन्द्र मुनीन्द्र के चरण-कमलों में मधुकरवत् आचरण करने वाले मस्तक से युक्त महादेव आर्य के शिष्य, स्वर विद्या से युक्त, सम्यक्त्वचूडामणि, भरतभाण्डीकभाषाप्रवीण, श्रुतिज्ञान चक्रवर्ति, सङ्गीताकर नाम वाले पार्श्वदेव द्वारा विरचित सङ्गीत समयसार का प्रथमाधिकरण पूर्ण हुआ।

॥प्रथम अधिकरण समाप्त॥



# द्वितीयाधिकरणम्

अथ देशिरुच्यते । तस्य लक्षणं किम् ? उच्यते ।

देशिलक्षणम्—

अबलाबालगोपालक्षितिपालैर्निजेच्छया ।
गीयते सानुरागेण स्वदेशेदेशिरुच्यते ॥१॥★

(इन्द्रमाला)

देशेषु देशेषु नरेश्वराणां रुच्याजनानामपि[1] वर्तते या ।
गीतं च वाद्यं च तथा च नृत्तं देशीतिनाम्ना परिकीर्तिता सा ॥२॥*

सा देशी द्विविधा [प्रोक्ता ।] शुद्धसालगभेदतः ।
सप्तस्वरेष्वसौ गीतवाद्यनृत्तेषु कीर्तिता ॥३॥●

---

## (दूसरा अधिकरण)

अब देशी कहा जाता है । उसका लक्षण क्या है ? उत्तर है :—

अपने अपने देश में, नारियों, बच्चों, ग्वालों और नरेशों के द्वारा अपनी इच्छा के अनुसार अनुरागपूर्वक जो गाया जाता है, वह देशी है ॥१॥

जो गीत, वाद्य और नृत्त विभिन्न राजाओं के देश में लोगों की रुचि के अनुसार व्यवहार में आता है, वह देशी है ॥२॥

'शुद्ध' और 'सालग' इन दो भेदों के कारण देशी दो प्रकार का है, यह देशी सातों स्वरों के आश्रित गीत, वाद्य और नृत्त में बताया गया है ॥३॥

---

★ मतङ्गोक्तिः । * जगदेकोक्तिर्भरतकोषस्य २८२ पृष्ठे समुद्धृता ।
● व्याख्यातृनिर्मिता पंक्तिः । १ (क) यच्चाञ्जनानामपि वर्ततेया ।

प्रमाणनियमैश्शुद्धश्चित्तधर्मस्तु सालगः[1] ।
गीतस्यानुगतं वाद्यं, नृत्तं वाद्यानुगामि तत् ॥४॥

**त्रिविधाःस्वरा :—**

तस्माद्गीतस्य मुख्यत्वं प्रवदन्ति मनीषिणः ।
सप्तस्वरमयं गीतं स्वरास्ते त्रिविधा मताः ॥५॥

सचेतनोद्भवाः केचित् केचिन्निश्चेतनोद्भवाः ।
उभयप्रभवाः केचित् मुख्यास्तेषु शरीरजाः ॥६॥

शरीराद्ध्वनिः सचेतनः वीणादिध्वनिरचेतनः, सुषिरादिध्वनिरुभयप्रभवः इति वदन्ति सर्वे, अहमेवं वदामि—

चेतनोद्भवा एवोभयप्रभवास्सर्वे, कुतः ? वीणादेरपि पुरुषप्रयत्न पूर्वकत्वात् । अचेतनस्तु हठात् काष्ठादिसंयोगाद्वा युतिना (?) वा प्रवर्तते ।

---

प्रमाण और नियम से युक्त 'शुद्ध' और चित्तधर्म्म के अनुसार (यथारुचि) व्यवहृत 'सालग' है ।

गीत का अनुगामी वाद्य और वाद्य का अनुगामी नृत्त' है, इसीलिए विद्वान् लोग गीत की मुख्यता कहते हैं ।

गीत सप्तस्वरमय है, और स्वर त्रिविध हैं ॥४,५॥

कुछ स्वर सचेतनोद्भव, कुछ निश्चेतनोद्भव और कुछ (सचेतन और अचेतन) दोनों से उत्पन्न हैं । उनमें शरीरज मुख्य हैं ॥६॥

शरीर इत्यादि की ध्वनि सचेतन, वीणा आदि की ध्वनि अचेतन तथा वंशी इत्यादि की ध्वनि (मनुष्य के श्वास और नली के संयोग से उत्पन्न होने के कारण) उभयप्रभव है, ऐसा सभी कहते हैं । मैं यों कहता हूं :—

सभी उभयप्रभव स्वर सचेतन ही हैं, क्यों ? वीणा भी पुरुष के प्रयत्न से ही स्वर उत्पन्न करती है । अचेतन स्वर तो अकस्मात् काष्ठ इत्यादि के योग से उत्पन्न होता है ।

---

१ (क) साधकः ।

शरीरान्नादसम्भूतिः गीतन्नादात्प्रवर्तते ।
नादबिन्दुस्वरा रागाः सम्भवन्ति शरीरतः ॥७॥

पिण्डोत्पत्ति :---

शरीरः पिण्डइत्युक्तः ततः पिण्डो निरूप्यते ।
शुक्लरक्ताम्बुनासिक्तं चैतन्यबीजमादिमम्[1] ॥८॥

एकीभूत तथा काले यथाकालेऽवरोहति[2] ।
एकरात्रेण कललं[3] पञ्चरात्रेण बुद्बुदम् ॥९॥

शोणितं दशरात्रेण मांसपेशी चतुर्दशे ।
घनमांसञ्च[4] विंशाहे गर्भस्थो[5] वर्द्धते क्रमात् ॥१०॥

पञ्चविंशतिपूर्णैश्च पलं सर्वाङ्कुरायते ।
मासेनैकेन पूर्णेन त्वञ्चत्वादीनि धारयेत् ॥११॥

---

शरीर से नाद का जन्म होता है, गीत नाद से जन्म लेता है। नाद, बिन्दु, स्वर, और राग शरीर से ही उत्पन्न होते हैं। शरीर को पिण्ड कहा जाता है, अतः पिण्ड का निरूपण किया जाता है। आदिम चैतन्य बीज शुक्ल और रक्त जल (वीर्य्य और रज) से सिञ्चित विशिष्ट काल में एकीभूत होता और समय आने पर जन्म लेता है। एक रात्रि में 'कलल' पाँच रात्रियों में 'बुद्बुद', दस रात्रियों में 'शोणित', चौदह रात्रियों में मांसपेशी, बीस दिन में घन मांस, इस ढंग से गर्भस्थ शिशु क्रमशः बढ़ता है ॥७-१०॥

पच्चीस दिन पूर्ण होने पर वह गर्भ समस्त अंकुरों से युक्त हो जाता है, एक मास पूर्ण होने पर त्वचा इत्यादि आने लगते हैं ॥११॥

---

१. (क) वीजवादिकम् ।
२. (क) तथाकाले ।
३. (क) कलिलं ।
४. (क) घनमांसै च ।
५. (क) गर्भस्था ।

शरीरान्नादसम्भूतिः गीतन्नादात्प्रवर्तते ।
नादबिन्दुस्वरा रागाः सम्भवन्ति शरीरतः ॥७॥

पिण्डोत्पत्ति :---

शरीरः पिण्डइत्युक्तः ततः पिण्डो निरूप्यते ।
शुक्लरक्ताम्बुनासिक्तं चैतन्यबीजमादिमम्[1] ॥८॥

एकीभूत तथा काले यथाकालेऽवरोहति[2] ।
एकरात्रेण कललं[3] पञ्चरात्रेण बुद्बुदम् ॥९॥

शोणितं दशरात्रेण मांसपेशी चतुर्दशे ।
घनमांसञ्च[4] विंशाहे गर्भस्थो[5] वर्द्धते क्रमात् ॥१०॥

पञ्चविंशतिपूर्णेश्च पलं सर्वाङ्कुरायते ।
मासेनैकेन पूर्णेन त्वञ्चत्वादीनि धारयेत् ॥११॥

---

शरीर से नाद का जन्म होता है, गीत नाद से जन्म लेता है। नाद, बिन्दु, स्वर, और राग शरीर से ही उत्पन्न होते हैं। शरीर को पिण्ड कहा जाता है, अतः पिण्ड का निरूपण किया जाता है। आदिम चैतन्य बीज शुक्ल और रक्त जल (वीर्य्य और रज) से सिञ्चित विशिष्ट काल में एकीभूत होता और समय आने पर जन्म लेता है। एक रात्रि में 'कलल' पाँच रात्रियों में 'बुद्बुद', दस रात्रियों में 'शोणित', चौदह रात्रियों में मांसपेशी, बीस दिन में घन मांस, इस ढंग से गर्भस्थ शिशु क्रमशः बढ़ता है ॥७-१०॥

पच्चीस दिन पूर्ण होने पर वह गर्भ समस्त अंकुरों से युक्त हो जाता है, एक मास पूर्ण होने पर त्वचा इत्यादि आने लगते हैं ॥११॥

---

१. (क) वीजवादिकम् ।
२. (क) तथाकाले ।
३. (क) कलिलं ।
४. (क) घनमांसै च ।
५. (क) गर्भस्था ।

Scanned with OKEN Scanner

मासद्वये तु सम्प्राप्तेमासमेदः प्रजायते ॥
मज्जास्थीनि त्रिभिर्मासैः केशाङ्गुल्यश्चतुर्थकैः ॥१२॥

कर्णाक्षिनासिकाद्यास्यरन्ध्रं मासे तु पञ्चमे ।
सर्वाङ्गसन्धिसम्पूर्णमष्टभिः सम्प्रजायते ॥१३॥
मासे च नवमे प्राप्ते गर्भस्थः स्मरति स्वयम् ।
जुगुप्सा जायते गर्भे गर्भवासं परित्यजेत् ॥१४॥
रक्ताधिके भवेन्नारी नरः शुक्राधिके भवेत् ।
नपुंसकस्समे[1] द्रव्ये त्रिविधः पिण्डसम्भवः ॥१५॥
मज्जास्थिशुक्रधातोश्च[2] रक्त[3]रोमफलं तथा ।
पञ्चकोषमिदं[4] पिण्डं पण्डितैः समुदाहृतम् ॥१६॥

(इति पिण्डोत्पत्तिः ।)

---

दो मास में मांस और मेद उत्पन्न हो जाता है, तीन मास में मज्जा और अस्थि तथा चौथे मास में केश और अंगुलियाँ निर्मित हो जाती हैं ॥१२॥

पाँचवें मास में कान, आँख, नासिका, मुख इत्यादि के रन्ध्र बन जाते हैं, तथा समस्त सन्धियों से युक्त सम्पूर्ण शरीर आठ मास में बन जाता है। नवाँ महीना लगने पर गर्भस्थ जीव स्वयं स्मरण करता है, उसे गर्भ में जुगुप्सा होती है कि गर्भ का परित्याग करना चाहिए ॥१३,१४॥

(रक्तरज) अधिक होने पर नारी, और वीर्य्य के अधिक होने पर पुरुष होता है। यदि वीर्य्य और रज समान हों, तो नपुंसक की उत्पत्ति होती है। इस प्रकार यह पिण्ड तीन प्रकार का है ॥१५॥

पण्डितों ने इस पिण्ड को मज्जा, अस्थि, शुक्र, धातु, रक्त और रोम का फल एवं पञ्चकोष युक्त भली प्रकार से कहा है ॥१६॥

(यह पिण्डोत्पत्ति कही गई।)

---

१ (क) नपुंसस्सम द्रव्यं । २ (क) धातुश्च । ३ (क) रक्तः ।
४ (क) फाश्कौशिक ।

नादोत्पत्ति वर्णने प्रायशो मतङ्ग शब्दा एवोद्धृताः पार्श्वदेवेन, द्विचता एव शब्दाः परिवर्तिताः ।

Scanned with OKEN Scanner

अथ नादोत्पत्तिरुच्यते—

नादोत्पत्तिः यथा शास्त्रमिदानीमभिधीयते ।*
स्वरो गीतं च वाद्यं च तालश्चेति चतुष्टयम् ॥१७॥
न सिद्धयति विना नादं तस्मान्नादात्मकं जगत् ।
नादात्मानस्त्रयो देवा ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः ॥१८॥●
नाभौ[1] यद् ब्रह्मणः स्थानं ब्रह्मग्रन्थिश्च यो मतः ।
प्राणस्तन्मध्यवर्ती स्यादग्नेः प्राणात् समुद्भवः ॥१९॥
अग्निमारुतयोर्योगात्[2] भवेन्नादस्य सम्भवः ।
बिन्दुरुत्पद्यते नादात्[3] नादात्सर्वं च वाङ्मयम् ॥२०॥
नकारः प्राण इत्युक्तो दकारो वन्हिरुच्यते ।
अर्थोऽयं नादशब्दस्य संक्षेपात्परिकीर्तितः ॥२१॥

---

अब नादोत्पत्ति कही जाती है —

अब शास्त्र के अनुसार नादोत्पत्ति कही जा रही है। स्वर, गीत, वाद्य और ताल ये चारों नाद के विना सिद्ध नहीं होते, अतः जगत् नादात्मक है। ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर ये तीनों देव नादात्मक हैं ॥१८॥

नाभि में जो ब्रह्म का स्थान ब्रह्मग्रन्थि कहा गया है, प्राण उसके मध्य में रहता है। प्राण से अग्नि की उत्पत्ति होती है ॥१९॥

अग्नि और वायु के संयोग से नाद की उत्पत्ति होती है। नाद से ही विन्दु और समस्त वाङमय उत्पन्न होता है ॥२०॥

'नकार' का अर्थ प्राण और 'दकार' का अर्थ अग्नि है, संक्षेप में नाद का यह अर्थ कहा गया है ॥२१॥

---

* एषा पंक्तिः (क) आदर्शे नास्ति ।
● एतदनन्तरं (क) आदर्शे ओंकारोऽपि पराशक्तिः नादरूपमिदं द्वयामिति श्लोकार्धं उपलभ्यते ।
१. (क) वा चा ।
२. (क) अग्निमारुतसंयोगात् ।
३. (क) नादः ।

**पञ्चविधोनादः—**

स च पञ्चविधो नादो मतङ्गमुनिसम्मतः ।*
अतिसूक्ष्मश्चसूक्ष्मश्च पुष्टोऽपुष्टश्च कृत्रिमः ॥२२॥

अतिसूक्ष्मो भवेन्नाभौ हृदि सूक्ष्मः प्रकाशते ।
पुष्टोऽभिव्यञ्जते कण्ठे त्वपुष्टः शिरसिस्मृतः ॥२३॥

कृत्रिमो मुखदेशे तु स्थानभेदेन भासते ।
अव्यक्तः शिरसीत्युक्तः कैश्चित्तान्नोपपद्यते ॥२४॥

(इति मतङ्गोक्तः पञ्चविधो नादः)

(अथ ध्वनिः)

मन्द्रादिस्थानभेदेन[1] यो नादः स्फुरति स्फुटम् ।
आरोहिक्रमतस्तज्ज्ञैः स[2] एव ध्वनिरुच्यते ॥२५॥

(भ० को०, पृ० ३०३)

---

मतङ्गमुनि के मत में नाद पाँच प्रकार का है, अतिसूक्ष्म, सूक्ष्म, पुष्ट, अपुष्ट और कृत्रिम। अतिसूक्ष्म नाद नाभि में और सूक्ष्म हृदय में प्रकाशित होता है ॥२२॥

पुष्ट नाद कण्ठ में अभिव्यक्त होता है और अपुष्ट शिर में कहा गया है ॥२३॥

स्थानभेद के कारण कृत्रिम नाद मुख प्रदेश में भासित होता है। कुछ लोग अव्यक्त नाद सिर में बताते हैं, वह उपयुक्त नहीं है ॥२४॥

(ये मतङ्गोक्त पञ्चविध नाद-भेद निरूपित हुए।)

(अब ध्वनि कहते हैं)

मन्द्र इत्यादि स्थान-भेद से आरोही क्रम के अनुसार जो नाद स्पष्ट-तया स्फुरित होता है, वही 'ध्वनि' कहा जाता है ॥२५॥

---

* पञ्चविधनादोत्पत्ति विषयकाः श्लोकाः (क) आदर्शे न सन्ति।

१. (क) मंत्रादि।

२. (ख) स्सव।

Scanned with OKEN Scanner

खाहुलो[1] वोम्बकश्चैव[2] नाराटो मिश्रकस्तथा ।
ध्वनिश्चतुर्विधः प्रोक्तो गीतविद्याविशारदैः ॥२६॥

बाहुल्यान्मन्द्र[3]संस्पर्शी माधुर्य्यगुणसंयुतः ।
खाहुलः[4] स तु विज्ञेयो गीतविद्याविशारदैः ॥२७॥
(भ० को०, पृ० १२८)

एरण्डकाण्डवद्यश्च[5] [6]क्षणिकांशविवर्जितः ।
निःसारो बोम्बकः[7] स्थूलो बाहुल्येन[8] तु मध्यभाक् ॥२८॥
(भ० को० पृ० ४१५)

बाहुल्यात्तारसंस्पर्शी[9] माधुर्य्यगुणवर्जितः ।
नाराटोऽयं परिज्ञेयो ध्वनिभेदविशारदैः[10] ॥२९॥

---

गीतविद्याविशारदों ने चतुर्विध ध्वनि खाहुल, वोम्वक, नाराट और मिश्रक बतायी है ॥२६॥

गीतज्ञों को वह ध्वनि 'खाहुल' समझना चाहिये, जो प्रायः मन्द्र स्थान का स्पर्श करने वाली और माधुर्य्यगुणयुक्त हो ॥२७॥

वह ध्वनि 'वोम्बक' है, जो 'एरण्डकाण्ड' (अंडउए की शाखा) की भाँति क्षणिकाँशविवर्जित (गूदे से हीन) और निस्सार (खोखली, झिर-झिरी) तथा प्रायः मध्यस्थानीय हो ॥२८॥

ध्वनिभेद के मर्मज्ञों ने प्रायः तारस्थान का स्पर्श करने वाली और माधुर्य्य गुण वर्जित ध्वनि को 'नाराट' कहा है ॥२९॥

---

१. (क) लाउलो, (ख) काबुलो ।
२. (क) लाम्बलः, (ख) वम्वलश्चैव ।
३. (ख) मंत्र । ४. (ख) खायुलः । ५. (क) मद्यत्र ।
६. (क) खाणिकांस, (ख) खाणिकासं ।
७. (क), (ख), वम्बलः ।
८. (क) त्वाहुवेनैवतु मध्यमः, (ख) बहलो न तु मध्यभाक् ।
९. (क) संस्पर्शि ।
१०. (क) गीतध्वनिविशारदैः ।

Scanned with OKEN Scanner

एतद्ध्वनिगुणोन्मिश्रो[1] यत्र सोऽयं तु मिश्रकः।
नाराटखाहुलश्चैको[2] मिश्रः खाहुलवोम्बकः[3] ॥३०॥
(भ० को०, पृ० ४६४)

नाराटवोम्बकश्चैव[4] ध्वनिर्यत्र स मिश्रकः।
इति मिश्रध्वनिः प्रोक्तः चतुर्धा गीतवेदिभिः ॥३१॥
(इति ध्वनिः)*

अथ शारीरलक्षणम् :—●

अन्तरेण[5] यदभ्यासं[6] रागव्यक्तिनिबन्धनम्।
शरीरेण सहोत्पन्नं[7] शारीरं[8] परिकीर्तितम् ॥३२॥

शारीरभेदाः—

चतुर्विधं भवेत्तच्च कडालं,[9] मधुरं तथा।
पेशलं[10] बहुभङ्गीति[11] तेषां लक्षणमुच्यते ॥३३॥
(भ० को०, पृ० ५६)

---

जिसमें इन ध्वनियों की विशेषताओं का मिश्रण हो, वह 'मिश्रक' है। मिश्रक के भेद 'नाराटखाहुल' 'खाहुलवोम्बक' और 'नाराटवोम्बक' हैं। गीतज्ञों ने इस प्रकार चतुर्विध मिश्रध्वनि का वर्णन किया है ॥३०,३१॥

(यह ध्वनि का वर्णन हुआ)

॥ अब शरीर का लक्षण कहते हैं ॥

जो अभ्यास के विना ही रागव्यक्ति में समर्थ हो, वह शरीर के साथ (सहज रूप से) ही उत्पन्न ध्वनि 'शारीर' कहलाती है ॥३२॥

वह 'शारीर' कडाल (करारा), मधुर, पेशल और बहुभङ्गी इन चार प्रकार का है, उन प्रकारों का लक्षण कहा जा रहा है ॥३३॥

---

१. (क) एते ध्वनि गुणाः मिश्राः। २. (क) वम्बलः। (ख) खाव्ल।
३. (क) बाउल बम्बलः, (ख) खावुलवम्बलः। ४. (क), (ख) नाराटवम्बलश्चैव।
* ध्वनिविषयकास्सर्वेश्लोका भरतकोषोद्धृतपार्श्वदेव पाठमनुसृत्य संशोधिताः।
● शारीरलक्षणविषयकाः पार्श्वदेवकृताः श्लोकास्सिह भूपालेन रत्नाकरप्रकीर्णकः ध्यायव्याख्याने समुद्धृताः। ५. (ख) आन्तरेण। ६. (क) यथाभ्यासं।
७. (क) समो। ८. (ख) शरीरं तत्समीरितम्। ९. (क) कथालं।
१०. (ख) पाचलं, (क) पौशलं। ११. (ख) बहुभंरीतिः।

स्थानत्रयेऽपि कठिनं कडालं परिकीर्तितम् ।
मन्द्रे मध्ये[1] च माधुर्य्याच्छारीरं मधुरंस्मृतम् ॥३४॥

शारीरं[2] पेशलं ज्ञेयं तारे रागप्रकाशकम् ।
तच्छारीर[3] गुणाः मिश्राः यत्र तद्बहुभङ्गिकम् ॥३५॥
(भ० को०, पृ० ३८१,४१७)

कडालमधुरंचैव ततो मधुरपेशलम्
कडालपेशलञ्चैव शारीरं त्रयमिश्रकम् ॥३६॥

एवं चतुर्विधंज्ञेयं शारीरं बहुभङ्गिकम् ।
पृथगष्टविधो भेदस्तस्य[4] कण्ठगुणागुणैः ॥३७॥

माधुर्य्यं श्रावकत्वं च स्निग्धत्वं घनता तथा ।
स्थानकत्रयशोभा च पञ्च कण्ठगुणा मताः ॥३८॥

---

तीनों स्थानों में कठिन (बलवान् करारी) ध्वनि 'कडाल' है, जो मन्द्र और मध्य स्थान में मीठी रहे, वह 'मधुर' है ॥३४॥

तार स्थान में राग का प्रकाश करने वाला शारीर 'पेशल' है, इन तीनों प्रकारों के गुण जिसमें मिश्रित हों, वह बहुभङ्गि है ॥३५॥

बहुभङ्गि के चार प्रकार, कडालमधुर, मधुरपेशल, कडालपेशल और कडालमधुरपेशल हैं ॥३६॥

कण्ठ के (पाँच) गुणों और (तीन) अवगुणों के कारण यह शारीर (पूर्वोक्त भेदों से) पृथक् आठ प्रकार का है ॥३७॥

माधुर्य्य, श्रावकत्व, स्निग्धत्व, घनता और तीनों स्थानों में शोभा ये पाँच कण्ठ के गुण हैं ॥३८॥

---

१. (क) मान्द्रे ।
२. (क) ज्ञेयं पाचलशारीरं (ख) ज्ञेयं पौशल शारीरं ।
३. (क) तत्तारिर ।
४. (क) तयोः ।

खेटिः खेणिः भग्नशब्दःकण्ठदोषा अमी त्रयः ।
माधुर्य्यगुणसंयुक्ते कण्ठे स्यान्मधुरो ध्वनिः ॥३९॥
श्रावकाख्योभवेत्कण्ठे दूरस्थः श्रावको ध्वनिः ।
स्निग्धकंठो ध्वनिस्तारोऽप्यरूक्षस्सरसो भवेत् ॥४०॥
सुस्वरश्चैव सान्द्रश्च घनः[1] कण्ठे भवेद् ध्वनिः ।
कंठे त्रिस्थानशोभी स्यात् त्रिस्थाने मधुरो ध्वनिः ॥४१॥
केटिः[2] कंठे ध्वनिः स्थानत्रयस्पर्शी गुणोज्झितः ।
स्थानस्य पूरकः कृच्छात् केणिः[3] कंठे ध्वनिः भवेत् ॥४२॥
वानरोष्ट्र खरैस्तुल्यो भग्नः[4] कण्ठे भवेद् ध्वनिः ।
एते भेदाः परिज्ञेयाः शारीरेऽपि विचक्षणैः ॥४३॥
(इति शारीरभेदाः)

---

खेटि, खेणि और भग्नशब्द ये तीन कण्ठ दोष हैं। माधुर्य्यगुण से सम्पन्न ध्वनि 'मधुर' है, जो दूर से ही सुनाई दे, वह कण्ठध्वनि श्रावक है। तार स्थान में भी अरूक्ष और सरस ध्वनि स्निग्ध है ॥४०॥

कण्ठ में उत्पन्न होने वाली सुस्वर और सान्द्र 'गाढ़ी' ध्वनि 'घन' है, तीनों स्थानों में शोभित होने वाली मधुर ध्वनि त्रिस्थानशोभी है ॥४१॥

तीनों स्थानों का स्पर्श करने वाली गुणहीन कण्ठध्वनि 'केटि' है। कठिनता से स्थान का पूरण करने वाली ध्वनि 'केणि' है ॥४२॥

वानर, ऊँट और गधे की ध्वनि के समान फटी या फूटी ध्वनि 'भग्न' है। विद्वानों को 'शारीर' में भी ये भेद समझने चाहिये ॥४३॥

(ये शारीर के भेद हुए।)

---

१. (क) घनकण्ठे।
२. (क) खेट कण्ठे, (क) खेटिः कण्ठी।
३. (क) खेणिकण्ठे।
४. (क), (ख) भग्नकण्ठे।

Scanned with OKEN Scanner

ध्वनिः क्षेत्रकाकूनामनन्तभेदः[1] स्यात् ।

गीतम् —

ध्वनिशारीरसञ्जातं विचित्रं स्वरवर्तनम् ।
छाया तदाश्रयाचार्य्यैः गीतमित्यभिधीयते ॥ ४४ ॥
अनिबद्धं निबद्धं च गीतं तद् द्विविधं मतम् ।

आलप्तिभेदा :—

[2]आलप्तिरनिबद्धा स्याद्राग[3] रूपकभेदतः ॥ ४५ ॥
सर्वगीतप्रबन्धानामादावालप्तिरिष्यते ।*
सालप्तिर्द्विविधा ज्ञेया विषमा प्राञ्जलेति सा ॥४६॥
साक्षरानक्षरा चेति द्विविधापि चतुर्विधा ।
चतुर्विधाप्यष्टविधा सतालातालभेदतः[4] ॥४७॥

---

क्षेत्र और काकुओं के भेद से ध्वनिभेद अनन्त होते हैं ।

विभिन्न अन्य साधनों तथा कण्ठ से उत्पन्न ध्वनि तथा स्वर-व्यवहार विचित्र (विशिष्ट) होता है, छाया (ध्वनि का विशिष्ट व्यक्तित्व) उसके आश्रित होता है । (अब) गीत कहा जा रहा है ॥४४॥

वह गीत अनिबद्ध और निबद्ध दो प्रकार का है । आलप्ति अनिबद्ध है, उसके दो भेद रागालप्ति और रूपकालप्ति हैं ॥४५॥

समस्त गीतों और प्रबन्धों के आरम्भ में आलप्ति वाञ्छनीय है । वह आलप्ति 'प्राञ्जला' और 'विषमा' इन दो प्रकारा की है ॥४६॥

वह द्विविध आलप्ति भी 'साक्षरा' और अनक्षरा के रूप में चार प्रकारों की है, और यह चतुर्विध भी 'सताला' और 'अताला' के भेद से आठ प्रकार की है ॥४७॥

---

१. (क) न भेदः ।
२. (क) आलप्त्याद्यनिवद्धं, (ख) आलप्त्युर्धनिवद्धः ।
३. (क) स्वररागविभेदकः, (ख) स्वररागविभेदतः ।
* अत आरभ्य पंक्तिषटकं सिंहभूपालेन समुद्धृतम् ।
४. (क) सतालातालभेदकः ।

खेटिः खेणिः भग्नशब्दःकण्ठदोषा अमी त्रयः ।
माधुर्य्यगुणसंयुक्ते कण्ठे स्यान्मधुरो ध्वनिः ॥३९॥
श्रावकाख्योभवेत्कण्ठे दूरस्थः श्रावको ध्वनिः ।
स्निग्धकंठो ध्वनिस्तारोऽप्यरूक्षस्सरसो भवेत् ॥४०॥
सुस्वरश्चैव सान्द्रश्च घनः[1] कण्ठे भवेद् ध्वनिः ।
कंठे त्रिस्थानशोभी स्यात् त्रिस्थाने मधुरो ध्वनिः ॥४१॥
केटिः[2] कंठे ध्वनिः स्थानत्रयस्पर्शी गुणोज्झितः ।
स्थानस्य पूरकः कृच्छात् केणिः[3] कंठे ध्वनिः भवेत् ॥४२॥
वानरोष्ट्र खरैस्तुल्यो भग्नः[4] कण्ठे भवेद् ध्वनिः ।
एते भेदाः परिज्ञेयाः शारीरेऽपि विचक्षणैः ॥४३॥
(इति शारीरभेदाः)

---

खेटि, खेणि और भग्नशब्द ये तीन कण्ठ दोष हैं। माधुर्य्यगुण से सम्पन्न ध्वनि 'मधुर' है, जो दूर से ही सुनाई दे, वह कण्ठध्वनि श्रावक है। तार स्थान में भी अरूक्ष और सरस ध्वनि स्निग्ध है ॥४०॥

कण्ठ में उत्पन्न होने वाली सुस्वर और सान्द्र 'गाढ़ी' ध्वनि 'घन' है, तीनों स्थानों में शोभित होने वाली मधुर ध्वनि त्रिस्थानशोभी है ॥४१॥

तीनों स्थानों का स्पर्श करने वाली गुणहीन कण्ठध्वनि 'केटि' है। कठिनता से स्थान का पूरण करने वाली ध्वनि 'केणि' है ॥४२॥

वानर, ऊँट और गधे की ध्वनि के समान फटी या फूटी ध्वनि 'भग्न' है। विद्वानों को 'शारीर' में भी ये भेद समझने चाहिये ॥४३॥

(ये शारीर के भेद हुए।)

---

१. (क) घनकण्ठे।
२. (क) खेट कण्ठे, (क) खेटिः कण्ठी।
३. (क) खेणिकण्ठे।
४. (क), (ख) भग्नकण्ठे।

Scanned with OKEN Scanner

ध्वनिः क्षेत्रकाकूनामनन्तभेदः[1] स्यात् ।

गीतम् —

ध्वनिशारीरसञ्जातं विचित्रं स्वरवर्तनम् ।
छाया तदाश्रयाचार्य्यैः गीतमित्यभिधीयते ॥ ४४ ॥
अनिबद्धं निबद्धं च गीतं तद् द्विविधं मतम् ।

आलप्तिभेदा :—

[2]आलप्तिरनिबद्धा स्याद्राग[3] रूपकभेदतः ॥ ४५ ॥
सर्वगीतप्रबन्धानामादावालप्तिरिष्यते ।*
सालप्तिर्द्विविधा ज्ञेया विषमा प्राञ्जलेति सा ॥४६॥
साक्षरानक्षरा चेति द्विविधापि चतुर्विधा ।
चतुर्विधाप्यष्टविधा सतालातालभेदतः[4] ॥४७॥

---

क्षेत्र और काकुओं के भेद से ध्वनिभेद अनन्त होते हैं ।

विभिन्न अन्य साधनों तथा कण्ठ से उत्पन्न ध्वनि तथा स्वर-व्यवहार विचित्र (विशिष्ट) होता है, छाया (ध्वनि का विशिष्ट व्यक्तित्व) उसके आश्रित होता है । (अब) गीत कहा जा रहा है ॥४४॥

वह गीत अनिबद्ध और निबद्ध दो प्रकार का है । आलप्ति अनिबद्ध है, उसके दो भेद रागालप्ति और रूपकालप्ति हैं ॥४५॥

समस्त गीतों और प्रबन्धों के आरम्भ में आलप्ति वाञ्छनीय है । वह आलप्ति 'प्राञ्जला' और 'विषमा' इन दो प्रकारा की है ॥४६॥

वह द्विविध आलप्ति भी 'साक्षरा' और अनक्षरा के रूप में चार प्रकारों की है, और यह चतुर्विध भी 'सताला' और 'अताला' के भेद से आठ प्रकार की है ॥४७॥

---

१. (क) न भेदः ।
२. (क) आलप्त्याद्यनिवद्धं, (ख) आलप्त्युर्धनिवद्धः ।
३. (क) स्वररागविभेदकः, (ख) स्वररागविभेदतः ।
* अत आरभ्य पंक्तिषटकं सिंहभूपालेन समुद्धृतम् ।
४. (क) सतालातालभेदकः ।

Scanned with OKEN Scanner

[1]सा पुनः षोडशविधा शुद्धसालगभेदतः[2] ।
क्रमेण लक्षणं वक्ष्ये तासां लक्ष्यानुसारतः ॥४८॥

शुद्धे विषमालप्तिः —

स्थाय्यादिवर्णसंयुक्ता व्यक्ता स्थानत्रयेऽपि च ।
नानालङ्कार[3] सम्मिश्रैरक्षरैर्गमकैर्युता ॥४९॥
विषमस्थापनायुक्ता ग्रहे मोक्षेऽप्यलक्षिता ।
आलप्तिः कथिता[4] शुद्धे विषमा गायकोत्तमैः ॥५०॥

शुद्धे प्राञ्जलालप्तिः—

चतुर्वर्णसमायुक्ता शुद्धरीतिविराजिता ।
प्रयोगैस्सुकरैर्युक्ता स्थानकत्रयरञ्जिता ॥५१॥
यथा समुचितन्यासा[5] सम्भावितचमत्कृतिः ।
एतै र्गुणैर्युता शुद्धे प्राञ्जलालप्तिरीरिता ॥५२॥

---

यह अष्टविध आलप्ति भी 'शुद्ध' और 'सालग' के भेद से सोलह प्रकार की है। अब मैं लक्ष्य के अनुसार उनके लक्षण कहूंगा ॥४८॥

स्थायी आदि (आरोही, अवरोही और सञ्चारी) वर्णों से युक्त, तीनों स्थानों में व्यक्त, विविध अलंकारों से सम्पन्न अक्षरों और गमकों से युक्त, विषमस्थापनामय, ग्रह और मोक्ष में अलक्षित (समझ में न आने वाली) आलप्ति शुद्ध (देशी संगीत) में 'विषमालप्ति' कही गई है ॥४९,५०॥

चारों वर्णों से युक्त, शुद्धरीतिमय, सुकर प्रयोगों से संवलित, तीनों स्थानों में रञ्जित, यथोचित न्यास से युक्त, चमत्कार की सम्भावना से ओतप्रोत आलप्ति शुद्ध (देशी संगीत) में 'प्राञ्जलालप्ति' कही गई है ॥५१,५२॥

---

१. (क) साधन ।
२. (क) शुद्धासालस, (ख) शुद्धसालक ।
३. (क) धाकरैः । ४. (क) द्धैः ।
५. (क) सः । ६. (क) द्धैः ।

Scanned with OKEN Scanner

**सालगे विषमालप्ति :—**

स्थान[1]वर्णक्रमावृत्तिनियमेन विवर्जिता ।
कोमलैर्गमकैर्युक्तालङ्कारैर्ललितैरपि ॥५३॥
उचितस्थापनालप्तिः [2]सालगे विषमामता ।

**सालगे प्राञ्जलालप्ति :—**

नानारीतियुता रागसत्वमात्रसमाश्रया ॥५४॥
लीननादा च सोल्लासललितन्यास भूषिता ।
एवं गुणयुतालप्तिः सालगे प्राञ्जला मता ॥५५॥

**अनक्षरालप्ति :—**

[5]तं, हं, शा, आ, द, नैर्वर्णैरथवामुरजाक्षरैः ।
गीताक्षरैस्समुचितैर्यद्वान्यैरक्षरैरपि[6] ॥५६॥
क्रियते यदि सालप्तिः साक्षरेति निगद्यते ।
[7]सा वाक्षरैर्विरहितानक्षरालप्तिरीरिता ॥५७॥

---

स्थान, वर्ण, क्रम और आवृत्ति के नियम से रहित, कोमलगमकों और ललित अलंकारों से युक्त, उचित स्थापनामय आलप्ति 'सालग' (देशी संगीत) में विषम कही गई है ।

विभिन्न रीतियों से युक्त, राग के प्राण का आश्रय लेने वाली, लीननाद उल्लासयुक्त एवं ललित न्यास से विभूषित आलप्ति 'सालग' (देशी संगीत) में 'प्राञ्जला' कही गई है ॥५३,५५॥

तं, हं, शा, आ, द, न, अक्षरों मुरज के पाटाक्षरों से समुचित गीताक्षरों अथवा अन्य अक्षरों से युक्त आलप्ति यदि की जाये, तो 'साक्षरा' कहलाती है, अक्षरहीन होने पर इसे ही 'अनक्षरा' कहा जाता है ॥५६, ५७॥

---

१ (क) तर्न । २. (क) सालदे ।
३. (क) रागः सञ्चमात्र । ४. (क) स्यास ।
५. (क) तंहिवे अदनैर्वर्णैः । ६. (क) यद्वानै ।
७. (क) सेवाक्षरै ।

सतालालप्ति :—

ग्रहत्रयसमायुक्ता लयत्रयसमन्विता ।
[1]अनुयायि समायुक्ता न्यासापन्यासभूषिता ॥५८॥
विकृतांशलयोपेता विदारियतिरञ्जिता
एवं गुणगणोपेता[2] [3]तालयुक्ताऽऽलतिर्वरा ॥५९॥

अतालालप्ति :—

[4]अतालालप्तिरुद्दिष्टा तालयोगविवर्जिता ।
(इत्यालप्तिभेदास्सलक्षणाः)
(अथवर्णालङ्काराः)

वर्णा :—

आलप्तिसंश्रया वर्णाश्चत्वारोऽन्वर्थसंज्ञकाः ॥६०॥
स्थायिसञ्चारिणौ[5]चैव [6]तथारोह्यवरोहिणौ ।
एकस्वरपदेगीतः स्थायिवर्णोऽभिधीयते ॥६१॥
सञ्चारी स्वरसञ्चारादन्वर्थावितरावपि ।

अलङ्कारा :—

वर्णाश्रयास्तु[7] विज्ञेया ह्यलङ्कारास्त्रयोदश ॥६२॥

---

तीनों ग्रहों, तीनों लयों, अनुयायी, न्यास, अपन्यास, विकृतांश, लय, विदारी और यति से युक्त आलप्ति 'सताला' कहलाती है ॥५८,५९॥

ताल प्रयोग से रहित आलप्ति 'अताला' है ।

(ये आलप्ति के लक्षण सहित भेद समाप्त हुए ।)

(अब वर्ण और अलंकार कहे जाते हैं ।)

आलप्ति के आधार स्थायी, आरोही अवरोही और सञ्चारी ये चार अन्वर्थ हैं । एक ही स्वर से युक्त पद पर गाया हुआ 'स्थायी' तथा स्वरों के सञ्चार (आरोहावरोह) से युक्त सञ्चारी है, शेष दोनों अन्वर्थ हैं । तेरह अलंकार वर्णाश्रित हैं ॥६०,६२॥

---

१. (ख) अनुब्जायि । २. (क) तौ । ३. (क) बालयत्या इतिर्वरा । ४. (क) आवाला । ५. (क) णो । ६. (क) तथारोप्यथरोहिणौ । ७. (क) सङ्चादि । ८. (क) स्ति ।

नामतो रूपतश्चैव संक्षेपेण ब्रवीमि तान् ।
प्रसन्नं पूर्वमुच्चार्य्य शनैः[1] सन्दीपयेत् स्वरम् ॥६३॥

प्रसन्नादिर्भवेदेवं प्रसन्नान्तो[2] विलोमतः ।
एवं प्रसन्नमध्यश्च प्रसन्नाद्यन्त एव च ॥६४॥

एते स्थायिन्यलङ्काराश्चत्वारः परिकीर्तिताः ।
[3]क्वचित् स्वरे स्थिरं स्थित्वा स्पृष्टा तारं ततोऽग्निवत्॥६५॥

प्रत्यागतश्चेत्तत्रैव विन्दु रेकोऽभिधीयते ।
[4]स्यान्निवृत्तप्रवृत्ताख्यः तद्वन्मन्द्रं स्पृशेद्यदि ॥६६॥

प्रेङ्खोलितं ततो[5]विद्यात्तुल्यकालं गतागतम् ।

---

उन अलंकारों को संक्षेपपूर्वक नाम और रूप के द्वारा कहता हूं। पहले स्वर का 'प्रसन्न' उच्चारण करके उसे धीरे से दीप्त करे, तो 'प्रसन्नादि' अलंकार होता है। इसका उल्टा 'प्रसन्नान्त' है। इसी प्रकार (अर्थानुसार) 'प्रसन्नमध्य' और 'प्रसन्नाद्यन्त' भी होते हैं ॥६३,६४॥

ये चार अलंकार स्थायी वर्ण में होते हैं।

किसी स्वर पर स्थित होकर अग्नि की लौ के समान तारस्थानीय स्वर को छूकर लौटा जाये, तो 'बिन्दु' अलंकार होता है। इसी प्रकार यदि मन्द्र का स्पर्श करे, तो 'निवृत्तप्रवृत्त' अलंकार होता है ॥६६॥

यदि आना-जाना तुल्य काल युक्त हो तो 'प्रेङ्खोलित' अलंकार होता है।

---

१. (क) शयं ।
२. (क) प्रसन्नान्तो ।
३. (क) क्वचि···रे ।
४. (क) स्यान्निवृत ।
५. (क) विद्या ।

क्रमेण परमं तारं गत्वा मन्द्रं पतेत्पुनः ॥६७॥
तारमन्द्रप्रसन्नोऽयमलङ्कारो विधीयते ।
[1]मन्द्रादुच्चरिततस्तारमवरुह्य[2] क्रमेण यः ॥६८॥
मन्द्रतारप्रसन्नोऽयं, सर्वसाम्यात्समो भवेत् ।
[3]कम्पितः कुहरश्चैव रेचकश्च यथाक्रमम् ॥६९॥
एषां तु पञ्च विन्द्वाद्या नित्य संचारिसंश्रयाः ।
आरोहणे प्रसन्नादिः[4] प्रसन्नान्तोऽवरोहणे ॥७०॥
शेषा अपि यथायोगं सर्व वर्णसमाश्रयाः ।

अलङ्कारास्त्रयः

(इत्यलङ्काराः ।

**अथ गमका :—**

तज्ज्ञैः गमकाः परिकीर्तिता ॥७१॥

स्वश्रुतिस्थानसम्भूतां छायां श्रुत्यन्तराश्रयाम् ।
स्वरो यद् गमयेद् गीतै गमकोऽसौनिरूपिताः ॥७२॥
स्फुरितः कम्पितोलीनस्तिरिपुश्चाहतस्तथा। ।

---

क्रमशः तार स्थान जाने पर यदि मन्द्र तक अवरोह हो, तो तार मद्र-प्रसन्न अलंकार कहा जाता है। मन्द्र से उच्चारण करके तार तक पहुँचने के पश्चात् अवरोह करके 'मन्द्रतारप्रसन्न' अलंकार होता है। सर्वत्र दीपन समान रहने से 'सम' अलंकार होता है। क्रमशः कम्पित, कुहर और रेचक (रेचित) अलंकार होते हैं ॥६७-६९॥

इनमें से पाँच 'बिन्दु' आदि अलंकार सदैव सञ्चारी होते हैं। आरोह में प्रसन्नादि और अवरोह में 'प्रसन्नान्त' अलंकार होता है ॥७०॥

शेष अलंकार भी आवश्यकता के अनुसार सर्ववर्णाश्रित होते हैं। ये अलंकार तीन प्रकार के हैं।

(ये अलंकार सम्पन्न हुए)

(अब गमक कहते हैं।)

विशेषज्ञों ने गमक बताये हैं। जो स्वर अपने श्रुतिस्थान पर सम्भूत छवि को अन्य श्रुति की छाया तक पहुँचा दे, वह 'गमक' कहलाता है ॥७१,७२॥

---

१. (क) तारा २. (क) अवरोह। ३. (क) कु···तः। ४. (क) प्रसन्नान्ता।

Scanned with OKEN Scanner

आन्दोलितस्त्रिभिन्नश्च गमकास्सप्त कीर्तिताः ॥७३॥

आरोहिक्रमतो यत्र स्फुरन्ति श्रुतयः क्रमात् ।
अनुद्रुतार्ध[1] वेगेन तमाहुः स्फुरितं बुधाः ॥७४॥

स्वरकम्पो भवेद्यत्र द्रुतद्विगुणवेगतः[2] ।
कम्पितो नाम गमकः स विज्ञेयो मनीषिभिः ॥७५॥

द्रुतमानेन मसृणः स्वरो यत्र विलीयते ।
स्वरान्तरक्रमेणैव स भवेल्लीनसंज्ञकः ॥७६॥

मध्यम ग्राम सम्भूता मध्यमांशग्रहान्विता ॥११॥
मध्यमादिरितिख्याता शृङ्गीर विनियुज्यते ।
एतामेव प्रयुज्यादौ वैणिका वांशिकास्तथा ॥१२॥
पश्चादभिमतं रागं प्रकुर्वन्ति विचक्षणा: ।
॥इति मध्यमादि: ॥*
अङ्गं षाडव रागस्य सम्पूर्णश्च समस्वर: ।
षड्जतारश्च मन्द्रश्च न्यासांश ग्रहमध्यम: ।
तोडि नाम प्रसिद्धोऽयं रागो हर्षे प्रयुज्यते ॥१४॥
॥ इति तोडी ॥*

---

छाया नाट्टा, मल्हारि, भलात और भैरवी ये विद्वानों ने उपाङ्ग राग कहे हैं ॥५,१०॥

विद्वानों ने देवक्री को क्रियाङ्ग कहा है ।

मध्यमादि राग मध्यमग्रामज है, इसका अंश, ग्रह, न्यास, मध्यम है, इसका विनियोग शृङ्गार में होता है । बीणावादक और वंशीवादक आरम्भ में इसी का प्रयोग करने के पश्चात् अभिमत राग का प्रयोग करते हैं ॥११,१२॥

॥ मध्यमादि सम्पूर्ण हुए ॥

तोडीराग षाडवराग का अङ्ग है । सम्पूर्ण है, इसमें प्रयोज्य स्वरों का समान प्रयोग होता है, तारावधि षड्ज और मन्द्रावधि षड्ज है । इसका न्यास अंश और ग्रह स्वर मध्यम है इसका प्रयोग हर्ष में होता है ॥१३,१४॥

॥ तोडी का निरूपण समाप्त ॥

---

१. (क) नारि: । २. (क) मलहरि: । ३. (क) तुलात । ४. श्चैद ।

* पार्श्वदेवेन जगदेक कृतानि रागलक्षणानि प्रत्यक्षरं तथैव गृहीतानि, भरतकोषे कविमहोदयेन समुद्धृतानि च । तान्यवलोक्यैवास्माभिस्तेषां पाठ: संशोधित: । परत्रापि तारा‌ङ्कितानि सर्वाणि रागलक्षणानि जगदेक कृतानीत्यवगन्तव्यम् ।

मार्गहिन्दोलरागाङ्गं हिन्दोलो वेति संज्ञितः ॥१५॥
अंशे न्यासे ग्रहे षड्जः तस्य तारे तु मध्यमः ।
षड्जस्वरो भवेन्मन्द्रे ताडितोरिधवर्जितः ॥१६॥
सपयोः कम्पितश्चैव शृङ्गारे विनियुज्यते ।
अयमेव वसन्ताख्यः प्रोक्तो रागविचक्षणैः ॥१७॥
॥ इति वसन्तः ॥*
भिन्नषड्जसमुद्भूतो मन्यासो धांशभूषितः ।
समस्वरो रिपत्यक्तः प्रार्थने भैरवः स्मृतः ॥१८॥
॥ इति भैरवः ॥*
श्रीरागष्टक्करागाङ्गं मतारो मन्द्रगस्तथा ।
रिपञ्चमविहीनोऽयं समशेषस्वराश्रयः ॥१९॥
षड्जन्यासग्रहांशश्च रसे वीरे प्रयुज्यते ।
॥ इति श्रीरागः ॥*

---

वसन्त या हिन्दोल मार्गहिन्दोल राग का अङ्ग है। इसका अंश, न्यास, ग्रह स्वर षड्ज है। तारावधि मध्यम है और मन्द्रावधि षड्ज है। जो तःडित है। यह ऋषभ-धैवतहींन है। षड्ज-पंचम कम्पित है। इसका विनियोग शृङ्गार में होता है ॥१५, १७॥

॥ वसन्त का निरूपण समाप्त ॥

भैरव का जन्म भिन्न षड्ज से हुआ है, इसका न्यास स्वर मध्यम तथा अंश स्वर धैवत है। ऋषभ-पञ्चम वर्जित है। प्रार्थना में इसका विनियोग होता है। ॥१८॥

॥भैरव का निरूपण समाप्त ॥

श्रीराग टक्करग का अङ्ग है, इसकी तारावधि मध्यम और मन्द्र, गान्धार रिषभ व पञ्चमहीन है। इसमें अन्य स्वरों का प्रयोग समान है ॥१९॥

इसका न्यास, ग्रह स्वर षड्ज है। इसका विनियोग वीर में होता है।

श्रीराग का निरूपण समाप्त ॥

---

(ख) पुस्तके प्राय एतादृश एवपाठः। (क) पुस्तकस्य पाठ एतादृशोऽपि बहुत्र लेखक प्रमाद दूषित इति।

शुद्धषाडवरागाङ्गं शुद्धबंगालसंज्ञकः ॥२०॥
न्यासांशौ मध्यमेनास्य प्रहर्षे विनियोजनम् ।
(इति शुद्धबङ्गालः)*

मालवादेर्भवेदङ्गं कैशिकस्य समस्वरा ॥२१॥
सम्पूर्णतारमन्द्रस्था[1] षड्जस्वरविराजिता ।
षड्जांशन्याससम्पन्ना मालवश्रीरियंमता ॥२२॥
मूर्च्छना शुद्धमध्या चेत्सैव हर्षपुरी मता ।
शृङ्गारे विनियोगः स्यादनयोरुभयोरपि[2] ॥२३॥
(इति मालव श्री हर्षपुर्यौ)*

विभाषा रागराजस्य[3] पञ्चमस्य वराटिका ।
धांशा षड्जग्रहन्यासा धतारा मन्द्रमध्यमा ॥२४॥
समशेषस्वरा[4] पूर्णा शृङ्गारे याष्टिकोदिता ।
(इति वराटी)*

---

शुद्धबङ्गाल राग शुद्धषाडव का अङ्ग है। मध्यम इसका अंश और न्यास है, इसका विनियोग हर्ष में है।

(शुद्ध बङ्गाल का निरूपण समाप्त)

मालवश्री मालव कैशिक का अङ्ग है ॥२१॥

इसमें स्वर समान है। षड्ज स्वर से विराजित है। षड्ज इसका अंश और न्यास है और मन्द्रतारावधि सम्पूर्ण है ॥२२॥

(मालवश्री का निरूपण समाप्त)

यदि मालवश्री की मूर्च्छना शुद्धमध्या हो जाये, तो वही हर्षपुरी हो जाती है, इन दोनों का विनियोग शृङ्गार में होता है ॥२३॥

(हर्षपुरी का निरूपण समाप्त)

याष्टिक के अनुसार वराटिका रागों के राजा पञ्चम की विभाषा है, इसका अंश स्वर धैवत तथा ग्रह और न्यास षड्ज है, तारावधि धैवत और मन्द्रावधि मध्यम है, यह पूर्ण है और इसमें अन्य स्वरों का प्रयोग समान है।

(वराटिका का निरूपण समाप्त)

---

१. (ख) मंत्रस्था। २. एषा पंक्तिः (ख) पुस्तके नास्ति। ३. (ख) रागजस्य।
४. (क) समश्लेषस्वरा।

गौडः स्याट्टक्करागाङ्गं निन्यासांशग्रहान्वितः ॥२५॥
वर्जितः पञ्चमेनैष रसे वीरे नियुज्यते ।
जातेश्चाङ्ग[1] निषादिन्या वदन्ति न तु मे मतम् ॥२६॥
(इति गौडः)*

अङ्गं धन्नासिका प्रोक्ता शुद्धकैशिकमध्यमे ।
षड्जांशग्रहमन्यासा षाडवर्षमवर्जिता ॥२७॥
गान्धारमध्यमस्वल्पा रसे वीरे नियुज्यते ।
देशीहिन्दोलराङ्ग[2] षड्जांशन्याससंयुता ॥२८॥
रिधत्यक्ता गतारा च शैषेरान्दोलिता स्वरैः ।
पमन्द्रा हास्यशृङ्गारे गेया गुण्डकृतिर्भवेत् ॥२९॥

(इति गुण्ड कृतिः)*

---

गौड राग टक्क का अङ्ग है, इसका न्यास, अंश और ग्रह स्वर निषाद है, पंचम वर्जित है, वीर रस में इसका विनियोग है। कुछ लोग इसे निषादिनी जाति का अङ्ग कहते हैं, मैं उनसे असहमत हूं ॥२४-२६॥

(गौड का निरूपण समाप्त)

धन्नासिका को शुद्धकैशिकमध्यम का अङ्ग कहा गया है, इसका अंश, ग्रह षड्ज और न्यास मध्यम है, यह ऋषभवर्जित षाडव है, गान्धार और मध्यम इसमें अल्प हैं, वीररस में इसका विनियोग होता है।

(धनासिका का निरूपण समाप्त)

गुण्डकृति देशीहिन्दोलराग का अङ्ग है. इसमें अंश और न्यास स्वर षड्ज है। ऋषभ-धैवत इसमें वर्जित है। इसकी तारावधि गान्धार और मन्द्रावधि पञ्चम है, शेष स्वर आन्दोलित हैं, हास्य और शृङ्गार में इसका विनियोग होता है ॥२९॥

(गुण्डकृति का निरूपण समाप्त)

---

१. (ख) रागेरङ्गनिषादिन्या ।
२. (ख) देशि ।

रिग्रहांशा च मन्यासा जाता पञ्चमषाडवात् ।
ममन्द्रा च नितारा च रिधाभ्यामपि भूयसी ।।३०।।
गुर्जरी ताडिता पूर्णा शृङ्गारे विनियुज्यते ।
(इति गुर्जरी)*

गान्धारपञ्चमाज्जाता देशाख्या चर्षमोज्झिता[1] ।।३१।।
ग्रहांशन्याससम्बद्धगान्धारा[2] च समस्वरा ।
निषादमन्द्रा गान्धारस्फुरितेन विराजिता ।।३२।।
षाडवा यदि रागाङ्गं वंशे पूर्णेव दृश्यते ।
(इतिदेशाख्या)*

स्यादङ्गं रेवगुप्तस्य गमन्द्रा पञ्चमोज्झिता ।।३३।।
ऋषभांशग्रहन्यासा तथा समनिभूयसी ।
देशी नाम प्रयोक्तव्यो[3] रागोऽयं करुणे रसे ।।३४।।
(इति देशी)*

।। इति रागाङ्गानि ।।

---

गुर्जरी का जन्म पञ्चमषाडव राग से हुआ है, इसका ग्रह और अंश ऋषभ है, न्यास मध्यम है, मन्द्रावधि मध्यम और तारावधि निषाद, है, ऋषभ-धैवत इसमें बहुल हैं, यह ताडिता और पूर्ण है, शृङ्गार में इसका विनियोग होता है ।

(गुर्जरी का निरूपण समाप्त)

देशाख्या का जनक राग गान्धारपञ्चम है । इसमें ऋषभ नहीं है। ग्रह, न्यास और अंश स्वर गान्धार है । समस्त स्वरों का समान प्रयोग है । इसकी मन्द्रावधि निषाद गान्धार स्फुरित है । यह षाडव है, परन्तु वंश में पूर्ण जैसी दिखाई देती है ।।३०,३२।।

(देशाख्या का निरूपण समाप्त)

देशी रेवगुप्त का अङ्ग है । इसकी मन्द्रावधि गान्धार है । इसमें पञ्चम नहीं है । इसका अंश, ग्रह और न्यास ऋषभ है । इसमें षड्ज, मध्यम और निषाद बहुल हैं,करुण रस में यह प्रयोज्य है ।

(देशी का निरूपण समाप्त ।)

(ये रागाङ्ग हुए)

---

१. (ख) ऋषभेण विवर्जिता । २. (ख) सम्बन्ध । ३. प्रयोक्तव्या ।

(अथ भाषाङ्गाः)

ककुभप्रभवा भाषा या प्रोक्ता भोगवर्द्धनी ।
वेलाउली तदङ्गं स्यात्परिपूर्णसमस्वरा ॥३५॥

धैवतांशग्रहन्यासा धतारा मन्द्रमध्यमा ।
षड्जेन कम्पिता सेयं विप्रलम्भे प्रयुज्यते ॥३६॥

(इति वेलाउली)*

विभाषान्धालिका प्रोक्ता जाता मालवपञ्चमात् ।
बृहती दाक्षिणात्योत्था गहीना मध्यमांशका ॥३७॥
षाडवा षड्जमन्द्रा च निधाल्पा मन्द्रमध्यभाक् ।
पंचमन्याससंयुक्ता रसे[1] वीरे नियुज्यते ॥३८॥

(इत्यान्धालिका)*

ककुभोत्थरगन्त्यङ्गं धान्ता मध्यग्रहाशका ।
गतारा स्वल्पषड्जा च पञ्चमेन विवर्जिता ॥३९॥

---

अब भाषाङ्गों का वर्णन करते हैं। वेलाउली ककुभोत्पन्न भाषा भोग वर्द्धनी का अङ्ग है। यह सम्पूर्ण और समस्वर है। इसमें षड्ज कम्पित है, धैवत इसका अंश ग्रह और न्यास है, तारावधि धैवत और मन्द्रावधि मध्यम है, विप्रलम्भ (शृङ्गार) में यह प्रयोज्य है।

(वेलाउलि का निरूपण समाप्त।)

आन्धालिका मालवपञ्चम की विभाषा है, वृहती दाक्षिणात्या से उत्थित है। गान्धार-वर्जित षाडव और मध्यमांश है। इसका संचार मन्द्र और मध्य स्थान में है, मन्द्रावधि षड्ज है और निषाद-धैवत अल्प हैं, न्यास स्वर पञ्चम है, वीर रस में इसका विनियोग होता है।

(आन्धालिका का निरूपण समाप्त)

शाम्बरी ककुभ से उत्पन्न रगन्ती का अङ्ग है। अंश और मध्यम स्वर धैवत है। तारावधि गान्धार और मन्द्रावधि

ममन्द्रा शाम्बरी[1] ज्ञेया कर्तव्या करुणे रसे ।
(इति शाम्बरी) *
गमन्द्रा धरितारा च ग्रहांशन्यास[2]पञ्चमा ॥४०॥
गमाढ्या चाल्पशेषा च प्रोक्ता प्रथममञ्जरी ।
पञ्चमादिर्यतस्तस्मादुत्सवे विनियुज्यते ॥४१॥
(प्रथम मञ्जरी)*
ललिता टक्करागात्तु तदङ्ग[3]ं ललिता मता ।
षड्जांशन्याससंयुक्ता ज्ञेया वीरे रिपोर्ज्झिता ॥४२॥
(इति ललिता)*
मग्रहन्याससंयुक्ता सांशा तारेण वर्जिता ।
समस्वरा रिपत्यक्ता समन्द्रा खसिका भवेत् ॥४३॥
गान्धारादिर्यतस्तस्मात् सङ्कीर्णा करुणे भवेत् ।
(इति खसिका)[5]*

---

मध्यम है । षड्ज अल्प तथा पञ्चम वर्जित है, करुण रस में प्रयोज्य है।
(शाम्बरी का निरूपण समाप्त)

प्रथममञ्जरी में मन्द्रावधि गान्धार,तारावधिधैवत या ऋषभ, ग्रह, अंश और न्यास पञ्चम, गान्धार-मध्यम का बाहुल्य तथा अवशिष्ट स्वरों की अल्पता है । पञ्चम ग्रह होने के कारण उत्सव आदि में इसका विनियोग है ॥३५-४१॥

(प्रथम मंजरी का निरूपण समाप्त)

ललिता टक्क रागसे उत्पन्न (रागाङ्ग) ललिता का अङ्ग है । ऋषभ-पंचम वर्जित हैं, अंश और न्यास षड्ज है, वीररस में प्रयोज्य है ॥४२॥

(ललिता का निरूपण समाप्त)

खसिका में ग्रह और न्यास मध्यम, अंश षड्ज, तारस्थानहीनता, समस्वरता, ऋषभ-पञ्चम का वर्जन, मन्द्रावधि षड्ज है ॥४३॥

गान्धारादि (!) होने के कारण यह करुण रस में विनियोज्य है।

(खसिका का निरूपण समाप्त।)

---

१. सावधि, (ख) सायरी ।२. (ख) ग्रहांशस्य सपंचमा । ३. रङ्गंतु । ४. (क) घशिखा
५. (क) कौशिकी ।

षड्जांशा सग्रहन्यासा[1] सम्पूर्णा च समस्वरा ॥४४॥
तथा तारा चमन्द्रा च यावद् गान्धारपञ्चमौ ।
भाषा या[2] पिञ्जरी तस्या अङ्गं नाट्टाभिधीयते ॥४५॥
(इति नाट्टा)*

सौवीरकस्य सौवीरी[3] मुख्यभाषा च या स्मृता ।
तदङ्गं मोदकी नाम्ना सैव शुद्धा वराटिका ॥४६॥
अस्याः न्यासांशयोः षड्जः प्रचुरा धनिपास्तथा ।
सम्पूर्णेयं[4] रसे शान्ते प्रयोगोऽस्याः प्रदर्श्यते ॥४७॥
(इति शुद्धवराटी)*

श्रीकण्ठी भिन्नषड्जोत्था गहीना षाडवा भवेत् ।
धांशन्यासग्रहोपेता तथा धैवतभूयसी ॥४८॥
गुर्वाज्ञा करणे यस्या विनियोगः प्रकीर्तितः ।
(इति श्रीकण्ठी)*
॥ इति भाषाङ्ग रागाः ॥

---

नाट्टा पिञ्जरी भाषा का अङ्ग है, इसमें अंश, ग्रह और न्यास षड्ज है, यह सम्पूर्ण और समस्वर है, तारावधि गान्धार और मन्द्रावधि पञ्चम है ॥४४,४५॥

(नाट्टा का निरूपण समाप्त ।)

शुद्धवराटी सौवीर की मुख्य भाषा मोदकी ही है। इसका अंश और न्यास षड्ज है और इसमें धैवत, निषाद और पञ्चम की प्रमुखता है, यह सम्पूर्ण है, और शान्त रस में प्रयोज्य है।

(शुद्ध वराटी का निरूपण समाप्त ।)

श्रीकण्ठी का जन्म भिन्न षड्ज से हुआ है, यह गान्धारहीन षाडव है, इसका अंश, ग्रह और न्यास धैवत है और धैवत इसमें बहुल है, गुरु की आज्ञा के पालन में यह प्रयोज्य है।

(श्रीकण्ठी का निरूपण समाप्त ।)

॥ ये भाषाङ्ग राग हुए ॥

---

१. (ख) च ग्रहन्यासा । २. (ख) यः । ३. (ख) सौवीर ।
४. सम्पूर्णोऽयं ।

अथोपाङ्गरागाः —

भाषा स्यात्सैन्धवीनामा जाता मालवकैशिकात् ॥४९॥
तदङ्गं गायकैर्ज्ञेया सैन्धवीयं वराटिका ।
षड्जांशन्याससंयुक्ता ममन्द्रा सधकम्पिता ॥५०॥
गान्धारबहुला तज्ज्ञैः शृङ्गारे विनियुज्यते ।

(इति सैन्धववराटी)*

निषादबहुला पूर्णा षड्जमन्द्रा च ताडिता ॥५१॥
पूर्वोक्तविनियोगा च[1] स्यात् कुन्तलवराटिका ।

(इति कुन्तलवराटी)

मनिधेषु भवेन्मन्द्रा षड्जांशन्यासराजिता ॥५२॥
परिपूर्णा स्वरैस्सर्वैरवस्थानवराटिका ।

(इत्यवस्थानवराटी)*

---

(अब उपाङ्ग राग ये हैं) :—

सैन्धववराटी मालवकैशिक की भाषा सैन्धवी का अङ्ग है, इसमें अंश और न्यास षड्ज, मन्द्रावधि मध्यम, षड्ज-धैवत कम्पित, गान्धार बहुल है और यह शृङ्गार रस में प्रयोज्य है ॥४९-५०॥

(सैन्धववराटी का निरूपण समाप्त)

कुन्तलवराटी पूर्ण है, इसमें निषाद बहुल है, मन्द्रावधि षड्ज तथा ताडित गमक से युक्त है। पूर्ववत् (शृङ्गार में) प्रयोज्य है ॥५१॥

(कुन्तलवराटी का निरूपण समाप्त)

अवस्थान वराटी सम्पूर्ण है, इसकी मन्द्रावधि मध्यम, निषाद या धैवत है, अंश और न्यास षड्ज है ॥५२॥

(अवस्थानवराटी का निरूपण समाप्त)

---

१. (क) विनियोगे च ।

Scanned with OKEN Scanner

कम्पिता पञ्चमे षड्जे धमन्द्रा भूरिपञ्चमा ॥५३॥
षड्जांशन्याससम्पन्ना[1] स्यात्प्रतापवराटिका ।
(इति प्रतापवराटी)*
मन्द्रधैवतसंयुक्ता पञ्चमाहतकम्पिता ॥५४॥
षड्जांशन्याससम्पन्ना हतस्वरवराटिका ।
(इति हतस्वरवराटी)*
ऋषभे स्फुरिता पूर्णा[2] निमन्द्रेण विराजिता ॥५५॥
षड्जांशन्याससंयुक्ता द्राविडीयं वराटिका ।
(इति द्राविडवराटी)
टक्क[3]रागोद्भवा भाषा योक्ता कोलाहलाख्यया ॥५६॥
तदुपाङ्गं रामकृतिः षड्जन्यासोपशोभिता ।
मध्यमांशपहीनाच रसे वीरे[4] नियुज्यते ॥५७॥
(इति रामकृतिः)*

---

प्रतापवराटी का अंश और न्यास षड्ज है, पञ्चम और षड्ज इसमें कम्पित हैं, मन्द्रावधिषड्ज, पञ्चम का बाहुल्य है ॥५३॥

(प्रतापवराटी का निरूपण समाप्त)

हतस्वरवराटी का अंश और न्यास षड्ज है, धैवत मन्द्रावधि है, पञ्चम आहत और कम्पित है ॥५४॥

(हतस्वर वराटी का निरूपण समाप्त)

द्राविडवराटी में अंश और न्यास षड्ज है, इसमें स्फुरित ऋषभ है, यह पूर्ण है और इसकी मन्द्रावधि निषाद है ॥५५॥

(द्राविडवराटी का निरूपण समाप्त)

रामकृति टक्क राग से उत्पन्न कोलाहलभाषा का अङ्ग है। इसका अंशस्वर मध्यम और न्यासस्वर षड्ज है। इसमें पंचमस्वर वर्जित है और वीररस में इसका विनियोग होता है ॥५६-५७॥

(रामकृति का निरूपण समाप्त)

---

१. (क) षड्जन्यासमुत्पन्ना। २. (क) भूरि, (ख) भूरि। ३. (क) ठक्क।
४. (क) वीर्य्ये।

षाडवा ककुभोद्भूता[1] धांश[2] न्याससवर्जिता ।
मध्यमेन निषादेन विहितान्दोलन[3] क्रमा ॥५८॥
शृङ्गारे विप्रलम्भाख्ये गेया कम्भातिका मता ।

(इति कम्भाती)*

लक्षणं विनियोगश्च भवेन्मल्लारिकासमम् ॥५९॥
मल्हारे च गनित्यागः पंचमस्फुरणं भवेत् ।

(इति मल्हारः)

स्वस्थाने ताडितः पूर्णः षड्जांशन्याससंयुतः ॥६०॥
प्रोक्तः कर्णाटगौडोऽयं प्रतापपृथिवीभुजा ।

(इति कर्णाट गौडः)*

षड्जेनान्दोलितः सांशः[4] पञ्चमर्षभवर्जितः ॥६१॥
देशवालाख्यगौडोऽयमौडुवः परिकीर्तितः ।

(इति देशवालगौडः)

---

कम्भातिका का जन्म ककुभ से हुआ है, इसका अंश और न्यास धैवत है और इसमें षड्ज वर्जित है, मध्यम और निषाद आन्दोलित हैं। विप्रलम्भ (शृङ्गार) में विनियोग होता है ॥५८॥

(कम्भातिका का निरूपण समाप्त)

मल्हार का लक्षण और विनियोग मल्हारी के समान है। मल्हार में गान्धार और निषाद का परित्याग और पंचम स्फुरित है ॥५९॥

(मल्हार का निरूपण समाप्त)

कर्णाटगौड स्वस्थान में ताडित और पूर्ण है। इसका अंश और न्यास षड्ज है, यह लक्षण प्रतापचक्रवर्ती (जगदेकमल्ल) ने किया है ॥६०॥

(कर्णाटगौड का निरूपण समाप्त।)

देशवालगौड औडुव है ऋषभ-पंचम वर्जित हैं, अंश स्वरषड्ज है जो आन्दोलित है ॥६१॥

(देशवालगौड का निरूपण समाप्त)

---

१. (ख) ककुवोद्भूता। २. (ख) धांशा सपविवर्जिता। ३. (ख) निहितान्दोलनक्रमा।
४. (ख) साङ्गः।

Scanned with OKEN Scanner

स्फुरितः पञ्चमे षड्जे गान्धारे तिरिपुस्तथा ॥६२॥
[1]निन्यासांशसमायुक्तो द्राविडोगौड उच्यते ।
(इति द्राविडगौडः)*
रिपहीनो निषादान्तो गान्धारबहुलस्तथा ॥६३॥
मन्द्रेण ताडितः प्रोक्तस्तुरुष्को[2] गौड ईरितः ।
(इति तुरुष्कगौडः)*
गुर्जरी[3] स्यान्महाराष्ट्री रिन्यांसाशताडिता ॥६४॥
निमन्द्रा च पहीनेयमुत्सवे विनियुज्यते ।
(इति महाराष्ट्रगुर्जरी)*
मतङ्गस्य मते प्रोक्ता भाषा मालवपञ्चमे ॥६५॥
सौराष्ट्रिका तदङ्गंस्यात् पन्यासाँशा च षाडवा ।
ख्यातासौराष्ट्रिकालोके ऋषभेण विवर्जिता ॥६६॥
ऋषभेण कम्पिता पूर्णा सौराष्ट्रीगुर्जरी भवेत्[4] ।
(इति सौराष्ट्रगुर्जरी)*

---

द्राविडगौड में अंश और न्यास निषाद, पंचम तथा षड्ज स्फुरित, गान्धार तिरिपुयुक्त है ॥६२॥

(द्राविडगौड का निरूपण समाप्त)

तुरूष्कगौड में न्यासस्वर निषाद, ऋषभ-पंचम का वर्जन, गान्धार का बाहुल्य, तथा मन्द्र में ताडित है ॥६३॥

(तुरूष्कगौड का निरूपण समाप्त)

महाराष्ट्रगुर्जरी में अंश और न्यास ऋषभ है, जो ताडित है, मन्द्रावधि निषाद है और पंचम वर्जित है ।।६४॥

(महाराष्ट्रगुर्जरी का निरूपण समाप्त )

मतङ्ग के मत के अनुसार सौराष्ट्रगुर्जरी मालवपंचम की भाषा सौराष्ट्रिका का अङ्ग है। सौराष्ट्रिका में ऋषभ वर्जित है। किन्तु सौराष्ट्र गुर्जरी में ऋषभ कम्पित है और यह पूर्ण है ॥६५ ६६ ॥

(सौराष्ट्रगुर्जरी का निरूपण समाप्त ।)

---

१. नित्थासांश । २. (क) तौरुष्को ।
३. धूर्जरी । ४. एषैव पंक्तिः (क), (ख) पुस्तकयोः ।

मध्यमे कम्पिता पूर्णा स्वरेष्वन्येषु[1] ताडिता ॥६७॥
सुरीतिर्गूजरी गाने रम्या दक्षिणदेशजा ।
(इति दक्षिण गुर्जरी)*

ऋषभे मन्द्रताराभ्यां स्फुरिता द्राविडी भवेत् ॥६८॥
गुर्जरी[2] परिपूर्णेयं प्रहर्षे विनियुज्यते ।
(इति द्राविडगुर्जरी)*

उपाङ्गत्वेन नाट्टायां[3] छायानाट्टा समीरिता ॥६९॥
षड्जांशन्याससम्पन्ना गनिभ्यां कम्पिता तथा ।
पमन्द्रा परिपूर्णा च रसे वीरे नियुज्यते ॥७०॥
(इति छायानाट्टा)*

आन्धालिकाङ्गं मल्हारी मध्यमांशग्रहान्विता ।
रिमन्द्रा च गशून्या च शृङ्गारे ताडितस्वरा॥७१॥
(इति मल्हारी)*

---

दक्षिणगुर्जरी पूर्ण है, इसमें मध्यम कम्पित तथा अन्य स्वर ताडित हैं, गाने में दक्षिणगुर्जरी सुरीतिमय और मनोहर है ॥६७॥
(दक्षिण गुर्जरी का निरूपण समाप्त ।)

द्राविडगुर्जरी सम्पूर्ण है, मन्द्र और तार ऋषभ स्फुरित हैं। इसका विनियोग हर्ष में होता है ॥६८॥
(द्राविडगुर्जरी का निरूपण समाप्त )

छायानाट्टा नाट्टा का उपाङ्ग है, इसमें अंश और न्यास षड्ज है, मन्द्रावधि पंचम, गान्धार-निषाद कम्पित हैं, यह पूर्ण है और वीर रस में इसका विनियोग होता है ॥६९-७०॥

(छायानाट्टा का निरूपण समाप्त)

मल्हारी आन्धालिका का अङ्ग है, इसका अंश और ग्रह मध्यम है, मन्द्रावधि ऋषभ है। इसमें गान्धार वर्जित हैं, प्रयोज्य स्वर ताडित गमक से युक्त हैं और इसका विनियोग शृङ्गार में होता है ॥७१॥
(मल्हारी का निरूपण समाप्त )

---

१. शून्येषु । २. (क) घूर्जरी । ३. (क) नष्टायां ।

हिन्दोलकस्यच्छेवाटी[1] भाषा भल्लातिका भवेत् ।
षड्जांशकग्रहन्यासा रिहीना षाडवा भवेत् ॥७२॥
धमन्द्रोपाङ्गरूपा च शृंगारे विनियुज्यते ।

(इति भल्लातिका)*

भिन्नषड्जसमुद्भूता धांशन्यासग्रहान्विता ॥७३॥
समशेषस्वरा पूर्णा गान्धिता[2] तारमन्द्रयोः ।
देवादिप्रार्थनायां तु भैरवी विनियुज्यते ॥७४॥

(इति भैरवी)*

(इत्युपाङ्गरागाः ॥

(अथ देवक्री क्रियाङ्गरागः[3])

समन्द्रा मध्यमव्याप्ता षड्ज न्यासांशधग्रहा ।
समस्वरा निमन्द्रा च वीरे देवकृति र्भवेत् ॥७५॥

(इति देवक्रीक्रियाङ्गरागः)*

---

छेवाटी हिन्दोल की भाषा है, यही भल्लातिका हैं । यह उपांग है । इसमें अंश, ग्रह और न्यास षड्ज है, ऋषभ वर्जित है, षाडव है, धैवत मन्द्रावधि है, शृङ्गार में विनियोग है ॥७२॥

(भल्लातिका का निरूपण समाप्त)

भैरवी का जन्म भिन्न षड्ज से हुआ है, इसका अंश, न्यास, ग्रह धैवत है, अन्य स्वर समपरिमाण हैं, पूर्ण है, मन्द्रावधि और तारावधि गान्धार है, इसका विनियोग देवता इत्यादि की प्रार्थना में होता है ॥७३, ७४॥

(भैरवी का निरूपण समाप्त ।)

(ये उपाङ्ग राग हुए)

अब क्रियाङ्ग राग देवक्री का निरूपण किया जाता है—

इसमें न्यास और अंश षड्ज, ग्रहस्वर धैवत, मन्द्राबधि षड्ज, तारावधि मध्यम है, सभी स्वर समान हैं, वीर रस में विनियोग है, मन्द्रावधि निषाद भी है ॥७५॥

(देवक्री का निरूपण समाप्त)

---

१. (क) देवाटि । २. (ख) गान्विता ।

३. रागस्च्यां पठित एष रागः, लक्षणमस्यादर्श द्वये नास्ति, भरतकोषे जगदेकोक्तोऽत्र समुद्धृतः ।

सामान्यञ्च विशेषच द्विविञ्धं रागलक्षणम् ।
चतुर्विधं च सामान्यं विशेषं चांशकादिकम् ॥७६॥

(अथांशलक्षणम्)

यस्मिन् वसति रागश्च यस्माच्चैव प्रवर्तते ।
नेता च तारमन्द्राणां योऽत्यर्थमुपलभ्यते ॥७७॥
ग्रहापन्यासविन्याससंन्यासन्यासगोचरः ।
परिवार्य्य स्थितो[1] यश्च सोऽशः स्याद्दश लक्षणः ॥७८॥

(इत्यंशलक्षणम्)

इति श्रीमदभयचन्द्रमुनीन्द्रचरणकमलमधुकरायितमस्तक
महादेवार्य्यशिष्यस्वरविमलविद्यापुत्रसम्य-
क्त्व चूडामणि भरतभाण्डीक भाषाप्रवीण
श्रुतिज्ञानचक्रवर्तिसङ्गीतरत्नाकर
नामधेय पार्श्वदेवविरचिते
सङ्गीत समयसारे
चतुर्थाधिकरणम् ।

---

राग का लक्षण दो प्रकार का है, सामान्य और विशेष। सामान्य चार प्रकार का है और अंश इत्यादि विशेष लक्षण है ॥७६॥

अंश लक्षण यह है : –

जिसमें राग का निवास हो, राग जिससे प्रवृत्त होता है, जो तार एवं मन्द्र अवधि का नियामक है, जो बहुलतम रूप में उपलब्ध होता है, ग्रह, अपन्यास, विन्यास, संन्यास और न्यास के साथ जिसकी संगति है, जो राग को घेर कर स्थित होता है, वह 'अंश' स्वर है ॥७७-७८॥

(अंश लक्षण समाप्त)

श्रीमद् अभयचन्द्र मुनीन्द्र के चरणकमलों में मधुकरवत् आचरण करने वाले मस्तक से युक्त महादेव आर्य के शिष्य, स्वरविद्या से युक्त, सम्यक्त्वचूडामणि, भरतभाण्डीक भाषाप्रवीण, श्रुतिज्ञानचक्रवर्ती, सङ्गीताकर नाम वाले पार्श्वदेव द्वारा विरचित सङ्गीतसमयसार का चतुर्थ अधिकरण पूर्ण हुआ ।

(चतुर्थ अधिकरण समाप्त हुआ)

---

१. (ख) मितो ।

# पंचममधिकरणम्

अथ निबद्धप्रबन्धा :—

अथ वक्ष्ये निबद्धञ्च[1] विभागेन समासतः ।
प्रबन्धं रूपकं वस्तु निबद्धस्याभिधात्रयम्[2] ॥१॥

प्रबन्धः—

चतुर्भिर्धातुभिः षड्भिश्चाङ्गै[3]र्यस्मात् प्रबध्यते ।
तस्मात् प्रबन्धः कथितो गीतलक्षणकोविदैः ॥२॥
रागाद्यारोपणे[4] हेतुः स्यादस्मिन् रूपकाभिधा ।
उद्ग्राहाद्यास्तु चत्वारः स्वरादीनि च षट् तथा ॥३॥
वसन्ति यत्र स[5] ज्ञेयः प्रबन्धो वस्तु संज्ञया ।

उद्ग्राहः—

आदावुद्ग्राह्यते गीतं येनोद्ग्राहः प्रकीर्तितः[6] ॥४॥

---

अब निबद्धप्रबन्ध कहते हैं ।

अब मैं विभागानुसार संक्षेप पूर्वक निबद्धप्रबन्ध कहूंगा । इसके तीन नाम हैं, प्रबन्ध, रूपक और वस्तु । चार धातुओं और छः अङ्गों से प्रबद्ध होने के कारण इसे 'प्रबन्ध' कहा जाता है ॥ १,२॥

राग इत्यादि के आरोपण में हेतु होने के कारण इसका नाम 'रूपक' है । उद्ग्राह इत्यादि चार (धातु) और स्वर इत्यादि छः (अङ्गों) का वासस्थान होने के कारण इसे 'वस्तु' कहते हैं । आरम्भ में गीत के उद्ग्रहण (उठाकर ग्रहण करने) के कारण उद्ग्राह का नाम 'उद्ग्राह' है ॥३, ४॥

---

१. (ख) निषिध्यं च । २. (क) भिधाश्रयम् । ३. (क) भागै ।
४. (क) रोमाद्यारोपणान्नेतुः, (ख) रामान्धारोकणा ।
५. (क) संज्ञेयः । ६.(क) सकीर्तितः ।

मेलापकः—

प्रोक्तो मेलापकस्तज्ज्ञैरुद्ग्राहध्रुवमेलनात् ।

ध्रुवः—

प्रबन्धेषु ध्रुवत्वेन ध्रुव इत्यभिधीयते ॥५॥

आभोगः—

स्वयं यत्र प्रबन्धे स्यादनेनैव[1] च पूरणा ।
आभोगः कथितस्तेन गीतविद्याविशारदैः ॥६॥
ध्रुवस्याभोगकरणादाभोग इति केचन ।

वर्ज्यधातवः—

वर्ज्यौ[1] मेलापका भोगौ प्रबन्धेषु द्विधातुषु ॥७॥
त्रिधातुकप्रबन्धेषूतयोरेकं विवर्जयेत् ।
एलायां[2] ढेङ्किकायां च स्यादन्ते नियमादिमौ ॥८॥*
अन्येषु च प्रबन्धेषु स्यातां गीतानुसारतः ।
अङ्गत्वमेषां केनापि यदुक्तं तन्न साम्प्रतम् ॥९॥

---

उद्ग्राह और ध्रुव को मिलाने वाला होने के कारण 'मेलापक' अन्वर्थ है। प्रबन्धों में ध्रुव (अविलोपी) होने के कारण 'ध्रुव' की अन्वर्थता है, प्रबन्ध में पूर्णता का कारण होने के कारण आभोग का नाम 'आभोग' है ॥५-६॥

कुछ लोगों के अनुसार ध्रुव की परिसमाप्ति या परिपूर्णता के कारण इसे आभोग कहा जाता है।

द्विधातु प्रबन्धों में मेलापक और आभोग और त्रिधातु प्रबन्धों में इन दोनों में से एक वर्जित कर देना चाहिये। एला और ढेङ्किका में इन दोनों का अस्तित्व अनिवार्य्य है ॥७, ८॥

अन्य प्रबन्धों में ये गीतानुसार होना चाहिये। कुछ लोगों ने उद्ग्राह, मेलापक, ध्रुव और आभोग इन को अङ्ग कहा है, परन्तु यह ठीक नहीं ॥८, ९॥

Scanned with OKEN Scanner

देहस्यैवं निबद्धस्य धारणाद् धातवस्त्विमे ।

त्रिविध प्रबन्धाः —

द्विधातुर्वा त्रिधातुर्वा चतुर्धातुरथापि वा ॥१०॥
प्रबन्धास्त्रिविधा ज्ञेया गीतविद्याविशारदैः ।
अङ्गानि तु प्रबन्धानां वदामः साम्प्रतं क्रमात् ॥११॥

अङ्गानि —

नेत्रे[1] करौ च पादौ च षडङ्गानि यथा तनोः ।
स्वरः पदञ्च विरुदं पाटतेनौ[2] तथा परौ ॥१२॥
तालश्चेति प्रबन्धानां षडङ्गानि विदुर्बुधाः ।
मङ्गलद्योतकस्तेनः पदमर्थप्रकाशकम् ॥१३॥
तस्मादङ्गत्वमनयोर्नेत्रवत्प्रतिपादितम् ।
कराभ्यामुदयो यस्मात् पाटस्य[3] विरुदस्य च ॥१४॥
तेन कार्य्ये कारणवदुपचारो निरूपितः ।
स्याद् गतिः[4] स्वरतालाभ्यां पादाभ्यामिव देहिनः ॥१५॥
प्रबन्धस्य यतस्तस्मादुक्तं पादात्वमेतयोः ।

---

'निबद्ध' के देह को इस प्रकार धारण करने के कारण ये 'धातु' हैं।

गीतविद्याविशारदों को वे निबद्ध प्रबन्ध द्विधातु, त्रिधातु अथवा चतुर्धातु समझने चाहिये ॥१०॥

अब प्रबन्धों के अङ्ग क्रम से कहते हैं ॥११॥

जिस प्रकार मानव शरीर में नेत्र, हाथ और चरण, ये छः अङ्ग हैं, उसी प्रकार, स्वर, पद, विरुद, पाट, तेन और ताल, ये प्रबन्धों के छः अङ्ग बुद्धिमान् लोग जानते हैं। 'तेन' मङ्गलवाची है, 'पद' (सार्थक शब्द) अर्थ का प्रकाशक है, इसीलिए 'तेन' और 'पद' प्रबन्ध के नेत्र की तरह अङ्ग हैं। 'पाट' और 'विरुद' का उदय हाथों से होता है, इसीलिए ये प्रबन्ध के हाथ हैं, यह संज्ञा कार्य्य अर्थ में कारण के प्रयोग की भाँति औपचारिक है। जिस प्रकार मनुष्य की गति चरणों के द्वारा होती है, उसी प्रकार 'प्रबन्ध' की गति का कारण होने के कारण 'स्वर' और 'ताल' प्रबन्ध के चरण हैं।

---

१. (क) नेत्राकरौ च। २. (क) पाठ। ३. (क), (ख) पादस्य।
४. (क) स्यादगतस्वर।

एतेषां लक्षणमभिधीयते—

स्वयं यो राजते नादः स्वरः स परिकीर्तितः ॥१६॥

पदं[1] स्वराधिकरणमर्थस्य प्रतिपादकम् ।
संस्कृतं प्राकृतञ्चैवमपभ्रंशमिति त्रिधा ॥१७॥

विरुशब्दो[2] विरुद्धार्थो महाराष्ट्रे प्रसिद्धितः ।
परेभ्यस्तत्प्रदानेन विरुदं[3] सूरिभिः स्मृतम् ॥१८॥

तद्वीररससंयुक्तं द्विषामुद्वेगदायकम् ।
रसान्तरेण[4] यद् युक्तं तत्पदं विरुदं स्मृतम् ॥१९॥

सन्दोहो[5] वाद्यवर्णानां पाटस्तालानुगो भवेत् ।
तेन्नतेन्नेति यो[6] वर्णो गीतेऽसौ तेन्नको मतः ॥२०॥

तालः कालक्रियामानं ज्ञेयं संगीतसंगतः ।

(इति प्रबन्धाङ्गानि)

---

अब इनका लक्षण कहा जाता है ।

जो स्वयं राजित (शोभित) होता है, यह नाद 'स्वर' है ॥१२-१६॥

'पद' अर्थ का प्रतिपादक और स्वर का आधार है । वह 'पद' तीन प्रकार का है, संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश ॥१७॥

विरुद्ध के अर्थ में 'विरु' शब्द महाराष्ट्र में प्रसिद्ध है, शत्रुओं को (विरोध) प्रदान करने के कारण विद्वानों ने उसे विरुद' कहा है ॥१८॥

वह वीर रस संयुक्त होने पर शत्रुओं को उद्वेग देता है । अन्य रस से युक्त पद भी 'विरुद' कहलाता है ॥१९॥

वाद्याक्षरों का समूह 'पाट' तालानुवर्ती होता है ।

'तेन्न, तेन्न' इत्यादि वर्ण गीत में तेन्नक कहलाता है, सङ्गीत के सङ्ग से काल और क्रिया नाम ताल है ॥२०॥

ये प्रबन्ध के अंग हुए ।

---

१. (क) परं । २. (क) विर्दुशब्दाविरुद्धार्थो । ३. (क) विरुदस्सूरिभिः स्मृतः ।
४. (क) पादन्तरे यद्युक्तं । ५. (क) सन्देहो । ६. (ख) ये वर्णा ।

अथ प्रबन्धजातयः—

चम्पूश्च कविता सेना[1] नीतिश्चैव[2] तथा[3] श्रुतिः ॥२१॥

द्व्यङ्गादीनां प्रबन्धानां जातयः पञ्च कीर्तिताः ।

गद्यपद्यमयी चम्पूः[4], शक्तिव्युत्पत्तिरभ्यासः कविता, हस्त्यश्वरथपदातयः सेना । भेदः परीक्षा विश्वासो वचनं[5] मित्रकार्य्याणि नीतिः, शिक्षाज्यौतिषनिरुक्तनिघण्टुष्छन्दोव्याकरणानि श्रुतिः ।

तारावल्यादयः[6] संज्ञा जातीनां कैश्चिदीरिताः ॥२२॥*

अंगसंख्यावियोगात्तु नैवैताः सम्मता मम ।

(इति प्रबन्धजातयः)

त्रिविधप्रबन्धाः—

अनिर्युक्ताश्च निर्युक्ता तथा चैवोभयात्मकाः[7] ॥२३॥

प्रबन्धास्त्रिविधास्ते[8] च प्रोक्ता गीतविशारदैः ।

अंगमात्रेण[9] विहिता अनिर्युक्ता इतीरिताः ।

छन्दस्तालादि[10] नियमान्निर्युक्तास्ते निरूपिताः ॥२४॥

---

(ये प्रबन्ध अंग हुए)

अब प्रबन्ध-जातियों का निरूपण करते हैं—चम्पू, कविता, सेना, नीति और श्रुति, द्व्यङ्ग आदि प्रबन्धों की ये पाँच जातियाँ हैं ।

चम्पू गद्य और पद्य से युक्त होती है, कविता के तीन अङ्ग शक्ति, व्युत्पत्ति और अभ्यास हैं, सेना के चार अङ्ग हाथी, घोड़े, रथ और पैदल हैं, नीति के पाँच अङ्ग भेद, परीक्षा, विश्वास, वचन और मित्र-कार्य्य हैं, श्रुति के छः अङ्ग शिक्षा, ज्योतिष, निरुक्त, निघण्टु, छन्द और व्याकरण हैं ।

कुछ लोगों ने प्रबन्धजातियों के 'तारावली' इत्यादि नाम कहे हैं, परन्तु जातियों से अङ्गसंख्या का सम्बन्ध नहीं, इसीलिये मैं उनसे असहमत हूं ।

(ये प्रबन्धों की जातियाँ हुईं ।)

गीतज्ञों ने तीन प्रकार के प्रबन्ध, अनिर्युक्त, निर्युक्त और उभयात्मक बताये हैं, जिनमें अङ्गमात्र हों, वे अनिर्युक्त हैं ॥२०-२४॥

---

१. (क) गेना । २. (ख) श्चेति । ३. (ख) यथा । ४. (ख) म्बूः । ५. (क) वञ्चनमिति कार्य्याणि । ६. (क) वश्यादयः । ७. (क) चैतोभयात्मिकाः । ८. (क) प्रभेदा । ९. (क) आगमात्रेण । १०. (क) छन्दास्तौस्तौलादि । * संज्ञा एताश्शार्ङ्गदेवेनोक्ताः ।

क्वचिङ्गं क्वचिच्छन्दो गीतं यस्मिन् विराजते ॥२५॥
उभयात्मकमित्याहुर्गीतं गीतविशारदाः ।

**अनिर्युक्तप्रबन्धाः—**

तालार्णवो विचित्रञ्च मण्डनं राहडी तथा ॥२६॥
लोली,[1] ढोल्लरि, दंती स्यादनिर्युक्ता पतायुताः ।

**निर्युक्तप्रबन्धाः—**

धवलश्चचरी चैव वदनं झम्पटस्तथाः ॥२७॥
चर्य्या[2] च त्रिपदी[3] चैव सिंहपादस्तथैव च ।
पदतालसमायुक्ता : मङ्गलं स्तवमञ्जरी ॥२८॥
अमी सर्वप्रबन्धाश्च निर्युक्ताः परिकीर्तिताः ।
तालतेन्नकयोर्वापि[4] निर्युक्तः परिकीर्तितः ॥२९॥
सविता[5] सहितो वर्णो नन्दनस्तेवितायुतः ।
पतेता सहितस्सोऽयमभिनन्दन[6] उच्यते ॥३०॥
पतावै[7]र्हंसलीला च विपातैः[8] रणरङ्गकः[9] ।

---

छन्दताल इत्यादि के नियम से युक्त निर्युक्त हैं। जिस गीत में कहीं अंग और कहीं छन्द हो, वह उभयात्मक है।

तालार्णव, विचित्र, मण्डन, राहडी, लोली, ढोल्लरि और दन्ती, पदताल से युक्त अनिर्युक्त प्रबन्ध हैं।

धवल, चच्चरी, वदन, झम्पट, चर्य्या, त्रिपदी सिंहपाद, मङ्गल और स्तवमञ्जरी ये पदतालयुक्त प्रबन्ध निर्युक्त हैं।

अथवा ताल और तेन्न से युक्त प्रबन्ध भी निर्युक्त है ॥२५-२९॥

वर्ण स्वर, विरुद, तालयुक्त, नन्दन तेनविरुदतालन्वित है और अभिनन्दन पदतेनतालयुक्त है ॥३०॥

---

१. (क) तोलडोल्लरिदन्ती, (ख) लील्लीठोम्लरिदन्ती । २. (क), (ख), चरिजा ।
३. (ख) त्रिपदी । ४. (क) ताले । ५. (क) पविः । ६. (ख) महिनन्दन ।
७. (क) पातावै । ८. (क) वितातैः । ९. (क) रणलङ्गतः ।

[1]पास्वतैर्नर्तनं चैव ह्यनिर्युक्ता भवन्त्यमी ॥३१॥
तापसैर्मङ्गलाचारो गद्य चैवोभयात्मकौ[2] ।
तापास्वरैश्शुकचञ्चुः शुकसारी च तैः स्मृतः ॥३२॥
आमोदः स्यात् [3]सपातेतैस्तेवितापैस्सुदर्शनः ।
पाताविपैः कन्दुकश्च तैः स्मृतो हर्षवर्द्धनः ॥३३॥
पपातेतैः[4] प्रमोदश्च पावितेतैर्मनोरमः ।
अङ्कध्वनिस्तापतेतैरनिर्युक्ता[5] अमीस्मृताः ॥३४॥
[6]ताविस्वतैस्त्रिपथकस्तापाविस्वैश्च[7] पद्धडी[8] ।
निर्युक्तौ कथितावेतौ गीतविद्याविशारदैः ॥३५॥
सपाविते तायुक्तोऽसौ सिंहलीलेतिनामतः ।
अनिर्युक्तो भवेद्देश[9] गीतलक्षणकोविदैः ॥३६॥
[10]पदतालस्वरैस्तेन्न विरुदाभ्याञ्च गीयते ।
निर्युक्तः शरभलीलः[11] प्रबन्धः कथ्यते बुधैः ॥३७॥

---

हंसलीला पदतालविरुदयुक्त, रणरङ्ग विरुदपाटतालयुक्त और नर्तन पाटस्वरतेनयुक्त है, ये अनिर्युक्त हैं ॥३१॥

मङ्गलाचार तालपदस्वरयुक्त, गद्य उभयात्मक, शुकचञ्चु तालपाट-स्वरयुक्त और शुकसारी भी इन्हीं से युक्त है ॥३२॥

आमोद स्वरपाटतेनतालयुक्त, सुदर्शन तेनविरुदतालपदयुक्त, कन्दुक पाटतालविरुदपदयुक्त और हर्षवर्द्धन भी इन्हीं से युक्त है ॥३३॥

प्रमोद पदपाटतेनतालयुक्त, मनोरम पाटविरुदतेनतालयुक्त, और अङ्क-ध्वनि तालपदतेनतालयुक्त है, ये अनिर्युक्त कहे गये हैं ॥३४॥

त्रिपथक तालविरुदस्वरतेनयुक्त, पद्धडी तालपादविरुदस्वरयुक्त है, इन्हें गीतज्ञों ने निर्युक्त कहा है। सिंहलील स्वरपाटविरुदतेनतालयुक्त है, इसे गीतज्ञों ने अनिर्युक्त कहा है ॥३५, ३६॥

शरभलील पदतालस्वरतेन्नविरुदयुक्त और निर्युक्त प्रबन्ध कहा जाता है ॥३७॥

---

१. (क) पार्श्वकै । २. (क) चैवोभयात्मिका । ३. (क) सपातेनैः । ४. प्रपातेतैः । ५. (क) तापतेसैः । ६. (क) तापिस्वकै । ७. (क) तापविश्वैश्च (ख) तापाविश्वैश्च ८. (क) पद्धतिः, (ख) वर्द्धटी । ९. (ख) भवेदेष । १०. (क) पन्द । ११. (क) शरभो लीलः ।

प्रतापवर्द्धनस्तस्मादुमातिलकसंज्ञकः ।
पञ्चाननः पञ्चभङ्गी[1] श्रीरङ्गः श्रीविलासकः[2] ॥३८॥
अनिर्युक्ता अमीसर्वे षडङ्गा[3] इति कीर्तिताः ।
इति द्विधातुकास्सर्वे कथितास्तदनन्तरम् ॥३९॥
त्रिधातुकानहं वक्ष्ये द्वयङ्गादि क्रमभेदतः ।
लम्भको[4] रससन्दोहो हंसपादस्तथैव च ॥४०॥
हरिर्विजयसंज्ञः स्यादेकताली तथैव च ।
ध्वनिकुट्टनि नामापि पदताल[5] समायुता[6] ॥४१॥
वितायुतोऽङ्कचारी[7] स्यादनिर्युक्तास्समीरिताः[8] ।
द्विपदी[9] च पता युक्ता कन्दश्चैव विपायुतः ॥४२॥
निर्युक्तौ कथितावेतौ गीतज्ञानविचक्षणैः ।
जयमाला चक्रवालौ तथा रागकदम्बकः[10] ॥४३॥
कालार्णवो[11] झोम्बडश्च रासकश्चोभयात्मकाः ।
गीयन्ते[12] पदतालाभ्याममी गीतविशारदैः ॥४४॥

---

प्रतापवर्द्धन उमातिलक, पञ्चानन, पञ्चभङ्गी, श्रीरङ्ग, श्रीविलासक, ये सभी षडङ्ग और अनिर्युक्त हैं । ये द्विधातुक प्रबन्ध कहे गये, अब द्वयङ्ग आदि लक्ष्य भेद से त्रिधातु प्रबन्ध कहूंगा ।

लम्भक, रससन्दोह, हंसपाद, हरिविजय, एकताली और ध्वनिकुट्टनी पदतालयुक्त हैं ॥३८-४१॥

अङ्कचारी विरुदतालयुक्त है, ये अनिर्युक्त कहे गये हैं । द्विपदी पदताल-युक्त, कन्द विरुदपाटयुक्त है, ये दोनों गीतज्ञों ने निर्युक्त बताये हैं। जयमाला, चक्रवाल, रागकदम्ब, कालार्णव, झोम्बड, रासक गीतज्ञों द्वारा पदतालयुक्त उभयात्मक रूप में गाये जाते हैं ॥४२-४४॥

---

१. (क) पञ्चभङ्गिः । २. (क) प्रविलासकः । ३. (ख) षडङ्गानीति ।
४. (क) लञ्चको । ५. (क) पथ । ६. (ख) तः । ७. (क) विनायुक्तोऽन्तजातिः ।
८. (क) थनिर्युक्ता ९. (क) द्विपरि, (ख) विपदी । १०. (क) रागकदम्बकम् ।
११. (क) तालोर्नंधो । १२. (क) गीयन्ते पाद-तालाभ्यां ।

Scanned with OKEN Scanner

स्वरार्थस्तापसैर्ज्ञेयः स्यात्तथासिंहविक्रमः[1] ।
कैवाड[2] पाटकरणौ ताविपा सहिता वुभौ ॥४५॥
ताविसैः[3] स्वरकरणं पतेता ललिता तथा ।
[4]तेपासैर्मिश्रकरणमनिर्युक्ता अमी स्मृताः ॥४६॥
आर्यावृत्तद्विपथका[5] ये गाथा[6] दण्डकादयः ।
एते स्युः स्वपतायुक्ता मातृकाः पवितायुताः ॥४७॥
दण्डः[7] पतेता सहितो निर्युक्ता कथिता अमो ।
पपाता सहितो ज्ञेयः सिंहविक्रमनामकः[8] ॥४८॥
कलहंसः क्रौञ्चपदः स्वपतासहितावुभौ ।
गीतविद्याविशेषज्ञैः कथिता उभयात्मकाः ॥४९॥
श्रीवर्द्धन इति ख्यातः पाताविपतितो[9] बुधैः ।
विरुदस्वरपदतालैः स्वरपदकरणंस्वराङ्कश्च ।
ज्ञेया सा गजलीला वर्तनिविवर्तनी च पञ्चापि ॥५०॥

---

स्वरार्थ तालपदस्वरयुक्त है और सिंहविक्रम भी । कैवाड और पाटकरण दोनों तालविरुदपाटयुक्त हैं ॥४५॥

स्वरकरण तालविरुदस्वरयुक्त, ललित पदतेनतालयुक्त और मिश्रकरण तेनपाटस्वरयुक्त है, ये अनिर्युक्त कहे गये हैं ॥४६॥

आर्या, वृत्त, द्विपथक, गाथा, दण्डक इत्यादि स्वरपदतालयुक्त हैं और मातृकाएँ विरुदपदतालयुक्त ॥४७॥

दण्ड पदतेनतालयुक्त है, ये निर्युक्त कहे गये हैं । सिंहविक्रम पदपाट-तालयुक्त है ॥४८॥

कलहंस और क्रौञ्चपद स्वरपदतालयुक्त हैं और गीतज्ञों द्वारा उभयात्मक बताये गये हैं ॥४९॥

श्रीवर्द्धन पाटतालविरुदतेनतालयुक्त है, स्वरपदकरण, स्वराङ्क, गजलीला, वर्तनी और विवर्तनी विरुदस्वरपदतालयुक्त हैं ॥५०॥

---

१. (क) हिंसविक्रमः । २. (क) कैवावादपालकठणा । ३. (क) ताविपैः ।
४. (क) पेतारौः । ५. (क) द्विपदुका । ६. (क) गाधा दण्डकाविला-
(ख) दण्डकाद्विलाः । ७. (ख) घडा । ८. (ख) सिंहविक्रान्त । ९. (क) पाताभिपयुतो ।

विज्ञेयंबन्धकरणं[1] सविपातायुतं बुधैः ।
प्रबन्धस्तेन्नकरणं स्वतेताविंयुतः स्मृतः ॥५१॥

तेपासपयुतः प्राज्ञैश्चतुरङ्ग इतीरितः ।
अनिर्युक्ता अमी प्रोक्ता गीतशास्त्रविशारदैः ॥५२॥

तातेपसयुता तज्ज्ञैर्नियुक्ता सा चतुष्पदी ।
सवितापयुता तज्ज्ञैर्हयलीला निगद्यते ॥५३॥

पपातास्वयुता ज्ञेया त्रिभङ्गी चोभयात्मिका ।
स्वतावितेपसहितो जयश्रीरिति कीर्तितः ॥५४॥

स्याद्वस्तु विजयश्रीश्च वर्णस्वरचतुर्मुखौ ।
स्वपापतातेसहिता विज्ञेया गीत कोविदैः ॥५५॥

प्रबन्धो बर्धनानन्दस्तथा हरविलासकः[3] ।
कथ्येते[4] पविपातेता सहिताविति कोविदैः ॥५६॥

---

बन्धकरण स्वरविरुदपाटतालयुक्त और तेन्नकरण स्वरतेनतालविरुद-युक्त कहा गया है ॥५१॥

चतुरङ्ग तेनपाटस्वरपदयुक्त है, ये प्रबन्ध गीतज्ञों द्वारा अनिर्युक्त कहे गये हैं ॥५२॥

चतुष्पदी तालतेनपदस्वरयुक्त और हयलीला स्वरविरुदतालपदयुक्त कही जाती है ॥५३॥

उभयात्मक त्रिभङ्गी पदपाटतालस्वरयुक्त है जयश्री स्वरतालविरुद-तेनपदयुक्त है ॥५४॥

वस्तु, विजयश्री, वर्णस्वर और चतुर्म्मुख, गीतज्ञों को स्वरपाटपदताल-तेनयुक्त समझना चाहिये ॥५५॥

वर्द्धनानन्द और हरविलासक विद्वानों के द्वारा पदविरुदपाटतेनताल सहित कहा है ॥५६॥

---

१. (क) लन्धकरणं । २. (क) स्वपताकेऽपि सहिता । ३. (क) परविलासकः ।
४. (क) कथ्यते पविपातेता ।

Scanned with OKEN Scanner

अनिर्युक्ता अमी सर्वे निर्युक्तो वस्तुसंज्ञकः[1] ।

(इति त्रिधातुप्रबन्धाः)

पदायुक्ता[2] ढेङ्किका च एला सपवितायुता[3] ॥५७॥

गीतविद्याविशेषज्ञैः स्मृतौ[4] तावुभयात्मकौ ।

प्रोक्ताविमौ चतुर्धातू[5] क्वचिज्झोम्बड[6] रासकौ ॥५८॥

पुनः प्रबन्धास्त्रिविधास्ते[7] कथ्यन्ते यथाक्रमम् ।

पुनस्त्रिविधाः प्रबन्धाः—

सूडक्रमगताः केचित् केचिदालिक्रमस्थिताः ॥५९॥

[8]तथान्येविप्रकीर्णाख्या मुनिभिः प्रतिपादिताः ।

तत्र[9] सूडक्रमः प्रोक्तः पञ्चधा[10] गीतवेदिभिः ॥६०॥

[11]आदावतिजघन्यः स्याज्जघन्यस्तदनन्तरम् ।

ततोऽपि मध्यमाख्यः स्यादुत्तमाख्यस्ततः[12] परम् ॥६१॥

---

ये सब अनिर्युक्त और वस्तु निर्युक्त है ।

(ये त्रिधातु प्रबंध हुए)

ढेङ्किका पदतालयुक्त और एला स्वरपदविरुदतालयुक्त है ॥५७॥

गीतज्ञों ने इन दोनों को उभयात्मक कहा है । ये चतुर्धातु कहे गये हैं और कहीं कहीं झोम्बड और रासक भी ।

(एक अन्य दृष्टि से भी प्रबन्ध त्रिविध होता है)

कुछ प्रबन्ध सूडक्रमगत हैं और कुछ आलिक्रमगत । मुनियों ने कुछ प्रबन्ध विप्रकीर्णनामक कहे हैं ।

गीतज्ञों ने सूडक्रम को पञ्चविध कहा है ॥५८-६०॥

एक अतिजघन्य और दूसराजघन्य है । उनमें भी एक मध्यम और दूसरा उत्तम है । और एक अत्युत्तम है, उनका लक्षण कहा जाता है । ॥६१॥

---

१. [क] पदसंज्ञकः । २. [क] ढिङ्कुता च । ३. [कव] सापवितायुता ।
४. [क] श्रुतौता । ५. चतुर्धातु,[ख] चतुर्धात्र । ६. [क] क्वचिच्चेम्बडरासकौ ।
७. [क] प्रवलदा । ८. [क] ताथानै । ९. (क) तत्प्रसूदुक्रमः ।
१०. (क) पञ्चवा । ११. (क) आधारविजघन्यस्या । १२. (क) दुत्तमाढ्य ।

अत्युत्तमस्ततो ज्ञेयस्तेषां लक्षणमुच्यते ।
झोम्बडो[1] मण्ठतालेन[2] ततोनिस्सारु[3] झोम्बडः ॥६२॥
कुडुक्केन ततो लम्भो[4] लम्भो[5] निस्सारुकेण च ।
झम्पतालेन लम्भश्च[6] रासकश्चैक[7] तालिका ॥६३॥
[8]असावतिजघन्याख्यः [9]सूडो गायकसम्मतः ।
[10]ढेङ्की ततो द्वितीयेन भवेत्तालेन झोम्बडः ॥६४॥
मण्ठेन झोम्बडश्चाथ ततो निस्सारुझोम्बडः ।
([11]लम्भकोऽथ कुडुक्केन ततो निस्सारु लम्भकः ॥६५॥
झम्पतालेन लम्भश्च [12]रासकश्चैकतालिका ।)
सूडो जघन्यनामायं गीतज्ञैस्समुदाहृतः ॥६६॥
एलापूर्वं ततो ढेङ्की तस्माद्गारुगिझोम्बडः ।
द्वितीयझोम्बडश्चाथ ततो मट्टेन झोम्बड़ः ॥६७॥
झोम्बडोऽद्य[13] तृतीयेन ततो निस्सारुझोम्बडः ।
झोम्बडो [14]द्रुतनिस्सारो लम्भको झम्पया ततः ॥६८॥
रासकश्चैकताली च सूडोऽयं मध्यमः स्मृतः ।
करणं [15]प्रागथैलास्याद्ढेङ्किकातदनन्तरम्[16] ॥६९॥

---

मण्ठ ताल में गाया जाने वाला झोम्बड, निसारु ताल में झोम्बड, कुडुक्कताल में लम्भ, निस्सारुताल में लम्भ, झम्पताल में लम्भ तथा एकताली गायकों की दृष्टि में ये सूड अतिजघन्य हैं ।

द्वितीय ताल में ढेङ्की, मण्ठमें झोम्बड, निस्सारु में झोम्बड, इन्हें गीतज्ञों ने जघन्य सूड कहा है ॥६६॥

एला, ढेङ्की, गारुगि में झोम्बड, द्वितीय ताल में झोम्बड, मट्टताल में झोम्वड, तृतीय ताल में झोम्बड, निस्सारुताल में झोम्बड, द्रुतनिस्सारु में झोम्वड, झम्पा में लम्भ, रासक और एकताली यह मध्यम सूड है ॥६७-६९॥

---

१. (क) झोऽन्धो । २. (क) मट्ट । ३. (क) निस्सार । ४. (क) लम्बो ।
५. (क) अम्भो । ६. (क) लाभश्च । ७. (क) श्चैककालिका । ८. (क) आयसाव ।
९. (क) सुन्दो । १०. (क) ढिङ्की । ११. (क) लम्बकोड । १२. (क) कासक ।
१३. (क) थकृतिर्येन । १४ (क) कृतानिस्सारो । १५.(क) प्रागचैला ।१६.(क) डेङ्किका
*कोष्ठक स्थित पंक्ती द्वयं पुनरावृत प्रतीयते ।

[1]गारुग्या झोम्बडश्चाथ द्वितीयेनापि झोम्बड़: ।
तृतीये झोम्बडश्चाथ ततो निस्सारुझोम्बड: ॥७०॥
झोम्बडश्चैकतालेन ततो मट्टेन झोम्बड: ।
तृतीयझोम्बडश्चाथ ततो निस्सारुझोम्बड: ॥७१॥
झोम्बडोऽथ कुडुक्केन झम्पातालेन लम्भक: ।
[2]रासकश्चैकताली च सूड: स्यादुत्तमाभिध: ॥७२॥
गद्य ततश्च करणं वर्तन्येला[3] च ढेङ्किका ।
[4]गारुग्या झोम्बडश्चाथ द्वितीयेनापि झोम्बड: ॥७३॥
झोम्बडश्चैकतालेन त्रतिमट्टेन झोम्बड: ।
झोम्बडोऽथ तृतीयेन ततो निस्सारु[5]झोम्बड: ॥७४॥
झोम्बडो [6]द्रुतनिस्सारो झम्पातालेन लम्भक: ।
रासकश्चैकताली च [7]सूड: स्यादुत्तमोत्तम: ॥७५॥

---

करण, एला, ढेङ्किका, गारुगि में झोम्बड, द्वितीयताल में झोम्बड, तृतीय ताल में झोम्बड, निस्सारुताल में झोम्बड, एकताल में झोम्बड, मट्ट में झोम्बड, तृतीय, निस्सारु तथा कुडुक्क ताल में झोम्बड, झम्पा में लम्भक, रासक और एकताली ये सूड उत्तम कहा गया है ॥७०, ७१॥

गद्य, तदनन्तर करण, वर्तनी, एला, ढेङ्किका गारुगी में झोम्बड, द्वितीय में झोम्बड, एकताल में झोम्बड, प्रतिमट्ट और तृतीय में झोम्बड, निस्सारु और द्रुतनिस्सारु में झोम्बड, झम्पाताल में लम्भक, रासक और एकताली ये उत्तमोत्तम सूड कहे गये हैं ॥७२-७५॥

---

१. (क) गारुगो ।
२. (क) सारक ।
३. (क) न्येडा ।
४. (क) गारुग्यो ।
५. (क) निस्सार ।
६. (क) धृतनिस्सारो ।
७. (क) सढ: ।

Scanned with OKEN Scanner

उत्तमोत्तमः सूडान्तर्गतैलागानमादृतम् ।
रागस्य नियमाद् [1]धातुः नैति रागान्तरेण यत् ॥७६॥
तदुक्तंरसरागाभ्यामौचित्यात्सैव गीयते ।
प्रौढ्या तेनैव रागेण सूडोऽपि परिगीयते ॥७७॥
[2]अत उत्तमसूडे तु रागस्य नियमं विना ।
छन्दस्वती सङ्करैला मात्रैला परिगीयते ॥७८॥
मध्ये मध्ये मङ्कुडस्य (!) रागस्यानियमेन तु ।
[3]वर्णैला, वर्णमात्रैला देशाख्यैला च गीयते ॥७९॥
उत्तमोत्तमसूडे तु प्रथमं [4]मातृका भवेत् ।
[5]पञ्चतालेश्वरो यद् वा हृद्यं गद्यमथापि वा ॥८०॥

आलिक्रमोऽयमेवोक्तः प्रतापपृथिवीभुजा ।
अस्मिन्नेला च [6]ढेङ्की च [7]ततो गारुगितालतः ॥८१॥

---

उत्तम सूडों के अन्तर्गत एलागान सम्माननीय है। राग के नियम के कारण उसका धातु (गेय पक्ष) दूसरे राग में नहीं जाता। इसीलिए कहा गया है कि एला रस-राग के औचित्य के अनुसार ही गाई जाती है। सूड भी प्रौढतापूर्वक राग के द्वारा ही गाया जाता है ॥७६, ७७॥

अतः उत्तमसूड में राग के नियम के बिना छन्दोयुक्त सङ्कर एला मात्रानिर्मित एला गाई जाती है ॥७८॥

बीच बीच में मङ्कुड (?) और राग के नियम के बिना वर्णैला, वर्णमात्रैला और देशाख्या एला गाई जाती है ॥७९॥

उत्तमोत्तम सूड में पहले मातृका होना चाहिये। पञ्चतालेश्वर अथवा सुन्दर गद्य भी गाया जाता है ॥८०॥

प्रतापचक्रवर्ती (जगदेकमल्ल) ने यह आलिक्रम कहा है। इसमें एला, ढेङ्की तथा गारुगि, द्वितीय प्रतिमट्ट और निस्सारुताल में झोम्बड, लम्भक,

---

१. (ख) गातुः। २. (क, अन्तरुत्तम। ३. (क) वर्तैला वर्तमानैला।
४. (क) मातृको। ५. पञ्चताले स्वरो। ६. (क) ढेंङ्कीच।
७. (क) तरोगातुगि।

द्वितीयेन च तालेन प्रतिमट्टाभिधेन[1] च ।
ततो निस्सारुतालेन झोम्बडो लम्भकस्तथा[2] ॥८२॥
रासकश्चैकताली[3] च स्थायिनो नवकीर्तिताः ।
शेषाः सञ्चारिणः षट् च परिवृत्तिसहिष्णवः[4] ॥८३॥
[5]उत्तमे प्राक् स्वरार्थः स्यात् [6]स्वराङ्को वा घटोऽथवा ।
करणं वा[7] त्रिभङ्गिर्वा यद्वा क्रौञ्चपदाभिधः[8] ॥८४॥
[9]भवेच्छरभलीलो वा पञ्चभङ्गिरथापि वा ।
तत्रैला ढेङ्किका चैव ततो गारुगितालतः ॥८५॥
द्वितीयेन च तालेन [10]ततो निस्सारुतालतः ।
झोम्बडो लम्भको [11]रासश्चैकतालीति कीर्तिताः ॥८६॥
स्थायिनोऽष्टापि[12] हीने तु पञ्च सञ्चारिणः स्मृताः ।
एला स्थान्मध्यमे पूर्वं ढेङ्किकातदनन्तरम् ॥८७॥
गारुग्याख्येनतालेन द्वितीयेन च झोम्बडः ।
ततो निस्सारुलम्भश्च रासकश्चैकतालिका[13] ॥८८॥

---

रासक और एकताली ये नौ स्थायी कहे जाते हैं, शेष परिवर्तनशील और सञ्चारी हैं ॥८१-८३॥

उत्तम में स्वरार्थ, स्वराङ्क, घट, करण, त्रिभङ्गि, क्रौञ्चपद, शरभलील, पञ्चभङ्गी, एला और ढेंकिका, गारुगि, द्वितीय और निस्सारुताल में झोम्बड, लम्भक, रासक और एकताली कहे गये हैं। आठ स्थायी हैं और पाँच सञ्चारी।

मध्यम सूड में एला, ढेंकिका, गारुगि और द्वितीय ताल में झोम्बड,

---

१. (क) प्रति वट्टा। २. (क) लम्बक। ३. (क) श्चैकतालेच।
४. (क) रीतिस्साहिष्णवः। ५. (क) षत्तमः। ६. (क) साराङ्को पाठदोढवा।
७. (क) धा। ८. (क) भिदः। ९. (क) मेवच्छरभलीलो।
१०. (क) झोम्बडो लम्बकस्ततः। ११. (क) रागश्चैकताली। १२. (क) ष्टाविन्येतु।
१३. चैकतालिकः।

इति सप्त समुद्दिष्टाः प्रबन्धाः स्थायिनो बुधैः ।
क्रमे शेषाश्च चत्वारो यथारुचि समीरिताः ॥८९॥
जघन्ये [1]प्रथमं ढेङ्की द्वितीयेन तु झोम्बडः ।
निस्सारुणापि तालेन लम्भो रासैकतालिका ॥९०॥
षडेते स्थायिनः प्रोक्तास्त्रयोऽन्ये तु [2]यथारुचि ।
[3]भवन्त्यतिजघन्ये तु मट्टतालेन झोम्बडः ॥९१॥
निस्सारुझोम्बडो लम्भो रासकश्चैक तालिका ।
पञ्चैते स्थायिनो ज्ञेया द्वावन्यौ तु यथारुचि ॥९२॥
त्यक्त्वा कुडुक्कनिस्सारुलम्भावादौ ध्रुवं न्यसेत् ।
अन्तरे चण्डनिस्सारुर्मट्टादिः [4]स्याद् ध्रुवादिकः ॥९३॥
एक एव प्रबन्धश्चेन्मूलरूपेण [5] गीयते ।
तालेनैकेन नानार्थः स [6]सूडो विप्रकीर्णकः ॥९४॥
एकैकशोऽपि गातव्यः प्रबन्धो विनियोगतः ।

---

निस्सारु में लम्भ, रासक और एकताली ये सात स्थायी प्रबन्ध हैं, शेष चारों का प्रयोग यथारुचि है ॥८४-८९॥

जघन्य में ढेङ्की, द्वितीयताल में झोम्बड, निस्सारुताल में झोम्बड निस्सारुताल में लम्भ, रासक और एकताली ये छः स्थायी कहे गये हैं, अवशिष्ट यथारुचि प्रयोज्य हैं ।

अति जघन्य सूड के अन्तर्गत मट्टताल में झोम्बड, निस्सारुझोम्बड, लम्भ, रासक और एकताली ये पाँच स्थायी और शेष दो यथारुचि प्रयोज्य हैं ॥९०-९२॥

कुडुक्क और निसारुताल में गेय लम्भक के अतिरिक्त अन्य प्रबन्धों के आरम्भ में ध्रुव रखना चाहिये, अन्तर में चण्ड (खण्ड ?) निस्सारु होना उचित है। ध्रुव इत्यादि का आरम्भ मट्टताल से होता है ॥९३॥

यदि एक ही नानार्थक प्रबन्ध (मूलरूप से) एक ही ताल में गाया जाता है, तो वह विप्रकीर्ण सूड कहलाता है। प्रबन्ध विनियोगपूर्वक एक एक करके भी गाना चाहिये ॥९४॥

---

१. (क) प्रथमे । २. (क) नैतु । ३. (क) भवतेती ।
४. (क) वठाद्विस्याद्ध्रुवादिकः । ५. (क) नालारूपेण । ६. (क) समूद्ध ।

**अथ सूडक्रमाश्रितप्रबन्धलक्षणं वक्ष्ये—**

उदग्राहः प्रथमार्धे यः ढेङ्किकायां[1] विधीयते ॥९५॥
आवृत्यासौ च गातव्यः समे वा विषमग्रहे ।
द्वितीयार्द्धं तु तेनैव सकृद्गीतेन गीयते ॥९६॥
मेलापकस्ततस्तालयुक्तो गेयो विकल्पतः ।
उद्ग्राहे चैव मेलापे ढेङ्कितालो भवेद्यतः ॥९७॥
तस्मादस्य प्रबन्धस्य नाम ढेङ्कीति[2] कीर्तितम् ।
तालोऽत्रान्यो लयश्चान्यस्ततो वारद्वयं बुधैः ॥९८॥
एकगीतध्रुवस्याद्यं सानुप्रासं पदद्वयम् ।
अन्यगीतेन गातव्यस्तृतीयोंऽघ्रिर्ध्रुवाश्रयः[3] ॥९९॥
आभोगं च सकृद्गीत्वा [4]ध्रुवं गीत्वा ततः पुनः ।
उद्ग्राहतालमानेन तस्य न्यासो विधीयते ॥१००॥

---

अब सूडक्रमाश्रित प्रबन्ध कहूंगा ।

ढेंकिका में प्रथमार्ध के अन्तर्गत उद्ग्राह एक आवृत्ति के द्वारा समग्रह अथवा विषमग्रह का आश्रय लेकर गाना चाहिये। द्वितीयार्द्ध उसीको एक बार गाने पर गाना चाहिये । तत्पश्चात् मेलापक तालयुक्त अलाप युक्त गाया जाता है। उद्ग्राह और मेलापक में ढेङ्कीताल के प्रयोग के कारण इस प्रबन्ध का नाम ढेङ्की है ।

यदि ताल अन्य हो, लय अन्य हो, तथा एक ही ढङ्ग से गाये हुए ध्रुव के आदिम दो पद सानुप्रास हो और दो बार गाये गये हों, ध्रुवाश्रित तीसरा चरण अन्य धातु के द्वारा गाया हो, तत्पश्चात् एक बार आभोग और एक-बार ध्रुव गाकर उद्ग्राहसम्बन्धी तालमान से यदि न्यास किया जाये ॥९३-१००॥

तो दो तालों से युक्त यह ढेंकी स्वहल (बहुल ?) नाद होती है।

---

१. (क) देङ्कितायान् ।
२. (क) दैङ्कृति ।
३. (क) स्मृतिर्यस्तु ध्रुवाश्रयम् ।
४. (क) सकृद्वित्वा ।

एवं स्वहलनादैषा ढेङ्की तालद्वयान्विता ।
(इति ढेङ्कीसामान्य लक्षणम्)

उद्ग्राहस्यादिमं भागं गायेद् वारद्वयं[1] ततः ॥१०१॥
सकृदेव द्वितीयार्द्धं ततोऽपि गमकैर्युतम् ।
[2]मेलापकं विकल्पेन ततो वारद्वयं ध्रुवम्[3] ॥१०२
आभोगं च सकृद्गीत्वा [4]ध्रुवेण न्यास इष्यते ।
[5]भागोऽपि झोम्बडे कार्य्य इति केचित्प्रचक्षते ॥१०३
गीतेन प्राक्तनेनैव[6] [7]यत्रोद्ग्राहः पदान्तरैः ।
विवक्षितार्थशेषस्य पूर्णत्वापादनाय च ॥१०४॥
[8]अपरः क्रियते योऽसौ स भागः[9]परिकीर्तितः ।
शरीरस्य यथा [10]छाया भवत्यव्यभिचारिणी ॥१०५॥
[11]ह्रासवृद्धियुता चैव झोम्बडे गमकस्थितिः ।
(इति तारजो झोम्बडः)

---

(यह ढेङ्कीसामान्य का लक्षण हुआ)

उद्ग्राह का आदिम भाग दो बार गाना चाहिये ॥१०१॥

द्वितीयार्द्ध एक बार गाने के पश्चात् विकल्पपूर्वक गमकयुक्त मेलापक गाना चाहिये ॥१०२॥

तत्पश्चात् एक बार आभोग गाकर ध्रुव के द्वारा न्यास उचित है। कुछ लोगों का कथन है कि झोम्बड में भाग भी करना चाहिए ॥१०३॥

विवक्षित शेष अर्थ का प्रतिपादन करने के तथा पूर्णता का आपादन करने के लिए, पुराने स्वरसन्निवेश के द्वारा अन्य पदों से किया जाने वाला उद्ग्राह ही 'भाग' कहलाता है। जिस प्रकार (ह्रास-वृद्धियुक्त) छाया सदैव शरीर के साथ रहती है, वैसी ही गमक की स्थिति झोम्बड में है।

(यह झोम्बडसामान्य का लक्षण हुआ)

---

१. (क) वास्त्रयं । २. (क) मेलापि कान्तिकत्वेन । ३. (क) द्रुतम् ।
४. (क) ध्रुवेन्यासस्स (ख) स्त्रविण न्यास । ५. (क) भोगोऽपि ।
६. (क) प्रोक्तने । ७. (क) मन्त्रोद् ग्राह्यः । ८. (क) अपरं । ९. (क) भारः ।
१०. (क) रामा । ११. (क). ह्रास वृद्धि यथा ।

तारजोऽतारजश्चेति[1] झोम्बडो जातियुग्मकम् ॥१०६॥
तारध्वनिस्समुद्दिष्टो गायकैः स्थानकाख्यया ।
तेन तारेण संयुक्तो झोम्बडस्तारजः स्मृतः ॥१०७॥
[2]तारजस्य परिज्ञेयं तत्र भेदचतुष्टयम् ।
तच्च [3]दुष्करमेवोक्तं गीतविद्याविशारदैः ॥१०८॥
आदौ प्रतापतिलको भवेत्प्रतापसङ्गमः ।
ततोऽचलप्रतापः स्यात् ततः प्रतापवर्द्धनः[4] ॥१०९॥
उद्ग्राहे स्थानकस्थित्या प्रतापतिलको भवेत् ।
प्रतापसङ्गो मेलापे स्थानकस्य निवेशनात् ॥११०॥
[5]स्मृतोऽचलप्रतापोऽसौ ध्रुवे स्थानकनिर्मिते ।
प्रतापवर्द्धनो ज्ञेयः आभोगे स्थानकान्वयात् ॥१११॥

(इति तारजो झोम्बडः)

---

(यह झोम्बडसामान्य का लक्षण हुआ)

झोम्बड की दो जातियाँ तारज और अतारज हैं। गायकों ने तार ध्वनि को 'स्थानक' कहा है। उस तार से युक्त झोम्बड 'तारज' कहा गया है ॥१०४-१०७॥

तारज झोम्बड के चार भेद हैं, जो गीतज्ञों की दृष्टि में दुष्कर हैं ॥१०८॥

प्रतापतिलक, प्रतापसङ्गम, अचलप्रताप और प्रतापवर्द्धन ये चार तारज झोम्बड हैं ॥१०९॥

उद्ग्राह में 'स्थानक' की स्थिति से प्रतापतिलक, मेलापक में स्थानक के निवेश से प्रतापसङ्ग, ध्रुव में स्थानक के प्रयोग से अचलप्रताप और आभोग में स्थानक सम्मिलित करने से प्रतापवर्द्धन होता है ॥११०-१११॥

(यह तारज झोम्बड हुआ)

---

१. (क) झारज। २. (क) तारजस्य। ३. (क) दुर्भर।
४. (क) प्रतापवर्द्धनम्। ५. (क) स्मृतौ चलत्प्रतापो।

ततः प्रभूतगमकस्ततोऽल्पगमकाभिधः ।
त्रिधातुकतृतीयः स्यादतारजभिदा त्रयम् ॥११२॥
अनेकगमकत्वेन विपुलायासयोगतः ।
प्रभूतगमकोनाम झोम्बडो दुष्करः[1] स्मृतः ॥११३॥
अल्पैस्तु गमकैः क्लृप्तः स्यादल्पगमकाभिधः ।
गमकानामबाहुल्यादक्लेशेन च गानतः ॥११४॥
त्रिधातुकः परिज्ञेयो मेलापेन च वर्जितः ।
त्रिधातुकाल्पगमकौ[2] सुकरौ परिकीर्तितौ ॥११५॥
सप्तैते कथिता भेदास्ताले गारुगिनामनि ।
एवं द्वितीयतालेऽपि सप्तभेदा भवन्ति ये ॥११६॥
उद्यत्प्रतापःप्रथमं भवेत्सः प्रतापयोगस्तदनन्तरस्स्यात् ।
स्थिरप्रतापश्च भवेत्प्रतापः सशेखरो दुष्कर[3]नामधेयः॥११७॥
उद्यत्प्रतापमुद्ग्राहे स्थानकस्य निवेशनात् ।[4]
प्रतापयोगं मेलापे वदन्ति स्थानकस्थिते ॥११८॥

---

अतारज के तीन भेद 'प्रभूतगमक', 'अल्पगमक' और 'त्रिधातुक' हैं ॥११२॥ 'प्रभूतगमक' झोम्बड अत्यन्त परिश्रमसाध्य होने के कारण दुष्कर कहा गया है ॥११३॥ 'अल्पगमक' में अधिक गमक नहीं होते, अतः गाने में कष्टसाध्य नहीं है। त्रिधातुक मेलापकहीन होता है, अल्पगमक और त्रिधातुक सुकर है ॥११४-११५॥

ये सात भेद गारुगिताल में और सात भेद द्वितीय ताल में भी होते हैं ॥११६॥ उद्यत्प्रताप आरम्भ में तदनन्तर प्रतापयोग, उसके पश्चात् स्थिरप्रताप और उसके पश्चात् दुष्करप्रतापशेखर होता है ॥११७॥

उद्यत्प्रताप उद्ग्राह में, प्रतापयोग मेलापक में, स्थिरप्रताप ध्रुव में तथा प्रतापशेखर आभोग में स्थानक के प्रयोग से होता हैं ॥११८॥

---

१. (क) दुःकरः ।
२. (क) गमक ।
३. (क) दुःकर ।
४. (क) विशेषणात् ।

ध्रुवे स्थिरप्रतापं च स्थानकस्य निवेशनात् ।
प्रतापशेखरं प्राहुराभोगे स्थानकान्वयात् ॥११९॥

अन्योऽपि भूरिगमको गमकः सूक्ष्मपूर्वकः ।
त्रिधातुकाश्च विज्ञेया दुष्कराः सुकरास्त्रयः ॥१२०॥

प्रभूतगमकाद्येषु त्रिषु यल्लक्षणं कृतम् ।
तदेव भूरिगमकप्रभृतिष्ववगम्यताम् ॥१२१॥

केवलं तालभेदेन [1]नामभेदः प्रकीर्तितः ।
अन्येऽपि भेदा विद्यन्ते झोम्बडस्य पुनस्त्रयः[2] ॥१२२॥

गद्यजः पद्यजश्चैव गद्यपद्यमयस्तथा ।
क्रमेण लक्षणं तेषां [3]यथावत्प्रतिपाद्यते ॥१२३॥

संस्कृतैर्देशजैर्वापि सानुप्रासैः पदैर्भवेत् ।
गीतविद्भिः स विज्ञेयो झोम्बडो गद्यजाह्वयः ॥१२४॥

---

भूरिगमक (प्रभूतगमक,) सूक्ष्मगमक, (अल्पगमक) और त्रिधातुक तीनों दुष्कर एवं सुकर होते हैं ॥११९-१२०॥

प्रभूतगमक इत्यादि तीनों में जो लक्षण किया है, वह भूरिगमक इत्यादि में भी समझना चाहिये ॥१२१॥

केवल तालभेद से नामभेद हो जाता है ।
झोम्बड के अन्य तीन भेद भी होते हैं ॥,१२२॥

प्रबन्ध के अन्य तीन भेद, गद्यज, पद्यज और गद्यपद्यमय हैं, इनका क्रमशः यथावत् लक्षण प्रतिपादित किया जाता है ॥१२३॥

गद्यज झोम्बड में अनुप्रासयुक्त संस्कृत या देशज पद होते हैं

किसी भी छन्द में निबद्ध झोम्बड पद्यमय होता है और गद्यपद्यमय (उभयात्मक) होता है ॥१२४॥

---

१. (क) दुःखेदः परिकीर्तितः ।
२. (क) पुनः स्वयम् ।
३. (क) यथावः ।

छन्दसा येन केनापि निबद्धः पद्यजः स्मृतः ।
झोम्बडो गद्यपद्याभ्यां गद्यपद्यमयो[1] भवेत् ॥१२५॥

झोम्बडं[2] दुष्करं त्यक्त्वा प्रभूतगमकं तथा ।
गद्यजं पद्यजञ्चैव गद्यपद्यमयं तथा ॥१२६॥

लघुशेखरताले स्युरन्येऽल्पगमकादयः ।
[3]प्रतिमट्टे तृतीये च मट्टे निस्सारुके तथा ॥१२७॥

[4]चण्डनिस्सारुके चैव चण्डपूर्वतृतीयके ।
एतेषु झोम्बडा (प्रोक्ता) ये प्रोक्ता लघुशेखरे ॥१२८॥

कुडुक्काख्येन तालेन झोम्बडो गीयते यदा ।
[5]पदैरपि विना कार्य्या तदाभोगस्य कल्पना ॥१२९॥

एवमष्टादश प्रोक्ता झोम्बडा गीतवेदिभिः ।
(इति झोम्बडाः)

उद्ग्राहेऽङ्घि [6]द्वयं प्रासैः प्रतिपादं गणाश्च षट् ॥१३०॥

---

प्रभूतगमक और दुष्कर झोम्बड को छोड़कर गद्यज, पद्यज तथा गद्यपद्यमय अल्पगमक इत्यादि झोम्बड लघुशेखर ताल में होना चाहिये। प्रतिमट्ट, तृतीय मट्ट, निस्सारुक, चण्ड निस्सारुक, और चण्ड तृतीय ताल में वे झोम्बड उचित हैं, जो लघुशेखर में बताये गये हैं ॥१२५-१२८॥

जब झोम्बड कुडुक्क ताल में गाया जाये, तो आभोग पदहीन उचित है ॥१२९॥

गीतज्ञों ने इस प्रकार अठारह झोम्बड बताये हैं।
(ये झोम्बड हुए)

उद्ग्राह में दोनों चरण प्रासयुक्त हों, प्रत्येक पाद में छः गण हों, पाद के अन्त में 'प्रयोग' हो, तत्पश्चात् 'पल्लव' पद हो—

---

१. (क) मतो। २. (क) झोम्बडो दुःकरं। ३. (क) प्रतिमटे···येच।
४. (क) छन्द। ५. (क) उदैरपि। ६. (क) त्रयं।

पादस्यान्ते प्रयोगः स्यात् पल्लवाख्यं पदं ततः ।
पल्लवाख्ये पदे नास्ति [1]नियमो गणवर्णयोः ॥१३१॥
अनेनैव प्रकारेण द्वितीयाङ्घ्रेः प्रकल्पना ।
[2]गीत्वा ततस्तृतीयाङ्घ्रिगेयो मेलापको भवेत् ॥१३२॥
[3]एलापादत्रये गीतमेकमेव विधीयते ।
सप्रासोऽथ ध्रुवो गेयः गातुर्नाम्ना विराजितः ॥१३३॥
ध्रुवं गीत्वा ततो न्यासः सर्वैलासु [4]प्रशस्यते ।
(इत्येला)
स्वराख्यं करणं पूर्वं [5]पाटाख्यं करणं तथा ॥१३४॥
तृतीयं बन्धकरणं तुर्यं स्वरपदात्मकम् ।
पञ्चमं चित्रकरणं षष्ठं तेन्नकपूर्वकम् ॥१३५॥
सप्तमं मिश्रकरणं तेषां लक्षणमुच्यते ।
धातुद्वयं स्वरैरेव नैरन्तर्य्येण गीयते ॥१३६॥
[6]द्रुतशेखरतालेन करणे स्वरपूर्वके ।
करणं करणाख्येन तालेन किल गीयते ॥१३७॥

---

पल्लव में गणों और वर्णों का नियम नहीं है, इसी प्रकार से दूसरा चरण हो, तत्पश्चात् तीसरे चरण में मेलापक हो, तब एला प्रबन्ध होता है ॥१३२॥

एला के तीनों चरणों में गेय पक्ष सदृश होता है, ध्रुव में गायक का नाम और अनुप्रास उचित है, ध्रुव गाने के पश्चात् न्यास सभी एलाओं में प्रशंसनीय होता है ।

स्वराख्य, पाटाख्य, बन्ध, स्वरपदात्मक, चित्रक, तेन्नक और मिश्र ये सात करण है, उनका लक्षण कहा जा रहा है ॥१३३॥

'स्वर करण' में दो 'धातु' द्रुतशेखर ताल में निरन्तर गाये जाते हैं ॥१३४-१३६॥

करण 'करण' नामक ताल में गाया जाता है, परन्तु ऐसा प्रचार में दिखाई नहीं देता ।

---

१. (क) वास्ति । २. (क) वित्वा । ३. (क) येला । ४. (क) प्रवर्त्यते ।
५. (क) पाठाख्य । ६. (क) ध्रुवशेखर ।

दृश्यते तन्न लक्ष्येषु युक्तिर्युक्ता तु टिप्पणे[1] ।
इष्टस्वरो ग्रहस्तस्मिन्नंशेन न्यास इष्यते ॥१३८॥
आभोगे वर्णनीयस्य नाम गातुश्च निक्षिपेत् ।
[2]द्विर्गायेदादिमं त्वंशं सकृदेव द्वितीयकम् ॥१३९॥
तृतीयं तु सकृद्गीत्वा ध्रुवं गायेदनन्तरम् ।
उद्ग्राहेण ततो न्यासः करणे स्वरपूर्वके ॥१४०॥
गानप्रकारो यस्यैवं मङ्गलारम्भकं हि तत् ।
गीत्वा पूर्वं द्विरुद्ग्राहं सकृत् गायेत् ध्रुवं ततः ॥१४१॥
[3]उद्ग्राहेणस्यान्तरं भागं गीत्वाभोगं ध्रुवं ततः ।
उद्ग्राहे पुनर्न्यासः क्रियते यत्र तद्भवेत् ॥१४२॥
[4]करणं कीर्तिलहरीसंज्ञं श्रुतिसुखावहम् ।
उद्ग्राहध्रुवयोर्गानं पूर्ववद् यत्र दृश्यते ॥१४३॥
ध्रुवकार्धं ततो गेयमाभोगाद्यपि पूर्ववत् ।
आनन्दवर्द्धनं नाम तदेतत्करणं मतम् ॥१४४॥

---

अतः इस सम्बन्ध में युक्ति देना उचित है। इसमें इष्ट स्वर के द्वारा ग्रहण करके अंशस्वर के द्वारा न्यास वाञ्छनीय है ॥१३७, १३८॥

आभोग में 'वर्णनीय' और गायक का नाम रखा जाना चाहिये। आदिम अंश को दो बार और द्वितीय अंश को एक बार गाना उचित है तृतीय अंश एक बार गाने के पश्चात् ध्रुव का गान होना चाहिये तथा इस स्वरकरण में न्यास उद्ग्राह के द्वारा होना उचित है। जिसका गान ऐसा है, वह करण मङ्गलारम्भ है। दो बार उद्ग्राह, एक बार ध्रुव, उद्ग्राह का आन्तर भाग, आभोग और ध्रुव का गान जिसमें हो, वह श्रुतिसुखद 'कीर्तिलहरी' है ॥१३९-१४३॥

उद्ग्राह और ध्रुव का गान पूर्ववत् जिसमें हो, तत्पश्चात् ध्रुवक का अर्द्ध हो, आभोग इत्यादि भी पूर्ववत् हो तो आनन्दवर्द्धन नामक करण होता है ॥१४४॥

---

१. (क) त्रपिप्पणे । २. (क) दीर्घाये ।
३. (क) उद्ग्रहस्यन्तिमं भोगं गीतवोगं ध्रुवंतत: । ४. (क) करणा ।

संज्ञात्रितयमुक्तं[1] यद्मङ्गलारम्भपूर्वकम् ।
स्वराख्ये करणे स्पष्टं तत्स्यादन्येषु षट्स्वपि ॥१४५॥
स्वरैः सहस्तपाटैश्च[2] व्यत्यासरचितैरपि ।
तदुक्तं गीततत्वज्ञैः करणं पदपूर्वकम् ॥१४६॥
(इति पदकरणम्[3])
स्वराश्च हस्तपाटाश्च समं स्युः मुरजाक्षरैः ।
धातुद्वये परिज्ञेयं तत्पाटकरणं द्विधा ॥१४७॥
(इति चित्रकरणम्)
स्वराः मुरजपाटाश्च यत्रस्युर्धातुयुग्मके ।
तद्बन्धकरणं नाम विज्ञेयं गीतकोविदैः ॥१४८॥
(इति बन्धकरणम्)
धातुद्वयं भवेद्यत्र स्वरैरथ पदैरपि ।
तदुक्तं गीततत्वज्ञैः करणं पदपूर्वकम् ॥१४९॥
(इति स्वरपदकरणम्)
स्वरास्सतेन्नका यत्र दृश्यन्ते धातुयुग्मके ।
तदुक्तं तेन्नकरणं चालुक्यवसुधाभुजा ॥१५०॥
(इति तेन्नकरणम्)

---

मङ्गलारम्भ इत्यादि जो तीन नाम स्वरकरण में स्पष्ट किये गये हैं, वे अन्य छहों में भी होंगे । जो व्यत्यस्त स्वरों और हस्त पाटों से विरचित हो, उसे गीतज्ञों ने 'पदकरण' कहा है ॥१४५,१४६॥

जहां दोनों धातुओं में स्वर और हस्तपाट समान हों, वह पाट करण द्विविध (चित्रकरण) है ॥१४७॥

जहां दोनों धातुओं में स्वर और मुरजपाट हों, वह बन्धकरण है ।

जहां दोनों धातुओं में स्वर और पद हों, वह स्वरपदकरण है ॥१४९॥

जहां दोनों धातुओं में तेनक युक्त स्वर हों, उसे चालुक्य नरेश (जगदेक) ने तेन्नकरण कहा है ॥१५०॥

---

१. (क) मुक्त्वा । २. (क)पादै । ३. (क) स्वरपदकरणम् ।

Scanned with OKEN Scanner

स्वरैः पाटैस्तथा तेन्नैर्यत्र धातुद्वयं भवेत् ।
तन्मिश्रकरणं ज्ञेयं प्रान्ते विरुदसंयुतम् ॥१५१॥
(इति मिश्रकरणम्)
(इति करणम्)

गीत्वा द्विवारमुद्ग्राहं ध्रुवाभोगावनन्तरम् ।
ध्रुवकेण पुनर्मुक्तिर्वर्तन्यां सूत्रयेद् बुधः[1] ॥१५२॥
[2]प्रतितालो द्रुतो मट्टः कङ्कालश्च कुडुक्कक: ।
[3]वर्तन्यां न भवन्त्येते तालास्त्वन्ये भवन्ति हि ॥१५३॥
[4]स्वराख्यकरणाद् भेदो वर्तन्यामयमेव तत् ।
विलम्बितो लयस्तस्यां करणे तु द्रुतो लयः ॥१५४॥
(इति वर्तनी)

प्रतितालादयः पञ्च वर्तन्यां[5] ये निवारिताः ।
तैरेव गीयते या सा वर्तन्येव विवर्तनी ॥१५५॥

---

जहाँ दोनों धातुओं में स्वर, पाट तथा तेन्न हों, वह अन्त में विरुद संयुक्त मिश्रकरण हैं ॥१४४-१५१॥

दो बार उद्ग्राह गाने के पश्चात् ध्रुव और आभोग का गान और ध्रुव से समाप्ति वर्तनी में उचित है। वर्तनी में प्रतिताल, द्रुत, मट्ट, कङ्काल और कुडुक्कक तालों का प्रयोग न होकर अन्य तालों का प्रयोग होता है। स्वराख्य में लय द्रुत होती है और वर्तनी में बिलम्बित, दोनों में यही भेद है ॥१५४॥

(यह वर्तनी प्रबन्ध हुआ)

वर्तनी में जो प्रतिताल आदि पाँच ताल वर्जित हैं, जो उन ही में गाई जाये, वह विवर्तनी है विवर्तनी में पहले तालवर्जित स्वरालाप होता है ॥१५५-१५६॥

---

१. (क) बुधैः । २. (क) इति प्रालो धृतो । ३. (क) वर्तन्यानि ।
४. (क) स्वराज्य ।
५. (क) वर्तन्यां विदारिताः ।

आदौ यत्र स्वरालापः क्रियते तालवर्जितः ।
[1]विवर्तनी समाख्याता सा स्यादालापपूर्विका ॥१५६॥

(इति विवर्तनी)

स्वरैरभीष्टो यत्रार्थः सप्तभिः प्रतिपाद्यते ।
स्वरार्थोऽसौ द्विधा ज्ञेयः शुद्धमिश्रविभेदतः[2] ॥१५७॥

क्रमेण व्युत्क्रमेणेति प्रत्येकं तौ द्विधा मतौ ।
[3]शुद्ध्या रागश्रुतिस्थानकृतया तस्य सम्भवः ।
शुद्धः स्वरार्थो विज्ञेयः केवलैस्सप्तभिः स्वरैः ॥१५८॥

यत्र स्वराणां सप्तानामेकैकं प्रथमाक्षरम् ।
अक्षरान्तरसम्मिश्रं गीयते स तु मिश्रकः ॥१५९॥

[4]शशिस्तनाग्निवेदेषुरसाश्चेतिहिता भिदः[5] ।
एकादिस्वरभेदेन स्वरार्थः सप्तधा स्मृतः ॥१६०॥

---

(यह विवर्तनी हुई)

जिसमें सात स्वरों के द्वारा ही अभीष्ट अर्थ का प्रतिपादन होता है, वह 'स्वरार्थ' प्रबन्ध शुद्ध और मिश्र दो प्रकार का है ॥१५७॥

वे दोनों भी क्रम और व्युत्क्रम से दो प्रकार के होते हैं ।

राग और श्रुतिस्थान की शुद्धि से 'स्वरार्थ' का जन्म होता है । शुद्ध स्वरार्थ केवल सात स्वरों के द्वारा होता है, जहाँ एक एक स्वर के पश्चात् एक एक अन्य अक्षर होता है, वह 'मिश्र' कहलाता हैं ॥१५८-१५९॥

उसके भेद (८७६५४३२१) हैं । एकस्वर इत्यादि भेद से स्वरार्थ सात प्रकार का है ॥१६०॥

---

१. (क) वर्तन्याँ वा विर्तन्यां ।
२. (क) विभेदकः ।
३. (क) श्रुत्वा ।
४. (क) शशिस्कान्वाग्नि देवेषु ।
५. (क) श्चैर्विहिताभिदः (ख) चेति हितामिधाः ।

आभोगो[1] ऽन्यपदैश्चास्य ग्रहेणैव प्रमुच्यते ।
(इति स्वरार्थः)

अपादः पदसन्दोहो गद्यं षोढा तदिष्यते ॥१६१॥
वृत्तगन्धि तथा चूर्णमन्यदुत्कलिकाभिधम्[2] ।
ललितं च तथा खण्डं चित्रं तल्लक्ष्म कथ्यते ॥१६२॥
पद्यभागान्वितं गद्यं वृत्तगन्धि निगद्यते ।
असमस्तैः समस्तैर्वा द्वित्रैस्त्रिचतुरैः[3] पदैः ॥१६३॥
रचितं[4] चूर्णमाख्यातं गद्यं गद्यविशारदैः ।
गौडरीत्यायुतंगद्यं प्रोक्तमुत्कलिकाभिधम् ॥१६४॥
[5]समस्तैः पञ्चषैर्बद्धं [6]पदैर्ललितमीरितम् ।
[7]प्रक्रान्तरीतिभङ्गेन बृहल्लघुपदैर्युतम् ॥१६५॥
गद्यं खण्डमिति प्राहुर्गद्यभेदविशारदाः ।
गद्यं चित्रमिति प्रोक्तं नानारीतिसमन्वितम् ॥१६६॥

---

अन्य पदों के द्वारा इसका आभोग होता है और ग्रह से ही न्यास।
(यह स्वरार्थ हुआ)

पादसहित शब्द समूह गद्य है, यह वृत्तगन्धि, चूर्ण, उत्कलिका, ललित, खण्ड तथा चित्र, इन छः प्रकारों का होता है, इनका लक्षण कहा जा रहा है ॥१६१,१६२॥

पद्यभागयुक्त गद्य वृत्तगन्धि कहा जाता है, असमस्त या समस्त तीन चार पदों से रचित गद्य 'चूर्ण' कहा गया है, गौडरीति से युक्त गद्य उत्कलिका' है ॥१६३-१६४॥

समस्त पाँच छः पदों से बद्ध गद्य 'ललित' कहा गया है, प्रक्रान्त रीति शैली से तथा बड़े छोटे पदों से युक्त गद्य 'खण्ड' कहलाता है, विविध रीतियों से युक्त गद्य 'चित्र' है ॥१६५-१६६॥

---

१. (क) आभोगोपपदैः । २. (क) दुक्कलिका । ३. (क) स्तैः ।
४. (क) रञ्जितं । ५. (क) समस्तः पञ्चषैर्वर्थं । ६. (क) लालित ।
७. (क) प्रक्रान्ति ।

वृत्तगन्धिनि पाञ्चाली रीतिश्शान्तो रसो भवेत् ।
वृत्तिश्च भारती[1]ज्ञेया सामवेदसमुद्भवे ॥१६७॥

[2]चूर्णेस्यात् सात्वती वृत्तिः वैदर्भी रीतिरुत्तमा ।
शान्तो रसो विजानीयाद् [3]गद्यविद्याविशारदैः ॥१६८॥

उत्कलिकाह्वये रीतिर्गौ[4]डी वीररसो भवेत् ।
वृत्तिरारभटी ज्ञेया गीततत्वविचक्षणैः ॥१६९॥

ललिते पाञ्चालरीतिः स्यात् कैशिकी वृत्तिरुत्तमा ।
रसः शृङ्गारनामायमादिशास्त्रार्थ सम्मतः[5] ॥१७०॥

खण्डगद्ये रसो हास्यो वैदर्भी रीतिरिष्यते[6] ।
सात्वती वृत्तिरिष्टा मे पूर्वशास्त्राविरोधतः ॥१७१॥

चित्रगद्ये[7] च वैदर्भी रीतिर्वृत्तिश्च कैशिकी ।
रसः शृङ्गारसंज्ञोऽयं[8] गीतज्ञैस्समुदाहृतः ॥१७२॥

---

सामवेदोत्पन्न वृत्तगन्धि में पाञ्चालीरीति, शान्तरस, भारती वृत्ति होती है ॥१६७॥

चूर्ण में सात्वतीवृत्ति, उत्तम वैदर्भी रीति और शान्त रस होता है ॥१६८॥

उत्कलिका में गौडी रीति, वीर रस, आरभटी वृति होती है ॥१६९॥

'ललित' में पाञ्चाल रीति, कैशिकी वृत्ति और आदिमशास्त्र-सम्मत शृंगार रस होता है ॥१७०॥

खण्डगद्य में हास्य रस, वैदर्भीरीति और सात्वती वृत्ति मुझे प्राचीन शास्त्रों से अविरुद्ध होने के कारण अभीष्ट है ॥१७१॥

चित्र गद्य में वैदर्भी रीति, कैशिकी वृत्ति और शृङ्गार रस गीतज्ञों ने बताया है ॥१७२॥

---

१. (क) भारते । २. (क) पूर्णे । ३. (क) गद्य पद्य विशारदाः ।
४. (क) गौड । ५. (क) शास्त्रार्थं । ६. (क) सङ्गता । ७. (क) गद्यं ।
८. (क) भरतज्ञैः ।

प्रणवाद्यं भवेद् गद्यं गेयं [1]तालविवर्जितम् ।
मिथस्स यमकैः षड्भिरष्टभिर्वा समन्वितम् ॥१७३॥
पदान्येतानि [2]मेधावी गायेद् गीतानुसारतः ।
गद्येऽनुयायिनः कार्य्यो गीतस्य नियमो बुधैः ॥१७४॥
मध्ये मध्येऽत्र गमकाः सर्वे वर्णाश्च युक्तितः ।
गद्यरीत्या विधातव्या अविलम्बिविलम्बिताः ॥१७५॥
[3]अतालपदपर्य्यन्ते स्वरा ज्ञेया विचक्षणैः ।
मध्ये मध्ये तु गद्यस्य स्वराः प्रान्तेऽथवा मताः ॥१७६॥
ततः प्रबन्धनामाङ्कं सतालंपदयुग्मकम् ।
प्रत्येकं द्विः प्रगातव्यं तदेतत्पद युग्मकम् ॥१७७॥
अथालम्बविलम्बाभ्यां गीतमक्षरवर्जितम् ।
अनुयायि सतालञ्चं [4]धातुं गायन् ततः परम् ॥१७८॥
शुभं तालविलम्बेनाशंस्य[5] नामाङ्कितं पदम् ।
ततो विलम्बतालं च धृत्वा पूर्वं यतिः कृतः ॥१७९॥

---

गद्य के आरम्भ में प्रणव होता है, वह तालरहित और छः या आठ यमकों से युक्त होता है ॥१७३॥

मेधावी व्यक्ति को ये पद गीतानुसार गाने चाहिये, इस गद्य में बुद्धिमानों को अनुवर्ती गीत का नियम रखना चाहिये ॥१७४॥

मध्य मध्य में युक्तिपूर्वक सभी गमकों और वर्णों का अबिलम्बित और बिलम्बित रूप में गद्य की रीति से रखा जाना उचित है ॥१७५॥

तालरहित पद अन्त में तथा गद्य के मध्य मध्य में या प्रान्त में स्वर होना उचित है ॥१७६॥

तत्पश्चात् दो पद ताल सहित होना चाहिये, जिसमें प्रबन्ध का नाम हो, उन दोनों पदों में प्रत्येक पद दो बार गाना चाहिये ॥१७७॥

अब विलम्बित का आश्रय लेकर पूर्व किये हुए विराम के अनुसार जिस भाग के द्वारा 'यति' किया गया हो, उसी से विराम उचित है। संस्कृतमिश्रित गद्य 'संस्कृत' कहा गया है ॥१७८-१८०॥

---

१. (क) गाल । २. (क) वेदानि । ३. (क) आताल पदपर्य्यन्ता ।
४. (क) गातु गवि । ५. (क) नामस्य नामाङ्कितं ।

[1]भागेन येन तेनैव गद्ये न्यासो विधीयते ।
दैविकात् संस्कृतं प्रोक्तं गद्यं संस्कृतमिश्रितम् ।।१८०।।
[2]षट्प्रकारा गतिर्गद्ये [3]द्रुता चैव [4]विलम्बिता ।
[5]मध्या, द्रुतविलम्बा च द्रुतमध्या तथापरा ।।१८१।।
द्रुतमध्या[6] विलम्बा च तासां लक्षणमुच्यते ।
[7]द्रुता लघूनां बाहुल्यादल्पत्वेन विलम्बिता ।।१८२।।
लघूनां च गुरूणां च समत्वे मध्यमा मता ।
गुर्वक्षराणां प्राचुर्य्यात् भवेद्द्रुतविलम्बिता ।।१८३।।
गुर्वक्षणामल्पत्वे द्रुतमध्या प्रकीर्तिता ।
गुरुभिर्लघुभिर्मिश्रैः ज्ञेया मध्यविलम्बिता ।।१८४।।
प्रत्येकं षड्विधे गद्ये षट्प्रकारा गतिर्भवेत् ।
अथ षट्त्रिंशदेवस्युर्भेदा गद्य[8]समाश्रयाः ।।१८५।।
(गद्यम्)

---

'गद्य' में छः प्रकार की गति है, द्रुता, बिलम्बिता, मध्या, द्रुतबिलम्बा तथा द्रुतमध्या ।।१८१।।

उनका लक्षण कहा जाता है ।

लघुओं के बाहुल्य से द्रुत, अल्पत्व से विलम्बित, लघुओं और गुरुओं की समानता से मध्यम, गुरुओं की अधिकता से द्रुतविलम्बिता, गुरु अक्षरों की अल्पता से द्रुतमध्या, तथा गुरुओं और लघुओं के मिश्रण से मध्यविलम्बिता गति होती है ।

इस प्रकार छः प्रकार के गद्य में प्रत्येक प्रकार के अन्तर्गत छः प्रकार की गति होती है । इस प्रकार गद्याश्रित भेद छत्तीस होते हैं ।।१८२-१८५।।
(यह गद्य हुआ)

---

१. (क) नागेन । २. (क) सप्रकारा । ३. (क) धृता । ४. (क) चेद बिलम्बिता ।
५. (क) मध्यावृत विलम्बा च । ६. ततो मध्या । ७. (क) धृता ।
८. (क) गत्य ।

Scanned with OKEN Scanner

लम्भकश्चोपम्भश्च विलम्भश्चाथ[1] लक्षणम् ।
पदमेकं पदे द्वे वा किंचिद्गमकसंयुते ॥१८६॥

सकृद् गीत्वा ततो गेयं द्वौ वारौ ध्रुवकाभिधम् ।
आभोगं च ततो गीत्वा ध्रुवेण न्यास इष्यते ॥१८७॥

इत्येष लम्भकः प्रोक्तः भागैर्द्वित्रैर्विभूषितः[2] ।
[3]अतालालाप युक्तः प्राक् ध्रुवाभोगे च तालभाक् ॥१८८॥

विलम्भकः परिज्ञेयो ध्रुवे न्यासेन संयुतः ।
[4]पदैर्नानाविधैर्यस्मादेकगीतैः[5] पुनः पुनः ॥१८९॥

उद्ग्राहे वा ध्रुवे वापि द्वयोर्वाभोगवर्जितः ।
उपलम्भ इति प्रोक्तः स नाम्ना गीतकोविदैः ॥१९०॥

(लम्भकः)

[6]आदितालसमायुक्ते गमकादिविवर्जिते ।
रासके झोम्बडस्यैव शेषं लक्षणमीरितम् ॥१९१॥

---

अब लम्भक, उपलम्भ और विलम्भ का लक्षण प्रस्तुत है। कुछ गमकयुक्त एक या दो पद गाकर, दो बार ध्रुवक गाना चाहिये, तत्पश्चात् आभोग गाकर ध्रुव द्वारा न्यास उचित है, इस प्रकार लम्भक होता है। दो तीन भागों से युक्त, तालहीन, आलापयुक्त विलम्भक है, जिसका न्यास ध्रुव से होता है। एक ही प्रकार से गाये हुए विविध पदों से उद्ग्राह ध्रुव या दोनों में गाया हुआ आभोगवर्जित उपलम्भ कहा जाता है ॥१८६-१९०॥ आदि ताल से युक्त गमक इत्यादि से हीन रासक में अन्य लक्षण झोम्बड के ही हैं ॥१९१॥

---

१. (क) विलम्बश्च ।
२. (क) द्वित्रि ।
३. (क) अकालालाभयुक्तः ।
४. (क) पद्यै ।
५. (क) गीते ।
६. (क) इति ।

Scanned with OKEN Scanner

अन्यैर्यस्त्रिविधः प्रोक्तः गणमात्रादिभेदतः ।
[1]रासकः किन्तु नास्त्यस्य लक्ष्ये कुत्रापि दर्शनम् ॥१९२॥*
आलापं केचिदिच्छन्ति रासके[2] प्राङ्मनीषिणः ।
केचिदेकपदोद्ग्राहं [3]रासकं प्रतिपेदिरे ॥१९३॥
(इति रासक[4] लक्षणम्)
द्विरुद्ग्राहं ध्रुवं द्विश्च गीत्वाभोगं सकृत्पुनः ।
ध्रुवं गीत्वा ततः कार्य्यो न्यासो गीतविशारदैः ॥१९४॥
[5]घनद्रुता घनप्रासा यत्या च घनया युता[6] ।
एकतालाख्यतालेन गेया स्यादेकतालिका ॥१९५॥
आलापनिर्मितः [7]कैश्चिदस्या उद्ग्राह इष्यते ।
(इत्येकताली)
(इति शुद्धसूडाः)

**अथ सालगसूडक्रमं वक्ष्ये—**

आदौ ध्रुवस्ततो[8] मण्ठः प्रतिमण्ठश्च[9] लम्भकः ॥१९६॥

---

अन्य लोगों ने जो गण मात्रा आदि के भेद से त्रिविध रासक कहा है, उसके कहीं लक्ष्य में दर्शन नहीं होते। कुछ पूर्वाचार्य्यों ने 'रासक' में आलाप भी बताया है, कुछ लोगों का कथन है कि रासक में एक पद का उद्ग्राह होता है ॥१९२॥

(यह रासक हुआ)

दो बार उद्ग्राह, दो बार ध्रुव, एक बार आभोग, पुनः ध्रुव और पुनः न्यास (एकताली में है) एकताली घनद्रुत, घनप्रास और घनयति रख कर एकताल में गाई जानी चाहिये। कुछ लोगों की दृष्टि में इसका उद्ग्राह आलापनिर्मित होता है।

(यह एकताली हुआ)

(शुद्ध सूड समाप्त हुए)

अब सालग सूडों का क्रम कहूँगा—

ध्रुव, मण्ठ, प्रतिमण्ठ, लम्भक, अड्डताली, रासक और एकताली (ये सालग सूड प्रबन्ध हैं)।

---

१. (क) रासकः । २. (क) रासके । ३. (क) रागकं । ४. (क) रागक । ५. (क) घनाद्रुत । ६. (क) युनः । ७. (क) शोश्च । ८. (क) ध्रुवा मट्ठा । ९. (क) प्रतिवट्ठा । *त्रिविधश्शार्ङ्गदेवोक्तः ।

[1]अड्डताली रासकश्च ह्यैकताली च कीर्तिता ।
आदौ पादौ समगणयुतौ[2] धातुसाम्यौ ततस्तत्[3] ।
तुल्यो वाऽङ्घ्रिस्त्वधिक[4] इतरो धातुनान्येन युक्तः ।
स्यादुद्ग्राहेऽत्र पदसहितो गेय एव द्विवारं ।
त्वङ्घ्रीगीत्वा सकृदपि पुनर्न्यस्यते[5] चोद्ग्रहे सः ॥१९७॥

**स ध्रुव एकादशधा—**

[6]शशिहासहंसमाधवनीलोत्पलतापसप्रजानाथाः ।
हरिहरनरपतिशक्रा एकादश ते क्रमादुक्ताः ॥१९८॥
भवति शशाङ्कः क्रमशो मधुरतरो मन्द्रमध्यताराख्ये ।
तेषामपि विशदानां[7] व्युत्क्रमतो जायते [8]हासः ॥१९९॥
तेषामपि स्फुटानां मध्यादीनामसौ हंसः ।
सुकुमाराणां तेषां मध्यान्तानां वसन्ताख्यः ॥२००॥

---

आरम्भ के दो पादों में गण और गेयपक्ष समान हों, तत्पचात् वैसा ही दूसरा चरण अन्य गेय से युक्त उद्ग्राह में हों, इसे पदसहित गाकर दो चरणों का गान करने और उद्ग्राह द्वारा ही न्यास करने से 'ध्रुव' होता है, वह ग्यारह प्रकार का है ॥१९९॥

उन ग्यारह ध्रुवों के नाम क्रमशः शशी, हास, हंस, माधव, नीलोत्पल, तापस, प्रजानाथ, हरि, हर, नरपति और शक्र हैं ॥१९७॥

क्रमशः मन्द्र, मध्य और तार में मधुरतर होने वाला 'शशी' और इसके विपरीत क्रम से मधुरतर होने वाला ध्रुव 'हास' होता है ॥१९८॥

मध्य, मन्द्र, तार में यदि क्रमशः मधुरता स्पष्ट होती तो 'हंस', और मन्द्र, तार मध्य में क्रमशः यह विशेषता हो, तो 'वसन्त' होता है ॥१९९॥

यदि मन्द्र, मध्य, तार में क्रमशः 'विकास' हो, तो कुमुद (नीलोत्पल)', यदि उनमें प्रसाद गुण और 'लीन' गमक हो, तो 'तापस' होता है ॥२००॥

---

११ (क) अड्ठताता । १२. (क) समणयुतौ । १३. (क) शतस्त । १४. (क) तदेक । १ण. (क) नश्यते । १. (क) मानव । २. (क) विषदानां ।
३. (ख) भासः ।

तेषां विकासभाजामभिपूर्वाङ्को[1] भवेत्कुमुदः ।
तेषां [2]प्रसन्नभाजां लीनानां तापसो भवति ॥२०१॥
प्रचुरस्फुरितैस्तैरपि सुव्यक्तो भवति कमलभवः ।
तैरेव [3]तिरिपुबहुलैः कमलापतिनामको भवति ॥२०२॥
तैरेव [4]तिरिपुभिन्नैश्शैलसुतावल्लभो भवति ।
[5]तैरान्दोलित बहुलैर्जयितासौ वसुन्धराधीशः ॥२०३॥
तैरेव कम्पबहुलैः सहस्रनयनाभिधो भवति ।

(इत्येकादश ध्रुवाः)

[6]मट्टश्च प्रतिमट्टश्चलम्भकश्चाड्डतालिका ॥२०४॥
रासकश्चैकताली च [7]ध्रुवकेणपिगीयते ।
गेयः [8]स्यात्सकृदुद्ग्राहो द्विवारं ध्रुवकस्तथा ॥२०५॥
गीत्वाभोगं सकृन्न्यासः ध्रुवो [9]लम्भकजातिकः ।
[10]मट्टादितालषट्केन यदा गीयेत लम्भकः ॥२०६॥

---

उनमें यदि 'स्फुरित' गमकों का प्राचुर्य्य हो तो 'कमलभव' और 'तिरिपु' गमकों की बहुलता से 'कमलापति' होता है ॥२०१॥

'तिरिपु' और भिन्नयमक क्रमशः तीनों में होने पर 'हर' और 'आन्दोलित' यमकों की बहुलता से 'नरपति' होता है ॥२०२॥

यदि तीनों स्थान 'कम्पित' नामक गमकोंसे युक्त हों तो 'शक्र' होता है ।

(ये ग्यारह ध्रुव हुए)

मट्ट, प्रतिमट्ट, लम्भक, अड्डताली, रासक और ध्रुवक के द्वारा भी गाये जाते हैं । एक बार उद्ग्राह दो बार ध्रुव, तत्पश्चात् आभोग गाकर न्यास करने से 'लम्भक' ध्रुव होता है ॥२०३, २०५॥

जब 'लम्भक' को मट्ट इत्यादि छः तालों से गाया जाता है, तब 'लम्भक' का नामकरण ताल के अनुसार हो जाता है ॥२०६॥

---

१. (ख) द्रुवाङ्को । २. (क) प्रसङ्ग भाजां । ३. (क) तीरेषु । ४. (क) त्रिषु । ५. (क) तैरान्दोलितैर्ज्जयिते । ६. (क) मट्टा च प्रतिमट्टा च । ९. (क) ध्रुवः केनापि । १०. (क) स्या सद्रुमद्राहो । ११. (क) लम्बक । १२. (क) महादि ।

तत्तत्तालाभिधानेन लम्भकं कथयन्ति च ।
गुण्डक्रीः गूर्जरी चैव रामक्रीः [1]कलमञ्जरी ॥२०७॥
छायागौडश्च देशाख्या वराटी कथिता तथा ।
बुधैः सालगनाट्टा च रागास्सालगसंज्ञिताः ॥२०८॥
छायायामलमित्यर्थं[2] गीयत इति छायालगम् ।
(तदेव सालगमिति प्रसिद्धम्)

**अथगानक्रमः—**

एकैकशोऽपि[3] गातव्यः प्रबन्धो विनियोगतः ॥२०९॥
चमत्कारं जनयितुं विनोदेषु सभापतेः ।
अनुसारस्सानुसारः[4] [5]तथोत्तराभिधः परः ॥२१०॥
खल्लोत्तरं च कुरुपुः पट्टान्तरनवान्तरौ[6] ।
उच्यते समयस्तस्माद् विज्ञेयं परिवर्तनम् ॥२११॥
नवधा रूपकं प्रोक्तं, गीतविद्याविचक्षणैः ।
क्रमेण लक्षणं तेषां वक्ष्ये लक्ष्यानुसारतः ॥२१२॥

---

गुण्डक्री, गुर्जरी, रामक्री, कलमञ्जरी, छायागौड, देशाख्या, और वराटी 'सालग' नामक राग हैं ॥२०८॥

इनका छाया में गाना पर्य्याप्त है, इसीलिए ये 'छायालग' या 'सालग' कहलाते हैं ।

अब गाने का क्रम बताया जाता है :—

सभापति की विनोदगोष्ठियों में चमत्कारोत्पादन के लिए एक एक प्रबन्ध भी विनियोगपूर्वक गाना चाहिये । अनुसार, सानुसार, उत्तर, खल्लोत्तर, कुरुपु, पट्टान्तर, नवान्तर, समय और परिवर्तन, रूपक के ये नौ प्रकार हैं, लक्ष्य के अनुसार क्रमशः उनके लक्षण कहूंगा ॥२०९, २१२॥

ताल और राग में प्रमाणित, पूर्व वस्तु के सदृश नवीन 'वस्तु' अनुसार है, जैसे दर्पण में प्रतिबिम्ब हो ॥२१२॥

---

१. (क) फलमञ्जरी । २. (क) छाययामल (ख) छाययामल । ३. एकैकस्सोंपि ।
४. (क) रसानुसारः । ५. (क) ततोत्ताराभिदः । ३. (क) नवौततः ।

तालरागप्रमेयञ्च सदृशं पूर्ववस्तुनः ।
नवं वस्त्वनुसाराख्यं दर्पणे प्रतिबिम्बवत् ॥२१३॥
इदमेव गुणैरीषत्सदृशं पूर्ववस्तुनः ।
सानुसाराभिधं ज्ञेयं गीतलक्षणकोविदैः ॥२१४॥
सममात्रं विशिष्टार्थं किंचित्तालविलम्बितम् ।
[1]कडालश्रुतिसंयुक्तमुत्तरं[2] गीतमुच्यते ॥२१५॥
स्वस्थानकपरित्यागात् स्थायानेवादिरूपके[3] ।
[4]नीचोच्चस्थानकैरन्यगानं खल्लोत्तरं[5] विदुः ॥२१६॥
एकस्यैवपदार्थस्य बहूनां वोपमादिभिः ।
[6]यः स्यादिष्टार्थनिर्वाहः कुरुपुः परिकीर्तितः ॥२१७॥
परीक्ष्यमाणयोस्तज्ज्ञैरुभयोर्यदि वस्तुनोः ।
गुणाधिक्यमनिश्चेयं पट्टान्तरमिति स्मृतम् ॥२१८॥
अर्थभाषाक्रियारागधातुमातुलयेषु च ।
[7]रसरीत्योर्नवत्वं यन्नव इत्यभिधीयते ॥२१९॥

---

यदि यह गुणों के द्वारा पूर्व वस्तु के साथ कुछ सादृश्य रखती हो, तो 'सानुसार' है ॥२१३॥

यदि विशिष्टार्थयुक्त, सममात्रामय और कुछ विलम्बित ताल से युक्त, एवं कडालश्रुतिसंयुत हो, तो 'उत्तर' गीत है ॥२१५॥

पूर्वरूपक में गाये हुए 'स्थान' का परित्याग करके उन्हीं स्थायों को अपेक्षया नीचे ऊँचे अन्य 'स्थानों' द्वारा गाने से 'खल्लोत्तर' होता है ॥२१६॥

एक ही पदार्थ का अनेक उपमा इत्यादि के द्वारा इष्टार्थनिर्वाह 'कुरुप' कहलाता है ॥२१७॥

यदि विशेषज्ञ परीक्षणीय दोनों वस्तुओं में गुणाधिक्य के अनुसार तारतम्य निश्चित न कर सकें तो 'पट्टान्तर' कहा जाता है ॥२१८॥

अर्थ, भाषा, क्रिया, धातु, मातु और लय में रस-रीति की नवीनता हो तो 'नव' कहलाता है ॥२१९॥

---

१. (क) चडाल । २. (क) मुत्तारं । ३. (ख) स्थेया नैवादि । ४. (क) निजोच्च । ५. (क) वल्लोत्तरं । ६. (क) सभ्या । ७. (क) रसरीत्यार्णवत्वम् ।

Scanned with OKEN Scanner

तत्तत्तालाभिधानेन लम्भकं कथयन्ति च ।
गुण्डक्रीः गूर्जरी चैव रामक्रीः [1]कलमञ्जरी ॥२०७॥
छायागौडश्च देशाख्या वराटी कथिता तथा ।
बुधैः सालगनाट्टा च रागास्सालगसंज्ञिताः ॥२०८॥
छायायामलमित्यर्थं[2] गीयत इति छायालगम् ।
(तदेव सालगमिति प्रसिद्धम्)

अथगानक्रमः—

एकैकशोऽपि[3] गातव्यः प्रबन्धो विनियोगतः ॥२०९॥
चमत्कारं जनयितुं विनोदेषु सभापतेः ।
अनुसारस्सानुसारः[4] [5]तथोत्तराभिधः परः ॥२१०॥
खल्लोत्तरं च कुरुपुः पट्टान्तरनवान्तरौ[6] ।
उच्यते समयस्तस्माद् विज्ञेयं परिवर्तनम् ॥२११॥
नवधा रूपकं प्रोक्तं, गीतविद्याविचक्षणैः ।
क्रमेण लक्षणं तेषां वक्ष्ये लक्ष्यानुसारतः ॥२१२॥

---

गुण्डक्री, गुर्जरी, रामक्री, कलमञ्जरी, छायागौड, देशाख्या, और वराटी 'सालग' नामक राग हैं ॥२०८॥

इनका छाया में गाना पर्य्याप्त है, इसीलिए ये 'छायालग' या 'सालग' कहलाते हैं ।

अब गाने का क्रम बताया जाता है :—

सभापति की विनोदगोष्ठियों में चमत्कारोत्पादन के लिए एक एक प्रबन्ध भी विनियोगपूर्वक गाना चाहिये । अनुसार, सानुसार, उत्तर, खल्लोत्तर, कुरुपु, पट्टान्तर, नवान्तर, समय और परिवर्तन, रूपक के ये नौ प्रकार हैं, लक्ष्य के अनुसार क्रमशः उनके लक्षण कहूंगा ॥२०९, २१२॥

ताल और राग में प्रमाणित, पूर्व वस्तु के सदृश नवीन 'वस्तु' अनुसार है, जैसे दर्पण में प्रतिबिम्ब हो ॥२१२॥

---

१. (क) फलमञ्जरी । २. (क) छाययामल (ख) छाययामल । ३. एकैकस्सोंपि । ४. (क) रसानुसारः । ५. (क) ततोत्ताराभिदः । ३. (क) नवौततः ।

तालरागप्रमेयञ्च सदृशं पूर्ववस्तुनः ।
नवं वस्त्वनुसाराख्यं दर्पणे प्रतिबिम्बवत् ॥२१३॥
इदमेव गुणैरीषत्सदृशं पूर्ववस्तुनः ।
सानुसाराभिधं ज्ञेयं गीतलक्षणकोविदैः ॥२१४॥
सममात्रं विशिष्टार्थं किंचित्तालविलम्बितम् ।
[1]कडालश्रुतिसंयुक्तमुत्तरं[2] गीतमुच्यते ॥२१५॥
स्वस्थानकपरित्यागात् स्थायानेवादिरूपके[3] ।
[4]नीचोच्चस्थानकैरन्यगानं खल्लोत्तरं[5] विदुः ॥२१६॥
एकस्यैवपदार्थस्य बहूनां वोपमादिभिः ।
[6]यः स्यादिष्टार्थनिर्वाहः कुरुपुः परिकीर्तितः ॥२१७॥
परीक्ष्यमाणयोस्तज्ज्ञैरुभयोर्यदि वस्तुनोः ।
गुणाधिक्यमनिश्चेयं पट्टान्तरमिति स्मृतम् ॥२१८॥
अर्थभाषाक्रियारागधातुमातुलयेषु च ।
[7]रसरीत्योर्नवत्वं यन्नव इत्यभिधीयते ॥२१९॥

---

यदि यह गुणों के द्वारा पूर्व वस्तु के साथ कुछ सादृश्य रखती हो, तो 'सानुसार' है ॥२१३॥

यदि विशिष्टार्थयुक्त, सममात्रामय और कुछ विलम्बित ताल से युक्त, एवं कडालश्रुतिसंयुत हो, तो 'उत्तर' गीत है ॥२१५॥

पूर्वरूपक में गाये हुए 'स्थान' का परित्याग करके उन्हीं स्थायों को अपेक्षया नीचे ऊँचे अन्य 'स्थानों' द्वारा गाने से 'खल्लोत्तर' होता है ॥२१६॥

एक ही पदार्थ का अनेक उपमा इत्यादि के द्वारा इष्टार्थनिर्वाह 'कुरुप' कहलाता है ॥२१७॥

यदि विशेषज्ञ परीक्षणीय दोनों वस्तुओं में गुणाधिक्य के अनुसार तारतम्य निश्चित न कर सकें तो 'पट्टान्तर' कहा जाता है ॥२१८॥

अर्थ, भाषा, क्रिया, धातु, मातु और लय में रस-रीति की नवीनता हो तो 'नव' कहलाता है ॥२१९॥

---

१. (क) चडाल। २. (क) मुत्तारं। ३. (ख) स्थेया नैवादि। ४. (क) निजोच्च। ५. (क) वल्लोत्तरं। ६. (क) सभ्या। ७. (क) रसरीत्यार्णवत्वम्।

Scanned with OKEN Scanner

[1]गजाद्यारोहणादौ तु समये नृपवर्णनम्[2] ।
तदानीमेव रचितं भवेत्तत्समयाभिधम् ॥२२०॥
रूपकं स्थानके[3] रागे ताले गीयेत गायकैः ।
परिवृत्यान्यथा गीतं तदेव परिवर्तनम् ॥२२१॥
रीतयस्सन्ति कथिताः षडेव कथयामि ताः ।
चोक्षगायनरीतिश्च[4] योगिरीतिः क्वचिद्भवेत् ॥२२२॥
मलिनगायनरीतिश्च रीतिस्सा योषितां क्वचित् ।
क्वचित्पेरणरीतिश्च रीतिः कथकसंज्ञिताः ॥२२३॥
रीतिर्भङ्गिरितिप्रोक्ता रीतिलक्षणकोविदैः ।

इति श्रीमदभयचन्द्रमुनीन्द्रचरणकमलमधुकरायितमस्तक-महादेवार्य्यशिष्यस्वरविमलविद्यापुत्रसम्यक्त्वचूडामणिभरत-भाण्डीकभाषाप्रवीणश्रुतिज्ञानचक्रवर्तिसंगीताकरनामधेयपार्श्व-देव विरचिते संगीतसमयसारे पञ्चमाधिकरणम् ।

---

राजाओं के गजारोहण इत्यादि के समय तत्काल रचित नृपवर्णन 'समय' कहलाता है। दूसरों के द्वारा गाये हुए गीत को अन्य स्थान, राग और ताल में दूसरे ढंग से गाना 'परिवर्तन' है ॥२२०-२२१॥

रीतियाँ छः कही गई हैं, उनका वर्णन करूँगा।

चोक्षगायनरीति, योगिरीति, मलिनगायनरीति, नारियों की रीति, कहीं पेरणरीति और कहीं कथकरीति होती है ॥२२३॥

श्रीमद् अभयचन्द्र मुनीन्द्र के चरण कमलों में मधुकर वत् आचरण करने वाले मस्तक से युक्त महादेव आर्य के शिष्य, स्वर-विद्या से युक्त, सम्यक्त्वचूडामणि, भरत-भाण्डीकभाषाप्रवीण, श्रुतिज्ञानचक्रवर्ती संगीताकर नाम वाले पार्श्वदेव द्वारा विरचित संगीतसमयसार का पंचम अधिकरण पूर्ण हुआ।

---

१. (क) गजश्चारोहणादि ।
२. (क) वर्णनीम् ।
३. (क) रूपके स्थानके ।
४. (क) उक्तगायनरीतिश्च ।

# षष्ठमधिकरणम्

अथ गीतानुगामित्वाद वाद्यमत्र प्रवर्ण्यते[1] ।
उद्देशक्रमतः किञ्चित्[2] सर्वलोकानुरञ्जनम् ॥१॥

चतुर्विधवाद्यम्—

ततं ततोऽवनद्धञ्च घनञ्च सुषिरं तथा ।
चतुर्विधमिदं प्राहुरातोद्यं वाद्यवेदिनः ॥२॥
ततं तन्त्रीगतं ज्ञेयमवनद्धं तु पौष्करम् ।
कांस्यं घनमिति प्रोक्तं सुषिरं सुषिरात्मकम् ॥३॥
वीणा चालावणी चैव किन्नरी लघुपूर्विका ।
वृहत्किन्नरिका चैव शकनीत्यादिकं[3] ततम् ॥४॥
पटहश्च हुडुक्का च ढक्का च तदनन्तरम् ।
मृदङ्गः [4]करटेत्याद्यमवनद्धमुदाहृतम् ॥५॥

---

गीतानुगामी होने के कारण अब उद्देश-पूर्वक लोकानुरञ्जक वाद्य का कुछ वर्णन किया जाता है ॥१॥

वाद्यज्ञों ने चतुर्विध वाद्य, 'तत', 'अवनद्ध', घन और 'सुषिर' कहा है ॥२॥

तन्त्रीयुक्त 'तत', पुष्करवाद्य 'अवनद्ध', कांसे का बना हुआ 'घन' और छिद्रयुक्त वाद्य 'सुषिर' कहलाता है ॥३॥

वीणा, अलावणी, लघुकिन्नरी, बृहत्किन्नरी, शकनी (!) इत्यादि 'तत' हैं ॥४॥

पटह, हुडुक्का, ढक्का, मृदङ्ग, करटा इत्यादि 'अवनद्ध' हैं ॥५॥

---

१. (क) प्रवर्तते । २. (क) किञ्च । ३. (क) चकन्नित्यादिकं ।
४. (क) करडीताद्या ।

तालश्च कांस्यतालश्च घण्टिका क्षुद्रपूर्विका ।
पट्टश्च शुक्तिरित्याद्यं घनवाद्यमुदाहृतम् ॥६॥

वंशश्च[1] महुरी चैव शङ्खः शृङ्गस्तथैव च ।
इत्याद्यनेकधा प्रोक्तं सुषिरं वाद्यवेदिभिः ॥७॥

एकहस्तेन हस्ताभ्यां कोणेनाङ्गुलिभिस्तथा ।
नाना प्रकारैः फूत्कारैः श्रुतिसौख्यविधायिभिः ॥८॥

वहुप्रकारमेवं स्याद् वादनं लोकरञ्जनम् ।

**पञ्चधा वादनभेदा :—**

तत्सर्वं पञ्चधा भूयः शुष्कं गीतानुगं तथा ॥९॥

नृत्यस्य[2] चानुयायिस्यादुभयानुगमीत्यपि ।
तंत्र्याश्चानुगतं प्रोक्तं वाद्यविद्याविशारदैः ॥१०॥

विना गीतंविना[3] नृत्तं वाद्यं शुष्कमुदाहृतम् ।
अन्वर्थसंज्ञया ज्ञेयं शिष्टं वाद्यचतुष्टयम् ॥११॥

---

ताल, कांस्यताल, क्षुद्रघण्टिका, पट्ट और शुक्ति इत्यादि घनवाद्य हैं ॥६॥

वंश, महुरी, शङ्ख, शृङ्ग इत्यादि अनेक सुषिरवाद्य हैं ॥७॥

एक हाथ से, दोनों हाथों से, कोण से, हाथ की अँगुलियों से तथा सुखदायक फूँकों से इन वाद्यों का लोकरञ्जक वादन होता है।

वाद्यविद्याविशारदों ने पाँच प्रकार का वाद्य, 'शुष्क', 'गीतानुग', 'नृत्यानुग', 'गीतनृत्यानुग' और 'तन्त्र्यनुग' कहा है ॥८-१०॥

गीतनृत्तरहित वाद्य 'शुष्क' है, अवशिष्ट चारों वाद्य अन्वर्थ हैं ॥११॥

---

१. (क) मुडुरीक्ष्यैंता ।

२. (क) स्मृत्यस्य । ३. (क) नत्यं ।

अन्यभेदहेतव :—

क्रियाभेदाद् वाद्यभेदात्तथैव[1] व्याप्तिभेदतः ।
वीणाभेदाद् भवन्त्यन्ये तंत्रीसंख्यावशादपि ॥१२॥
भजते सर्ववीणानामेकतन्त्री प्रधानताम् ।

दशविधवीणावाद्यम्*—

छन्दो[2] धारा कैकुटी च कङ्कालो वस्तुतूर्णकौ[3] ।
गजलीलाभिधानञ्च [4]तथैवोपरिवादनम् ।
दण्डकञ्च तथा ज्ञेयं वाद्यं पक्षिरुताभिधम् ॥१४॥
एतद्दशविध[5] नाम्ना वीणावाद्यं समीरितम् ।
खसितेन[6] समायुक्तो बहुधा स्फुरितः करः ॥१५॥
संस्पृष्टतारं छन्दाख्यो यत्या च समलङ्कृतः ।
उत्क्षेपः परिवर्तश्च ताभ्यां स्याद्यत्र कर्तरी ॥१६॥
रेफेण सहिता[7] तद्वदुल्लेखो रेफसंयुतः ।
एवं समुदितं प्राहुर्धाराख्यं [8]वादनं बुधाः ॥१७॥
सुखेन स्फुरितेनापि निर्घोषेण च पाणिना ।
संयुक्तं चार्धकर्तर्या कैकुटीवादनं विदुः ॥१८॥

---

क्रियाभेद, वाद्यभेद, व्याप्तिभेद, वीणाभेद और तंत्रीसंख्याभेद के कारण अन्य प्रकार भी होते हैं ॥१२॥

समस्त वीणाओं में 'एकतंत्री' प्रमुख है ।

छन्द, धारा, कैकुटी, कङ्काल, वस्तु, तूर्णक, गजलील, उपरिवादन, दण्डक तथा पक्षिरुत ये दशविध वीणा वाद्य हैं ।

'खसित' से युक्त, जिसमें हाथ बहुधा स्फुरित हो, तार स्थान का स्पर्श हो रहा हो और जो यति से अलङ्कृत हो वह 'छन्द' है ।

जहाँ उत्क्षेप और परिवर्त से युक्त रेफसहित कर्तरी हो और उल्लेख भी रेफयुक्त हो, उसे बुद्धिमानों ने 'धारा' (दूसरा नाम 'दारा')

---

१. (क) बध्यभेदात् । २. (क) दोरेक कुटज । ३. (क) तूर्णकः । ४. (क) तथोवो । ५. (क) एवद्वशमिदं । ६. (क) स्वस्तिकेन । ७. (क) तद्वा । ८. (क) द्वाराख्यं ।

* दशविधवीणावाद्यलक्षणानि भरतकोषोद्धृतपाठानुसारं संशोधितानि ।

कर्तरीत्रयसंयुक्तं स्फुरितै मूर्च्छितैर्युतम् ।
कङ्कालनामकं वाद्यं प्राहुर्वैणिककोविदाः ॥१९॥
कर्तर्या खसितेनापि कुहरेण परिस्फुटम् ।
तारः संस्पृश्यते यत्र तद्वाद्यं वस्तुसंज्ञकम् ॥२०॥
कर्तरीखसिताभ्यां यत् कुहरेण च सङ्गतम् ।
[1]निर्घोषरेफगमकैस्तूर्णं तत्करणं विदुः ॥२१॥
कर्तया खसितेनापि मूर्च्छितैः[2] स्फुरितैः करैः ।
विरच्यते तु यद्वाद्यं गजलीलमितीरितम् ॥२२॥
अधस्तादुपरिष्टाच्च यत्र[3] पातः करस्य च ।
रेफकर्तरिनिष्कोटैस्तलेनोपरिवाद्यकम् ॥२३॥
निक्षिप्तपरिवर्ताभ्यां[4] कर्तया च सरेफया ।
मानेन खसितेनापि मण्डितं[5] दण्डकं विदुः ॥२४॥

---

वाद्य कहा है स्फुरित और निर्घोष—तथा अर्धकर्तरी से युक्त हाथ से किया जाने वाला वाद्य कैकुटी है ॥१३-१८॥

वैणिकों ने कहा है कि मूर्छित नामक स्फुरितों और तीनों कर्तरियों से युक्त वाद्य 'कङ्काल' हैं ॥१९॥

कर्तरी, खसित तथा कुहर के द्वारा जहाँ तार स्थान का स्पष्ट स्पर्श होता है, वह 'वस्तु' वाद्य है ॥२०॥

निर्घोष और रेफ गमकों के द्वारा 'तूर्ण' करण होता है, जो कर्तरी, खसित और कुहर से सङ्गत हो ॥२१॥

कर्तरी, खसित तथा मूर्च्छित स्फुरित करों से युक्त वाद्य 'गजलील' होता है ॥२२॥

जहाँ रेफ, कर्तरी और निष्कोट के द्वारा, ऊपर नीचे गिरने वाले हस्त और हथेली के द्वारा वादन हो, वह उपरिवाद्य है ॥२३॥

---

१. (ख) भ्रमरैः । २. (ख) मूर्च्छितः । ३. (ख) यवयातः करौ क्रमात् ।
४. (ख) तिक्षिप्य (क) विक्षिप्त । ५. (क) मन्दितं ।

समस्त हस्तसंयोगाद् वाद्यं पक्षिरुतं मतम् ।
इत्युक्तं दशधा वाद्यं गीतलक्षणवेदिभिः ॥२५॥

सकलं निष्कलञ्चेति वाद्यमेतद्द्विधा भवेत् ।
कथितं शङ्करेणेदमेकतंत्रीसमाश्रयम् ॥२६॥

**शङ्करोक्तं द्विविधवाद्यम्—**

तथा[1] जीवा विधातव्या लग्ना[2] नादे यथा भवेत् ।
यत्तया जीव्यते[3] नादस्तेन जीवेति सा मता ॥२७॥

तंत्रिका पत्रिकायां[4] तु किञ्ल्लगति नोऽथवा[5] ।
लग्ना सैव कला ज्ञेया वीणाप्रावीण्यशालिभिः ॥२८॥

तदुक्तं सकलं वाद्यं यत्र स्थूलो भवेद् ध्वनिः ।
असंस्पर्शेन[6] तर्जन्या दोरिकापत्रिकावधि ॥२९॥

---

निक्षिप्त तथा परिवर्त, रेफसहित कर्तरी से युक्त खसित से युक्त वाद्य 'दण्डक' होता है ॥२४॥

'पक्षिरुत' नामक वाद्य समस्त हस्तों के संयोग से होता है। इस प्रकार गीतलक्षणज्ञों ने दशविध वाद्य कहा है ॥२५॥

शङ्करोक्त एकतंत्री वाद्य दो प्रकार का होता है, 'सकल' और 'निष्कल' ॥२६॥

ऐसी जीवा बनाना चाहिये, जिसके लगने पर नाद हो, उसे जीवा इसलिये कहा जाता है कि वह नाद को जीवन देती है ॥२७॥

जबकि तंत्री पत्रिका पर कुछ लगती है और कुछ नहीं लगती, तब लग्ना जीवा 'कला' कहलाती है ॥२८॥

दोरिका तक पत्रिका जब तर्जनी से असंस्पृष्ट हो और ध्वनि स्थूल हो, तो 'सकल' वाद्य कहलाता है ॥२९॥

---

१. (क) जवा। २. (क) लग्नादेव। ३. (क) जीयते।
४. (क) पुत्रिकायां। ५. (क) वाथवा। ६. (क) असंस्पर्शिनि।

सार्य्यते कम्रिका[1] यत्र सकलं तदपि च स्मृतम् ।
विन्दोरुदय[2] सिद्ध्यर्थं जीवाहीना विधीयते ॥३०॥
निषादस्वरतोऽधस्तात् कम्रिका नैव सर्पति ।
यत्र स्यात्तर्जनीस्पर्शो[3] निष्कलं तन्निगद्यते ॥३१॥

त्रिविधैकतंत्रीसारणा—

सन्निविष्टा तथोत्क्षिप्ता[4] तृतीया चोभयात्मिका ।
सङ्गं तंत्र्याः परित्यज्य संसर्पेद्यत्र सारणा ॥३२॥
सन्निविष्टाभिधाना सा सारणा कथिता बुधैः ।
स्पर्शं स्पर्शं समुत्सृज्य तंत्रीमुत्प्लुत्य[5] सारणम् ॥३३॥
यत्रापि[6] सोदितोक्षिप्ता निष्कले सकलेऽथवा ।
भवेत्कुत्रचिदुत्क्षिप्ता संस्पृष्टा कुत्रचिद् भवेत् ॥३४॥
इति [7]क्रियाद्वयोर्योगात्सारणा सोभयात्मिका ।
सारणा त्रिःप्रकारेयमेकतंत्रीसमाश्रिता ॥३५॥

---

(दोरिका से पत्रिका तक अंगुली के असंस्पर्श से) जहां कम्रिका का सारण होता है, वह भी निष्कल कहलाता है। बिन्दु के उदय की सिद्धि के लिए हीन जीवा बनाई जाती है ॥३०॥

निषाद स्वर के नीचे कम्रिका नहीं सरकती, जहाँ तर्जनी का स्पर्श हो, वह 'निष्कल' वाद्य है ॥३१॥

सन्निविष्टा, उत्क्षिप्ता और उभयात्मिका (ये तीन प्रकार की सारणाएँ हैं)। तंत्री का सङ्ग छोड़कर सारणा जहाँ सरकती है, वह बुद्धिमानों ने 'संस्पृष्टा' सारणा बताई है।

जहाँ फुदक कर तंत्री का स्पर्श कर करके और छोड़ कर, सकल या निष्कल वाद्य में, सारणा हो वह उत्क्षिप्ता कही गई है। जहाँ कहीं उत्क्षिप्ता कहीं संस्पृष्टा हो, वह 'उभयात्मिका' सारणा है। इस प्रकार एकतंत्रीसमाश्रित ये तीन सारणाएँ हैं ॥३२-३५॥

---

१. (ख) तंत्रिका। २. (क) बिम्बादुदय। ३. (क) स्पर्शात्।
४. (क) क्षिप्ता। ५. (क) मुत्पत्य। ६. (क) यद्यापि। ७. (क) त्रयादयो।

अन्यासामपि[1] वीणानां यथौचित्येन सारणा ।

**हस्ते व्यापारभेदाः —**

घातः पातश्च संलेख उल्लेखश्चावलेखकः ॥३६॥
छिन्नस्सन्धितसंज्ञश्च भ्रमरश्चेति दक्षिणे ।
हस्ते व्यापारभेदाः स्युर्वामे स्फुरितघर्षणे ॥३७॥
मध्यमाक्रान्ततर्जन्या [2]यदा तंत्री निहन्यते ।
ततो घातो भवेत्पातस्तर्जन्येवैकया पुनः ॥३८॥
तर्जन्यन्तरघातस्तु संलेखस्समुदाहृतः ।
मध्यमान्तरघातस्तु भवेदुल्लेखसंज्ञकः ॥३९॥
मध्यमाबाह्यघातोऽसाववलेख इति स्मृतः ।
तर्जनीपार्श्वसंलग्ना हतानामिकया बहिः ॥४०॥
तंत्री यदा तदा ज्ञेया घातश्छिन्नभिधानवान् ।
मध्यमानामिकाभ्यां तु बहिस्तंत्री यदा हता ॥४१॥

---

अन्य वीणाओं की सारणाएँ भी औचित्य के अनुसार होती है ।

घात, पात, संलेख, उल्लेख, अवलेख, छिन्न, सन्धित और भ्रमर ये दाहिने हाथ में तथा स्फुरित और घर्षण बायें हाथ में व्यापारभेद हैं ॥३६, ३७॥

जहाँ मध्यमा से आक्रान्त तर्जनी से तंत्री का हनन हो वहाँ 'घात' और केवल तर्जनी के द्वारा हनन 'पात' होता है ॥३८॥

तर्जनी के द्वारा अन्तरघात 'संलेख' और मध्यमा के द्वारा 'उल्लेख' कहलाता है ॥३९॥

मध्यमा के द्वारा बाह्यघात 'अवलेख' कहलाता है ।

तर्जनी के पार्श्व से संलग्न तंत्री पर जब अनामिका द्वारा बहिर्घात होता है, तब 'छिन्न' कहलाता है ।

मध्यमा और अनामिका के द्वारा तंत्री पर होने वाला बहिर्घात 'सन्धित' कहा गया है । चारों अँगुलियों से द्रुत अन्तरघात 'भ्रमर' है ।

---

१. (क) अन्यानामपि । २. (क) त्रान्त ।

तदा विचक्षणैरुक्तो घातोऽसौ सन्धिताह्वयः[1] ।
अङ्गुलीभिश्चतसृभिरन्तराहननं द्रुतम् ॥४२॥

यदा विरच्यते घातस्तदा भ्रमरको भवेत् ।
तंत्रीपृष्ठे तु संलग्ना वेपते[2] यत्र सारणा ॥४३॥

ख्यातः स्फुरितसंज्ञोऽसौ घर्षणात्खसितः [3]पुनः ।
अङ्गुलीभिश्चतसृभिः प्रत्येकं हस्तयोर्द्वयोः ॥४४॥

**उभयहस्तव्यापारा :—**

बहिर्या हन्यते[4] तंत्री द्रुतं सा कर्तरीमता ।
चतुर्भिर्नखरैः[5] युक्तै दक्षिणेनैव पाणिना ॥४५॥

आहतिः[6] क्रियते या तु सा ज्ञेया नखकर्तरी ।
कर्तरीसदृशः पाणिर्दृश्यते[7] यत्र दक्षिणः ॥४६॥

तथा कोणाहतिर्वामपाणिना सार्धकर्तरी ।
घातोऽनामिकयास्त्वन्तः सव्यमध्यमया बहिः ॥४७॥

---

जहाँ तंत्रीपृष्ठ से संलग्न सारणा कम्पित होती है, वह 'स्फुरित' है, घर्षण से 'खसित' होता है ॥४३॥

दोनों हाथों में से प्रत्येक की चारों अँगुलियों से जब द्रुत गति में तंत्री का बहिर्घात होता है, तब 'कर्तरी' होती है ।

जब दाहिने हाथ के द्वारा चारों नखों से आघात हो, तो वह 'नख-कर्तरी' है ।

जब दाहिना हाथ कर्तरी की भाँति हो और बायें हाथ से कोण का आघात हो, तो 'अर्धकर्तरी' है ॥४७॥

जब अनामिका के द्वारा अन्तर्घात हो, बायें हाथ की मध्यमा से बहिर्घात, तो वीणावादन में यह 'रेफ' कहलाता है ।

---

१. (क) सन्धिका । २. (क) वृपते । ३. (क) द्वसितः । ४. ध्वन्यते ।
५. (क), (ख) यत्तु । ६. (क) आहतः । ७. (क) सदृशे ।

Scanned with OKEN Scanner

तदासौ[1] रेफनामा स्याद् वीणावादनकर्मणि ।
सारणायाः[2] परित्यागे तर्जन्या यदि हन्यते ॥४८॥

तंत्रीनादस्सद्भूतो [3]नाम्ना निष्कोटितस्तदा[4] ।
तर्जन्याद्यं कनिष्ठाद्यं द्विरूपं परिवर्तनम् ॥४९॥

तयोः पार्श्वेन संस्पर्शाद् भ्रमणे रेचिते करे ।
यदा[5] द्रुतं स्वरस्थाने[6] कम्रिकाभ्येति सारिता ॥५०॥

करः स मूर्च्छनाभिख्यो वैणिकैरभिधीयते ।
साङ्गुष्ठाः[7] कुञ्चिताः[8] किञ्चित् चतस्रोऽङ्गुलयो यदा ॥५१॥

कनिष्ठाङ्गुष्ठयोः स्पर्शात् कथितः कुहरः करः ।
[9]अङ्गुष्ठपार्श्वमिलिता कर्तरी च प्रहन्यते ॥५२॥

कनिष्ठासारणाभ्यां च तदा निर्घोष उच्यते[10] ।
उत्क्षिप्य हन्यते तंत्री शीघ्रं सारणया यदि ॥५३॥

---

जब सारणा के परित्याग में तर्जनी के द्वारा धात किया जाता है, तब उत्पन्न तंत्रीनाद 'निष्कोटित' कहलाता है। 'परिवर्तन' दो प्रकार का है 'तर्जन्याद्य' और 'कनिष्ठाद्य' ॥४९॥

पार्श्व के द्वारा उन दोनों के स्पर्श से भ्रमण होने और कर के रेचित होने पर जब द्रुत गति से कम्रिका स्वरस्थान पर पहुँचती है, तो यह करव्यापार 'मूर्च्छना' कहलाता है।

जब चारों अँगुलियाँ और अँगूठा कुछ सिकुड़े हों, तब कनिष्ठा और अंगुष्ठ के स्पर्श से 'कुहर' हस्त होता है ॥५२॥

कनिष्ठा और सारणा से जब अंगुष्ठ के पार्श्व से मिली हुई कर्तरी का हनन होता है, तब निर्घोष कहलाता है ॥५३॥

---

१. (क) सारिघ। २. (क) सारिणा पपरित्यागे। ३. (क) नादस्तदुद्भूतो।
४. (क) निष्टोदित। ५. (क) यदादृशं स्वस्थाने। ६. (क) कर्मिकारव्येन सा मता।
७. (क) साङ्गष्ठः। ८. (क) कञ्चितः। ९. (क) आङ्गष्ठ। १०. (क) मुच्यते।

दक्षिणे कर्तरी युक्ता तदा स्खलितको[1] भवेत् ।
तर्जन्यङ्गुष्ठयोरग्रभागमात्रेण[2] घर्षणम् ॥५४॥
तत्र्या यदा[3] तदा ज्ञेयः शुकवक्त्राभिधः करः ।
तर्जन्या धार्य्यते[4] नादो घातोऽनामिकया बहिः[5] ॥५५॥
[6]यदा तदा परिज्ञेयो बिन्दुर्नाम्ना[7] विचक्षणैः ।

**वरो वैणिक :—**

जितेन्द्रियः प्रगल्भश्च स्थिरासनपरिग्रहः[8] ॥५६॥
शरीरसौष्ठवोपेतः करयोर्विजितश्रमः ।
सुशारीरो भयत्यक्तो[9] रागरागाङ्गतत्ववित् ॥५७॥
[10]गीतवादनदक्षश्च वैणिकः[11] कथितो वरः ।
(इत्येकतंत्रीवीणावादनलक्षणम्)

**आलावणीवादनम्—**

वाद्यं लावणिका तज्ज्ञैर्निष्कलक्रमयोगतः ॥५८॥
मन्द्रे मध्ये च तारे च बिन्दुः स्यात् स्थानकत्रये ॥
आलावण्यां विधातव्यो मुक्तको[12] मध्यमः स्वरः ॥५९॥

---

दाहिने हाथ में कर्तरी से युक्त तंत्री का जब उत्क्षेपपूर्वक सारणा के द्वारा हनन किया जाता है, तब 'स्खलितक' होता है। जब तर्जनी और अंगुष्ठ के अग्रभाग से तंत्री का घर्षण होता है, तब 'शुकवक्त्र' हस्त होता है। जब तर्जनी के द्वारा नाद का धारण हो और अनामिका के द्वारा बहिर्घात हो तब 'बिन्दु' होता है।

जितेन्द्रिय, प्रगल्भ, स्थिर आसन और परिग्रह से युक्त, शरीर सौष्ठवसम्पन्न, हाथों के द्वारा श्रमजयी, सुशारीर, निर्भय, राग-रागाङ्ग का तत्वज्ञ तथा गीतवादन में दक्ष वैणिक श्रेष्ठ है ॥५७॥
(एक तंत्री वीणा वादन लक्षण सम्पन्न हुआ)

निष्कल क्रम के योग से विशेषज्ञों द्वारा आलावणीवादन होता है।

---

१. छ्वसितको (ख) स्वसितको। २. (क) रत्र। ३. (क) यवा। ४. (क) वार्यते। ५. (क) विधिः। ६. (क) परातरा। ७. (क) विदु। ८. (क) परूपमः। ९. (क) भव। १०. (क) वादक नृत्यैश्च। ११. (क) वैदिकः। १२. (क) मुक्तपराक्षरं संयुक्तम्।

Scanned with OKEN Scanner

वामहस्तस्य तर्जन्या जायते पञ्चमः स्वरः ।
धैवतो मध्यमाङ्गुल्या निषादः स्यात् कनिष्ठया ॥६०॥
ततस्तु[1] मुक्तकः कार्य्यः स्वरः षड्जाभिधानवान् ।
ऋषभः पञ्चमस्थाने तर्जन्या तदनन्तरम् ॥६१॥
गान्धारो धैवतस्थाने मध्यमाङ्गुलिको भवेत् ।
अथ दक्षिणहस्तेन सारणा मूर्च्छना क्रमात् ॥६२॥
गम्यते[2] सप्तकद्वन्द्वमारोहिण्यवरोहिणि ।
स्वराणां नियमाद्रागेष्वङ्गुलीनियमो नहि ॥६३॥

**अन्या वीणाः—**

द्वितुम्बी किन्नरी लघ्वी बृहती तु त्रितुम्बिका ।
कथिता पञ्चतंत्रीतिच्छकिनी वाद्यवेदिभिः ॥६४॥
तत्तद्यन्त्रवशादासां[3] वाद्यभेदस्त्वनेकधा ।
ततवाद्यमिति प्रोक्तमवनद्धमथोच्यते[4] ॥६५॥

(इति ततवाद्यम्)

---

उसके मन्द्र, मध्य एवं तार इन तीन साधनों में बिन्दु' होता है। आलावणी में मध्यम मुक्त रखना चाहिये। बायें हाथ की तर्जनी से पञ्चम, मध्यमाङ्गुलि से धैवत, कनिष्ठा से निषाद तत्पश्चात् षड्ज नामक स्वर मुक्त होता है। तत्पश्चात् तर्जनी से पञ्चम के स्थान पर ऋषभ होता है ॥६१॥

धैवत के स्थान पर मध्यमा अङ्गुली से गान्धार होता है। मूर्च्छना-क्रम से दाहिने हाथ के द्वारा सारणा होती है तथा आरोह एवं अवरोह में नियमपूर्वक दो सप्तकों की प्राप्ति होती है ॥६२, ६३॥

स्वरों के नियम के अनुसार रागों में अङ्गुली-नियम नहीं है।

'द्वितुम्बी लघुकिन्नरी होती है, वृहती किन्नरी त्रितुम्बिका होती है तथा वाद्य के विशेषज्ञों ने शकिनी पंचतंत्री बताई है ॥६४॥ वाद्यों को यंत्र (बनाबट) भेद से बजाने का ढङ्ग अनेक प्रकार का है। इस प्रकार ततवाद्य का वर्णन कर दिया, अब अवनद्ध कहा जाता है ॥६५॥

(ततवाद्य समाप्त हुआ)

---

१. (क) ततप्सुमुक्तकः । २. (क) वाद्य स्य । ३. (क) बशासान्ता । ४. (क) अवनथ ।

**पटहवर्णाः—**

झेङ्कारमुद्दलीजातं[1] देङ्कारङ्कवलोद्भवम् ।
प्राहुरेवं विभागेन वाद्यविद्याविशारदाः ॥६६॥
कवर्गश्च तवर्गश्च टवर्गश्च ढवर्जितः[2] ।
भवेयुः पटहे वर्णा रहाभ्यां सह षोडश ॥६७॥

**हुडुक्कावर्णाः—**

वादनाय हुडुक्कायामक्षराणि प्रचक्ष्महे ।
तवर्गश्च टवर्गश्च[3] रहाभ्यां सहितावुभौ ॥६८॥
कवर्गः पंचमन्यूनःप्रोक्तान्येतानि षोडश ।
झेङ्कारस्य हुडुक्कायां सञ्चो[4] मुख्यः प्रकीर्तितः ॥६९॥
ढक्कावर्णादिकं सर्वं हुडुक्कासममिष्यते ।
वादनाय ततो वाद्यं वस्तूनां कथ्यतेऽधुना ॥७०॥
हस्तलक्षणमेतेषां व्यक्तोदाहरणैः सह ।

**अष्टधा हस्ताः—**

उत्फुल्लः खलकश्चैव[5] पाण्यन्तरनिकुट्टकः ॥७१॥

---

पटह की बाईं पुडी में 'झङ्कार' और दाईं पुडी में 'देङ्कार' की उत्पत्ति होती है। वाद्यज्ञों ने विभागपूर्वक इस प्रकार कहा है कि पटह में कवर्ग, तवर्ग, ढकाररहित टवर्ग तथा रेफ और हकार ये सोलह वर्ण होते हैं ॥६६, ६७॥

अब हुडुक्का में बजाने के लिए अक्षर कहते हैं। तवर्ग, टवर्ग, ङकार रहित कवर्ग, रेफ और हकार ये सोलह वर्ण हुडुक्का में हैं। हुडुक्का में झेङ्कार का सञ्च मुख्य है ॥६९॥

ढक्का आदि वाद्यों में भी हुडुक्का के समान ही समस्त वर्ण हैं। अब वस्तुओं के वादन के लिए 'बाज' और स्पष्ट उदाहरणों सहित इनका हस्तलक्षण कहा जाता है।

उत्फुल्ल, खलक, पाव्यन्तर निकुट्टक, दण्डहस्त, युगहस्त, स्थूल-

---

१. (क) मुदली। २. (क) झंकारतबलोद्भवम्। ३. (क) डवर्जित। ४. (क) दिवर्गश्च
५. पञ्चमुख्यं प्रकीर्तितः। ६. (क) चलकश्चैत। ७. (क) निगूहकः।

दण्डहस्तोऽथ युग्मः स्यात्[1] [2]स्थूलहस्तस्ततः परम् ।
पिण्डहस्तः स्मृतश्चोर्ध्वहस्तः इत्यष्टधा बुधैः ॥७२॥

**अष्टविधहस्तलक्षणम्—**

अथैतेषां प्रवक्ष्यामि लक्षणञ्च प्रयोगतः ।
हस्तेभ्यः शब्दनिष्पत्तिर्जायते हि परिस्फुटम् ॥७३॥
शब्देभ्यः पदनिष्पत्तिः पदेभ्यः पाटसम्भवः ।
पाटेभ्यो जायते वाद्यं वस्तुवर्गो यथाक्रमम् ॥७४॥
ये पताकादयो हस्ताः **नाट्यशास्त्रे** व्यवस्थिताः ।
तेषु केचन कथ्यन्ते हस्तवाद्योपयोगिनः ॥७५॥

**उत्फुल्ल :—**

अलपद्माह्वयो[3] हस्तो यदा वाद्य[4] निवेश्यते ।
लघुपाटे[5] नखाघातादुत्फुल्लोऽसौ तदा भवेत् ॥७६॥
यथा[6] 'कग्रोम् कग्रोम्' (कह्लं इति शार्ङ्गदेवः)*

**खलक :—**

यदा प्रसारिताङ्गुष्ठः शुकतुण्डो विधीयते ।
विरलाङ्गुलिघातेन क्रमेण खलकस्तदा ॥७७॥

---

हस्त, पिण्डहस्त और ऊर्ध्वहस्त ये आठ प्रकार के हस्त हैं ॥७०-७२॥

अब प्रयोगपूर्वक इनके लक्षण कहूंगा। हस्तों से स्पष्टतया शब्द की निष्पत्ति होती है शब्दों से 'पद', पदों से 'पाट' और पाटों से क्रमशः वस्तु वर्ग उत्पन्न होता है। नाट्यशास्त्र में जो पताका इत्यादि हस्त व्यस्थित हैं, उनमें से वाद्योपयोगी कुछ कहे जा रहे हैं ॥७३-७५॥

लघुपाट में नखाघात से जब अलपद्म नामक हस्त का घात होता है, तो 'उत्फुल्ल' होता है :—जैसे 'कग्रोम्' ॥७६॥

जब अँगूठा फैला हुआ होने के कारण शुकतुण्ड हो, तो उसकी छिदरी अँगुलियों के आघात से 'खलक' होता है। जैसे 'थोंकिटकिट तकिटाम्' ॥७७॥

---

१. (क) स्य । २. (क) तोरहस्तः । ३. (क) अहपद्मा । ४. (क) वद्यं ।
५. (क) लघुपाठेन चाघात् । ६. (क) ह्रोंकहें ।
*शार्ङ्गदेवोद्धरणानि न मूलस्थानि ।

यथा[1]-थोंकिटकिट तकिटाम्' (दांगिडगिडदगिदां इति शार्ङ्गदेवः)

**पाण्यन्तरनिकुट्टक :—**

वामेतरस्य हस्तस्य तर्जन्यङ्गुष्ठघाततः ।
परिज्ञेयोर्बुधैर्हस्तः पाण्यन्तरनिकुट्टकः ॥७८॥

यथा—डेंकिट तंकिट ढकिटतंकिटात्व[2] ।
(दगिडदाँ खरिक्क खरिक्क दाँ दां खरिखरिदाँ गिडदाँ इति शार्ङ्गदेवः)

**दण्डहस्तः—**

पताकाकारहस्ताभ्यामुभाभ्यामूर्ध्वताडनात्[3] ।
दण्डहस्ताभिधं हस्तं विदुर्वाद्यविशारदाः ॥७९॥

—यथा-था[4]था था था (दातरिकिटदां खरिखरिदां, इति शार्ङ्गदेवः)

**युगहस्तः—**

विरलाङ्गुलिघातेन पताकाभ्यां यदा भवेत् ।
रेफैरेवोर्ध्वहस्ताभ्यां ताडनाद् युगहस्तकः[5] ॥८०॥

यथा[6]र र र र् (द्रें द्रें दां दां इति शार्ङ्गदेवः)

**स्थूलहस्तः—**

ऊर्ध्वघातद्वयं[5] कृत्वा तालहस्तेन[6] हन्यते ।
पटहस्य पुटद्वन्द्वं [7]स्थूलहस्तस्तदा भवेत् ॥८१॥

---

दाहिने हाथ की अंगुली और अंगूठे के घात से पाण्यन्तरनिकुट्टक हस्त होता है जैसे—डेंकिट, तंकिट टंकिट तंकिट, त ।

दोनों पताकाकार हस्तों के द्वारा ऊर्ध्वताडन से 'दण्डहस्त' वाद्य वाद्यज्ञों ने बताया है । जैसे 'था था था था' ॥७९॥

(दा तरिकिट दां, खरिखरि दां-यह शार्ङ्गदेव के अनुसार)

दोनों पताकाकार हस्तों के द्वारा छिदरी अँगुलियों के आघात और ऊर्ध्व हस्तों के रेफ से 'युगहस्त' होता है, जैसे—'र र र र' । (शार्ङ्गदेव के अनुसार द्रें द्रें दां दां)

जब दो ऊर्ध्वघात करके हथेली से पटह की दोनों पुड़ियों पर आघात किया जाता है, तब 'स्थूलहस्त' होता है । जैसे—देन्दें दोहड़ें ॥ (शार्ङ्गदेव के अनुसार खुंखुंद खुंखुंद ताल) ॥८०, ८१॥

---

१. (क) दाँगिडगिदगिमदाँ । २ (क) टंकिट कंकिट कंकिटत, । ३. (क) उखाभ्या । ४. (क) थर-थर-थर । ५. (क) जः । ६. (क) ररररररर । . (क),(ख) पात । ६. (क) कृत्व पातेन । ७ (क) थोरहस्त,(ख) तोरहस्त । ऊर्ध्वघातद्वयं कृत्वा तल हस्तेन हन्यते । यदा वाद्यपुटद्वन्द्वं स्थूलहस्तस्तदोदितः, इति शार्ङ्गदेवः ।

यथा—देन्दें दोहडें (खुंखुंद खुंखुंद इति शार्ङ्गदेवः)

**पिण्डहस्त :—**

रेफहस्ते कृते पूर्वमूर्ध्वहस्ते च कल्पिते[1] ।
पिण्डहस्ताभिधो[2] हस्तः कथितो वाद्यवेदिभिः ॥८२॥

यथा-तरकिट तरकिट भें भें। (थरिकट भें थरिकट भें—
इति शार्ङ्गदेवः)

**ऊर्ध्वहस्तः—**

प्रहारे[3] तलहस्तेन दक्षिणेन च पाणिना ।
दृढं विरचितं विद्यादूर्ध्वहस्तं विचक्षणः ॥८३॥

यथा-थर्[4] थर् तु थर् थर् तु थर् तु थर् तु थर् थर्
तु थर् तु थर् तु थर् थर् थतु (दगिड दाँ दां इति शार्ङ्गदेवः)

(इत्थष्टधा हस्तलक्षणम्)

**दशधा हस्तापाटा :—**

प्रथमः कर्तरी ज्ञेयो द्वितीयस्समकर्तरी ।
तृतीयो विषमश्चैव चतुर्थस्समपाणिकः ॥८४॥

---

रेफहस्त करने के पश्चात् ऊर्ध्वहस्त कल्पित करने पर वाद्यज्ञों ने 'पिण्डहस्त' कहा है ॥ जैसे, तरकिट तरकिट भें भें'। शार्ङ्गदेव के अनुसार दाहिने हाथ के द्वारा हथेली का दृढ़ प्रहार करने से 'ऊर्ध्व हस्त' होता है। जैसे—"थर् थर् तु थर् तु थर् तु थर् थर् तु थर् तु थर् तुथर् थर् थ तु। (शार्ङ्गदेव के अनुसार दगिडदाँदाँ) ॥८३॥

(ये आठ प्रकार का हस्त लक्षण हुआ)

दाहिने हाथ की अँगुली और अँगूठे के घात से पाण्यन्तरनिकुट्टक हस्त होता है। जैसे—डेंकिट तंकित ढांकिट तंकित'।

पहला कर्तरी, दूसरी समकर्तरी, तीसरी विषमकर्तरी चौथा सम-पाणि, पाँचवाँ पाणिहस्त, छठा स्वस्तिक, सातवाँ विषमपाणि, आठवाँ अवघट, नवाँ नागबन्ध, दसवाँ समग्रह, इस प्रकार दस प्रकार के हस्तपाट बताये गये हैं। अब स्पष्ट उदाहरणों से युक्त उनके लक्षण कहूंगा।

---

१. (क) धिं धिं डी, धिं धिं तो हटे। २. (क) कल्यते।
३. (क) पिण्ड हास्तामिधा इस्ताः। ४. (क) प्रहोरर हस्तेन।
५. (क) दनकिट, दनकिट था।

पञ्चमः पाणिहस्तः स्यात्स्वस्तिकः षष्ठको भवेत् ।
सप्तमो विषमः पाणिः अष्टमोऽवघटः स्मृतः ॥८५॥
नवमो नागबन्धश्च दशमस्तु समग्रहः ।
इत्येवं हस्तपाटाश्च दशधैव प्रकीर्तिताः ॥८६॥
एतेषाँ लक्षणं वक्ष्ये स्पष्टोदाहरणैर्युतम् ।

**कर्तरी**—

यत्रेकेनैव हस्तेन दक्षिणेनेतरेणवा ॥८७॥
पद्मकोशेन निष्पीड्याऽथ रेफैः शुद्धकर्तरी ।

यथा–थर् थर् थर् थर् थर् थर् थर् थर् । इत्यष्ट मात्रः कर्तरी पाटः ।

**समकर्तरी***—

कर्तरीभ्यां समं घातः कराभ्यां समकर्तरी ॥८८॥
भिंकिट कनकिट किटभें थोंदिगि (दतिरिटि तिरिटिकि
इति शार्ङ्गदेवः)

**विषय कर्तरी**—

क्रमेण ताडनाद् द्वाभ्यां भवेद्विषमकर्तरी ।
टिरि टिरि थों दिगिद टिरि टिरि किद (इति शार्ङ्गदेव)

**समपाणि** :—

अंङ्गुष्ठाङ्गुलिसङ्घातौ हस्तयोर्युगपद्यदा ।
पीडयेतां पुटद्वन्द्वं समपाणिस्तदा भवेत् ॥८९॥
यथा दां गिड दां दां (इति शार्ङ्गदेव)

---

पद्मकोश आकृति से युक्त बायें हाथ से निष्पीडन के पश्चात् रेफों के प्रयोग से कर्तरी होती है, जैसे—थर्थर्थर्थर् थर्थर्थर्थर्" (यह आठ मात्र का कर्तरी पाठ हुआ) ।

दोनों हाथों से एक ही समय कर्तरी घात 'समकर्तरी, है, जैसे– भिनकिट कनकिट किटभें थोंदिगि दतिरटि तिरिटिक"

दोनोंहाथों के द्वारा क्रमशः ताडन से 'विषम कर्तरी' होती है, जैसे– टिरि टिरि थों दिगिद रिरि टिरि किद ।

जब दोनों हाथों में अंगुष्ठ और अँगुलि के संघात से दोनों पुड़ियों का आघात किया जाये, तब 'समपाणि' होता है ॥७८-८९॥

---

* चिह्नितानि लक्षणानि विषय पूरणार्थं रत्नाकरादुद्धृतानि, आदर्शद्वयेऽपि खण्डित ग्रन्थत्वात् ।

**पाणिहस्त :—**

विरलाङ्गुलिभिर्यत्र रचितैः किरकिरेत्यपि ।
अभिघातः प्रयुक्तो यः पाणिहस्तोऽभिधीयते ॥९०॥

यथा-किटकिट्ट, किटकिट्ट, किट्टकिट,किटकिट्ट,
किटकिट्ट, किटकिट्ट (तरगिड दरगिड इति शार्ङ्गदेवः)

**स्वस्तिक :—**

थो थों थों नकिटेनापि कटतट्यासमन्वितः ।
एकत्र स्वस्तिकाकारकराभ्यां स्वस्तिको भवेत् ॥९१॥

यथा थोनकिट किटतक, थोनकिटतक्किट, तक्किट तक्किट, थोनकिट थोनकिट, थो थों किटतक, थोनकिटकिटकिट, तकि थों थों किट, तत्थों थों थों, थोंकिटतकिथों, थोनकिटकिटतक, थोनकिटकिटतकि, थोनकिटकिट-तकि, थोनकिटकिटतकि,

यत्र षोडश मात्राभिर्युक्तोऽयंस्वस्तिको[1] भवेत् ।

**विषमपाणि :—**

अग्राङ्गुलिसमायोगात् व्यत्ययात्करयोरिह ॥९२॥
गिरुकिट्टभेन्नशब्दैश्च ततोगिनकिरादिभिः ।
करटासंयुतैः पाटैः हस्तो विषमपाणिकः ॥९३॥

---

**रेचितौ** चतुरस्रश्चेदत्रैकस्त्वर्धरेचितौ[5] ।

**आविद्धवक्त्रौ**—

[6]प्रकाण्डकुटिलाविद्धौ करावाविद्धवक्त्रकौ ॥८९॥

**पल्लवौ**—

मणिवन्धेन युक्तौ द्वौ पताकौ **पल्लवौ** स्मृतौ ॥९०॥

**अरालकटकामुखौ**—

अरालकटकौ हस्तावरालकटकामुखौ ॥९०॥

---

जो सर्पशीर्षक अवस्था में उत्तान हों, वे सूचीमुख' हस्त हैं। यदि चतुरस्र अवस्था में हंसपक्ष हस्त परस्पर सम्मुख हों, और तिरछे होकर वक्षस्थल पर स्थित हों तो 'तलमुख' कहलाते हैं।

यदि प्रसारित हो कर उत्तानतल हंसपक्ष द्रुत भ्रमण से युक्त हों, तो 'रेचित' हैं।

यदि दोनों हाथों में से एक चतुरस्र हो, तो 'अर्धरेचित' हैं।

यदि आविद्ध हस्त प्रकाण्ड पर टेढे हों, यो 'आविद्धवक्त्र' हैं ॥७४-८९॥

दो पताक हस्त मणिबन्ध पर जुड़े हों, तो 'पल्लव' हैं। अरालकटक अवस्था में दोनों हस्त 'अरालकटकामुख, कहलाते हैं। यदि ऊर्ध्व हस्त

---

१. (क) स्वस्तिका। २. (क) चुतौ। ३. (क) विच्युतौ।
४. (क) धृतभ्रमौ। ५. (क) स्पर्धरेचितौ। ६. (क) प्रकाण्डे कुपिताविद्धौ।

**नितम्बौ**—

**नितम्बौ** पार्श्वयोरूर्ध्वौ [1]बाहुशीर्षाद् विनिर्गतौ ।

**केशबन्धौ**—

केशदेशाद् विनिष्क्रान्तौ पार्श्वद्वयसमुद्गतौ ॥९१॥
**केशबन्धकरौ** प्रोक्तौ तौ **दिगम्बर** सूरिणा ।

**उत्तानवञ्चितौ**—

**उत्तानवञ्चितौ** किञ्चित्पार्श्वगौ त्रिपताककौ ॥९२॥

**लताख्यौ**—

प्रसारि तौ **लताख्यौ** तु सम्यक् तिर्यक् प्रसारितौ ।
विलोलितः [2]पार्श्वात्पार्श्वं **लताहस्तः** समुन्नतः ॥९३॥

**करिहस्त** :—

कर्णस्थः त्रिपताकोऽन्यः **करिहस्तः** प्रकीर्तितः ।

**पक्षवञ्चितौ**—

कट्यग्रविनिविष्टाग्रौ पताकौ **पक्षवञ्चितौ** ॥९४॥

---

बाहुशीर्ष से निकलकर दोनों ओर हों, तो 'नितम्ब' हस्त कहलाते हैं। केशस्थान से निकल कर दोनों पार्श्वों में गये हुए हस्त **दिगम्बर** सूरि ने 'केशबन्ध' बताये हैं ।

त्रिपताकहस्त कुछ पार्श्व में गये हुए हों, तो 'उत्तानवञ्चित' कहलाते हैं ॥९०-९२॥

भली भाँति तिरछे फैलाये हुए हस्त 'लताख्य' कहलाते हैं ।

एक पार्श्व से दूसरे पार्श्व तक समुन्नत एवं विलोलित एक 'लता हस्त' हो और दूसरा त्रिपताक अवस्था में कर्णस्थ हो, तो 'करिहस्त होता है। यदि दोनों पताकहस्तों के अग्रभाग कटि के अग्रभाग में स्थित हों, तो 'पक्षवञ्चित' हस्त' होते हैं ॥९३-९४॥

---

१. (ख) रुद्धौ ।
२. (ख) तं पार्श्वात् ।

Scanned with OKEN Scanner

**पक्षप्रद्योतकौ—**

परावृत्तौ पुनस्तौ द्वौ **पक्षप्रद्योतकौ** करौ ।

**दण्डपक्षौ—**

तिर्य्यक् प्रसारितभुजौ व्यावृत्तपरिवर्तितौ ॥९५॥

हंसपक्षकरौ **दण्डपक्षावुक्तौ दिगम्बरैः** ।

**गरुडपक्षकौ—**

अधोमुखतलाविद्धौ किञ्चित्तिर्यक् प्रसारितौ ॥९६॥

हंसपक्षकरौ स्यातां तौ द्वौ **गरुडपक्षकौ** ।

**मुष्टिकस्वस्तिकौ—**

स्वस्तिकौ[1] कटकास्यौ द्वौ कुञ्चितावञ्चितौ यदि ॥९७॥

एकधा बहुशोवाथ **मुष्टिकस्वस्तिकौ** मतौ ।

**ऊर्ध्वपार्श्वमंडलिनौ—**

[2]मूर्ध्निपार्श्वद्वये चैव मण्डलावृत्तिवर्तनात् ॥९८॥

**आशाम्बरमतादूर्ध्वपार्श्वमण्डलिनौ** करौ ।

**उरोमण्डलिनौ—**

बहुशो वक्षसोऽन्योन्यं वेष्टनोद्वेष्टनक्रमात् ॥९९॥

---

यदि वे दोनों परावृत्त हों, तो 'पक्षप्रद्योतक' होते हैं। यदि हंसपक्ष हस्त हों, भुजायें तिरछी फैली हों क्रमशः व्यावृत्ति और परिवर्तन हो, तो **दिगम्बर** ने 'दण्डपक्ष' हस्त बताये हैं।

यदि आविद्ध हस्तों की हथेलियाँ अधोमुख हों, और तिरछे फैले हुए हाथ हंस पक्ष हों, तो 'गरुडपक्ष' कहलाते हैं।

यदि स्वस्तिक और कटकास्य हस्त एक या अनेक वार कुञ्चित और अञ्चित हों, तो 'मुष्टिकस्वस्तिक' कहलाते हैं।

सिर तथा दोनों पार्श्वों में मण्डलावृत्ति करने से **दिगम्बर** मत में 'ऊर्ध्वपार्श्वमण्डली' हस्त होते हैं। वक्ष के सम्मुख यदि मण्डली हस्त, वेष्टन और उद्वेष्टन के क्रम से घुमाये जायें, तो 'उरोमण्डली' कहलाते हैं।

---

१. (क) कटकौ स्याद् द्वौ। २. (क) मूर्ध्नि च पार्श्व द्वितये।

भ्रान्तौ मण्डलिनौ हस्तौ **उरोमण्डलिनौ** मतौ।

उरःपार्श्वार्द्धमण्डलौ—

श्लथमणिबन्धारालावुरःपार्श्वार्द्धदेशयोः ॥१००॥

भ्रान्तौ मण्डलिनौहस्तावुरःपार्श्वार्द्धमण्डलौ।

नलिनीपद्मकोषकौ—

[1]व्यावृत्त्या परिवृत्त्या च पदमकोषाभिधौ करौ ॥१०१॥

स्यातां जानुसमीपस्थौ **नलिनीपद्मकोषकौ**।

उल्वणौ—

[2]**उल्वणा**वूर्ध्वगाविष्टोद्वेष्टिताग्रौ तु पल्लवौ ॥१०२॥

ललितौ—

[3]मस्तकोद्देशसम्प्रातौ **पल्लवौ** ललितौ मतौ।

वलितौ—

कूर्परस्वस्तिक[4]युतौ लताख्यौ **वलितावितिः** ॥१०३॥

लोकव्यवहृतौ युद्धे नियुद्धे नर्तनादिषु[5]।

नानाप्रयोग[6]दर्शनादहस्तो नास्ति किञ्चन ॥१०४॥

---

यदि मणिबन्ध शिथिल हों और वक्ष और पार्श्वार्ध स्थान में मण्डली हस्त घुमाये जायें, तो 'उरःपार्श्वार्द्धमण्डल' कहलाते हैं। पद्मकोष हस्त व्यावृत्ति और परिवृत्ति के द्वारा यदि जानु के समीप स्थित हों, तो 'नलिनी-पद्मकोश' हस्त होते हैं।

ऊपर की ओर गये हुए, वे पल्लव हस्त 'उल्वण' हैं, जिनके अग्रभाग आवेष्टित और उद्वेष्टित हों ॥९५-१०२॥

मस्तक प्रदेश तक आये हुए पल्लव हस्त 'ललित' हैं। कूर्पर स्वस्तिक युक्त 'लताख्य हस्त वलित' हैं ॥१०३॥

लोकव्यवहार, युद्ध, द्वन्द्व-युद्ध, नर्तन इत्यादि में विभिन्न प्रयोगों के दर्शन से (सिद्ध है) कि हस्तव्यापाररहित कोई भी कार्य्य नहीं है ॥१०४॥

---

१. (ख) व्यावर्तपरिवर्तौ च। २. (ख) उल्वणादूर्ध्वगाविष्टोद्वेष्टिताग्रौ।
३. (ख) मस्तकौ देश। ४. (ख) गतौः। ५. (क) वर्तनादिषु। ६. (ख) दर्शनादि।

कुर्वन्नावेष्टितोद्वेष्टितान्यङ्गीकर्मणा गतौ ।
[1]क्षणादावर्तितं हस्ते लभते परिवर्तनम् ॥१०५॥
आवेष्ट्यन्तेन्तरंगुल्यस्तर्जन्याद्या[2] यदि क्रमात् ।
आवेष्टितं[3] यथोद्वेष्टिताख्यमुद्वेष्टनाद् बहिः ॥१०६॥
आवर्त्यन्तेऽन्तरङ्गुल्यस्तर्जन्याद्या यदि क्रमात् ।
[4]आवर्तितं बहिर्वृत्तेस्तथासौ परिवर्तितः ॥१०७॥

**दश बाहव :—**

बाहवस्तिर्य्यगूर्ध्वाधः पृष्ठगाः कुञ्चितोऽञ्चितः ।
स्युर्मण्डलस्वस्तिकाविद्धापविद्धा दशेति ते ॥१०८॥
हस्तसंख्या प्रसिद्धाहं हस्तलक्षणमब्रुवम्[5] ।
देशीनृत्ते तु नान्विष्यास्सर्वहस्ता जगज्जनैः ॥१०९॥

**चतुर्विधः पार्श्व :—**

समुन्नतं नतञ्चैव प्रसारितमथापरम् ।
व्यावृत्तञ्चेति पार्श्वस्य चतुर्धा भेद ईरितः ॥११०॥

---

गति में अङ्गव्यापार से अविष्टित और उद्वेष्टित करता हुआ (मनुष्य) क्षण में हाथ में आवर्तन और परिवर्तन प्राप्त करता है ॥१०५॥

जब क्रमशः तर्जनी आदि अँगुलियाँ अन्दर की ओर की जाती हैं, तब आवेष्टन और जब बाहर की ओर खोली जाती हैं, तब उद्वेष्टन होता है ॥१०६॥

अँगुलियाँ यदि अन्दर की ओर आवर्तित की जायें, तो आवर्तित और बाहर की ओर की जायें, तो परिवर्तन होता है ॥१०७॥

बाहु दस प्रकार के हैं, तिर्य्यग्गत, ऊर्ध्वगत, अधोगत, पृष्ठगत, कुञ्चित, अञ्चित, मण्डल, स्वस्तिक, आविद्ध और अपविद्ध। यह प्रसिद्ध हस्तसंख्या है। हस्तलक्षण मैंने कह दिया।

लोगों को देशी नृत्त में समस्त हस्त नहीं ढूंढना चाहिये ॥१०९॥

पार्श्व के चार भेद समुन्नत, नत, प्रसारित तथा व्यावृत्त हैं ॥११०॥

---

१. (क) रसादा वर्तितं, (ख) रणादावर्तितं । २. (क) कनिष्ठाद्या । ३. (क) ततो ।
४. (ख) व्यावर्तितं । ५. (क) मब्रवीत् ।

समुन्नतैः कटिपार्श्वभुजांसैरुन्नतं[1] भवेत् ।
व्याभुग्ना तु कटिर्यत्र स्कन्धोऽप्याहुस्ततोमनाक् ॥१११॥
नताभिधानं तत्पार्श्वं कथितं नाट्यवेदिभिः ।
आयामनात्प्रसारीति [2]पार्श्वाभ्यां तु प्रसारितम् ॥११२॥
त्रिकस्य परिवर्तेन[3] स्याद् व्यावृत्तमपोहनात् ।

**पञ्चविधा कटि :—**

निवृत्ता रेचिता छिन्ना कम्पितोद्वाहिता तथा ॥११३॥
इति पञ्चविधा प्रोक्ता कटिर्नाट्यविशारदैः ।
**निवृत्ता** सा कटिर्ज्ञेया सम्मुखो वा पराङ्मुखी ॥११४॥
परितो भ्रमणाज्ज्ञेया संज्ञया **रेचिता** कटिः ।
तिर्यङ्मध्यस्थ वलनाच्छिन्ना नाम्ना कटिर्भवेत् ॥११५॥
क्षिप्रं गतागतैस्तिर्यक् **कम्पिता** कथिता गतौ ।
उद्वाहिता शनैः पार्श्वनितम्बोद्वाहनात्कटिः ॥११६॥

---

कटि, भुजा, पार्श्व और कन्धे उन्नत होने पर 'उन्नत' होता है, जहाँ कटि और कन्धा भी कुछ झुके हों, वह पार्श्व नाट्यवेदियों की उक्ति के अनुसार 'नत' है।

फैलाने से प्रसारी और दोनों पार्श्वों से 'प्रसारित' होता है ॥१११, ११२॥

त्रिक (पृष्ठ देश के अधोभाग) परिवर्त के द्वारा अपोहन से 'व्यावृत्त' होता है।

निवृत्ता, रेचिता, छिन्ना, कम्पिता और उद्वाहिता यह पञ्चविध कटि नाट्यविशारदों ने बताई है। सम्मुख अथवा पराङ्मुख कटि 'निवृत्ता' है ॥११३, ११४॥

चारों ओर घुमाने से रेचित कटि होती है। मध्यभाग को तिरछा घुमाने से 'छिन्ना' नामक कटि होती है ॥११३-११५॥

वेगपूर्वक तिरछे गमनागमन से गति में 'कम्पिता' कटि और धीरे धीरे पार्श्व और नितम्ब के उद्वाहन से 'उद्वाहिता' कटि होती है ॥११६॥

---

१. (क), (ख) भुजांशै । २. (क) द्विपार्श्वाभ्यां प्रसारितम् ।
३. (ख) परिवर्तस्य ।

**पञ्चविधः पाद :—**

समश्चोद्घट्टितः कुञ्चितोऽञ्चितोऽग्रतलक्रमः ।
इति पञ्चविधः पादः **समः** स्वाभाविक क्रमः ॥११७॥
[1]पादाग्रस्थेन चेत्पार्ष्णिः सकृद्भूमौ निपात्यते ।
प्रयोगेणासकृद् द्वाभ्यां**मुद्घट्टित**पदं समे ॥११८॥
कुञ्चिताग्रतलं भूस्था समे चेत्पार्ष्णिरुच्यते ।
**कुञ्चितो**ऽभिनयायत्तस्तूदात्तगमनादिषु ॥११९॥
अञ्चिताङ्गुलिपादाग्रमुत्क्षिप्तञ्चेत्समेऽ**ञ्चितः** ।
[2]पादाग्रक्षितिसञ्चारभ्रभर्यु[3]द्वर्तनादिषु ॥१२०॥
समे चेत्पार्ष्णिरुत्क्षिप्ता स्यादग्रतलसञ्चरः ।
पार्ष्णिक्षतगतिभ्रान्तिक्षोणी[4]संघट्टनादिषु ॥१२१॥

अथोपाङ्गदर्शन्यान्येव सादरं निरूपयामः । कुतोऽयं नियमः । तत्र मुख्यत्वात्—

---

पाद पाँच प्रकार का है, सम, उद्घट्टित, कुञ्चित, अञ्चित और अग्रतलक्रम । स्वाभाविक गति से युक्त पाद 'सम' है ।

यदि पादाग्रस्थित व्यक्ति के द्वारा एक या अनेक बार एड़ी भूमि पर लगाई जाये, तो समगति में 'उद्घट्टित' पाद होता है ॥११६-११८॥

यदि समपाद में अग्रतल कुञ्चित हो और पृथ्वी पर स्थित हो, तो 'कुञ्चित' पाद होता है, जो उदात्तगमन इत्यादि में प्रयोज्य है ॥११९॥

समपाद में अंगुलियाँ अञ्चित हों और पादाग्र उत्क्षिप्त हो, तो 'अञ्चित' होता है, पादाग्र के आधार पर भूमि में चलने, भ्रमरी और उद्वर्तन इत्यादि में इसका उपयोग है ॥११९-१२०॥

समपाद में यदि एड़ी उठी हो, तो अग्रतलक्रम' होता है, इसका विनियोग घायल एड़ी से युक्त गति, भ्रान्ति और पृथ्वी के संघट्टन इत्यादि में होता है ॥१२१॥

अब आदर पूर्वक उपाङ्गदर्शनों का निरूपण करते हैं । यह नियम कहाँ से है ? उसमें मुख्यता होने से (है) ।

---

१. (क) पदाग्रस्तेन । २. (क) पादाग्रेक्षतसञ्चारा । ३. (क) भ्रमेर्युद्वर्तितादिषु
४. (क) क्षोणे ।

अष्टविधदर्शनानि—

समं साच्यनुवृत्तंच ह्यालोकितविलोकिते ।
प्रलोकितमुल्लोकितं चावलोकितमष्टधा ॥१२२॥
भवन्ति दर्शनान्येवं पृथङ्नोक्तानि लक्षणैः ।
पुटपक्ष्माग्रकर्माणि लोचनानुगतान्यतः ॥१२३॥
समं समं साचि तिर्यक् रूपनिर्वर्णनायुतम् ।
अनुवृत्तं स्याद्दर्शनं सहसालोकितं मतम् ॥१२४॥
पृष्ठतः स्याद्विलोकितं पार्श्वाभ्यां तु प्रलोकितम् ।
ऊर्ध्वेक्षणमुल्लोकितमधः प्रेक्षावलोकितम् ॥१२५॥

देशिस्थानलक्षणम्—

[1]पादजङ्घोरुकरणं समं कार्य्यं प्रयोक्तृभिः ।
पादस्य करणं सर्वं जङ्घोरुकृतमिष्यते ॥१२६॥
यथा प्रसर्पितः पादस्तथैवोरु प्रवर्तते ।
अनयोस्समानकरणात् पादचारीं प्रयोजयेत् ॥१२७॥

---

सम, साचि, अनुवृत्त, आलोकित, विलोकित, प्रतिलोकित, उल्लोकित और आलोकित ये अष्टविध 'दर्शन' हैं ।

लक्षणों के द्वारा ये पृथक् नहीं कहे । पपोटों और पलकों के अग्रभाग के कर्म लोचनों के अनुगत हैं ।

अतः समान 'सम', तिरछी दृष्टि 'साचि', रूप निहारना 'अनुवृत्त', सहसा देखना 'आलोकित' और पार्श्व की ओर देखना 'प्रलोकित', ऊपर देखना 'उल्लोकित' और नीचे देखना 'अवलोकित' है ॥१२२-१२५॥

प्रयोक्ताओं को पाद, जङ्घा और उरु की क्रिया साथ-साथ करनी चाहिये । पाद की सभी क्रिया जङ्घा और उरु द्वारा निष्पन्न होती है । ॥१२६॥

जिस प्रकार चरण चलता है, बैसे ही ऊरु भी प्रवृत्त होता है, इनके समान क्रिया से पादचारी प्रयुक्त होना चाहिए ॥१२७॥

---

१. (ख) पद ।

यतो पादस्ततो हस्तो यतो हस्तस्तथा त्रिकम् ।
पादस्य निर्गमं ज्ञात्वा ततोऽङ्गं विनियोजयेत् ॥१२८॥
पादचार्य्या यथा पादो धरणीमेव गच्छति ।
एवं हस्तश्चरित्वा तु कटीदेशं समाश्रयेत् ॥१२९॥
आङ्गिकाभिनयास्सर्वे सार्थाः सर्वत्र जाग्रति ।
देशीनृत्येषु सार्थत्वं नो विचार्य्यं विपश्चिता ॥१३०॥
प्रायो लोकप्रसिद्धानि कथ्यन्ते तेषु कानिचित् ।
पेरणं पेक्खणं चैव गुण्डली दण्डरासकः ॥१३२॥
अथैतानि समाश्रित्य वक्ष्यन्ते स्थानकादयः ।

नन्द्यावर्तकवर्द्धमानसमपात् तत्स्वस्तिकं वैष्णवम् ।
पाष्ण्यर्विद्धकपार्ष्णिपार्श्वकपरावृत्तानि तद्गारुडम् ।

सूची खण्डपदोत्तरा समयुता सूची त्रिभङ्गीयुतम् ।
पार्ष्णी चैकपदोत्तरौ च चतुरस्रं सूचिकं वैषमम्[1] ॥१३२॥

---

जहाँ चरण वहाँ हस्त, जहाँ हस्त वहाँ त्रिक होना उचित है, पाद का निर्गम जानकर तत्पश्चात् अङ्ग का विनियोग उचित है ॥१२८॥

पादचारी के द्वारा जैसे चरण भूमि पर ही जाता है, वैसे ही क्रिया के पश्चात् हस्त कटि प्रदेश का आश्रय लेता है ॥१२९॥

सभी आङ्गिक अभिनय सार्थ होकर जाग्रत् रहते हैं, विद्वानों को देशी नृत्तों में सार्थता का विचार नहीं करना चाहिए ॥१३०॥

उनमें से कुछ लोकप्रसिद्ध स्थानक कहे जाते हैं। पेरण, पेक्खण, गुण्डली, दण्डरासक का आश्रय लेकर स्थानक आदि कहे जा रहे हैं।

नन्द्यावर्त, वर्द्धमान, समपद, स्वस्तिक, वैष्णव, पाष्ण्यर्विद्धक, पार्ष्णि-पार्श्वक, परावृत्त, गारुड, खण्डसूची, समसूची, त्रिभङ्गी, एकपार्ष्णि, एक पद, चतुरस्र, विषमसूची, पद्मासन, नागबन्ध, विषमपद्मासन अन्तरपद्मा-सन और कूर्मासन ये देशी 'स्थानक' हैं ॥१३१-१३४॥

---

१. (क) वैष्णवम् ।

पद्मासनं नागबन्धो विषमान्तरपूर्वके ।
पद्मासनं तथा प्रोक्तं कूर्मासनमतः परम् ॥१३३॥

वर्द्धमानं यदि स्थानं षडङ्गुलिकृतान्तरम् ।
तन्द्यावर्तं तदेवस्यान्नृत्यभेदविशारदैः ॥१३४॥

तिरश्चीनमुखौ पादौ पार्ष्णिभ्यां यत्र सङ्गतौ ।
स्थानकं **वर्द्धमानाख्यं** तदुक्तन्नृत्यकोविदैः ॥१३५॥

पार्ष्ण्यङ्गुष्ठयुतान्तरागमितिना ज्ञेयाश्चतुःषट् च ताः ।
अङ्गुल्यो ऋजुलम्बिबाहुयुगलं स्वाभाविकं सौष्ठवम् ॥
कर्णाग्रात् कटिगुल्फदेशसमता नाट्ये कुरङ्गीदृशः ।
स्थानं तत् समुदाहृतं **समपदं** पुष्पाञ्जलिक्षेपणे ॥१३६॥

मञ्जीरस्थानसंलग्नौ मिथः श्लिष्टकनिष्ठिकौ ।
कुञ्चितौ चरणौ यत्र स्थानं **तत्स्वस्तिकं** मतम् ॥१३७॥

सममेकपदं भूमावन्यत् किञ्चिच्च कुञ्चितम् ।
पुरः प्रसारितं तिर्यक् स्थानकं **वैष्णवं** विदुः ॥१३८॥

---

वर्द्धमान में यदि नृत्यज्ञों ने छः अंगुल का अन्तर किया हो, तो वह 'नंद्यावर्त' स्थानक हो जाता है ॥१३४॥

नृत्यज्ञों ने उस स्थानक को वर्द्धमान कहा है, जहाँ एड़ियाँ परस्पर जुड़ी हों और चरण तिर्यङ्मुख हों ॥१३५॥

जहाँ दोनों एड़ियों में चार और अँगूठों में छः अंगुल का अन्तर हो, वैसी ही अंगुलियाँ हों दोनों बाहु सीधे लटक रहे हों। स्वाभाविक सौष्ठव हो, कानों के अग्रभाग की सीधाई पर कटि और टखने हों, मृगनयनी नर्तकी का यह स्थानक (ठाठ) 'समपद' कहा गया है। पुष्पांञ्जलि-क्षेपण में इसका विनियोग है ॥१३६॥

जब चरण कुञ्चित हों, उनकी कनिष्ठिकाएँ परस्पर मिली हों, चरण नूपुरस्थान पर परस्पर संलग्न हों, तब वह 'स्वस्तिक' स्थानक कहलाता है ॥१३७॥

Scanned with OKEN Scanner

पार्ष्ण्यङ्गुष्ठसमायोगात्स्थानकं **पार्ष्णिविद्धकम्** ।
पार्श्वस्यान्तर्गता पार्ष्णिः कीर्तितं **पार्ष्णिपार्श्वकम्** ॥१३९॥
पार्ष्ण्यङ्गुष्ठस्समो यत्र तथा पार्ष्णिकनिष्ठकम् ।
**परावृत्ते** परिज्ञेयं स्थानं स्थानककोविदैः ॥१४०॥
आकुञ्चितोऽङ्घ्रिः वामश्चेत्तदन्यो[1] जानुना भुवि ।
पश्चान्न्यस्तस्तदाख्यातं स्थानकं **गारुडं** बुधैः ॥१४१॥
चरणः कुञ्चितस्त्वैकस्तिर्यगन्यः प्रसारितः ।
ऊरुपार्ष्णिस्थितो[2] भूमौ कथितं **खण्डसूचिकम्** ॥१४२॥
भूलग्नपार्ष्णिजङ्घोरुतिर्यक्पादौ प्रसारितौ ।
यत्र तत्स्थानकं प्राहु**स्समसूचीति** नामतः ॥१४३॥
न्यञ्चद्वामकपोलकं समपदं वामे[3]कटी निर्गता ।
किञ्चित्तिर्यगितिस्थितोऽन्यचरणो वामाङ्गलम्बान्वितः ॥

---

एक चरण जब सम अवस्था में भूमि पर हो, दूसरा कुछ कुञ्चित होकर आगे तिरछा बढ़ा हो, तो वह 'वैष्णव' स्थानक कहलाता है ॥१३८॥

एक चरण की एड़ी के साथ दूसरे चरण का अँगूठा मिला हो तो 'पार्ष्णिविद्धक' और यदि एड़ी पार्श्व के अन्तर्गत हो, तो 'पार्ष्णिपार्श्वक' स्थानक कहा गया है ॥१३९॥

जहाँ एक पैर का अँगूठा और दूसरे पैर की एड़ी और एक पैर की एड़ी और दूसरे पैर की कनिष्ठिका एक स्थान में स्थित हों, वहाँ 'परावृत्त' स्थानक होता है ॥१४०॥

यदि बायाँ चरण कुञ्चित हो और दाहिना पैर जानु के आधार पर भूमिस्थ होकर पीछे रखा हो, वहाँ 'गारुड' स्थानक होता है ॥१४१॥

एक चरण कुञ्चित हो और दूसरा तिरछा होकर प्रसारित हो, ऊरु और एड़ी भूमि पर स्थित हों, तो 'खण्डसूची' स्थानक होता है ॥१४२॥

एड़ी, जङ्घा और ऊरु पृथ्वी से संलग्न हों, दोनों चरण तिरछे हों, तो समसूची स्थानक होता है । १४३॥

चरण समस्थिति में हों, बायाँ कपोल कुछ झुका हो, कटि बाईं ओर

---

१. (क) तदनन्दो । २. (क) स्थिरा । ३. (क) वामं ।

यद्वक्त्रं कटिपादमस्तकतलं नारीलसन्नर्तने ।
विज्ञेयं ललितं **त्रिभङ्गि**कमिति स्थानं च तत्कोविदैः ॥१४४॥
एकः पादः समो यत्र बहिस्तिर्य्यङ्मुखोऽपरः ।
स्थानकं तत् समुद्दिष्ट**मेकपार्ष्ण्यभिधं** बुधैः ॥१४५॥
एकः समोऽङ्घ्रिर्यत्रस्यादितरं जानुमस्तकम् ।
बाह्यपार्श्वकृताश्लेष**मेकपादाभिधं**[1] बुधैः ॥१४६॥
नन्द्यावर्तं यदा सार्धं तालं चरणयोर्भवेत् ।
स्थानकं **चतुरस्रं** तत् कथयन्ति विचक्षणाः ॥१४७॥
पुरः पश्चाच्च चरणौ सूचिलक्षणलक्षितौ ।
तदा **विषमसूची**ति स्थानकं कथितं बुधैः ॥१४८॥
समसूचिस्थितौ नृत्तैः[2] पादयोर्वलनं यदा ।
करोति नर्तकी तच्च **पद्मासन**मिति स्मृतम् ॥१४९॥

---

निकली हो, दूसरा चरण वामाङ्गलम्बयुक्त होकर कुछ तिरछा स्थित हो, कटि, चरण और मस्तक यदि नारी-नर्तन में इस प्रकार वक्र हों, तो यह ललित स्थानक 'त्रिभङ्गी' कहलाता है ॥१४४॥

जहाँ एक चरण सम हो और दूसरा बाहर की ओर तिर्यङ्मुख हो, तो बुद्धिमानों ने उसे 'एकपार्ष्णि' कहा है ॥१४५॥

जहाँ एक चरण सम हो और दूसरे का घुटना पसली के बाह्य भाग से लगा हो, तो 'एकपाद' स्थानक है ॥१४६॥

यदि नन्द्यावर्त के दोनों चरणों में डेढ ताल (फैले हुए अँगूठे और मध्यमा का अन्तर एक 'ताल' होता है) का अन्तर हो, तब बुद्धिमान उसे 'चतुरस्र' स्थानक कहते हैं ॥१४७॥

सूची के लक्षण से युक्त चरण यदि आगे पीछे हों, तब बुद्धिमानों ने 'विषयसूची' स्थानक कहा है ॥१४८॥

जब नर्तकी समसूची स्थिति में पैरों को घुमाती है, तब 'पद्मासन' स्थानक होता है ॥१४९॥

---

४. (क) शेष। ५. (क) नृत्ये।

उपविष्टस्य वामोरोः [1]पृष्ठे स्याद्दक्षिणो यदा ।
जङ्घास्थानं [2]समेत्यस्य **नागबन्धाभिधं** तदा ॥१५०॥

तदेवान्तरपद्मासनमाभाति[3] कृतं यदि ।
पादयोर्**विषमं** तच्च **पद्मासनमुदीरितम्** ॥१५१॥

उत्प्लुत्यापि प्रसार्य्याङ्घ्री यस्तयोर्बन्ध अन्तरे ।
**पद्मासनं** तदेवस्यादन्तरं कथितं बुधैः ॥१५२॥

दक्षिणो जानुगुल्फेन पादः स्पृष्टमहीतलः ।
वामपादश्च यत्र स्यात् स्थानं **कूर्मासनं** स्मृतम् ॥१५३॥

(इतिदेशिस्थानलक्षणम्)

**पञ्चविंशतिः पालाः**—

सारिकार्धपुराटी च स्वस्तिका स्फुरिका तथा ।
निकुट्टकस्तलोत्क्षेपः पृष्ठोत्क्षेपश्च वेष्टनम् ॥१५४॥

अर्धस्खलितिका खुत्ता पुराटी प्रावृतं तथा ।
उद्वेष्टनं तथोल्लोलः समस्खलितिका तथा ॥१५५॥

---

बैठे हुए नर्तक के वाम ऊरु के पीछे जब दक्षिण ऊरु जङ्घास्थान तक आता है, तब 'नागबन्ध' होता है ॥१५०॥

वही अन्तर पद्मासन यदि चरणों में किया जाये, तब विषम पद्मासन' कहलाता है ॥१५१॥

यदि कूद कर पैर फैलाने के पश्चात् उन दोनों के मध्य में बन्ध किया जाये, तो 'अन्तरपद्मासन' बुद्धिमानों ने कहा है ॥१५२॥

यदि दक्षिण चरण जानु और गुल्फ के द्वारा पृथ्वी का स्पर्श करता हो और वाम पाद भी (ऐसा ही) हो, तो 'कूर्मासन' होता है ॥१५३॥

(देशी स्थान-लक्षण समाप्त हुआ)

सारिका, अर्धपुराटी, स्वस्तिका, स्फुरितका, निकुट्टक, तलोत्क्षेप, पृष्ठोत्क्षेप, वेष्टन, अर्धस्खलितिका, खुत्ता, पुराटी, प्रावृत, उद्वेष्टन,

---

१. (क) पृष्ठः स्याद्दक्षिणौ । २. (क) समेतत्स्थान् । ३. (क) पद्मासनमाहत ।

लताक्षेपो डमरुको विक्षेपः कर्तरी तथा ।
तट्टालो गारुडःपक्षो ललाटतिलकस्तथा ॥१५६॥
फेल्लणोऽलगपालश्च पालो निस्सरडस्ततः ।
पञ्चविंशतिपालाः स्युः कथिता लक्षणान्विताः ॥१५७॥
भूचराः खेचराश्चेति भेदस्तत्र समीरितः ।
पाला उप्परपालाश्च नाम तेषामुदाहृतम् ॥१५८॥
केनाप्येकेन पादेन सरणं **सारिका** भवेत् ।
स्थितोद्वृत्तनिकुट्टेन पादेनाभ्यकुट्टनम् ॥१५९॥
यदुद्वृत्तस्य पादस्य सा ज्ञेयार्धपुराटिका ॥
स्वस्तिकाकारघटना पादयोः **स्वस्तिका** भवेत् ॥१६०॥
अंगुलीपृष्ठभागेन पादाभ्यां गमनं तु यत् ।
पुरतः पृष्ठतो वापि पार्श्वतः **स्फुरिका** भवेत् ॥१६१॥

**सा पुरीति प्रसिद्धा—**

समकुञ्चित[1] पादाग्रे स्थिते ज्ञेयो **निकुट्टकः** ।
पृष्ठतः पुरतोवापि कुञ्चितेनाङ्घ्रिणा यदि ॥१६२॥

---

उल्लोल, समस्खलितिका, लताक्षेप, डमरुक, विक्षेप, कर्तरी, तट्टाल, गारुड पक्ष, ललाटतिलक, फेल्लण, अलगपाल और निस्सरड ये लक्षणयुक्त पच्चीस पाल कहे गये हैं ॥१५४-१५७॥

भूचर और खेचर इनके भेद हैं उनका नाम 'पाल' और 'उप्परपाल' है ॥१५८॥

किसी भी एक चरण से सरकना 'सारिका' है। स्थित और उद्वृत्त निकुट्ट चरण से, उद्वृत्त पाद का निकुट्टन अर्धपुराटिका' है। दोनों चरणों से स्वस्तिक का आकार बनाना 'स्वस्तिका' है ॥१५९-१६०॥

सामने, पीछे अथवा पार्श्व में अंगुलियों के पृष्ठभाग का आधार लेकर चरणों के द्वारा गमन 'स्फुरितका' है ॥१६१॥

---

१. (क) समुदञ्चित ।

जानुमात्र[1]समाक्षेपस्तलोत्क्षेपस्स कथ्यते ।
पृष्ठतोऽङ्घ्रेस्समुत्क्षेपात् **पृष्ठोत्क्षेपस्स** कथ्यते ॥१६३॥

**स भरणीपुट इति प्रसिद्धः :**[2] —

एकाङ्घ्रिणा यदन्यस्य वेष्टनादेव वेष्टनम् ।
स्खलनात्तिर्य्यगेकाङ्घ्रेरर्धस्खलितिका भवेत् ॥१६४॥
पादाग्रेणाहतिर्भूमौ **खुत्ता** नाम प्रकीर्तिता ।
[3]अङ्घ्रिभ्यां विनिकुट्टेन मिथः प्रोक्ता **पुराटिका** ॥१६५॥
उद्वृत्तो यत्र पादः स्यात् सलीलं[4] ललितं विदुः ।
**प्रावृतं** नाम विज्ञेयं क्रीडास्थानं मनोभुवः ॥१६६॥
पश्चात्प्रापणमङ्घ्रेर्यदुद्वेष्टनमुदीरितम् ।
उल्लालनक्रमेणाङ्घ्रियुग्म**मुल्लोल** इष्यते ॥१६७॥
पुरतः पृष्ठतस्तिर्यक् पादयोः स्खलनं समम् ।
**समस्खलिता** नाम पादः प्रोक्तो विचक्षणैः ॥१६८॥

---

इसे 'पुटी' भी कहा जाता है। सम अवस्था में कुञ्चित चरणों का अग्रभाग स्थित होने पर 'निकुट्टक' है।

आगे या पीछे कुञ्चित चरण के द्वारा यदि जानुमात्र का समाक्षेप हो, तो 'तलोत्क्षेप' कहलाता है। पीछे की ओर चरण के समुत्क्षेप से पृष्ठोत्क्षेप कहलाता है ॥१६३॥

यह भरणीपुट नाम से प्रसिद्ध है। यदि एक चरण के द्वारा वेष्टन के द्वारा दूसरे चरण का अववेष्टन हो, तो एक चरण के तिर्यक् स्खलन से 'अर्धस्खलतिका' होती है ॥१६४॥

भूमि में चरणाग्र से आघात 'खुत्ता' है। दोनों चरणों के द्वारा परस्पर विनिकुट्टन से 'पुराटिका' होती है ॥१६५॥

जहाँ एक चरण उद्वृत्त हो, वह कामदेव का लीलायुक्त ललित केलिस्थान 'प्रावृत्त' है ॥१६६॥

चरण के पीछे ले जाया जाना उद्वेष्टन है। यदि दोनों चरणों में क्रमशः उल्लालन हो, तो 'उल्लोल' होता है ॥१६७॥

---

१. (क) समाक्षेपात्। २. (क) हरिपुट।
३. (क) उद्वृत्ताङ्घ्रिनिकुट्टन। ४. (क) वलिनं।

एकस्य पृष्ठतः कृत्वा पुरतोऽङ्घ्रिप्रसार्य च ।
निकुट्टने कृते तेन **लताक्षेपः** स कथ्यते ॥१६९॥
एकाङ्घ्रिणा क्षितौ स्थित्वा भ्रामयित्वेतरं पदम् ।
स्थापने तस्य जानावितरेणोरुताडनात्[1] ॥१७०॥
भाण्डीकभाषाकुशलैः पालो **डमरुकः** स्मृतः ।
पार्ष्णितालान्तरं पार्श्वे[2] पुरोदेशे स्थिते पदे ॥१७१॥
पादान्तराङ्गुलीसङ्गमूरोर्**विक्षेप** ईरितः ।
विधाय चरणावेतौ कर्तरीव पुरः[3] स्थितौ ॥१७२॥
पादः **कर्तरिसंज्ञेयो** नृत्यशास्त्रविशारदैः ।
नृत्त[4] च करणे कार्य्यं तदूरोरन्यपादतः ॥१७३॥
प्रधार्य्य ताडनं तज्ज्ञैस्तत्त**ट्टाल**मुच्यते ।
कथ्यते **गारुडपक्षः** समसूची स्फुरीयुता[5] ॥१७४॥
भ्रामयित्वैकचरणं स्थापने तस्यलाघवात् ।
पादावानीय नर्तक्या[6] पृष्ठतोऽङ्गुष्ठसङ्गमम् ॥१७५॥

---

आगे और पीछे की ओर चरणों का साथ-साथ तिर्यक् स्खलन 'समस्खलितिका' है ॥१६८॥

एक के पीछे अन्य चरण को आगे फैलाकर निकुट्टन करने पर 'लताक्षेप' होता है ॥१६९॥

एक पैर से पृथ्वी पर खड़े होकर, दूसरे चरण को घुमाने के पश्चात् उसे जानु पर स्थापित करने और ऊरु का ताडन करने से भाण्डीकभाषा-कुशल व्यक्तियों ने 'डमरुक' पाल माना है ।

एड़ी से एक ताल के अन्तर पर पार्श्व में आगे की ओर चरण के स्थित होने पर ऊरु के साथ अन्य चरण का स्पर्श विक्षेप कहा गया है । इन दोनों चरणों को आगे कर्तरी के समान स्थापित करने से नृत्यविशारदों को 'कर्तरि' नामक पाल जानना चाहिये ।

नृत्त करण में अन्य चरण से ऊरु का ताडन 'तट्टाल' कहा जाता है । स्फुरीयुक्त समसूची 'गारुड पक्ष' है ॥१७१-१७५॥

---

१. (क) जङ्घातः । २. (क) पार्श्व । ३. (क) पुरि ।
४. (क) नृत्येकचरणे । ५. (क) पुरीयुता । ६. (क) कर्तव्या ।

[1]ललाटेऽभिमुखं वाते **ललाटतिलकः** स्मृतः ।
गतिः कुरुलयार्द्धेन चरणाभ्यां मनोहरा ॥१७६॥
**फल्लणापाल** इत्येष कथितो नृत्यकोविदैः ।
ऊरौ तदन्यपादेन सङ्गमोऽ**लगपालकः**[2] ॥१७७॥
[3]पुरी द्विधावच्चरणस्तदन्यः कुरुलान्वितः[4] ।
पालो **विन्धवणः** प्रोक्तो नृत्यविद्याविशारदैः ॥१७८॥
[5]पिच्छिलापसृतं यद्वन्नर्तक्या नर्तने तथा ।
तिर्य्यक् पादापसरणं पादो **निस्सरडाभिधः** ॥१७९॥
पादौ समनखौश्लिष्टौ विश्लिष्टौ च प्रयोगतः ।
[6]चेच्चारी **समपादाख्या** नानास्थानसमाश्रया ॥१८०॥

(इतिपादपाललक्षणम्)

---

एक चरण को घुमाकर लाघव पूर्वक उसका स्थापन करने पर नर्तकी के द्वारा चरणों को पीछे ले जाये जाने के पश्चात् सामने की ओर ललाट के अभिमुख अंगुष्ठसङ्गमपूर्वक 'ललाटतिलक' होता है ।

चरणों के द्वारा कुरुलयार्द्धयुक्त मनोहर गति 'फेल्लणा पाल' कहलाती है । एक चरण के द्वारा अन्य चरण के ऊरु का स्पर्श 'अलगपाल' है ॥१७७॥

पुरी की दो आवृत्तियों से युक्त एक चरण तथा दूसरा चरण कुरुलान्वित हो, तो नृत्यज्ञों ने 'बिन्धवण पाल' कहा है ।

नर्तन में नर्तकी के द्वारा पिच्छिल अपसृत जैसा तिर्य्यक् पादों से अपसरण हो, तो 'निस्सरड' कहलाता है ॥१७८-१७९॥

यदि प्रयोग के द्वारा समनख चरण श्लिष्ट और विश्लिष्ट हों, तो विभिन्न स्थानों के आश्रित 'समपादा' चारी होती है ॥१८०॥

(यह पादपाल लक्षण हुआ ।)

---

१. (क) ललाटेऽभिमुखायत्ते । २. (क) वालकः । ३. (क) पुरिवादावच्चरणः ।
४. (क) कुलया । ५. पिच्छिला पिस्त्रुत । ६. (क) जेक्खारि ।

**अथोप्लुतिकरणम्—**

कथ्यते दर्पसरणं बिन्दुः सा लोहडी मता ।
अञ्चितश्चेति चत्वारो यो भेदस्तदवान्तरे ॥१८१॥

वैष्णवस्थानके स्थित्वातिर्य्यगावर्त्तिताङ्घ्रिकम् ।
तदुक्तं **दर्पसरणं** करणं नृत्तवेदिभिः ॥१८२॥

वामं कूर्परमानिधाय[1] भुवितद्हस्तोत्तलस्थं शिरो ।
निक्षिप्ता हि तदीयकाः कटितटी जानूरुजङ्घा क्षितौ ।

कृत्वान्यं चरणं तदूरुफलके तज्जानुमध्यस्थितौ ।
बाहुस्त**ज्जलशायिनामकरणं** यत्कथ्यते कोविदैः ॥१८३॥

स्थित्वा समपदेनैव पुरः प्लुत्योपवेशनम् ।
[2]पुरोवलितदोःकाण्डं **दिण्डुस्तत्करणं** मतम् ॥१८४॥

तदेव दिण्डुकरणमवसानस्थितं यदि ।
[3]अलगं किञ्चिदुद्वक्त्रं तदे**वोध्वलिगं**[4] स्मृतम् ॥१८५॥

---

अब उत्प्लुति करण कहे जाते हैं ।

दर्पसरण, विन्दु, लोहडी और अञ्चित ये चार हैं । अवान्तर में जो हैं, वे उनके भेद हैं ॥१८१॥

वैष्णव स्थानक में स्थित होकर जिसमें पैर को तिर्य्यक् आवर्तित किया गया हो, वह करण नृत्यवेदियों ने 'दर्पसरण' कहा है ॥१८२॥

पृथ्वी में बाईं कुहनी रख कर यदि उस हाथ की हथेली पर शिर हो, नर्तक की कटि, जानु, ऊरु और जङ्घा पृथ्वी पर स्थित हों, चरण यदि ऊरु पर हो, बाहु जानु के मध्य में हो, तो विद्वानों के द्वारा उसे 'जलशायी' करण कहा जाता है ॥१८३॥

समपाद से स्थित होकर आगे उछलने के पश्चात् इस प्रकार बैठना 'दिण्डु' करण है, जिसमें भुजाओं का वलन आगे कीं ओर हो ॥१८४॥

---

१. (क) मानिदाय । २. (क) परावलित ।
३. (क) ललगं । ४. (क) दलिगं ।

अलगं नतपृष्ठञ्च नितम्बालम्बिमस्तकम् ।
उत्तानस्थानकोपेतं **अन्तरालक**मुच्यते ॥१८६॥

[1]नाभिबाह्वोरसङ्गेन शिरःस्पृष्टमहीतलम् ।
[2]स्पृष्ट्वा पदाभ्यामुत्तानं **कपालचूर्णनं** भवेत् ॥१८७॥

समपादस्थितेरूर्ध्वं यत्र त्रिकविवर्तनम् ।
उत्पत्य पतनं तिर्य्यग् **लोहडी** सैव[3] कथ्यते ॥१८८॥

लोहडीपतने यत्र स्फुरितेनाभिपातनम्[4] ।
करणं **तत्परिभूतं** नृत्यविद्भिर्निगद्यते ॥१८९॥

उत्प्लुत्य समपादेन परावृत्य समस्थिति ।
पश्चाद्वा वलिबाहुभ्यामञ्चितं करणं विदुः ॥१९०॥

अञ्चिते पतनं तिर्य्यक् परावृत्योपवेशनम् ।
करणं नृत्ततत्वज्ञैर्लङ्कादहनमीरितम् ॥१९१॥

---

वही दिण्डु करण अन्त में हो और मुंह पृथक् रहकर कुछ उठा हो, तो 'ऊर्ध्वालग' कहलाता है ॥१८५॥

यदि 'अलग' स्थिति में पृष्ठ नतमस्तक नितम्बपर्य्यन्त आलम्बित हो, स्थानक उत्तान हो तो 'अन्तरालक' कहलाता है ॥१८६॥

नाभि और बाहुओं के असङ्ग से यदि सिर पृथ्वी का स्पर्श करता हो, पैरों के द्वारा शरीर की उत्तान स्थिति हो, तो 'कपालचूर्णन' होता है ॥१८७॥

समपाद स्थिति से ऊपर की ओर त्रिक का विवर्तन और उछलकर तिरछा होना 'लोहडी' कहलाता है ॥१८८॥

नृत्यज्ञों ने उस करण को 'परिभूत' कहा है, जहाँ लोहडीपतन में स्फुरितपूर्वक अभिपात होता है ॥१८९॥

समपाद के द्वारा उछल कर परावर्तनके पश्चात् वलनशील बाहुओं के द्वारा समस्थिति प्राप्त करना 'अञ्चित' करण है ॥१९०॥

---

१. (क) महीबाह्वोरु । २. स्पृष्टा । ३. (क) सा निगद्यते । ४. (क) स्फुरितो पातनम्

अञ्चितस्थानके यत्स्यात् नितम्बालम्बिमस्तकम् ।
जिङ्कोलं पार्ष्णिमस्तौ चेद्वेङ्कोलं समुदीरितम् ॥१९२॥

एकपादाञ्चित, कर्तयञ्चित भैरवाञ्चित, दण्डप्रमाण, स्वेच्छाकरण, पद्मासन, विषमपद्मासन, समसूचि, विषमसूचि, खण्डसूचि, गरुडासन, कूर्मासन गोमुखासन, मण्डूकासन, जानुभञ्जन, नागबन्ध इति बहुविधस्थानकानि करणानामुपरि समेतानि चेत् स्थानकसहितानि करणनामानि भवन्ति।

**पञ्चभ्रमरिका :—**

छत्रभ्रमरिका चैव वक्त्रभ्रमरिका तथा ।
अन्तर्भ्रमरिका चैव बाह्यभ्रमरिका[1] तथा ॥१९३॥
कपालभ्रमरी चैव पञ्च भ्रमरिकाः स्मृताः ।

**पूर्वैरनुक्तानि देश्यङ्गानि—**

अथ पूर्वैरनुक्तानि देश्यङ्गानि वदाम्यहम् ॥१९४॥
मुखरसः सौष्ठवं च ललिभावौ[2] च तूकली ।
अनुमानं प्रमाणञ्च झङ्का[3] रेवा सुरेखता ॥१९५॥
अङ्गानङ्गं ततो ढालं धीलायि[4] नवणिस्तथा ।
[5]कित्तुस्तरहरोल्लासौ वैवर्तनमतः परम् ॥१९६॥

---

नृत्तज्ञों ने उस करण को 'लङ्कादहन' कहा है, जिसमें अञ्चित अवस्था में पतन और तिर्य्यक् परावर्तन के पश्चात् उपवेशन होता है ॥१९१॥

अञ्चित स्थान में यदि मस्तक नितम्बालम्बि हो, तो 'जिङ्कोल', यदि पार्ष्णि और मस्तक हों, तो 'वेङ्कोल' कहलाता है ॥१९२॥

एक पादाञ्चित, कर्तर्यंञ्चित, भैरवाञ्चित, दण्डप्रमाण, स्वेच्छाकरण, पद्मासन, विषमपद्मासन, समसूचि, विषमसूचि, खण्डसूचि, गरुडासन, कूर्मासन, गोमुखासन, मण्डूकासन, जानुभञ्जन, नागबन्ध, इत्यादि अनेकविध स्थानक करणों के ऊपर युक्त हों, तो करणों के नाम स्थानक सहित होते हैं।

छत्रभ्रमरिका, वक्त्रभ्रमरिका, अन्तर्भ्रमरिका, बाह्यभ्रमरिका और कपालभ्रमरिका ये पाँच भ्रमरिकाएं होती हैं ॥

अब वे देशी के अङ्ग कहूंगा, जो पूर्वाचार्य्यों ने नहीं कहे हैं॥१९३-१९४॥

---

१. (ख) बाहु। २. (क) चलविभादौ। ३. (क) झङ्कारे वासुरेखिता। ४. (क) ढिल्लायि। ५. (क) कित्सु।

स्थापनं च क्रमादेषां लक्षणं प्रतिपाद्यते ।
माल्याभरणवस्त्राद्यैर्न्टत्तनेपथ्यकल्पनात् ॥१९७॥

प्रमोदप्रभवा वक्त्रकान्तिर्मुखरसाभिधः ।
वामदक्षिणपार्श्वात्यपुरोभागेष्वनामितम् ॥१९८॥

गात्रं यदि स्थितं सम्यक् सौष्ठवं तदुदाहृतम् ।
नहि सौष्ठवहीनाङ्गं शोभते[1] नाट्यनृतयोः ॥१९९॥

नाट्यं नृत्तं च सर्वं हि सौष्ठवे सम्प्रतिष्ठितम् ।
सङ्गीतसुखसञ्जातो लावण्यरसपोषकः ॥२००॥

हर्षोत्कर्षस्तुभावज्ञैर्ललिरित्यभिधीयते ।
यति मानं समाकर्ण्य वाद्यतालसमुद्भवम् ।२०१॥

नर्तनौत्सुक्यजश्चित्तविकारो भाव उच्यते ।
स्थानकेन मनोज्ञेन स्थित्वा गम्भीरभावतः ॥२०२॥

---

मुखरस, सौष्ठव, ललि, भाव, तूकली, अनुमान, प्रमाण, झङ्का, रेवा, सुरेखता, अङ्ग, अनङ्ग, ढाल, धीलायि (ढिल्लायि), नवणि, कित्तु, तरहर, उल्लास, वैवर्तन और सवर्तन ये देशी अङ्ग हैं ॥१९५, १९७॥

माल्य, आभरण, वस्त्र इत्यादिकों के द्वारा नेपथ्य की कल्पना से उत्पन्न प्रमोद के कारण व्यक्त मुखकान्ति 'मुखरस' कहलाती है।

यदि गात्र बायें, दायें आगे, पीछे न झुका हो, तो यह 'सौष्ठव' है। नाट्य और नृत्त में सौष्ठवहीन अङ्ग शोभित नहीं होता है ॥१९८-१९९॥

नाट्य और नृत्त सब कुछ सौष्ठव में ही प्रतिष्ठित है। सङ्गीतसुख सञ्जात तथा लावण्य एवं रस का पोषक हर्षोत्कर्ष भावज्ञों के द्वारा 'ललि' कहा जाता है।

यति और मान को सुनकर वाद्यतालसमुद्भव नर्तन के औत्सुक्य से उत्पन्न चित्तविकार 'भाव' कहलाता है ॥२००-२०२॥

---

१. (क) शाम्भवं ।

अङ्गस्यान्दोलनं तालसमानं तूकली भवेत् ।
[1]गत्यभिनययोगाय नर्तकी चित्तदोलनम् ॥२०३॥
अनुमानं समुद्दिष्टं प्रमाणं साम्यमुच्यते ।
वामे वा दक्षिणे वापि किञ्चिदुद्वृत्तभावतः ॥२०४॥
अङ्गस्य चालना[2] नृत्ये झङ्केति परिकीर्तिता ॥
शिरस्यपाङ्गयोश्चैव किञ्चिदुल्लोलता यदि ॥२०५॥
दृश्यते भावमाधुर्य्यात् सोक्ता रेवा[3] विचक्षणैः ।
आङ्गिकाभिनयो नत्ये विकटाङ्गविवर्जितः ॥२०६॥
यदि प्रवर्तते तज्ज्ञैः सुरेखत्वं तदीरितम् ।
ताण्डवादिषु नृत्तेषु[4] प्रस्तुतेषु पृथक् पृथक् ॥२०७॥
उक्तोऽङ्गमङ्गमुद्दिष्टमनङ्गं त्वन्यसंश्रयम् ।
ललिताभिनयास्सर्वे ललिभावसमाश्रयाः ॥२०८॥

---

गम्भीर भाव से सुन्दर स्थानक के द्वारा स्थित होकर ताल के समान अङ्ग का आन्दोलन 'तूकली' कहलाता है ।

गति एवं अभिनय के योग के लिए नर्तकी के चित्त का डोलना 'अनुमान' है, साम्य को 'प्रमाण' कहते हैं ।

यदि नृत्त में बाईं या दाईं ओर कुछ उद्वृत्त भाव से अङ्ग-चालना हो, तो 'झङ्का' कही गई है ।

शिर और अपाङ्ग में यदि कुछ उल्लोलता, भावमाधुर्य्य के कारण, हो तो वह विद्वानों के द्वारा 'रेवा' कही गई है ।

यदि नृत्यज्ञों के द्वारा विकटाङ्ग-रहित आङ्गिक अभिनय नृत्य में किया जाता है, तो वही 'सुरेखत्व' है ।

ताण्डव आदि नृत्त पृथक् पृथक् प्रस्तुत होने पर उद्दिष्ट हो, तो 'अङ्ग' है, अन्याश्रित 'अनङ्ग' है ।

सभी ललित अभिनय ललि और भाव के आश्रित होते हैं ॥२०३-२०८॥

---

१. (क) यत्याभिनय । २. (क) चालने । ३. (क) ठेवा । ४. (क) नृत्येषु ।

[1]नर्तकी चितसारः स्यात् तस्माड्ढालं तदुच्यते ।
स्थाने वा मन्दगमने नर्तक्यां यदि लक्ष्यते ॥२०९॥

ललितं गात्रशैथिल्यं **धिल्लायी**ति[2] निगद्यते ।
यदि सर्वाङ्गनमनमनायासेन वर्तते ॥२१०॥

विषमेषु प्रयोगेषु **नमनि**स्समुदाहृता ।
भुजयोः स्तनयुग्मे वा तालपातैस्समं यदि ॥२११॥

[3]स्पन्दनं सुकुमारं स्यादेतत् **कित्तु**[4] निगद्यते ।
नर्तने यदि नर्तक्याः स्तनयोःक्षिप्रकम्पनम् ॥२१२॥

लक्ष्यते बाहुपर्य्यन्तमेत**त्तरहरं** विदुः ।
यदि वाद्येन[5] सदृशं नर्तक्यङ्गं मुहुर्मुहुः ॥२१३॥

यद्युल्लसति भावेन **तमुल्लासं** प्रचक्षते ।
अङ्गिकाभिनयो वाद्यपादानामुचितः समः ॥२१४॥

---

नर्तकी के चित्त का सार इसीलिये ढाल कहलाता है । स्थान या मंद गमन नर्तकी में दिखाई देने वाला ललित गात्र-शैथिल्य धिल्लायी' (ढिल्लायि) कहलाता है ।

यदि विषम प्रयोगों में अनायास ही समस्त अङ्गों का नमन दिखाई दे, तो 'नमनि' कहलाता है ।

तालघातों के साथ ही भुजाओं और स्तनयुगल में यदि सुकुमार स्पन्दन दिखाई दे, तो 'कित्तु' कहलाता है ।

नर्तन में यदि स्तनों का वेगपूर्वक कम्पन बाहुपर्य्यन्त दिखाई दे तो 'तरहर' कहलाता है ।

यदि भावपूर्वक नर्तकी का अङ्ग वाद्य के सदृश उल्लसित हो तो, यह 'उल्लास' कहलाता है ॥२१४॥

---

१. नृत्यकी नृत्यसारः स्यात् । २. (क) चिल्लाइति ।
३. (क) स्यन्दनं । ४. (क) किन्तु । ५. (ख) नाट्येन ।

यदि प्रवर्तते तज्ज्ञैस्तद् **वैवर्तनमीरितम्**[1] ।
करणाभिनयस्यान्ते विषमस्यापरस्यवा ॥२१५॥
रूपसौष्ठवरेखाभिः स्थितिः **स्थापनमुच्यते** ।
क्रमेण पेरणादीनां पद्धतिः कथ्यतेऽधुना ॥२१६॥

**पेरणपञ्चाङ्गानि—**

[2]नृत्तं ततश्च कैवारो घर्घरो वागडस्तथा[3] ।
गीतञ्चेति बहुधाः प्राहुः पेरणस्याङ्गपञ्चकम्[4] ॥२१७॥

[5]**नृत्तं** तद्द्विविधं ज्ञेयं ताण्डवं लास्यमित्यपि ।
तत्राप्युपलयाङ्गं स्यात् प्रायस्ताललयाश्रयम् ॥२१८॥

वर्णयित्वा गुणान् पूर्णान् पुरातनमहीभुजाम् ।
तत्तद्गुणसमारोपः **कैवारः** स्यात्सभापतेः ॥२१९॥

ठवणे वशतः क्षुद्रघण्टिकाचयचालनात् ।
तालपाट्या तथा प्रोक्ता **घर्घरेति** विचक्षणैः ॥२२०॥

---

जहाँ वाद्य और चरणों के समान उचित आङ्गिक अभिनय होता है, उसे विशेषज्ञों ने 'वैवर्तन' कहा है। विषम अथवा अन्य प्रकार के करणाभिनय के अन्त में रूप सौष्ठवयुक्त रेखाओं के अनुसार स्थिति 'स्थापन' है।

अब क्रमशः 'पेरण' इत्यादि की पद्धति कही जाती है ॥२१५-२१६॥

बुद्धिमानों ने पेरण के पाँच अङ्ग नृत्त, कैवार, घर्घर, वागड और गीत बताये हैं ॥२१७॥

'नृत्त' दो प्रकार का है, ताण्डव और लास्य। वहाँ उपलयाङ्ग प्रायः ताल और लय के आश्रित होता है ॥२१८॥

प्राचीन राजाओं के पूरे गुणों का वर्णन करके सभापति पर उन गुणों का आरोप 'कैवार' कहलाता है ॥२१९॥

---

१. (क) विवर्तन। २. (क) वृत्त्यन्तरश्च। ३. वागडं।
४. (क) प्रेरणा। ५. (क) नृत्यं।

यन्मर्कटपिशाचादिहास्यवेशसमाश्रयम् ।
[1]विकटाभिनयोपेतं बागडं तत्प्रचक्षते ॥२२१॥
शुद्धैस्सङ्कीर्णरागैर्वा रागस्यालप्तिसंयुतम् ।
गीयते गीतमुक्तं तत् सभ्यचित्तानुरञ्जनम् ॥२२२॥

**पेरणवाद्यपद्धति :—**

रङ्गस्थितैर्नरैर्वाद्यसमुदायत्रये क्रमात् ।
उद्ग्राहादित्रयं यत्र गानं श्रेष्ठं तदीरितम् ॥२२३॥
समहस्तं भवेदादौ ततो रिघवणिर्भवेत् ।
ततः परं पदं ज्ञेयं वेसारं तदनन्तरम् ॥२२४॥
वाद्यपद्धतिरित्युक्ता पेरणस्य विचक्षणैः ।

**पेक्खणवाद्यपद्धति :—**

झेङ्कारं वादयेत् पूर्वं घल्लणं[2] च ततः परम् ॥२२५॥
ततो वाद्यञ्च कवितमोत्वरं[3] च ततः क्रमात् ।
[4]अन्तरोपलयञ्चेति पेक्खणे[5] वाद्यपद्धतिः ॥२२६॥

---

ठवण में घुंघरुओं के गुच्छों को ताल और पाट के अनुसार हिलाने से 'घर्घर' होता है ॥२२०॥

वानर, पिशाच, इत्यादि हास्यवेशयुक्त तथा विकट अभिनय से युक्त 'वागड' होता है ॥२२१॥

रागालप्तियुत जो कुछ भी शुद्ध या संकीर्ण रागों का आश्रय लेकर गाया जाता है, सभ्यों के चित्त का अनुरञ्जक वह कार्य्य 'गीत' कहलाता है ॥२२२॥

रङ्गस्थित व्यक्तियों के द्वारा तीन वाद्य-समुदायों पर क्रमशः उद्-ग्राह आदि तीन वस्तुओं का गान श्रेष्ठ है ॥२२३॥

आरम्भ में समस्त, तत्पश्चात् रिघवणि, तदनन्तर वेसार यह पेरण की वाद्य-पद्धति विद्वानों ने कही है।

झेङ्कार, घल्लण, वाद्य, कवित, अन्तरा तथा उपलय (अपडप) का क्रम से वादन पेक्खणवाद्यपद्धति है समहस्त, प्रहरण, आरभट,

---

१. (क) एकदा । २. (क) टल्लणं । ३. (क) पन्तरां च । ४. (क) अवत्समुलयं ।
५. (क) पक्खणे

समहस्तप्रहरणं ततस्त्वारभटाह्वयाः ।

**गुण्डलीवाद्यपद्धति :—**

मुखवाद्यं ततो ज्ञेयं तकारं तदनन्तरम् ॥२२७॥
झेङ्कारं च ततः पश्चाद्दुवक्करसमाह्वयम् ।
तवो रिघवणिर्वाद्यं ततः प्रहरणाभिधम् ॥२२८॥
तुडुकञ्चेति विज्ञेया गुण्डलीवाद्यपद्धतिः ॥

**पेरणादित्रये गीतपद्धति :—**

पेरणादित्रये गीतपद्धतिः कथ्यतेऽधुना ॥२२९॥
[२]वाद्येन सह गीतायामेलायां तदनन्तरम् ।
तेनैव खलु तालेन वाद्यते शुष्कमन्तरा ॥२३०॥
प्रतिरूपकपर्य्यन्तं यत्र सा शुद्धपद्धतिः ।
प्रथमं पाटकरणं[३] बन्धाख्यं चित्रसंज्ञकम् ॥२३१॥
कैवाडो वर्णसरकस्त्वन्ये वा पाटमिश्रिताः ।
प्रबन्धा यत्र गीयन्ते वाद्यन्ते च यथाक्षरम् ॥२३२॥
यथाक्षरञ्च नृत्यन्ते **चित्रा सा शुद्धपद्धतिः** ।
ध्रुवो मण्ठश्च[४] निस्सारुश्चण्डनिस्सारुकस्तथा[५] ॥२३३॥

---

मुखवाद्य, तकार, झेङ्कार, दुवक्कर, रिघवणि, प्रहरण और तुडुक का क्रमशः प्रयोग गुण्डली वाद्य-पद्धति है ।

अब पेरण, पेक्खण और गुण्डली में गीत-पद्धति कही जाती है। २२४-२२९॥

जहाँ वाद्यसहित एला का गान होने पर उसी ताल का आश्रय लेकर अन्तरा का प्रत्येक रूपक तक शुष्क वादन होता है, वह 'शुद्ध पद्धति' है ।

जहाँ चित्रबन्ध नामक पाटकरण, कैवाड, वर्णसरक तथा अन्य पाटमिश्रित प्रबन्धों का क्रमशः गायन व वादन होता है, और यथाक्षर नृत्त भी किया जाता है, वह 'चित्राशुद्ध पद्धति' है ।

ध्रुव, मण्ड, निस्सारु, चण्डनिस्सारु, अड्ड ताली, रासक, एकताली यह विद्वानों ने 'सालग' पद्धति बताई है ॥२३०-२३५॥

---

१. (क) कुण्डीरी । २. (क) वाक्येन । ३. (क) पादकरणं ।
४. (क) निस्सारी । ५. (क) निस्सारिक ।

अड्डताली रासकश्च ततः स्यादेकतालिका ।
इत्येषा पद्धतिर्ज्ञेया **सालगाख्या** विचक्षणैः ॥२३४॥
[1]पेरण्याद्याश्च गुण्डल्याः शुद्धे छायालगे तथा ।
दुवक्करपहरणे[2] यतिश्चान्तरवादनम्[3] ॥२३५॥
पद्धतित्रितये शुद्धचित्रसालग संज्ञके ।
तत्तत्पद्धतिभेदेन वाद्य[4] कुर्य्याद्यथोचितम् ॥२३६॥
यतो हस्तस्ततो दृष्टिर्यतो दृष्टिस्ततो मनः ।
यतो मनस्ततो भावो यतो भावस्ततो रसः ॥२३७॥
यत्र व्यग्रावुभौ[5] हस्तौ तत्र दृष्टिविलोकितैः ।
व्यलीकाभिनयं[6] कुर्य्याद्विगतैरर्थदर्शनैः ॥२३८॥
अङ्गेनालम्बयेद् गीतं हस्तेनार्थं प्रदर्शयेत् ॥
चक्षुर्भ्यां भावयेद् भावं पादाभ्यां तालनिर्णयः ॥२३९॥
तालश्च कांस्यतालश्च घण्टिका जयपूर्विका ।
पटहश्च हुडुक्का च मृदङ्गः करटा[7] तथा ॥२४०॥

---

शुद्ध में पेरणी इत्यादि तथा गुण्डली छायालग में दुवक्कर; प्रहरण, यति और अन्तर का वादन होता है ॥२३५॥

शुद्ध चित्र एवं सालग इन पद्धतियों में पद्धति के अनुसार यथोचित वादन होना चाहिये ॥२३६॥

जिधर हस्त उधर दृष्टि, जिधर दृष्टि उधर मन, जिधर मन उधर भाव और जिधर भाव उधर रस होता है ॥२३७॥

जहाँ दोनों हाथ अन्यथा व्यस्त हों, वहाँ अर्थहीन दर्शनों से विभिन्न दिशाओं में दृष्टिपात करके झूठमूठ का अभिनय उचित है ॥२३८॥

अङ्ग से गीत का आलम्बन, हाथ से अर्थ का प्रदर्शन, नेत्रों से भाव का भावन और चरणों से ताल का निर्णय किया जाना चाहिये ॥२३९॥

---

१. (क) प्रेरणाख्ये । २. (क) पहरणा । ३. (क) यदि ।
४. (क) नृत्यं । ५. (क) मुखौ ।
६. (क) व्रीडिते । ७. (क) करडा ।

इत्यादिवाद्यसन्दोहो वाद्यते[1] दण्डरासके ।

पात्रम्—

रूपयौवनवर्णैस्तु[2] समाना दीर्घलोचनाः २४१॥
कृशमध्या नितम्बाढ्याः पीनवृत्तपयोधराः ।
चल्लणैः कञ्चुकैर्युक्ता नानावर्णविचित्रितैः ॥२४२॥
दण्डाभ्यां रञ्जितकरा[3] नूपुरालङ्कृताङ्घ्रयः ।
माल्यानुलेपसम्पन्नाः सर्वाभरणभूषिताः ॥२४३॥
सावधानाः प्रगल्भाश्च स्त्रियः पात्रं प्रकीर्तिताः ।
पात्रद्वयं समारभ्य द्वे द्वे पात्रे विवर्धयेत् ॥२४४॥
भवेयुरष्टद्वन्द्वानि यावत्तावद्यथारुचि ।
अन्योऽन्याभिमुखं वापि परावृत्तमुखं तथा ॥२४५॥
एधोदण्डानुविद्धञ्च वाद्यतालसमन्वितम् ।
स्थानकैर्हस्तचलनैः वलनैर्वर्तनैर्युतम् ॥२४६॥

---

ताल, कांस्यताल, जयघण्टिका, पटह, हुडुक्का, मृदङ्ग, करटा इति वाद्यसमूह 'दण्डरासक' में बजाया जाता है ।

रूप, यौवन एवं वर्ण में समान, दीर्घलोचन, पतली कमर वाली, पुष्टनितम्ब, पुष्ट एवं गोल पयोधरों से शोभित, रङ्गविरङ्गी झीनी चोलियों से युक्त, हाथों में दो दो डण्डों से सुभूषित, नूपुरों से सुसज्जित चरणों वाली माल्यानुलेपयुक्त समस्त आभूषणों से अलंकृत नारियाँ 'पात्र' कहलाती हैं ।

दो पात्रों से आरम्भ करके दो दो पात्र तब तक बढ़ाना चाहिये, जब तक आठ जोड़े न हो जायें, वे जोड़े अन्योन्याभिमुख अथवा परावृत्तमुख हों ॥२४०-२४५॥

विशेषज्ञों ने 'दण्डरासक' को काष्ठदण्डयुक्त, वाद्यतालसमन्वित,

---

१. (क) दण्डरासकः । २. (क) वृत्तैस्तु । ६. (क) रचित ।

नानाबन्धैस्समायुक्तं लयत्रयसमन्वितम् ।
दण्डरासमिति प्रोक्तं नृत्तभेदविचक्षणैः ॥२४७॥

इति श्रीमदभयचन्द्रमुनीन्द्रचरणकमलमधुकरायितमस्तक
महादेवार्यशिष्यस्वरविमलविद्यापुत्रसम्यक्त्वचूडामणि
भरतभाण्डीकभाषाप्रवीणश्रुतिज्ञानचक्रवर्ति
सङ्गीताकरनामधेयपार्श्वदेवविरचिते
सङ्गीतसमयसारे सप्तममधिकरणम् ।

---

स्थानकों, हस्तचलनों, वलनों और वर्तनों से युक्त, विभिन्न बन्धों में समन्वित और तीनों लयों से युक्त कहा है ।

श्रीमद् अभयचन्द मुनीन्द्र के चरण कमलों में मधुकरवत् आचरण करने वाले मस्तक से युक्त महादेव आर्य के शिष्य स्वरविद्या से युक्त, सम्यक्त्वचूडामणि, भरत-भाण्डीक—भाषाप्रवीण, श्रुतिज्ञानचक्रवर्ती संगीताकर नाम वाले पार्श्वदेव द्वारा विरचित संगीतसमयसार का सप्तम अधिकरण पूर्ण हुआ ।

# अष्टमाधिकरणम्

**उद्देश :—**

[1]गीतं वाद्यं च नृत्तं च यतस्ताले विराजते ।
तस्मात्तालस्वरूपञ्च वक्ष्ये लक्ष्यानुसारतः ॥१॥

[3]तालशब्दस्य निष्पत्तिः प्रतिष्ठार्थेन धातुना ।
स तालः कालमानं यत् क्रियया परिकल्पितम् ॥२॥

**द्विविधा मानगति :—**

**मनोगा हस्तगा** चास्य द्विविधा मानकल्पना ।
द्विविधस्यास्य भेदस्य लक्षणं तावदुच्यते ॥३॥

उपर्य्युपरिविन्यस्तपद्मपत्रशते सकृत् ।
यः कालस्सूचिसम्भेदात्[4] स क्षणं स्याद्दलं प्रति ॥४॥

---

चूंकि गीत, वाद्य और नृत्त ताल में विराजित है, अतः लक्ष्य के अनुसार ताल का लक्षण कहूँगा ॥१॥

प्रतिष्ठार्थक (तल्) धातु से ताल शब्द की निष्पत्ति हुई है, वह 'ताल' क्रिया के द्वारा परिकल्पित कालमान है ॥२॥

मान की कल्पना द्विविध है, 'मनोगा' और हस्तगा, इस द्विविध भेद का लक्षण कहा जाता है ॥३॥

नीचे ऊपर रखे हुए सौ कमल पत्रों में एक बार सुई छेदने का काल प्रत्येक दल में एक 'क्षण' है ॥४॥

---

१. (क) सङ्गीतवाद्यं नृत्यं च तालहीनं न राजते । २. (ख) लयं ।
३. श्लोक एष जगदेकस्य । ४. (ख) तत्क्षणं सादजं प्रति । ५. कालोस्त्रियश्चतुर्भागः ।

लवःक्षणैरष्टभिः स्यात् काष्ठा चाष्टलवात्मिका ।
अष्टौ काष्ठा निमेषःस्यात् कालस्त्वष्टनिमेषितः ॥५॥
[1]कालैस्त्रुटिश्चतुर्भिः स्यात्ताभ्यामर्धद्रुतं भवेत् ।
अर्धद्रुताभ्यां बिन्दुः स्याद् बिन्दुभ्यां तु लघुर्भवेत् ॥६॥
लघुभ्यां तु गुरुः प्रोक्तो लैस्त्रिभिः प्लुत एव च ।
इति मानगतिः प्रोक्ता मनोगा तालवेदिभिः ॥७॥
[2] आवापादिर्ध्रुवादिर्वा हस्तगा परिकीर्तिता ।
तत्रावापोऽथ निष्क्रामो विक्षेपोऽथ प्रवेशनम् ॥८॥
शम्या तालश्च विज्ञेयः सन्निपातश्च सप्तमः ।
आवापसंज्ञकं ज्ञेयमुत्तानाङ्गुलिकुञ्चनम् ॥९॥
अधस्तलेन हस्तेन निष्क्रामाख्यं प्रसारणम् ।
तस्य दक्षिणतः क्षेपो विक्षेपः परिभाष्यते[3] ॥१०॥

---

आठ क्षणों का 'लव' आठ लवों की एक 'काष्ठा', आठ काष्ठाओं का एक 'निमेष', आठ निमेषों का एक 'काल', चार कालों से एक 'त्रुटि', दो त्रुटियों से एक 'अर्धद्रुत', दो अर्धद्रुतों से एक 'बिन्दु', दो बिन्दुओं से एक 'लघु' दो लघुओं से एक 'गुरु' और तीन लघुओं से एक 'प्लुत' होता है। तालज्ञों ने यह मनोगा मानगति बताई है ॥४-७॥

'आवाप' आदि या 'ध्रुव' इत्यादि 'हस्तगा' मानगति कहलाती है। आवाप, निष्क्राम, विक्षेप, प्रवेशन, शम्या, ताल और सन्निपात ये सात क्रियाएँ हैं।

चित (उत्तान) हाथ की अँगुलियों का सिकोडना 'आवाप', पट (अधस्तल) हाथ का प्रसारण 'निष्काम', हाथ का दाहिनी ओर फेंकना 'विक्षेप' अधस्तल (पट) हाथ का सिकोड़ना 'प्रवेश', दक्षिण हस्त से वाम हस्त पर आघात 'शम्या', वाम हस्त से दक्षिण हस्त पर आघात 'ताल' और दोनों हाथों का परस्पर आघात 'सन्निपात' है।

---

१. (क) ध्रुवादीर्घा ।
२. (क) निःक्रमाख्या प्रसारणा । ३. (क) परिभाव्यते ।

भूयश्चाकुञ्चनं ज्ञेयं प्रवेशाख्यमधस्तलम् ।
[1]शम्या दक्षिणपातस्तु तालो वामेन कीर्तितः ॥११॥
उभयोर्हस्तयोः पातः सन्निपात इतीरितः ।

**मात्रा :—**

ध्रुवका सर्पिणी कृष्या बन्धिनी च विसर्जिता ॥१२॥
विक्षिप्ता च पताका च पतिता चाष्टमी मता ।
[2]घनाभिघातो ध्रुवका सर्पिण्यग्रे प्रसारिता ॥१३॥
कृष्याकुञ्चनमात्रा च बन्धाकारा च बन्धिनी ।
विसर्जितोपरिष्टेन विक्षिप्तोत्तानवामतः ॥१४॥
ऊर्ध्वाङ्गुलिः पताका स्यात् पतिता पातिता पुनः ।
लघ्वक्षराणां पञ्चानां मानमुच्चारणे हि तत् ॥१५॥
तत्प्रमाणा परिज्ञेया मात्रा तालगता बुधैः ।
द्विमात्रा च कला चित्रे चतुर्मात्रा तु वार्तिके ॥१६॥
अष्टमात्रा च विद्वद्भिः दक्षिणे समुदाहृता ।

**लय :—**

तालान्तरालवर्ती यः कालोऽसौ लयनाल्लयः ॥१७॥

---

ध्रुवका, सर्पिणी, कृष्या, बन्धिनी, विसर्जिता, विक्षिप्ता, पताका और पतिता, ये आठ मात्राएँ हैं ।

'ध्रुवका' घनाभिघातयुक्त, 'सर्पिणी' आगे की ओर प्रसारित, 'कृष्या' आकुञ्चनमात्र, 'बन्धिनी' बन्धाकार, विसर्जित ऊपर की ओर, विक्षिप्ता' उत्तान बायें हाथ से, 'पताका' ऊर्ध्वाङ्गुलि और 'पतिता' पातित है ।

पाँच लघु अक्षरों के उच्चारण का काल तालगत मात्रा है । चित्र मार्ग में दो मात्राओं की, वार्तिक मार्ग में चार मात्राओं की और दक्षिण मार्ग में आठ मात्राओं की एक 'कला' विद्वानों ने कही है ।

तालान्तरवर्ती काल लयन के कारण 'लय' कहलाता है ॥८-१७॥

---

१. (क) सव्यादक्षिणपादस्तु । २. (क) घनाभिभूतो ।

त्रिविधस्स च विज्ञेयः द्रुतो मध्यो विलम्बितः ।

**यतय :—**

लयमानाद्यतिः प्रोक्तश्चित्रादिषु यथाक्रमम् ॥१८॥

[1]समा स्रोतोवहाख्या च गोपुच्छा सेति सा त्रिधा ।

**मार्गा :—**

अथ देशीगता मार्गा वक्ष्यन्ते लक्ष्यसम्भवाः[2] ॥१९॥

तत्र चित्रतरश्चैकस्तथा चित्रतमोऽपरः ।

अतिचित्रतमश्चेति तत्स्वरूपन्निरूप्यते ॥२०॥

मात्रा चित्रतरे[3] ज्ञेया त्वर्धं चित्रतमे मता ।

अति[4] चित्रतमेमार्गे कलानुद्रुतसंज्ञका ॥२१॥

**चतुर्विधस्तालः—**

अथ चित्रादि मार्गेषु स तालः स्याच्चतुर्विधः ।

चतुरस्रस्तथाऽत्र्यस्रो मिश्रः खण्डश्च नामतः ॥२२॥

---

वह लय त्रिविध है, द्रुत मध्य और विलम्बित । चित्र इत्यादि मार्गों में लय के प्रमाण के अनुसार क्रमशः 'यति' होता है ॥१८॥

'यति' के तीन प्रकार समा, स्रोतोवहा और गोपुच्छा हैं ।

अब लक्ष्य के अनुसार देशीसम्बद्ध मार्ग कहते हैं ॥१९॥

उनमें एक 'चित्रतर', दूसरा 'चित्रतम' और तीसरा 'अतिचित्रतम है, उनका स्वरूप निरूपित किया जाता है ॥२०॥

चित्रतर में एक मात्रा, चित्रतम' में आधी मात्रा और 'अतिचित्रतम' में अनुद्रुत नामक कला होती है ॥२१॥

'चित्र' इत्यादि मार्गों में 'ताल' चतुर्विध होता है, 'चतुरस्र', त्र्यस्र', 'मिश्र' और 'खण्ड' ॥२२॥

उनमें चञ्चत्पुट 'चतुरस्र', उसके तीन प्रकार 'एककल,, 'द्विकल' और 'चतुष्कल' हैं ॥२३॥

---

१. (क) सव । २. (क) लक्ष । ३. (ख) चित्रतरा ।

४. (क) अतिचित्रतमो ।

तत्र चञ्चत्पुटः[1] प्रोक्तश्चतुरस्रो मनीषिभिः ।
स त्रिधैककलः पूर्वः द्विकलश्च चतुष्कलः ॥२३॥
तथा चाचपुटस्त्र्यस्रो[2] मिश्रो युग्मौजमिश्रणात् ।
विशिष्टैरप्यविशिष्टैस्तालाङ्गैर्यो द्रुतादिभिः ॥२४॥
क्रियते बहुभङ्गीभिः स तालः खण्डसंज्ञकः ।
[3]खण्डोऽपि चतुरस्राख्यः त्र्यस्रो मिश्रस्तथैव च ॥२५॥
सङ्कीर्णश्चेति निर्दिष्टः चतुर्धा तालवेदिभिः ।

अथ तालोद्देश :*

चञ्चत्पुटश्चाचपुटः षट्पितापुत्रकस्तथा ॥२६॥
सम्पक्वेष्टाक उद्घट्ट आदितालश्च दर्पणः ।
चच्चरी सिंहलीलश्च कन्दर्पः सिंहविक्रमः ॥२७॥
श्रीरङ्गो रतिलीलश्च[4] त्रिभिन्नो वीरविक्रमः ।
हंसलीलो वर्णभिन्नो[5] राजचूडामणिस्ततः ॥२८॥
रङ्गोद्योतो राजतालः सिंहविक्रीडितस्ततः ।
वनमाली वर्णतालस्ततो रङ्गप्रदीपकः ॥२९॥

---

चाचपुट 'त्र्यस्र' है, 'युग्म' और 'ओज' के मिश्रण से 'मिश्र' तथा विशिष्ट एवं अविशिष्ट 'द्रुत' इत्यादि तालाङ्गों के द्वारा ढङ्ग ढङ्ग से बनाया हुआ ताल 'खण्ड' कहलाता है। खण्ड के भी चार प्रकार चतुरस्र, त्र्यस्र, मिश्र और सङ्कीर्ण तालवेत्ताओं द्वारा निर्दिष्ट हैं।

अब तालनिरूपण है :—

चञ्चत्पुट, चाचपुट, षट्पितापुत्रक, सम्पक्वेष्टाक, उद्घट्ट आदि ताल, दर्पण, चच्चरी, सिंहलील, कन्दर्प, सिंहविक्रम ॥२४-२७॥

श्रीरङ्ग, रतिलील, त्रिभिन्न, वीरविक्रम, हंसलील, वर्णभिन्न, राज चूडामणि, रङ्गोद्योत, राजताल, सिंहविक्रीडित, वनमाली, वर्णताल, रङ्ग-प्रदीपक ॥२९॥

---

१. (क) चच्छत्पुटः । २. चञ्चत्पुटः । ३. (क) चण्डोऽपि ।
४. (ख) रतिशीलश्च । ५. (ख) वर्णराजः ।
* तालोद्देशबोधका एकोत्तरशततालात्मकाः श्लोकाः पार्श्वदेवेन जगदेकात् गृहीताः ।

हंसनादस्सिंहनादो मल्लिकामोदसंज्ञकः ।
भवेच्छरभलीलश्च[1] रङ्गाभरण एव च ॥३०॥

ततस्तुरङ्गलीलः स्यात्स्यात्ततः सिंहनन्दनः ।
जयश्रीर्विजयानन्दः प्रतितालो द्वितीयकः ॥३१॥

मकरन्दः कीर्तितालो विजयो जयमङ्गलः ।
राजविद्याधरो मट्टो जयतालः कुडुक्ककः ॥३२॥

ततो निस्सारुकः क्रीडा त्रिभङ्गिः कोकिलप्रियः[2] ।
श्रीकीर्तिर्बिन्दुमाली[3] च समतालश्च नन्दनः ॥३३॥

उदीक्षणो मट्टिका च ढेङ्किका वर्णमण्ठयकः ।
[4] अभिनन्दो नरक्रीडः मल्लतालश्च दीपकः ॥३४॥

अनङ्गतालो विषमो नान्दी कुमुदकन्दुकौ[5] ।
[6]एकतालश्च कंकालश्चतुस्तालश्च डोम्बुली ॥३५॥

---

हंसनाद, सिंहनाद, मल्लिकामोद, शरभलील, रङ्गाभरण ॥३०॥

तुरङ्गलील, सिंहनन्दन, जयश्री, विजयानन्द, प्रतिताल, द्वितीयक, ॥३२॥

मकरन्द, कीर्तिताल, विजय, जयमङ्गल, राजविद्याधर, मट्ट, जयताल, कुडुक्क, ॥३२॥

निस्सारु, क्रीडा, त्रिभङ्गि, कोकिलप्रिय, श्रीकीर्ति, विन्दुमाली, समताल, नन्दन, ॥३३॥

उदीक्षण, मट्टिका, ढेङ्किका, वर्णमण्ठ्यक, अभिनन्द, नरक्रीड, मल्लताल, दीपक ॥३४॥

अनङ्गताल, विषम, नान्दी, कुमुद, कुन्दुक, एकताल, कङ्काल, चतुस्ताल,डोम्बली ॥३५॥

---

१. (क) तरभलीलश्च २. (ख) केरलप्रियः । ३. (क) बिन्दुशाली ।
४. (क) अथानन्दोन्नरक्रीडा । ५. (क) कुन्दमुकुन्दकौ, (ख) पुक्कुन्दकन्दुकौ ।
६. (क) एकतालीच ।

Scanned with OKEN Scanner

अभङ्गी रायबङ्गालस्तथैव[1] लघुशेखरः ।
प्रतापशेखरश्चान्यो जगझम्पश्चतुर्मुखः ॥३६॥

झम्पा च प्रतिमट्टश्च तथा तालस्तृतीयकः ।
तस्मादुपरि विज्ञेयो वसन्तो[2] ललितो रतिः ॥३७॥

करणाख्ययतिश्चैव षट्तालो[3] वर्द्धनस्तथा ।
ततो वर्णयतिश्चैव राजनारायणस्तथा ॥३८॥

मदनश्चैव विज्ञेयः पार्वतीलोचनस्ततः ।
ततो गारुगितालः[4] स्यात्ततः श्रीनन्दनो जयः ॥३९॥

लीलाविलोकितश्चान्यो ललितप्रिय एव[5] च ।
जनकश्चैव[6] विज्ञेयो लक्ष्मीशो रागवर्द्धनः ॥४०॥

उत्सवश्चेति तालानामेकेनाभ्यधिकं शतम् ।

चतुरस्रादितालानां मध्ये व्यवहारयोग्यताललक्षणं प्रस्तारसहितं वक्ष्ये—

प्रस्तारे तालसम्बन्धि ह्यक्षरं स्याच्चतुर्विधम् ॥४१॥

---

अभङ्गी, रायबङ्गाल, लघुशेखर, प्रतापशेखर, जगझम्प, चतुर्म्मुख ॥३६॥

झम्पा, प्रतिमट्ट, तृतीयक, वसन्त, ललित, रति ॥३७॥

करणयति, षट्ताल, वर्द्धन, वर्णयति, राजनारायण, मदन, पार्वती-लोचन, गारुगि, श्रीनन्दन, जय, लीलाविलोकित, ललितप्रिय, जनक, लक्ष्मीश, रागवर्द्धन ॥४०॥

और उत्सव ये एक सौ एक ताल हैं ।

चतुरस्र इत्यादि तालों में व्यवहार के योग्य तालों के लक्षण प्रस्तारसहित कहूंगा ।

प्रस्तार में ताल सम्बन्धी अक्षर चतुर्विध हैं ॥४१॥

---

१. (क) रायचिङ्कोलः, (ख) रायवेङ्गालः । २. (क) वसितो । ३. (ख) षट्टालो । ४. (ख) गारुकि । ५. (ख) साव च । ६. (ख) जनकट्टेश्चव ।

संज्ञया तत्परिज्ञेयं द्रुतं लघु गुरु प्लुतम् ।
प्रत्येकं च द्रुतादीनां भवेत्पर्य्यायपञ्चकम् ॥४२॥

अर्धमात्रं द्रुतं व्योम व्यञ्जनं विन्दुकं तथा ।
मात्रिकं सरलं ह्रस्वं लघु व्यापकमित्यपि ॥४३॥

द्विमात्रिकं कलावक्रं गुरुदीर्घमिति स्मृतम् ।
सामोद्भवं प्लुतं दीप्तं तथात्र्यङ्रं त्रिमात्रिकम् ॥४४॥

ताले चञ्चत्पुटे ज्ञेयं गुरु द्वन्द्वं लघु प्लुतम् ।
गुरुर्लघू गुरुश्चैव भवेच्चाचपुटाभिधे ॥४५॥

पलगा गलपाश्चैव षट्पितापुत्रके स्मृताः
[3]मगणः स्यात् प्लुताद्यन्तो संपक्वेष्टाकसंज्ञके ॥४६॥

उद्घट्टे मगणस्त्वेकः आदिताले लघुः स्मृतः ।
अष्टकृत्वस्तु चच्चर्यां विरामान्तौ द्रुतौ लघुः ॥४७॥

---

उनके नाम द्रुत, लघु, गुरु, और प्लुत हैं। 'द्रुत' आदि शब्दों के पर्य्याय पाँच है ॥४२॥

अर्धमात्र, द्रुत, व्योम, व्यञ्जन और बिन्दुक परस्पर पर्य्याय वाची हैं,मात्रिक, सरल, ह्रस्व, लघु और व्यापक समानार्थक हैं, द्विमात्रिक, कला, वक्र, गुरु और दीर्घ सदृशार्थबोधक हैं। सामोद्भव, प्लुत, दीप्त, त्र्यङ्र तथा त्रिमात्रिक पर्य्यायवाचक हैं ॥४३, ४४॥

चञ्चत्पुट ताल में गुरु, गुरु, लघु और प्लुत हैं, चाचपुट में गुरु, लघु, लघु और गुरु हैं ॥४५॥

षट्पितापुत्रक में प्लुत, लघु, गुरु, गुरु, लघु, प्लुत, हैं, संपक्वेष्टाक में प्लुतादि और प्लुतान्त भगण है ॥४६॥

उद्घट्ट में एक भगण है, आदिताल में एक लघु है। 'बिरामान्त दो द्रुत और लघु' चच्चरी में आठ बार होते हैं ॥४७॥

---

१. (क) मगणाद्यं प्लतंज्ञेयं, (ख) मगणाद्यन्तं घ्नुतंज्ञेयम् ।

सिंहलीले विधातव्यं लघ्वाद्यन्तं द्रुतत्रयम् ।
सिंहविक्रमताले स्युः मगणो लः पला गपौ ॥४८॥

[1]लचतुष्कं विरामान्तं गजलीले प्रकीर्तितम् ।
सविरामं लघुद्वन्द्वं तालेस्याद्हंसलीलके ॥४९॥

राजचूडामणौ ताले द्रुतौ नश्च द्रुतौ लगौ ।
[2]द्विर्लः पो गो लगौ पश्च सिंहविक्रीडिते लपौ ॥५०॥

[3]यगणो लो गुरुश्चैव सिंहनादे निरूपिताः ।
लघुर्द्रुतचतुष्कं लौ स्यातां शरभलीलके ॥५१॥

तुरङ्गलीलताले स्याद्द्रुतद्वन्द्वं लघुस्ततः ।
तपौ लगौ द्रुतौ गौ लः[4] पलपा लश्च गद्वयम् ॥५२॥

---

सिंहलील में एक लघु, तीन द्रुत और एक लघु होना चाहिये, सिंह विक्रम में मगण, लघु, प्लुत, लघु, गुरु और प्लुत हैं ॥४८॥

गजलील में चार लघु और एक विराम तथा हंसलील में दो लघु और एक विराम होते हैं ॥४९॥

राजचूडामणि में दो द्रुत, एक नगण, दो द्रुत एक लघु और एक गुरु हैं, तथा सिंहविक्रीडित में दो लघु, एक प्लुत, एक गुरु, एक लघु, एक गुरु, प्लुत, लघु, तथा प्लुत होते हैं ॥५०॥

सिंहनाद में एक यगण, लघु और गुरु तथा शरभलील में एक लघु, चार द्रुत, दो लघु होते हैं ॥५१॥

तुरङ्गलील में दो द्रुत, एक लघु, तगण, प्लुत, लघु, गुरु, दो गुरु, एक लघु, प्लुत, लघु, प्लुत, लघु और दो गुरु होते हैं ॥५२॥

---

१. (क) सविरामं लघुर्द्वन्द्वं । २. (क) द्वितीयं यगणञ्चैव सिंहविक्रीडिते लषौ ।
३. (क) यगणाल्लघु । ४. (क) पलपागश्च लपद्वयम् ।

[1] निशब्दलचतुष्कं च ताले स्यात् सिंहनन्दने ।
लौ द्रुतौ प्रतितालः स्यात् द्रुतौ नश्च[2] द्वितीयके ॥५३॥

[3]सकारश्च सकारश्च जयमङ्गलनामनि ।
सकारो मट्टताले[4] स्यात् कल्पितं लचतुष्टयम् ॥५४॥

द्रुतद्वन्द्वं लघुद्वन्द्वं भवेत्ताले कुडुक्कके ।
लघुद्वयं विरामान्तं ताले निस्सारुके भवेत् ॥५५॥

मट्टिकायां विधातव्या गुरुबिन्दुप्लुता क्रमात् ।
ढेङ्किका जगणेन[5] स्यात् केषाञ्चित् सैव योजना ॥५६॥

एकेनैव द्रुतेन स्यादेकतालीति संज्ञया ।
चतुस्ताले गुरुः[6] पूर्वं ततो बिन्दुत्रयं भवेत् ॥५७॥

---

सिंहनन्दन में निश्शब्द चार लघु, प्रतिलाल में दो लघु, दो द्रुत और द्वितीयक में दो द्रुत और एक नगण है ॥५३॥

जयमङ्गल में दो सगण और मट्टताल में एक सगण और चार लघु होते हैं ॥५४॥

कुडुक्क में दो द्रुत, दो लघु तथा निस्सारु में दो लघु और एक विराम है ॥५५॥

मट्टिका में क्रमशः एक एक गुरु, बिन्दु और प्लुत होते हैं, तथा ढेङ्किका में किन्हीं की योजना के अनुसार एक जगण होता है ॥४६॥

एकताली में एक ही द्रुत होता है।

चतुस्ताल में एक गुरु और तीन बिन्दु होते हैं ॥५७॥

---

१. (क) निः शब्दं च चतुः लं च । २. (क) लश्च । ३. (ख) धकारश्च ।
४. (क) सकारान्मट्टताले स्यात् निः शब्दं च चतुष्टयम् । ५. (क) रगणेन ।
६. (क) गतः पूर्वं ।

एकेन सविरामेण लघुना लघुशेखरः ।
प्रतापशेखरे त्र्यंशो विरामान्तं द्रुतद्वयम् ॥५८॥

व्योमद्वयं विरामान्तं लश्च झम्पाभिधे भवेत् ।
[1]गलौ तु प्रतिमट्टश्च प्रोक्तो लक्षणकोविदैः ॥५९॥

तृतीयतालेबिन्दुः[2] स्यात् विरामान्तं लघुत्रयम् ।
ताले करणयत्याख्ये ज्ञेयं बिन्दुचतुष्टयम् ॥६०॥

गारुगिः कथ्यते तज्ज्ञैर्विरामान्तं चतुर्द्रुतम् ।
गुरुषोडशकं यत्र द्वात्रिंशल्लघवस्तथा ॥६१॥

चतुःषष्टिद्रुता पाता चतुरस्राक्षिप्तकस्तदा ।
सप्त गुर्वक्षराण्यादौ दशलघ्वक्षराणि च ॥६२॥

---

एक लघु और एक विराम के द्वारा लघुशेखर होता है प्रतापशेखर में प्लुत, दो द्रुत और एक विराम है ॥५८॥

दो द्रुत, विराम और लघु झम्पा में है तथा प्रतिमट्ट में एक गुरु और एक लघु ॥५९॥

तृतीय ताल में बिन्दु तीन लघु और एक विराम है और करण यति में चार द्रुत जानने चाहिए ॥६०॥

गारुगि में चार द्रुत और एक विराम विज्ञ पुरुषों द्वारा कहा जाता है, चतुरस्र आक्षिप्तक में सोलह गुरु, बत्तीस लघु और चौसठ द्रुत हैं। सात गुरु, दस लघु तथा दो गुरु मद्रक में हैं।

चञ्चत्पुट, चाचपुट, षट्पितापुत्रक, सम्पक्वेष्टाक, हेला, त्रिगता, नत्कुट, नत्कुटी, खञ्जिका, खञ्जक, आक्रीडित और विलम्ब, ये बारह भङ्ग तथा कुटिला, आक्षिप्तिका, त्र्यस्रा, चतुरस्रा, चटुला, मिश्रा ये छः विभङ्ग हैं।

---

१. (क) गले प्रतिमट्टश्च । २. (क) तालबिन्दुः ।

Scanned with OKEN Scanner

अन्ते च गुरुणी यत्र मद्रकस्सोऽभिधीयते ।

**भङ्गा विभङ्गाश्च —**

चञ्चत्पुट, चाचपुट, षट्पितापुत्रक, सम्पक्वेष्टाक, हेला, त्रिगता, नत्कुट, नत्कुटी, खञ्जिका, खञ्जकः, आक्रीडित, विलम्ब इति द्वादश भङ्गाः, कुटिला, आक्षिप्तिका, त्र्यस्रा, चतुस्रा, चटुला, मिश्रा षडेते विभङ्गा इतरे विभङ्गाः

तालमूलानि गेयानि ताले सर्वं प्रतिष्ठितम् ॥६३॥

तालहीनानि गेयानि मन्त्रहीना यथाहुतिः ॥

इति श्रीमदभयचन्द्रमुनीन्द्रचरणकमलमधुकरायितमहादेवा-
र्य्यशिष्यमस्तकस्वरविमलविद्यापुत्रसम्यक्त्वचूडामणि-
भरतभाण्डीकभाषाप्रवीणश्रुतिज्ञानचक्रवर्ति
सङ्गीताकरनामधेयपार्श्वदेवविरचिते-
सङ्गीतसमयसारेऽष्टमाधिकरणम् ।

---

गेय तालमूलक होते हैं, ताल में सब कुछ प्रतिष्ठित है, तालहीनगेय मंत्रहीन आहुति जैसे हैं ॥६१-६३॥

श्रीमद् अभयचन्द्र मुनीन्द्र के चरण कमलों में मधुकरवत् आचरण करनेवाले मस्तक से युक्त महादेव आर्य के शिष्य, स्वरविद्या से युक्त, सम्यक्त्वचूडामणि, भरत-भाण्डीक भाषाप्रवीण, श्रुतिज्ञानचक्रवर्ती संगीताकर नाम वाले पार्श्वदेव द्वारा विरचित सङ्गीतसमयसार का अष्टम अधिकरण पूर्ण हुआ ।

(अष्टम अधिकरण समाप्त)

# नवमाधिकरणम्

उद्देशः—

गीते वाद्ये च नृत्ये च तत्तद्विज्ञाः[1] परस्परम् ।
भवेयुर्वादिनस्तस्माद् वक्ष्यते वादनिर्णयः ॥१॥

परस्परसमाक्षेपो यो वादिप्रतिवादिनोः ।

वाद :—

स्वपक्षपरपक्षाभ्यां वादस्सः परिकीर्तितः ॥२॥
सभापतिश्च सभ्याश्च तौ वादिप्रतिवादिनौ ।
इति प्रोक्तं मतङ्गाद्यैर्वादस्याङ्गचतुष्टयम् ॥३॥
कथयामि क्रमादेषां लक्षणं च समासतः ।

सभासन्निवेश :—

आस्थान मण्डपे रम्ये[2] सर्वलक्षणसंयुते ॥४॥

---

गीत, वाद्य और नृत्य में अपने अपने विषय के विशेषज्ञ परस्पर प्रतिस्पर्धी होते हैं, अतः वाद-निर्णय कहा जायेगा ॥१॥

वादी और प्रतिवादी में स्वपक्ष और प्रतिपक्ष के द्वारा परस्पर किया जाने वाला सम्यक् आक्षेप 'वाद' कहलाता है ॥२॥

सभापति, सभ्य, वादी और प्रतिवादी, मतङ्ग के अनुसार, ये चार वाद के अङ्ग हैं ॥३॥

क्रमशः संक्षेपपूर्वक इनका लक्षण कहूँगा । समस्त लक्षणों से युक्त, चित्राभास, विचित्रार्थक रंगविरंगे चित्रों से सजे हुए, चन्दन, अगर, कर्पूर

---

१. (क) विधा । २. (क) मण्टये ।

चित्राभासविचित्रार्थं चित्रचित्रोपशोभिते ।
चन्दनागुरुकर्पूरधूपैस्तु परिवासिते ॥५॥
वहुवर्णपटीपट्टवितानपरिशोभिते[1] ।
नानारत्नसमाकीर्णनानालंकारशोभितम् ॥६॥
सिंहासनं पूर्वमुखं मध्यतो विनिवेशयेत् ।
श्रीमान् दाता गुणग्राही भावज्ञः कीर्तिलम्पटः ॥७॥

**भूपति :—**

सङ्गीतगुणदोषज्ञः सर्वभाषाविचक्षणः[2] ।
प्रियवाग्वादमध्यस्थः पारितोषिकदायकः ॥८॥
सत्यवादी च शृङ्गारी मार्गदेशिप्रभेदवित् ।
[3]धीमान् सर्वकलाध्यक्षः तदध्यासितभूपतिः ॥९॥

**देवी—**

रूपयौवनसम्पन्ना सदा शृङ्गारलोलुपा ।
सौभाग्यशालिनी भर्तुश्चित्तनेत्रानुसारिणी ॥१०॥

---

धूपों से सुवासित, रङ्गविरङ्गी पट्टियों, पट्टों और वितान से शोभित मनोहर सभामण्डप के बीच में पूर्वाभिमुख सिंहासन रखा जाना चाहिये ।

उस पर श्रीमान्, दानशील, गुणग्राही, भावज्ञ, यशःकामी, सङ्गीत के गुण दोषों को समझने वाला, समस्त भाषाओं में निपुण, प्रियभाषी, पारितोषिकदायक, सत्यवादी, शृङ्गारयुक्त, मार्ग और देशी के भेदों में निपुण, बुद्धिमान्, सर्वकलाध्यक्ष और वाद का मध्यस्थ राजा आसीन होना चाहिये ॥४-९॥

रूपयौवनसम्पन्न, शृङ्गारप्रिय, सौभाग्यशालिनी, पति के चित्त और नेत्रों के अनुसार आचरण करने वाली रानी, राजा के बाईं ओर बैठी होनी चाहिये ।

---

१. (क) पली ।
२. विशारदः । ३. (क) डिमान् ।

देवी चोपविशेत्तस्य वामभागें महीपतेः ।

**विलासिन्यः —**

रूपयौवनसम्पन्नाः सर्वाभरणभूषिताः ॥११॥
[1]हावभावविलासाढ्या विभ्रमादिगुणान्विताः ।
विलासिनीर्महीपस्य पश्चाद्भागे निवेशयेत् ॥१२॥

**सचिवाः —**

कार्य्याकार्य्यविभागज्ञा नीतिशास्त्रविशारदाः[2] ।
स्वामिभक्ताश्च सचिवाः[3] सर्वकार्य्यकृतिक्षमाः ॥१३॥

**सभ्याः —**

सभ्यास्सङ्गीतशास्त्रज्ञास्तल्लक्ष्यज्ञा[4] अनुद्धताः ।
मध्यस्था वादसमये गुणदोषनिरूपकाः ॥१४॥

कवयो रसभावज्ञाश्छन्दोऽलङ्कारवेदिनः ।
अमन्दाः प्रतिभायुक्ता रीतिनिर्वाहकोविदाः ॥१५॥

---

रूपयौवन-सम्पन्न, समस्त आभूषण युक्त, हाव-भाव-विलास शालिनी, विभ्रम इत्यादि गुणों से सम्पन्न विलासिनियाँ राजा के पीछे बिठाई जानी चाहिये ।

कार्य-अकार्य्य के विभाग को जानने वाले, नीतिशास्त्रविशारद, कार्य्यों को करने में समर्थ स्वाभिभक्त 'सचिव', सङ्गीत के शास्त्र एवं व्यवहार को जानने वाले, वाद के समय गुण दोष का निरूपण करने वाले विनम्र 'मध्यस्थ', रस, भाव, छन्द, अलङ्कार के मर्मज्ञ, रीति-निर्वाह में निपुण, प्रतिभायुक्त अमन्द 'कवि', सूक्ष्म भाव तथा अर्थ के ज्ञान से आनन्दितचित्त 'रसिक', ये सब यथायोग्य राजा के दक्षिण भाग में होना उचित है ।

---

१. (ख) भावाभाव । २. (ख) विचक्षणाः ।
३. (क) काय । ४. (क) लक्ष्मज्ञाः ।

काव्यनाटकसञ्जातरसास्वादनलम्पटाः ।
रसिकाः सूक्ष्मभावार्थज्ञानानन्दितचेतसः ॥१६॥

एते सर्वे यथायोग्यं भवेयुस्तस्य दक्षिणे ।
वाग्गेयकारकविताकारा ये नर्तकादयः ॥१७॥

लक्ष्यलक्षणदक्षाश्च सङ्गीताङ्गविचक्षणाः ।
वामभागे महीपस्य स्यात्तेषामुपवेशनम् ॥१८॥

अन्येऽपि ये यथायोग्यास्तत्तद्विद्या विशारदाः ।
भवेयुस्ते महीपस्य[1] नातिदूरोपवेशिनः ॥१९॥

**वादी—**

[2]अनुवाददृढःप्रज्ञः स्वशास्त्रश्रवणान्वितः ।
परोक्तदूषणोद्धर्ता वादी स्यात् पक्षसाधकः ॥२०॥

**प्रतिवादी—**

वक्तारं शास्त्रवेत्तारं बुद्धिमन्तं बहुश्रुतम् ।
वादिपक्षनिहन्तारं तं विद्यात्प्रतिवादिनम् ॥२१॥

---

वाग्गेयकार, कविताकार, नर्तक इत्यादि, जो लक्ष्यलक्षण में दक्ष और सङ्गीत के अङ्गों में विचक्षण हों, वे राजा के वाम भाग में होना चाहिये और भी जो विशिष्ट विशिष्ट विद्याओं के विशेषज्ञ हों, वे राजा से अधिक दूर नहीं बैठे होने चाहिये ।

प्रतिपक्षी के आशय को अनूदित करने में कुशल, गुरुमुख से पढ़ने के कारण अपने शास्त्र में निपुण, प्रतिपक्षी के निकाले हुए दोषों का निराकरण और अपने पक्ष का मण्डन करने वाला 'वादी' होता है ॥१०-२०॥

जो वक्ता, शास्त्रज्ञ, बुद्धिमान्, बहुश्रुत, वादी-पक्ष का खण्डन करने वाला हो वह प्रतिवादी है ॥२१॥

---

१. (ख) तस्य भूपस्य ।
२. (क) अनुवाददृढ़ः प्राज्ञः, (ख) अनुवाददृढ़प्रज्ञः ।

**वादहेतवः —**

निर्वाहाधिक्यवाञ्छा च मत्सरः स्वामिकौतुकम् ।
स्वैरगोष्ठिपरीभावः कारणान्तरवैरिता ॥२२॥
प्रतिपत्तिः स्पृहासूया[1] कीर्तिव्यसनिता तथा ।
विद्यामदश्च निर्दिष्टास्तज्ज्ञैर्वादस्य हेतवः ॥२३॥

**वर्जितवादः —**

स्त्रीपुंसयोर्वृद्धयूनोः दरिद्रश्रीमतोस्तथा ।
विनीतोद्धतयोः[2] खिन्नतुष्टमानसयोरपि ॥२४॥
शिष्योपाध्याययोर्भिन्नविद्ययोर्भीरुशूरयोः ।
न वादो विहितस्सद्भिः वादहेतुषु सत्स्वपि ॥२५॥
वित्तेन विद्यया रूढ्या समयोर्वाद इष्यते ।
तस्मादत्र प्रवक्ष्यन्ते गुणदोषाश्च वादिनाम् ॥२६॥

**शास्त्रज्ञगुणाः —**

ग्रन्थार्थस्य परिज्ञानं तात्पर्य्यार्थनिरूपणम् ।
आद्यन्तमध्यव्याख्यानशक्तिः शास्त्रविदो गुणाः ॥२७॥

---

निर्वाह से अधिक की इच्छा, ईर्ष्या, स्वामी का विनोद, निजी गोष्ठियों में पराजय, किसी अन्य कारण से वैर, विशिष्ट दृष्टिकोण या मत, स्पृहा, असूया कीर्ति-विस्तार की इच्छा अथवा विद्यामद, ये बातें वाद में कारण होती हैं ॥२३॥

स्त्री और पुरुष, वृद्ध और युवक, दरिद्र और श्रीमान्, विनीत और उद्धत, खिन्न और सन्तुष्ट, शिष्य और उपाध्याय, विभिन्न विद्याओं के विद्वान्, तथा भीरु और शूर में 'वाद' विहित नहीं, भले ही वाद के कारण विद्यमान हों ॥२४,२५॥

धन, विद्या तथा सम्प्रदाय में जो समान हों, उन्हीं में वाद उचित हैं, अब यहाँ वादियों के गुण-दोष कहे जायेंगे ॥२६॥

ग्रन्थ के अर्थ का भलीभाँति ज्ञान, तात्पर्य्यार्थ का निरूपण आदि, अन्त और मध्य की व्याख्या में सामर्थ्य शास्त्रज्ञ के गुण हैं ॥२७॥

---

१. (क) स्त्वहं । २. (क) खिन्नः ।

**शास्त्रज्ञदोषाः —**

पूर्वापरविरोधानामज्ञत्वमविदग्धता ।
निरुत्तरत्वं प्रश्नेषु सम्प्रदायविहीनता ॥२८॥

इत्यादयस्तु [1]शास्त्रज्ञदोषास्सद्भिरुदाहृताः ।

**शास्त्रज्ञकोटय :—**

लक्ष्म लक्ष्यञ्च यो वेत्ति मार्गदेशिसमाश्रयम् ॥२९॥

उत्तमः स परिज्ञेयः शास्त्रज्ञेषु मनीषिभिः ।
वेत्ति मार्गाश्रयं लक्ष्यं लक्षणं यः स मध्यमः ॥३०॥

सम्यग्जानाति यो देशिलक्ष्म लक्ष्यञ्च सोऽधमः ।
शास्त्रवादे समुत्पन्ने गुणदोषैस्तदीयकैः ॥३१॥

तारतम्यं तयोर्ज्ञात्वा दद्याज्जयपराजयौ ।

**वाग्गेयकारगुणाः —**

शब्दशास्त्रपरिज्ञानं छन्दोविचितिनैपुणम् ॥३२॥

---

पूर्वापर विरोधों के विषय में अज्ञान, असहृदयता, प्रश्न होने पर मौन, सम्प्रदायविहीनता इत्यादि शास्त्रज्ञों के दोष हैं ।

जो मार्ग और देशी से सम्बन्ध लक्ष्य और लक्षण का ज्ञाता हो, उसे मनीषियों को शास्त्रज्ञों में उत्तम जानना चाहिये । जो केवल मार्गाश्रित लक्ष्य और लक्षण का ज्ञाता हो, वह मध्यम है ॥२८-३०॥

जो केवल देशी का लक्ष्य और लक्षण जानता है, वह 'अधम' शास्त्र-कार है । शास्त्रसम्बन्धी वाद होने पर वादी और प्रतिवादी के गुण दोषों के आधार पर तारतम्य का निश्चय करके जय-पराजय का निर्णय देना चाहिये।

शब्दशास्त्र का सम्यक् ज्ञान, छन्दों के चुनाव (छन्दोविचिति नामक ग्रन्थ) में निपुणता, कोषों में दक्षता, कलाओं में भी कुशलता, सप्तगीतों में प्रवीणता, रसभाव में चातुर्य्य, (भाषासम्बन्धी और स्वरसम्बन्धी)

---

१. (क) शास्त्रज्ञैः ।

अभिधानेषु दक्षत्वं कलास्वपि च कौशलम् ।
[1]सप्तगीतप्रवीणत्वं चातुर्य्यं रसभावयोः ॥३३॥

अलङ्कारेषु चातुर्य्यं सुतालत्वं सुरागता ।
सुस्वरत्वं सुगेयत्वं देशिरागेष्वभिज्ञता ॥३४॥

देशभाषापरिज्ञानं प्रभुचित्तानुवर्तनम् ।
नृत्ते वाद्ये प्रवीणत्वं तथैवास्थानशूरता ॥३५॥

प्रतिभानं वचस्वित्वं[2] सभ्यचित्तानुरञ्जनम् ।
अनिबद्धस्वरज्ञानं चतुर्धातुषु पाटवम् ॥३६॥

सर्वप्रबन्धबोधश्च मुक्तिकाले प्रदक्षता ।
त्रिस्थानव्याप्तिसुभगः प्रयोगः कोपवर्जनम् ॥३७॥

आदिष्टार्थस्य निर्वाहःसाश्चर्य्यकविता तथा ।
यथोचितपदन्यासः प्रागल्भ्यं वश्यवर्णता[3] ॥३८॥

सावधानत्वमेकाङ्गप्रौढिर्वक्त्रे प्रसन्नता ।
एते वाग्गेयकारस्य गुणास्सद्भिरुदाहृताः ॥३९॥

---

अलङ्कारों में नैपुण्य, ताल और राग पर अच्छा अधिकार, सुस्वरत्व, सुगेयत्व, देशी रागों में अभिज्ञता, देश भाषाओं का परिज्ञान, प्रभु के चित्त का अनुवर्तन, अनिबद्ध गान के स्वरों का ज्ञान, चारों धातुओं में पटुता, समस्त प्रबन्धों का बोध, न्यास के समय दक्षता, तीनों स्थानों की व्याप्ति में सुभग प्रयोग, कोपहीनता, आदिष्ट अर्थ का निर्वाह, आश्चर्य्यजनक कविता, यथोचित पदविन्यास, प्रगल्भता, वर्णों पर अधिकार, सावधानता, एकाङ्गप्रौढि, मुख पर प्रसन्नता, ये सब, सज्जनों के अनुसार वाग्गेयकार के गुण हैं ॥३१-३९॥

---

१. (क) गीति ।
२. (क) वचास्थित्वं ।
३. (क) वश्यकंतथा ।

**वाग्गेयकारदोषा :—**

ग्राम्योक्तिरपशब्दश्च तद्वदप्रस्तुतस्तुतिः ।
गमके च पदे जाड्यं प्रबन्धज्ञानहीनता ॥४०॥
[1]रसानुरूपरागाणामज्ञत्वमविदग्धता ।
क्रियानिर्वहणाज्ञत्वं मन्दशारीरता[2] तथा ॥४१॥
माने न्यूनाधिकाज्ञत्वं रीतिभङ्गस्तथा पुनः ।
छायापरिच्युतिस्तद्वद् गानं चासमये तथा ॥४२॥
[3]अश्राव्यं, लक्षणं त्यक्त्वा धातुमातू करोति यः ।
दोषैरेतैरूपेतो यो निन्द्यवाग्गेयकारकः ॥४३॥
सूडक्रमवशादेषां तारतम्यमिहोच्यते ।

**वाग्गेयकारकोटय :—**

शुद्धसालगयोः सूडं विषमं प्राञ्जलं तथा ॥४४॥
करोति वयकारो यः स भवेदुत्तमोत्तमः ।
कर्ता विषमसूडस्य तयोरुत्तममध्यमः ॥४५॥
तयोः प्राञ्जलसूडस्य कर्ता स्यादुत्तमाधमः।
विषमं प्राञ्जलञ्चैव शुद्धे सूडं करोति यः ॥४६।

---

ग्राम्योक्ति, अशुद्ध शब्दों का प्रयोग, अनावश्यक का प्रस्तुतीकरण, गमक और पद में जडता, प्रबन्धज्ञान का अभाव, रसानुरूपरागों का अज्ञान असहृदयता क्रिया के निर्वाह में अज्ञान, दुर्बल शरीर, कालमान में न्यूनता या अधिकता का अज्ञान, रीतिभङ्ग, छाया से च्युत होना, असमय गान, अश्राव्य गान, लक्षण के विरुद्ध धातु (गेय) और मातु की रचना, इन दोषों से युक्त वाग्गेयकार निन्द्य है ॥४०-४३॥

अब इनमें सूडक्रम के अनुसार तारतम्य कहा जाता है। शुद्ध और सालग रागों में विषम और प्राञ्जल सूड का रचयिता उत्तमोत्तम, पूर्वोक्त दोनों प्रकार के रागों में विषम सूड का प्रणेता उत्तम मध्यम तथा प्राञ्जल सूड का कर्त्ता उत्तमाधम होता है।

---

१. (क) रसानिरूपारागाणां । २. (क) मन्दशरीरता ।
३. (क) अश्रव्यं । ४. (क) मतादेषां ।

वाग्गेयकारस्सोऽयं मध्यमोत्तम इष्यते ।
शुद्धे विषमसूडस्य कर्ता मध्यममध्यमः ॥४७॥

कर्ता प्राञ्जल सूडस्य शुद्धे स्यान्मध्यमाधमः ।
यः कुर्य्यात् सालगे सूडं विषमं प्राञ्जलं तथा ॥४८॥

जघन्येषूत्तमस्सोऽयमुद्दिष्टो वयकारकः ।
कर्ताविषमसूडस्य सालगे तेषु मध्यमः ॥४९॥

सालगे प्राञ्जलस्यैव कर्ता तेष्वधमः स्मृतः ।
अधमो मातुकारश्च धातुकारश्च मध्यमः ॥५०॥

[1]धातुमातुक्रियायुक्त उत्तमः परिकीर्तितः ।
वाग्गेयकारयोर्वादे सूडं गातुं प्रदापयेत् ॥५१॥

उत्तारं बन्धगीतं वा पट्टान्तरमथापि वा ।
कुरुपं वा ततस्तद्वत् गुणदोषान् निरूपयेत्[2] ॥५२॥

---

शुद्धराग में विषम और प्राञ्जल सूड का रचयिता मध्यमोत्तम, विषम सूड का कर्ता मध्यमध्यम और प्राञ्जल सूड का कर्ता मध्यमाधम होता है।

सालग राग में विषम और प्राञ्जल सूड का रचयिता जघन्योत्तम, विषम सूड का कर्ता जघन्यमध्यम और प्राञ्जल का कर्ता जघन्याधम होता है।

मातुकार अधम, धातुकार मध्यम और धातुमातुकार उत्तम है।

वाग्गेयकारों में वाद होने पर गाने के लिए सूड, उत्तार, बन्धगीत, पट्टान्तर या कुरुप दिया जाना चाहिये, तदनुसार गुण दोषों का निरूपण उचित है ॥४४-५२॥

---

१. (क) दातुमातु ।
२. (क) निरूपयेत् ।

Scanned with OKEN Scanner

**गायकाः —**

अनिन्द्याश्चैव निन्द्याश्च द्विविधा गायका मताः ।
क्रमेण वक्ष्यते तेषां लक्ष्मोद्देशपुरः सरम् ॥५३॥

क्रियापरः क्रमस्थश्च गतिस्थः सुघटस्तथा ।
सुसञ्चः शिक्षकश्चैव[1] रसिको भावुकस्तथा ॥५४॥
रञ्जकः[2] पररीतिज्ञः सुगन्धोऽनियमस्तथा[3] ।
आलप्तिगायनो गीतगायनश्चौपटस्तथा[4] ॥५५॥
[5]वितालश्च विबन्धश्च[6] मिश्रश्चानिन्द्यगायकाः ।
यथाशास्त्रप्रयोगेण मार्ग देशीयमेव च ॥५६॥
यो गायति विना दोषान् कथ्यते स क्रियापरः ।
उत्तमोत्तमसूडादिसूडान् गायति यः क्रमात् ॥५७॥
प्रतिरूपकपर्य्यन्तं क्रमस्थः स उदाहृतः ।
वश्यकण्ठतया सम्यक् गमकान् यः पृथक् पृथक् ॥५८॥
[7]गमयेल्लक्षणोपेतं गतिस्थः स तु कीर्तितः ।
स्वरं वर्णं च तालञ्च व्यक्तं घटयति त्रयम् ॥५९॥

---

गायक दो प्रकार के हैं, अनिन्द्य और निन्द्य । क्रमशः उनका लक्षण पूर्वक कथन किया जाता है । क्रियापर, क्रमस्थ, गतिस्थ, सुघट, सुसञ्च शिक्षक, रसिक, भावुक, रञ्जक, पररीतिज्ञ, सुगन्ध, अनियम, आलप्ति गायन, गीतगायन, चौपट, वियाल, विबन्ध और मिश्र, ये अनिन्द्य गायक हैं ।

जो शास्त्रानुसार प्रयोग पूर्वक, मार्ग और देशी को दोष रहित गाता है, वह 'क्रियापर' है ।

जो उत्तमोत्तम इत्यादि सूडों को क्रमपूर्वक प्रतिरूपक पर्य्यन्त गाता है, वह 'क्रमस्थ' है ।

---

१. (ख) सिकषश्चै । २. (क) पञ्जकः, (ख) रर्दकः ।
३. (क) सुगुडोऽप्यनियमस्तथा । ४. (क) चापट । ५. (क) रितालश्च ।
६. (क) विवृन्दश्च । ७. (क) गमयो

शोभनध्वनिसंयुक्तं सुघठं[1] तं प्रचक्षते ।
सुशारीरवशात्तत्तद्रागालप्तिकृतिक्षमः[2] ॥६०॥

अनायासेन गीतज्ञस्सुसञ्चः परिकीर्तितः ।
द्रुतं यः शिक्षते गीतं विषमं प्राञ्जलं तथा ॥६१॥

शुद्धे छायालगे सम्यक् शिक्षाकारः[3] स कथ्यते ।
सुश्रवं गीतमाकर्ण्य भवेद्यः पुलकान्वितः ॥६२॥

आनन्दाश्रुकणाकीर्णः सोऽयं रसिकगायकः ।
[4]नीरसं सरसं कुर्वन् निर्भावं[5] भावसंयुतम् ॥६३॥

श्रोतुश्चित्तं परिज्ञाय यो गायेत् स तु भावुकः[6] ।
चेतोहरेण गीतेन विदित्वा श्रोतुराशयम् ॥६४॥

रङ्गे गीते विधत्ते यो रञ्जकस्सोऽभिधीयते ।
[7]गीतशारीरचेष्टानामालप्तौ चानुकारकृत्[8] ॥६५॥

---

जो कण्ठ अधीन होने के कारण, लक्षणयुक्त गमकों का प्रयोग पृथक् पृथक् करता है, वह 'गतिस्थ' है ।

जो स्वर, वर्ण और ताल की घटना सुन्दर ध्वनि से युक्त करता है, वह 'सुघट' है ।

अच्छा शारीर होने के कारण जो प्रत्येक राग की आलप्ति करने में अनायास समर्थ है, वह 'सुसञ्च' है, जो शुद्ध और छायालग राग में झटपट विषम और प्राञ्जल गीत सीख लेता है, वह शिक्षाकार है । जो सुश्राव्य गीत को सुनकर पुलकान्वित (॥५३-६२॥) और आनन्दाश्रुपूर्ण नयन हो जाता है, वह 'रसिक' है ।

श्रोता के चित्त को जानने के पश्चात्, नीरस को सरस और भाव हीन को भावयुक्त करने वाला गायक 'भावुक' कहलाता है ।

मनोहर गीत के द्वारा श्रोताओं के आशय को जानकर रङ्गस्थल में ही गीत का विधान करने वाला गायक 'रञ्जक' है ।

---

१. (क) सुपुडं । २. (क) रागसञ्चकृतिक्षयः । ३. (क) सेक्षाकारः । ४. (ख) निरसं । ५. (ख) निभावं ६. (ख) भावकः । ७. (ख) गति । ८. (क) भानुकार ।

गीतोत्तमगुणैर्युक्तः पररीतिज्ञ[1] इष्यते ।
विषमं प्राञ्जलं वापि सुचिरं यस्य गायतः ॥६६॥
कण्ठे न याति माधुर्य्यं सुगन्धः स तु कीर्तितः ।
गीतादपि य आलप्तिं कुर्य्यात्[2] सौख्यविधायिनीम् ॥६७॥
आलप्तिगायनस्सोऽयं निर्दिष्टो गीतवेदिभिः ।
आलप्तेरपि यद्गीतं भवेदतिमनोहरम् ॥६८॥
उक्तो गायकभेदज्ञैः सोऽयं रूपकगायनः ।
शुद्धे छायालगे चैव गीतमालप्तिसंयुतम् ॥६९॥
यो गायति स विज्ञेयश्चौपटो[3] गीतवेदिभिः ।
ध्वनिशारीरयोर्यस्य नानादेशीयरीतयः[4] ॥७०॥
विलगन्ति स विज्ञेयो रीतालो[5] (वितालो) गीतवेदिभिः ।
नानाविधां विभक्ताञ्च ध्वनौ[6] यश्चिन्तयेद् गतिम् ॥७१॥
[7]विबन्धः स परिज्ञेयो गीततत्वविचक्षणैः ॥७२॥
रागे रागान्तरच्छायां मिश्रयन् दोषवर्जिताम् ।
प्रवीणत्वेन यौ गायेत् सोऽयं मिश्र उदाहृतः ॥७३॥

---

आलप्ति में गीत और शारीर की चेष्टाओं का अनुकरण करने वाला गीत के उत्तम गुणों से युक्त गायक 'पररीतिज्ञ' है। बहुत समय तक विषम और प्राञ्जल गीत गाते गाते भी जिसके कण्ठ से माधुर्य्य नहीं जाता, वह 'सुगन्ध है।

जो गीत की अपेक्षा भी अधिक सुख देने वाली आलप्ति करता है, वह 'आलप्ति गायन' है।

जिसका गीत आलप्ति की अपेक्षा भी अत्यन्त मनोहर हो, वह गीतज्ञों के द्वारा 'रूपकगायन' कहा गया है।

---

१. (ख) परि। २. (ख) श्रुतौ।
३. (क) चोपटा। ४. देशेषु। ५. (क) रितालो।
६. (क) ध्वनीयञ्चित्रयेद्। ७. (क) विवन्दस्स।

गायकेषु निन्द्याः —

सन्दष्टः कम्पितो[1] भीतः शङ्कितः सानुनासिकः ।
[2]उद्घुष्टश्च तथा काको सूत्कारो चाव्यवस्थितः ॥७४॥

करालो झोम्बको[3] वक्री प्रसारी च निमीलकः ।
तथा निरवधानश्च वितालश्चोष्ट्रकी तथा ॥७५॥

उद्घडी मिश्रकश्चेति निन्द्या एकोनविंशतिः ।
दन्तसन्दंशतो[4] गाता सन्दष्टः परिकीर्तितः ॥७६॥

न्यूनाधिकस्वरैर्गीता कपिलस्समु दाहृतः[5] ।
यो गायति[6] भयाविष्टस्तं[7] भीतं गायनञ्जगुः ॥

शङ्काकुलस्तु यो गायेत् स शङ्कित उदाहृतः ।
गीतं नासिकया गायेत् विज्ञेयः सोऽनुनासिकः ॥७८॥

[8]उद्घुष्टः सर्वतः क्षुब्धो गायन् गायन[9] इष्यते ।
[10]काकस्येव स्वरो यस्य स काकी परिकीर्तितः ॥७९॥

---

जो शुद्ध और छायालग राग में आलप्ति युक्त गीत गाता है, वह 'चौपट' है ।

जिसकी ध्वनि और शारीर में विभिन्न देशों की रीतियों का स्पर्श होता है, वह 'रीताल' है ।

जो ध्वनि में ढङ्गढङ्ग से विभक्त गति का चिन्तन करता है, वह विबन्ध है ।

जो एक राग में दूसरे राग की छाया का प्रयोग निर्दोष रूप में तथा कुशलता पूर्वक करता है, वह मिश्र है ।

---

१. (क), (ख), कपिलो । २. (क) उद्दुष्टः ।
३. (क) झोम्बकी । ४. सन्दष्टतो । ५. (क) कघिल ।
६. (क) भयाक्रान्ता । ७. (क) स्तम्भितं । ८. (क) उद्घृष्टः ।
९. (क) गायण । १०. (क) काकास्येव ।

[1]सूत्कारी सूत्कृतिप्रायो गायकः कथितो बुधैः ।
अव्यवस्थित इत्युक्तः स्थानकेष्वव्यवस्थितः ॥८०॥
उद्घाट्य वदनं गायन् करालीति निगद्यते ।
उत्फुल्लगल्लनयननासिको झोम्बकः स्मृतः ॥८१॥
[2]गानवक्रीकृतग्रीवो नाम्ना वक्री प्रकीर्तितः ।
गीतस्यातिप्रसारेण प्रसारीति निगद्यते ॥८२॥
निमील्य नयने गायन् कथितोऽसौ निमीलकः ।
गीतावधानरहितः स स्यान्निरवधानकः ॥८३॥
वितालो गायकः प्रोक्तो वितालं यस्तु गायति ।
गायन्नुष्ट्रवदासीनः उष्ट्रकी सम्प्रकीर्तितः ॥८४॥
हनुसञ्चलनाद् गायन् छागवद् गमकान्वितम्[3] ।
उद्घडस्सोपहासार्हो[4] कीर्तितो गीतवेदिभिः ॥८५॥

---

सन्दष्ट, कम्पित, भीत, शङ्कित, सानुनासिक, उद्घुष्ट, काकी, सूत्कारी, अव्यवस्थित, कराली, झोम्बक, वक्री, प्रसारी, निमीलक, निरवधान, वियाल, उष्ट्रकी, उद्घड और मिश्रक ये उन्नीस निन्द्य गायक हैं ।

दाँत चबाकर गाने वाला 'सन्दष्ट' न्यूनाधिक स्वर लगाने वाला 'कपिल' भयभीत होकर गाने वाला 'भीत', शङ्काकुल होकर गाने वाला 'शङ्कित' नाक से गीत गाने वाला 'सानुनासिक', सब ओर से क्षुब्ध होकर गाने वाला उद्घुष्ट, कौए जैसे स्वर वाला 'काकी' 'सू-सू' करके गाने वाला सूत्कारी, स्थानों में व्यवस्था न रखने वाला 'अव्यवस्थित', मुँह फाड़कर गाने वाला 'कराली', गला, आँखें और नाक फुलाकर गाने वाला 'झोम्बक', गाते समय गर्दन टेढ़ी करने वाला 'वक्री', गीत को अधिक फैलाकर गाने वाला 'प्रसारी', आँखें बन्द करके गाने वाला 'निमीलक', गीत पर एकाग्र न रहने वाला 'निरवधान', बेताला गाने वाला 'वियाल', ऊँट की भाँति बैठ कर गाने वाला 'उष्ट्रकी' बकरे की भाँति ठोड़ी चला चला कर गमकयुक्त गाने वाला उपहासास्पद गायक 'उद्घड' कहा गया है ॥६३-८५॥

---

१. (क) शूत्कारी शूत्कृतिप्रायी । २. (क) गायन्वक्रीकृतग्रीवा ।
३. (ख) गमकान्वितः । ४. (ख) सोपहो ।

**गायकभेदा :—**

करोति शुद्धरागे च छायालगविमिश्रणम् ।
छायालगे वा कुर्य्यात् शुद्धरागविमिश्रणम् ॥८६॥

मिश्रकः स परिज्ञेयो गीततत्वार्थदर्शिभिः ।
[1]एकलो यमलोचैव सामुदायिक इत्यपि ॥८७॥

गायत्यन्यानपेक्षो[2] यः सुगीतं लक्षणान्वितम् ।
एकलो गायकः स स्याद् द्वौ चेद् यमलगायकौ ॥८८॥

मिलित्वा बहुभिर्यस्तु गीतं गायति गायनः ।
स वृन्दगायनस्तेषां पूर्वः पूर्वो भवेद् वरः ॥८९॥

गुणैर्बहुभिरल्पैश्च तारतम्यमथोच्यते ।

**गायककोटयः —**

विविधालप्तिचातुर्यं ग्रहमोक्षे च दक्षता ॥९०॥

स्थानत्रयप्रयोगश्च गम्भीरमधुरो ध्वनिः ।
सर्ववस्तुषु गातृत्वं तालज्ञत्वं सुरेखता ॥९१॥

---

जो शुद्ध राग में छायालग का अथवा छायालग में शुद्ध राग का मिश्रण करता है, वह 'मिश्रक' है ।

गायकों के तीन और भेद एकल, यमक और सामुदायिक हैं ॥८६, ८७॥

जो अकेला ही निरपेक्षरूप में लक्षणयुक्त गीत गाता है, वह 'एकल', मिलकर दो गाने वाले 'यमल' और अनेक के साथ मिलकर गाने वाला 'वृन्दगायन' है, इनमें प्रत्येक की अपेक्षा उससे पूर्व श्रेष्ठ है ।

अब उनमें गुणों के बाहुल्य और अल्पत्व के कारण तारतम्य कहा जाता है ।

---

१. (क) यक्कलो । २. (क) क्षं ।

[1]प्रयोगे सुघटत्वञ्च रागरागाङ्गकौशलम् ।
जितश्रमत्वं कण्ठस्य वश्यत्वमवधारणा[2] ॥९२॥

मध्ये मध्ये च रागस्य प्रौढ़ौचित्योपवेशनम् ।
शिक्षा च सदुपाध्यायादुत्तमे[3] गायके गुणाः ॥९३॥

एषां मध्ये गुणैर्द्वित्रैर्विहीनो मध्यमो मतः ।
चतुभिः पञ्चभिर्वापि गुणैर्हीनः कनिष्ठकः ॥९४॥

उत्तमोत्तमपूर्वञ्च भेदजातमथोच्यते ।
शुद्धं छायालगञ्चैव गतिमालप्तिसंयुतम् ॥९५॥

स्थानत्रयेण यो गायेत् स भवेदुत्तमोत्तमः ।
स्थानकद्वितयेनैतत् गायन्नुत्तममध्यमः ॥९६॥

एकस्थानेन यो गायेत् स भवेदुत्तमाधमः ।
स्थानत्रयेण यश्शुद्धगीतमालप्तिसंयुतम् ॥९७॥

---

विविध आलप्तियों में चातुर्य्य, ग्रह और मोक्ष में दक्षता, तीनों स्थानों का प्रयोग, गम्भीर और मधुर ध्वनि, सभी वस्तुएँ गाने का सामर्थ्य, तालज्ञता, सुरेखता, प्रयोग में सुघड़पन, रागरागाङ्ग में कौशल, जितश्रमता, कण्ठ पर अधिकार, धारणा, राग के मध्य मध्य में प्रौढताजन्य औचित्य का संयोग तथा अच्छे गुरु से प्राप्त शिक्षा ये गुण उत्तम गायक में होते हैं।

इनमें दो तीन गुणों से हीन मध्यम और पाँच गुणों से हीन कनिष्ठ होता है।

अब इनके उत्तमोत्तम इत्यादि प्रकार कहे जाते हैं। जो व्यक्ति शुद्ध और छायालग राग में आलप्तिपूर्वक गीत गाता है, वह उत्तमोत्तम है, जो यह कार्य्य दो स्थानों में करता है, वह उत्तममध्यम है, जो यही कार्य्य एक स्थान में करता है, वह उत्तमाधम है।

---

१. (क) प्रयोगेषु पुटत्वं ।
२. (क) णे । ३. (ख) तदुपाध्यायात् ।

शुद्धरीत्या युतं गायेत् स भवेन्मध्यमोत्तमः ।
स्थानद्वयेन चैतस्य गाता मध्यममध्यमः ॥९८॥
स्थानेनैकेन यो गायेत् स भवेन्मध्यमाधमः ।
गीतं छायालगे सम्यक् आलप्तिमपि तादृशीम् ॥९९॥
स्थानत्रयेण यो गायेत् स कनिष्ठोत्तमः स्मृतः ।
स्थानद्वयेन यो गायेत् स कनिष्ठेषु मध्यमः ॥१००॥
स्थानेनैकेन यो गायेत् स कनिष्ठाधमः स्मृतः ।
जाते गायकयोर्वादे शुद्धे छायालगेऽथवा ॥१०१॥
सूडौ ठायौ तयोरत्र प्रवक्ष्येते यथाक्रमम् ।
एलादिसूडं विषमं शुद्धे गातुं प्रदापयेत् ॥१०२॥
आलप्तिं तादृशीमेव स्थायमेकादशाङ्गुलम् ।
सूडं छायालगे दद्यात् ध्रुवादिं विषमं तथा ॥१०३॥
आलप्तिं तादृशीमेव स्थायमपि दशाङ्गुलम् ।
इत्युक्तेन प्रकारेण गुणदोषान्निरूप्य च ॥१०४॥

---

जो गायक शुद्ध राग में तीनों स्थानों का प्रयोग करके आलप्तियुक्त गीत गाता है, वह मध्यमोत्तम, जो दो स्थानों में गाता है, वह मध्यमध्यम (८६-९८) और जो एक स्थान में गाता है, वह मध्यमाधम है।

जो आलप्तियुक्त गीत छायालगराग में तीनों स्थानों का प्रयोग करके गाता है, वह कनिष्ठोत्तम, जो दो स्थानों का प्रयोग करके गाता है, वह कनिष्ठमध्यम और जो एक स्थान का प्रयोग करके गाता है, वह कनिष्ठाधम है।

शुद्ध और छायालग राग में दो गायकों के वाद के समय दिये जाने वाले सूड और स्थाय कहे जायेंगे।

शुद्धराग के वाद में एलादि विषम सूड और वैसी ही आलप्ति और एकादश अङ्गुल का स्थाय छायालग राग में ध्रुवादि विषम सूड, वैसी ही आलप्ति और दशाङ्गुल स्थाय देना चाहिये।

Scanned with OKEN Scanner

तारतम्यं तयोर्ज्ञात्वा दद्याज्जयपराजयौ ।
गायकानाञ्च निर्दिष्टा गुणदोषा मनीषिभिः ॥१०५॥
तथैव गायनीनाञ्च ज्ञेया गीतविशारदैः ।

**गाने योषितां प्रमुख्यम्—**

प्रामुख्यं योषितामेव गाने भवति कुत्रचित् ॥१०६॥
नृणां तदनुसारेण प्रामुख्यं वा विधीयते ।

तथा चादिभरते*—

प्रायेण तु स्वभावात् स्त्रीणां गानं नृणाञ्च पाठ्यविधिः ।
स्त्रीणां स्वभावमधुराः कण्ठाः नृणां च बलवन्तः ॥१०७॥
यः स्त्रीणां पाठ्यगुणो[1] भवति नराणां[2] च गानमधुरत्वम् ।
ज्ञेयस्सोऽलङ्कारो नहि स्वभावो[3] ह्ययं तेषाम् ॥१०८॥
यद्यपि पुरुषो गायति[4] गीतविधानं तु लक्षणोपेतम् ।
[5]स्त्रीविरहितः प्रयोगः तथापि न सुखावहो भवति ॥१०९॥

---

पूर्वोक्त प्रकार से गुण-दोषों का निरूपण और तारतम्य का निश्चय करके जय-पराजय घोषित करना चाहिये ।

बुद्धिमानों ने गायकों के जो गुण-दोष बताये हैं, वही गायिकाओं के भी समझे जाने चाहिये ।

कहीं गान में नारियों की प्रमुखता होती है और कहीं पुरुषों की ।

आदि-भरत के अनुसार—

स्वभावतः तो गाना स्त्रियों का और पाठ्यविधि पुरुषों की है स्त्रियों के कण्ठ स्वभावतः मधुर और पुरुषों के बलवान् (भारी) होते हैं ।

जो नारियों में पाठ्यगुण (वाद्य गुण) और पुरुषों में गानमाधुर्य्य हो, तो वह 'अलङ्कार' है, स्वभावज नहीं ॥९८-१०८॥

यद्यपि पुरुष लक्षणयुक्त गीतविधान गाता है, तथापि नारीविहीन

---

* अतः परमादिभरतोक्तं पंक्तिषोडशकं मुद्रिते सङ्गीतसारे नास्ति । नाट्यशास्त्रस्य चौखम्बासंस्करणे, वटोदर संस्करणे च क्वाचित्पाठभेदयुक्तो विषय एष प्राप्यते ।
नाट्यशास्त्र चौखम्बा संस्करणे पाठान्तरम्—१. वाद्यगुणो । २. नृणां ।
३. भवति । ४. नेता । ५. माधुर्यगुणविहीनं शोभाजननं न तत् भाति ।

एवं स्वभावसिद्धं स्त्रीणां गानं, नृणां च पाठ्यमपि[1] ।
अपरस्परसम्पन्नं[2] कार्य्यं चायत्ननिष्पन्नम् ॥११०॥
[2]प्रायेण देवपार्थिवसेनापति मुख्यपुरुषभवनेषु ।
[3]आभ्यन्तरप्रयोगो भवत्यपुरुषोऽङ्गनाबद्धः ॥१११॥
[4]भूयिष्ठः स्त्रीषु कर्तव्यः प्रयोगः पुरुषाश्रयः ।
[5]यस्मात् स्वभावतः स्त्रीणां चेष्टा प्रीतिकरी भवेत् ॥११२॥
नित्यं व्यायामयोगेन[6] नृणां भवति सौष्ठवम् ।
स्वभावतस्तु मधुरं स्त्रीणामङ्गविचेष्टितम् ॥११३॥
[7]एवं नृभिः सदा स्त्रीणां मुपदेष्टव्यमेव तु ।
गानं वाद्यं च पाठ्यञ्च नानाप्रकृतिसम्भवम् ॥११४॥
अवैस्वर्य्यं भवेत्स्त्रीणां गानपाठक्रियास्वथ[8] ।
नहि तत्कण्ठमाधुर्य्यं पुरुषेषु भविष्यति ॥११५॥

---

प्रयोग सुखदायक नहीं होता। इस प्रकार नारियों का गान और पुरुषों का पाठ्य (अथवा वाद्यगुण) स्वभावसिद्ध है। इनका अपरस्परसम्पन्न (स्वतंत्र) कार्य्य प्रयत्न के विना ही निष्पन्न हो जाता है। प्रायः मन्दिर, राजभवन, सेनापति तथा मुख्यपुरुषों के भवनों में पुरुषहीन एवं अङ्गनाश्रित प्रयोग होता है ॥१०९-१११॥

पुरुषाश्रित प्रयोग नारियों में अधिक करना चाहिये, क्योंकि नारियों की चेष्टा स्वभावतः प्रीतिकर होती है ॥११२॥

पुरुषों में अङ्गसौष्ठव प्रतिदिन व्यायाम का परिणाम है, स्त्रियों की अङ्गचेष्टाएँ स्वभावतः मधुर होती हैं।

अतः पुरुषों के द्वारा तो सदा नारियों को विभिन्न प्रकृति के गान वाद्य एवं पाठ्य में प्रशिक्षित किया जाना चाहिये।

गान और पाठ की क्रियाओं में नारियों के द्वारा विस्वरता नहीं होती, उन जैसा कण्ठ माधुर्य्य पुरुषों में नहीं होगा।

---

१. पाठ्यविधिः। २. प्रायेण दानवासुररक्षोयक्षोरगाविविधचेष्टाः।
३. वाक्याश्रिताः प्रयोगेभवन्ति पुरुषाङ्गना बद्धः। ४. स्त्रीभिः कार्य्यः प्रयत्नेन प्रयोगः पुरुषाश्रयः। ५. यस्यात् स्वभावोपहितो विलासः स्त्रीकृतो भवेत्।
[illegible]

**गायनीवादः —**

[1]गायन्योर्यदि वादः स्यात् शुद्धे छायालगेऽथवा ।
स्थाय्यामेव विशेषोऽस्ति[2] सूडालप्तिस्तु पूर्ववत् ॥११६॥

चतुर्दशाङ्गुलां स्थायीं शुद्धे दद्याद्विचक्षणैः ।
स्थायीं छायालगे दद्यात् द्वादशाङ्गुलसम्मिताम् ॥११७॥

**वादिवल्लभं गीतम्—**

[3]अभ्यवस्थानकं गीतंतालपाटैरलक्षितम्[4] ।
प्रयोगबहुलं रूक्षं विषमं वादिवल्लभम् ॥११८॥*

**वादोपयोगिनो वंशाः —**

[5]जयश्रीर्विजयोनन्दो महानन्दाभिधस्तथा ।
वंशाश्चत्वार इत्युक्ता वादेषु भरतर्षिणा ॥११९॥

**वंशे वादनियमः —**

अथ सूडाश्च थाय्यश्च वादे[6] नियमकल्पना ।
इत्युक्तेन प्रकारेण गुणदोषान्निरूप्य च ॥१२०॥

---

यदि गायिकाओं में वाद हो, तो शुद्ध और छायालग राग में सूड और आलप्ति तो पूर्ववत् देना चाहिये, स्थायी में ही अन्तर है ॥११६॥

विद्वानों के द्वारा शुद्ध राग में चतुर्दशाङ्गुल और छायालग में द्वादशाङ्गुल स्थायी देना चाहिये ॥११७॥

जिसके ताल और पाट अलक्षित हो, जिसमें गमक बाहुल्य हो, जो विषम और रूक्ष हो, ऐसा अभ्यवस्थानक (बेढव) गीत वादियों को प्रिय होता है ॥११८॥

भरतऋषि ने वाद में जयश्री, विजय, नन्द और महानन्द नामक चार वंश उपयुक्त बताये हैं ॥११९॥

वाद में दिये जाने वाले सूडों और स्थायों के देने के नियम पूर्वोक्त प्रकार से हैं ।

---

१. (क) गायन्त्यो, (ख) गायन्या । २. (क) विशेषोक्ति । ३. (क), (ख) अत्युस्थानकं । ४. (क) तालपीतैरलङ्कृतम् । (ख) तालपादैरलङ्कृतम् । अस्मत्पठितः पाठ । सिंहभूपालोद्धृतः सङ्गतश्च । ५. (क) जयश्च । ६. (ख) वमि ।

तारतम्यं तयोर्ज्ञात्वा दद्याज्जयपराजयौ ।

**वैणिक गुणाः —**

जितेन्द्रियः प्रगल्भश्च स्थिरासनपरिग्रहः ॥१२१॥
शरीरसौष्ठवोपेतः करयोर्विजितश्रमः[1] ।
सावधानो भयत्यक्तो[2] रागरागाङ्गतत्ववित् ॥१२२॥
गीतवादनदक्षश्च वैणिकः कथितो वरः ।

**वैणिक दोषाः —**

वृत्तित्रयानवगतिरवधानविहीनता ॥१२३॥
अलङ्कारस्वराज्ञत्वम् विकलाङ्गत्वमेव च ।
रागगीतस्वराणां च वादनेष्वसमर्थता ॥१२४॥
इत्याददयस्समुद्दिष्टा दोषा वैणिकसंश्रयाः ।
[3]पौरत्वं सुस्वरत्वञ्च घनत्वं फूत्कृते[4] गुणाः ॥१२५॥

**वांशिक गुणाः —**

अर्धमुक्तिरमुक्तिश्च मुक्तिश्चेत्यङ्गुलीवहाः ।
अंगुलीसारणास्तासुगमकेषु च सप्तसु ॥१२६॥

---

गुणदोषों को जानकर उनका तारतम्य निर्णीत कर जय-पराजय का कथन उचित है।

जितेन्द्रिय, प्रगल्भ, स्थिर आसन और परिग्रह से युक्त, शरीर-सौष्ठवसम्पन्न, श्रमजयी, सावधान, निर्भय, राग-रागाङ्ग-मर्मज्ञ, गीत-वादन में दक्ष वैणिक श्रेष्ठ है।

तीनों वृत्तियों के विषय में अज्ञान, अवधान का अभाव, अलङ्कारों के स्वरों से अपरिचय, विकलाङ्गता, राग और गीत के स्वरों का वादन करने में असामर्थ्य (१२०-१२४) इत्यादि वैणिक के दोष बताए गए हैं।

भराव, सुस्वरता और प्रागढता ये फूंक के गुण हैं ॥१२५॥

अर्धमुक्ति, अमुक्ति, और मुक्ति ये अँगुलियों के द्वारा स्वरनिष्पादन की क्रियाएँ हैं, इनमें तथा सातों गमकों में निपुणता, सुस्थानता, सुरागत्व,

---

१. (ख) विजिताश्रमः । २. (क) भवत्युक्तो ।
३. (क) सौरत्वं । ४. (क) स्थूत्कृते ।

सुस्थानता सुरागत्वं दक्षता गीतवादने ।
क्रियाभाषाविभाषासु रागरागांगयोरपि ॥१२७॥
स्वस्थाने चाप्यवस्थाने रागनिर्माणनैपुणम्[1] ।
गातृणां स्थानदातृत्वं[2] तद्दोषाच्छादनं तथा ॥१२८॥
एवमादिगुणैर्युक्तो वांशिकः प्रवरो मतः ।

**वांशिकदोषाः —**

फूत्कारस्खलितः स्तोकयमलस्फूत्कृतस्तथा ॥१२९॥
निन्दनीया इमे प्रोक्ता वंशविद्याविशारदैः ।
वहणिः कम्पितो[3] मूर्धस्वस्थानाप्राप्तिरेव च॥१३०॥
[4]मिथ्याप्रयोगप्राचुर्य्यमज्ञत्वं गीतवादने ।
एते दोषा विशेषेण वांशिकस्य प्रकीर्तिताः ॥१३१॥

**वादक श्रेण्यः —**

रागे गमकं गीतं च शुद्धे छायालगेऽथवा[5] ।
यो वादयेत् स विज्ञेयो वादकेषूत्तमोत्तमः ॥१३२॥
वाद्यन्ते रागगमका येन रागाश्च केवलाः ।
तावुभौ च क्रमाज्ज्ञेयावुत्तमे मध्यमाधमौ ॥१३३॥

---

गीत के वादन में दक्षता, क्रियाङ्ग, भाषाङ्ग, विभाषा, राग तथा रागांगों में नैपुण्य, स्वस्थान और अवस्थान में राग निर्माण का कौशल, गायकों को स्थान दिखाना और उनके दोषों को छिपाना इत्यादि गुणों से युक्त वांशिक श्रेष्ठ है ।

फूँक से फिसलने वाला, कम साँस वाला तथा एक ही समय दुहरी फूंक मारने वाला ये वांशिक वंशविशेषज्ञों की दृष्टि में निन्द्य हैं ।

सिर का (बकरे की भाँति) हिलना, स्वर कांपना, तारस्थान की अप्राप्ति, मिथ्या प्रयोग की अधिकता और गीतवादन में अज्ञान ये वांशिक के दोष विशेषतया बताये गये है ॥१२६-१३१॥

शुद्ध और छायालग राग में जो गमक और गीत का वादन करता है, वह उत्तमोत्तम वादक है, जो राग और गमक बजाता है, वह 'उत्तममध्यम' और जो केवल राग बजाता है वह उत्तमाधम है ॥१३२-१३३॥

---

१. (क) निर्वाण । २. (क) गातृत्वं । ३. (क) मूर्धः । ४. (क) नित्या । ५. (क) तथा ।

रागे च गमकं गीतं शुद्धे यो वादयेत्तथा ।
वादकः स परिज्ञेयो गीतज्ञैर्मध्यमोत्तमः ॥१३४॥

वाद्यन्ते रागगमका येन रागाश्च केवलाः ।
तावुभौ च क्रमाज्ज्ञेयौ मध्यमे मध्यमाधमौ ॥१३५॥

रागे च गमकं गीतं सालगे यश्च वादयेत् ।
वादकस्स परिज्ञेयो जघन्येषूत्तमो बुधैः ॥१३६॥

वाद्यन्ते रागगमका येन रागाश्च केवलाः ।
तावुभौ च क्रमाज्ज्ञेयौ जघन्ये मध्यमाधमौ ॥१३७॥

प्रत्येकं नवधा ज्ञेयावित्थं वैणिकवांशिकौ ।

**वादकवादनियमः** —

वादे वैणिकयोर्जाते तथा वांशिकयोरपि ॥१३८॥

वादने रागगमकौ तालपाण्याः[2] प्रदापयेत् ।
शुद्धसालगयोः सूड़ौ पूर्ववच्च परस्परम् ॥१३९॥

---

जो शुद्ध राग में राग, गमक और गीत बजाता है, वह मध्यमोत्तम, जो राग और गमक बजाता है, वह मध्यममध्यम और जो केवल राग बजाता है, वह मध्यमाधम है ॥१३४-१३५॥

सालग राग में जो राग, गमक और गीत का वादन करे, वह जघन्योत्तम, जो राग एवं गमक का वादन करे, वह जघन्यमध्यम और जो केवल रागों का वादन करे, वह जघन्याधम है ॥१३६, १३७॥

इस प्रकार वैणिक और वांशिक नौ नौ प्रकार के हैं ।

वैणिकों में या वांशिकों में परस्पर वाद होने पर तालपाणि (!) के रागगमक देना चाहिये, शुद्ध और सालग में सूड का दान पूर्ववत् होना चाहिये । परस्पर उनमें तारतम्य निश्चित करके जय-पराजय का निर्णय उचित है ।

---

१. (क) वार । २. (क) तालपठ्या ।

Scanned with OKEN Scanner

तारतम्यं तयोर्ज्ञात्वा दद्याज्जयपराजयौ ।

**कविताकारश्रेण्यः —**

[1]विद्वान् कुलीनो मतिमान् नीरोगो रूपवान् शुचिः ॥१४०॥

षण्मार्गकालभेदज्ञो यतिग्रहविशारदः ।
आवापादिक्रियाज्ञश्च तथैव ध्रुवकादिवित् ॥१४१॥

यथावाद्याक्षराणाञ्च[2] पाठप्रकटने[3] पटुः ।
कर्त्ता कुलकवाद्यस्य तालवाद्यविधानवित् ॥१४२॥

[4]यथाक्षरविनिष्पत्तिस्तथैव यतिपूरकः ।
चतुस्रादितालेषु बन्धवाद्यकृतिक्षमः ॥१४३॥

वाद्याक्षराणां सम्बन्धेष्वर्थोत्पादनकोविदः ।
प्रशस्तकविताकारो गुणैरेभिस्समन्वितः ॥१४४॥

एभ्यो ये विपरीतास्ते दोषास्सद्भिरुदाहृताः ।
अर्थयुक्तस्य वाद्यस्य कर्ता स्यादुत्तमाभिधः ॥१४५॥

तथैव बन्धवाद्यस्य कर्ता मध्यम ईष्यते ।
कर्ता कुलकवाद्यस्य कनिष्ठः कथितो बुधैः ॥१४६॥

---

विद्वान्, कुलीन, बुद्धिमान्, नीरोग, रूपवान्, शुद्ध, छः मार्ग और काल के भेद का मर्मज्ञ, यति एवं ग्रह में निपुण, आवाप इत्यादि क्रियाओं का ज्ञाता, उसी प्रकार ध्रुवका इत्यादि (मात्राओं) का मर्मज्ञ, वाद्याक्षरों के अनुसार पाठ के प्रकटन में पटु, कुलकवाद्य का रचयिता, तालवाद्यविधान का वेत्ता, यथाक्षरविनिष्पादन में कुशल पूरक, चतुरस्र इत्यादि तालों में बन्धवाद्य की रचना में निपुण, वाद्याक्षरों के सम्बन्ध में अर्थ का उत्पादन करने में कुशल व्यक्ति श्रेष्ठ कविताकार कहलाता है । इनसे विपरीत कर्म्म दोष कहे गये हैं ।

अर्थयुक्त वाद्य का कर्ता उत्तम, वन्धवाद्य का स्रष्टा मध्यम और कुलकवाद्य का प्रणेता कनिष्ठ कहलाता है ॥१३७-१४६॥

---

१. (क) विद्यात् । २. (क) वाद्याक्षरत्मीया । ३. (क) पाठ । ४. (क) यथाक्षरं ।

कविताकारयोर्वादे गुणदोषैस्तदीयकैः ।
तारतम्यं तयोर्ज्ञात्वा दद्याज्जयपरायौ १४७॥

शुभवादकः —

सर्वेन्द्रियेष्वविकलो निपुणो निश्चलः स्वयम् ।
अङ्गदोषपरित्यक्त आलापस्य प्रमाणवित् ॥१४८॥
सुस्वरः सुस्वरातोद्यवेदिता[1] साम्प्रदायिकः ।
नादवृद्धिक्षयज्ञश्च ग्रहमोक्षेऽप्यलक्षितः ॥१४९॥
तालप्रपञ्चकुशलः समादिग्रहवेदिता ।
न्यासापन्यासकालज्ञस्ताल[2] कोणप्रहारवित् ॥१५०॥
लघुहस्तो विधानज्ञः[3] कलावेत्ता जितश्रमः[4] ।
तालानुगो लयज्ञश्च तालगीतानुगस्तथा ॥१५१॥
ज्ञाता कुलकवाद्यस्य न्यासापन्यास कोविदः ।
गीते वाद्ये च नृत्ते च छिद्रावरणपण्डितः[5] ॥१५२॥

---

कविताकारों के वाद में उनके गुण दोषों के द्वारा तारतम्य निश्चित करके जय-पराजय निश्चित करना चाहिए ॥१४७॥

सब इन्द्रियों में अविकल (पूर्ण) निपुण, निश्चल, अङ्गदोष-हीन, आलाप के प्रमाण से सुपरिचित, सुस्वर; सुस्वर आतोद्य का जानने वाला (वादक), सम्प्रदाय से सम्बद्ध, नाद की वृद्धि और क्षय को समझने वाला, ग्रह और मोक्ष में न पकड़ा जाने वाला, तालप्रपञ्च में कुशल, समग्रह इत्यादि को जानने वाला, न्यास, अपन्यास तथा काल का मर्मज्ञ, ताल और कोण के प्रहार को समझने वाला, हस्तलाघवयुक्त, विधानज्ञ, कलावेत्ता, जितश्रम, तालानुग, लयज्ञ, ताल और गीत का अनुगामी, कुलक वाद्य का ज्ञाता, न्यास एवं अपन्यास में कोविद, गीत, वाद्य और नृत्त के समय दोषों का आवरण करने में निपुण, दृढ़ प्रहार करने पर भी न थकने वाला रञ्जक वादक शुभ है।

---

१. (ख) वादिता । २. (ख) तल । ३. (ख) वितानज्ञः ।
४. (ख) कालवेत्ता । ५. (क) भेदावरण ।

दृढप्रहारोऽप्यक्षुब्धो[1] रञ्जको वादकः शुभः ।

**वादकदोषाः—**

खिन्नाङ्गत्वं जडत्वं च भीतिर्निरवधानता ॥१५३॥

चञ्चलत्वमदक्षत्वमप्रगल्भत्वमेव च ।

[2]रागे रागाधिकत्वञ्च शास्त्रश्रवणहीनता ॥१५४॥

इत्यादयः समुद्दिष्टा दोषा वादकसंश्रयाः ।

**पञ्च सञ्चाः —**

स्कन्धस्य मणिबन्धस्य कूर्पराङ्गुष्ठयोरपि ॥१५५॥

वामस्य चरणस्यापि कम्पात्सञ्चस्तु पञ्चधा ।

सञ्चभेदात्पाटहिकस्त्रिधा हौडुक्किकोऽपि च ॥१५६॥

उत्तमादिप्रकारेण तत्स्वरूपन्निरूप्यते ।

**पटहवादकोटयः –**

अङ्गुष्ठमणिबन्धोत्थ[3]सञ्चात्पाटहिकः शुभः ॥१५७॥

सञ्चात्कूर्परतो[4] जातान्मणिबन्धाच्च मध्यमः ।

स्कन्धकूर्परसञ्चेन यो वादयति सोऽधमः ॥१५८॥

---

अङ्गों का पसीजना, जडता, भय, असावधानता, चञ्चलता, अदक्षता, अप्रगल्भता, राग में अनुराग का आधिक्य और शास्त्रश्रवण का अभाव इत्यादि वादकों के दोष हैं ।

कन्धा, कलाई, कुहनी, अँगुठे और बायें चरण के कम्प से 'सञ्च' पाँच प्रकार का है । सञ्चभेद से पटहवादक, और हुडुक्कवादक के भी पाँच प्रकार हैं ॥१४८-१५६॥

उत्तम आदि प्रकार से उनका निरूपण किया जा रहा है ।

वह पाटहिक 'श्रेष्ठ' है, जिसके दोनों अँगूठों और कलाई में कम्पन होता है, कुहनियों और कलाई में सञ्च से 'मध्यम' होता है और जिसकी कुहनियाँ और कन्धे हिले, वह वादक अधम है ।

---

१. (क) प्रहारे । २. (क) रागरागादिकत्वं, (ख) रागरागाधिकत्वञ्च ।
३. (ख) बन्धोधः । ४. (ख) कूर्परजो ।

**हौडुक्किककोटय:** —

त्रिसन्धिचालनाज्जातसञ्चाद्धौडुक्किक: शुभ: ।
सञ्चात्कूर्परतो जातान्मणिबन्धात्तु मध्यम: ॥१५९॥
वामपादप्रकम्पोत्थसञ्चाद्धौडुक्किकोऽधम: ।
य एवं गुणदोषाश्च वादकेषु निरूपिता: ॥१६०॥
मार्दङ्गिकेष्वमी केचित्सञ्चात् भेदोऽपि विद्यते ।
उत्तमोत्तमपूर्वञ्च भेदजातमथोच्यते ॥१६१॥
तालवाद्यं त्रिमार्गेषु शुद्ध सालगगीतयो: ।
पेरणस्य च गोण्डल्या: पेक्खणस्य च वाद्यते ॥१६२॥
येन लक्षणसंयुक्त: स भवेदुत्तमोत्तम: ।
तालवाद्यं न जानाति मार्गलक्षणसंज्ञके ॥१६३॥
पूर्वोक्तलक्षणोपेत: स स्यादुत्तममध्यम: ।
दक्षिणे वार्तिके तालं वाद्यं नैवावगच्छति ॥१६४॥

---

वह हुडुक्कवादक श्रेष्ठ है, जिसकी त्रिसन्धि में सञ्च हों, कलाई और कुहनियों में सञ्च वाला 'मध्यम' और बायें पैर को उठाकर हिलाने वाला 'अधम' है।

इस प्रकार हुडुक्कवादकों के गुण-दोषों का निरूपण कर दिया, मृदङ्ग वादकों में भी कुछ गुण दोष होते हैं, सञ्च के कारण कुछ अन्तर भी है।

अब उत्तमोत्तम इत्यादि भेद कहे जा रहे हैं। जो तीनों मार्गों में शुद्ध सालग गीतों के साथ तालवाद्य बजाता है, पेरण, गोण्डली और पेक्खण का भी वादन करता है, वह लक्षणयुक्त वादक 'उत्तमोत्तम' है। जो मार्ग लक्षणों में तालवाद्य न जानता हो, परन्तु जिसमें अवशिष्ट लक्षण हों, वह 'उत्तममध्यम' है, जो दक्षिण और वार्तिक मार्ग में ताल और वाद्य न जानता हो, वह 'उत्तमाधम' है।

Scanned with OKEN Scanner

शेषलक्षणसंयुक्तः स भवेदुत्तमाधमः ।
शुद्धसालगगीतानां येन नृत्तत्रयस्य च ॥१६५॥
तत्तन्मानानुसारेण स स्यान्मध्यममध्यमः ।*
येन[1] सालगगीतानां नृत्तानामपि[1] कौशलम् ॥१६६॥
वाद्यते लक्षणोपेतं स भवेन्मध्यमाधमः ।
वाद्यते पेरणाख्यस्य गोण्डल्याः पेक्खणस्य च ॥१६७॥
येन[2] लक्षणसंयुक्तः स जघन्योत्तमः स्मृतः ।
पेरणस्य गोण्डल्याः वादकस्तेषु मध्यमः ॥१६८॥
गोण्डल्या वादकस्तज्ज्ञैरधमः परिकीर्तितः ।
यदि वादो[3] भवेत्तालवाद्यवादकयोस्तदा ॥१६९॥

**तालवाद्यवादकवादः—**

तालवाद्यं चन्द्रकलां त्रिगुणां च प्रदापयेत् ।

**गीतवादकयोर्वादः —**

गीतवादकयोर्वादे सूडमेलादि[4] संज्ञकम् ॥१७०॥

---

(मध्यमोत्तम का लक्षण मूल में नहीं है परन्तु) जिसमें अवशिष्ट लक्षण हों जो शुद्ध एवं सालग गीतों और तीनों पूर्वोक्त गीतों का वादन उनके प्रमाण के अनुसार करता हो, वह मध्यममध्यम है, जो (केवल) सालग गीत और नृत्त ही लक्षणानुसार बजाता हो, बह मध्यमाधम है।

जो वादक पेरण, गोण्डली और पेक्खण का लक्षणयुक्त वादन करता है, वह 'जघन्योत्तम', पेरण और गोण्डली का वादक 'जघन्यमध्य' और गोण्डली का वादक 'जघन्याधम' है।

यदि तालवाद्यवादकों में वाद हो, तो तालवाद्य और त्रिगुणा चन्द्र-कला देना चाहिये।

गीतवादकों में वाद हो, तो एला आदि सूड और चित्रा पद्धति देना चाहिये। वाद का न्याय पूर्वोक्त है।

---

*. एतत्पूर्वं मध्यमोत्तमवादकलक्षणमादर्शद्वयेऽपि नास्ति ।
१. (ख),नृत्तानां प्रति ।
२. (क) हीन ३. (क) भावे । ४. (ख) सूडमेकादि ।

नृत्तवादकयोर्वादः—

[1]चित्राञ्च पद्धतिं दद्यात् [2]वादन्यायःपुरोदितः ।
नृत्तवादकयोर्वादे वाद्यमोतादि दापयेत् ॥१७१॥
तत्तद्विद्यावशादेवं मान्यानपि[3] परीक्ष्य च ।
तारतम्यं तयोर्ज्ञात्वा दद्याज्जयपराजयौ ॥१७२॥

नर्तक कोटयः—

सर्वप्रयोगकुशलः[4] सुरेखोऽन्तर्मुखस्तथा ।
प्राज्ञः कलाज्ञस्तालज्ञो नर्तनासु विशारदः ॥१७३॥
[5]यतितालकलाभिज्ञो लयविद्विजितेन्द्रियः ।
[6]पात्रसङ्क्रमणोपायकुशलो नर्तकः स्वयम् ॥१७४॥
[7]सङ्क्रामतः प्रयोगाणां मुख्यनृत्तस्य वेदिता ।
शिष्यनिष्पादको न्यूनाधिकविद्गतमत्सरः[8] ॥१७५॥
चार्य्यङ्गहारकुशलः खण्डमण्डनपण्डितः ।
[9]नानादेशसमुत्थस्य देशीनृत्तस्य वेदिता ॥१७६॥

---

नृत्त वादकों के वाद में 'ओता' आदि वाद्य देना चाहिये ॥१५७-१७१॥

सम्बद्ध विद्याओं के अनुसार इस प्रकार अन्यों का भी परीक्षण करके उनमें तारम्य का निश्चय करके जय-पराजय का निर्णय उचित है ॥१७२॥

सभी प्रयोगों में कुशल, सुरेख, अन्तर्मुख, प्राज्ञ, कला और ताल का ज्ञाता, नर्तनशैलियों में निष्णात, यति, ताल और कला का मर्मज्ञ, लयज्ञ, जितेन्द्रिय, पात्र को शिक्षा देने में कुशल, स्वयं अच्छा नर्तक, शिक्षा के अनुसार प्रयोगों के मुख्य नृत्त को जानने वाला, शिष्य-निष्पादक, न्यूनता और अधिकता को समझने वाला, मात्सर्यहीन चारियों और अङ्गहारों में कुशल, खण्डों के मण्डन में पण्डित विभिन्न देशों में उत्पन्न देशी नृत्त का जानने वाला, गीत आतोद्य इत्यादि में निपुण नर्तक श्रेष्ठ है ।

---

१. (क) चित्रञ्च । २. (क) वादनाय पुरोहितम् । ३. (ख) मान्यानपि ।
४. (ख) सुरेखान्तर्मूख । ५. (ख) गीति । ६. (ख) पात्त ।
७. (क) सङ्क्रामक । ८. (क) वीत । ९. (क) चण्डमश समुद्दिश्य ।

[1]गीतातोद्यादिनिपुणो नर्तकः प्रवरः स्मृतः ।

**नर्तकदोषाः —**

वाद्यतालयतीनाञ्च माने न्यूनाधिकेऽज्ञता[2] ॥१७७॥

[3]स्वतो लास्यविहीनत्वं रसभावाविवेकिता[4] ।
वैरूप्यमङ्गवैकल्यं प्रयोगेऽप्वप्यकौशलम् ॥१७८॥

देशीमार्गविभेदेन नृत्तशिक्षास्वनैपुणम् ।
इत्यादयस्समुद्दिष्टा दोषा नर्तकसंश्रयाः ॥१७९॥

**नर्तककोटयः —**

यथोक्त लक्षणोपेतं मार्गदेशीयमेव च ।
नृत्तं सुशिक्षयेत् यस्तु स भवेन्नर्तकोत्तमः ॥१८०॥

केवलं मार्गनृत्तं यः शिक्षयेत् स तु मध्यमः ।
अधमस्स परिज्ञेयो देशीनृत्तस्य[5] शिक्षकः ॥१८१॥

---

वाद्य, ताल, यति की न्यूनता और अधिकता के सम्बन्ध में अज्ञान, स्वयं न नाच सकना, रस और भाव का अपरिचय, विरूपता, अङ्गविकलता, प्रयोगों में अकुशलता, देशी और मार्ग के भेद की शिक्षा का अभाव, नृत्त शिक्षाओं में अनैपुण्य इत्यादि नर्तकाश्रित दोष हैं ॥१७३-१७९॥

जो लक्षणयुक्त मार्ग एवं देशी नृत्त की शिक्षा देता है, वह नर्तकों में 'उत्तम' है, जो केवल मार्ग की शिक्षा देता है, वह 'मध्यम' है, जो 'देशी' नृत्त की ही शिक्षा देता है, वह 'अधम' है।

लावक, भावक और द्रावक ये तीन प्रकार के नर्तक हैं, उनमें से प्रत्येक के तीन प्रकार हैं, इस प्रकार इनके भेद नौ हैं।

---

१. सङ्गीताद्योतनिपुण ।
२. (क) न्यूनाधिकाज्ञता ।
३. (ख) स्वरो ।
४. (ख) हावा ।
५. (क) गीत ।

लावको भावकश्चैव द्रावकश्चेति नर्तकाः ।
प्रत्येकं ते त्रिधाचैवं[1] नवधा परिकीर्तिताः ॥१८२॥
वादे नर्तकयोर्जाते[2] सम्यगेलादिवादनैः ।
[3]पादपाटैस्समुचितैः पात्रसङ्क्रमणैरपि ॥१८३॥
[4]स्वतो लास्यादपि तयोर्गुणदोषान्निरूप्य[5] च ।
तारतम्यं परिज्ञाय दद्याज्जयपराजयौ ॥१८४॥

पेरणसंश्रया गुणाः —

भावकत्वं रसिकता[6] ना नाभाषासु नैपुणम् ।
नानादेशसुचारित्रव्यवहारेषु दक्षता ॥१८५॥
पञ्चाङ्गपरिपूर्णत्वं रञ्जकत्वं विदग्धता ।
[7]प्रौढिः प्रस्तावावाक्येषु विकृतांशविदग्धता ॥१८६॥
[8]अवधानं तथा रागरागाङ्गादिप्रवीणता ।
इत्यादयस्समुद्दिष्टा गुणाः पेरणसंश्रयाः ॥१८७॥
एभ्यो ये विपरीतास्ते दोषास्सद्भिरुदाहृताः ।
उत्तमस्तत्र विज्ञेयः पञ्चाङ्गैस्सम्यगन्वितः ॥१८८॥

---

नर्तकों में वाद होने पर एला इत्यादि के वादन, समुचित पाद-पाट पात्रों में शिक्षा का संक्रमण और नर्तक के अपने लास्य से, दोनों के गुणों, दोषों का निरूपण करके जय-पराजय निश्चित करना चाहिये ।

भावकत्व, रसिकता, विभिन्न भाषाओं में निपुणता, अनेक देशों के सुचारित्र और व्यवहार में दक्षता, पाँचों अङ्गों में परिपूर्णता, रञ्जकत्व, विदग्धता, प्रस्तावावाक्यों में प्रौढि, विकृतांशमर्मज्ञता, एकाग्रता, राग-रागाङ्ग इत्यादि में प्रवीणता आदि पेरण के गुण हैं ॥१८०-१८७॥

जो इसके विपरीत हैं, वे सज्जनों ने दोष बताये हैं ।

---

१. (क) पञ्च। २. (क) वादनर्तकयो ।
३. (क) पायपालः । ४. (क) स्वयं । ५. (क) ते ।
६. (क) रसिकत्वं । ७. यः प्रसादवाक्येषु । ८. (ख) ञ्प्रपलानं ।

घर्घरागीतकैवारप्रौढो मध्यम इष्यते ।
नृत्तवागडकैवारनिपुणेष्वधमो मतः ॥१८९॥

वादेपेरणयोर्जाते गुणैरेभिः सभापतिः ।
तारतम्यं तयोर्ज्ञात्वा दद्याज्जयपराजयौ ॥१९०॥

**नर्तकी गुणाः —**

प्रागल्भ्यं सौष्ठवं रूपं यौवनञ्च सुरेखता ।
लाघवं गात्रवश्यत्वं गीतावाद्यानुवर्तनम् ॥१९१॥

सौमनस्यमरोगित्वं स्मितपूर्वाभिभाषणम् ।
नात्युच्चवामनस्थूलकृशदेहत्वमेव च ॥१९२॥

वलनं वर्तनं गात्रे दक्षत्वं ग्रहमोक्षयोः ।
[1]यतितालगतिज्ञत्वं श्यामत्वं गौरता तथा ॥१९३॥

अवधानं सुमेधत्वं दीर्घलोचनता तथा ।
चरणन्यासचातुर्य्यं मलपादिषु कौशलम् ॥१९४॥

[2]पाटज्ञता रङ्गशोभा नानादेशिप्रदर्शिता[3] ।
एवं गुणगणोपेता प्रशस्ता नर्तकी मता ॥१९५॥

---

जो भलीभाँति पाँचों अङ्गों से युक्त हो, वह पेरणों में उत्तम, घर्घरा गीत और कैवार में निपुण 'मध्यम', और नृत्त, वागड तथा कैवार में निपुण अधम कहलाता है ।

पेरणों में वाद होने पर सभापति को चाहिये कि वह इन गुणों के द्वारा तारतम्य का निश्चय करके जय-पराजय का निर्णय दे ॥१८८-१९०॥

प्रगल्भता, सौष्ठव, रूप, यौवन, सुरेखता, लाघव, अङ्गों की अधीनता, गीतवाद्य का अनुवर्तन, सौमनस्य, अरोगित्व, स्मितपूर्वक भाषण, अधिक ऊँचा, बौना, कृश या स्थूल न होना, शरीर में लचक और घुमाव, ग्रह मोक्ष में दक्षता, यति, ताल, गति का ज्ञान, सलोनापन, गौरत्व, एका-

---

१. (क) जति । २. (ख) चारी । ३. (क) पारिज्ञता ।

आञ्चिताद्यैश्च विषमं प्राञ्जलं गीतसंश्रयम् ।
या नृत्यति समीचीनं पेक्खणे सोत्तमा मता ॥१९६॥

या नृत्यति समीचीनं नृत्तं गीतसमाश्रयम् ।
विषमत्वं समीचीनं पेक्खणे सा तु मध्यमा ॥१९७॥

विषमं तु समीचीनं सामान्यं गीतसंश्रयम् ।
या नृत्यति परिज्ञेया पेक्खणे सा कनीयसी ॥१९८॥

नर्तक्योर्यदि वादः स्यात् पेक्खणे तद्गुणागुणैः ।
तारतम्यं तयोर्ज्ञात्वा दद्याज्जयपराजयौ ॥१९९॥

**गोण्डलीगुणा :—**

ललिभावौ तूकली च तथा मुखरसः परः ।
अक्षोभिता कान्तदृष्टिः गाम्भीर्यं विनयस्तथा ॥२००॥

ततो बहुलिकत्वञ्च रञ्जकत्वं विदग्धता ।
अङ्गानङ्गपरिज्ञानप्रौढिर्मत्सरहीनता ॥२०१॥

ध्वनिः श्रेष्ठं च शारीरं तारे गानं मनोहरम् ।
शारीरसादचे ठायौ ठायश्चंशकपूर्वकः ॥२०२॥

---

ग्रता, बुद्धिमत्ता, दीर्घलोचनता, चरणन्यास में चतुरता, 'मलप' इत्यादि में कौशल, पाटज्ञता, रङ्गशोभा, विभिन्न देशी नृत्त के प्रदर्शन में योग्यता इत्यादि गुणों से युक्त नर्तकी उत्तम है। जो गीताश्रित नृत्त में और विषमत्व में अच्छा नाचती है, वह मध्यम है,जो विषम अच्छा और गीताश्रित सामान्य नाचती है, वह 'अधम' है ॥१९१-१९८॥

यदि पेक्खण में नर्तकियों का वाद हो, तो उनके गुणावगुण से तारतम्य निश्चित करके जय-पराजय का निर्णय करना चाहिए।

ललि, भाव, तूकली, मुखरस, अक्षोभ, कान्तदृष्टि, गाम्भीर्य्य, विनय, बहुलिकत्व, रञ्जकत्व, विदग्धता, अङ्ग और अनङ्ग का प्रौढ परिज्ञान, मत्सरहीनता, ध्वनि और शरीर में श्रेष्ठता, तार स्थान में मनोहर ज्ञान, शरीर और साद के ठाय, अंशठाय, इत्यादि गुण्डली के गुण हैं।

Scanned with OKEN Scanner

इत्यादयस्तु गोण्डल्या गुणास्सद्भिरुदाहृताः ।
एभ्यो ये विपरीतास्ते दोषास्तज्ज्ञैरुदाहृताः ॥२०३॥

**गुण्डलीकोटय :—**

यत्र गीतञ्च नृत्तञ्च स्यातामतिमनोहरे ।
नर्तकी सा परिज्ञेया गोण्डलीषूत्तमा बुधैः ॥२०४॥

सामान्यनर्तनं यत्र सम्यग्गीतं प्रवर्तते ।
मध्यमा कथिता सेयं गोण्डलीति मनीषिभिः ॥२०५॥

यत्र प्रवर्तते सम्यक् नृत्तं गीतं तु मध्यमम् ।
अधमा सा परिज्ञेया गोण्डलीषु विचक्षणैः ॥२०६॥

गोण्डल्योर्यदिवादः स्यादेभिरेव गुणागुणैः ।
तारतम्यं तयोर्ज्ञात्वा दद्याज्जयपराजयौ ॥२०७॥

**पणबन्धे वारणीयानि :—**

मतेन पणबन्धेन वादिनोर्वादकल्पना ।
पणबन्धे तु कर्तव्ये वादयोश्च विशेषतः ॥२०८॥

अत्युक्ति देहदण्डञ्च सर्वस्वहरणं तथा ।
दुर्वाक्यं वारयेदेव वादकाले सभापतिः ॥२०९॥

---

जिसमें गीत और नृत्त अत्यन्त मनोहर हों, वह 'उत्तम', जहां गीत अच्छा, नाच सामान्य हो, वह मध्यम और नृत्त अच्छा और गीत सामान्य हो, वह 'अधम' गोण्डली है ॥२०४॥-२०६॥

गोण्डलियों के वाद में इन्हीं गुणावगुणों से तारतम्य निश्चित करके जय-पराजय का निर्णय उचित है ॥२०७॥

वादियों में शर्त बाँध कर वाद होता है। शर्त होने पर सभापति का कर्तव्य है कि वह वादकाल में अत्युक्ति, देह दण्ड, सर्वस्वहरण, और दुर्वचनों का निवारण करे॥

मीमांसाद्वयवेदान्तन्यायवैशेषिकागमैः[1] ।
षड्भिस्तर्कैरगम्योऽपि गम्यो गीतेन शङ्करः ॥२१०॥

पाराशर्य्यपराशरौ भृगुयमौ संवर्तकात्यायना,
वापस्तम्बबृहस्पती[2] सुलिखितौ हारीतदक्षौ मनुः ।
[3]विश्वग्ग्रीवसगौतमौमुनिवरश्शङ्खोऽपि दक्षादयः,
[4]सर्वे मोक्षदमित्युशन्ति मुनयो गीतं तदेवोक्तितः ॥२११॥

इति श्रीमदभयचन्द्रमुनीन्द्रचरणकमलमधुकरायितमस्तक
महादेवार्यशिष्यस्वरविमलविद्यापुत्रसम्यक्त्वचूडामणि
भरतभाण्डीकभाषाप्रवीणश्रुतिज्ञानचक्रवर्ति
सङ्गीताकरनामधेयपार्श्वदेवविरचिते
सङ्गीतसमयसारे नवमधिकरणम् ।

---

पूर्वमीमांसा, उत्तरमीमांसा, वेदान्त, न्याय, वैशेषिक, आगमसमुदाय तथा छहों तर्कों से भी अगम्य शङ्कर गीत के द्वारा गम्य है ॥२१०॥

वेदव्यास, पराशर, भृगु, यम, संवर्त, कात्यायन, आपस्तम्ब, बृहस्पति, सुलिखित, हारित, दक्ष, मनु, विष्वग्ग्रीव, गौतम, मुनिवर शङ्ख और दक्ष इत्यादि सभी मुनियों ने अपनी उक्तियों के द्वारा गीत को मोक्ष दायी कहा है ॥२११॥

श्रीमद् अभयचन्द्र मुनीन्द्र के चरण कमलों में मधुकरवत् आचरण करने वाले मस्तक से युक्त महादेव आर्य के शिष्य, स्वरविद्या से युक्त, सम्यक्त्वचूडामणि, भरत-भाण्डीक—भाषाप्रवीण, श्रुतिज्ञानचक्रवर्ती संगीताकर नाम वाले पार्श्वदेव द्वारा विरचित संगीतसमयसार का नवम अधिकरण पूर्ण हुआ ।

---

१. (क) मनैः ।
२. (क) च सरभी ।
३. (क) विष्णत्री च सगौरमौ ।
४. (क) सर्वं ।

# द्वितीय खण्ड

## परिशिष्ट

Scanned with OKEN Scanner

## भाग (क)

परिशोधनं विनादर्शे यथोप्यलभ्यते तथैव प्रकाश्यते।

ताल शब्दस्य निष्पत्तिः प्रतिष्ठार्थेन धातुना।
स तालः कालमानायः क्रियायः परिकल्पतः ॥

इन्द्रवज्रा—

तालद्वयं कांसमयं त्रिहस्त,
शाखाननं दिवमान पिण्डम्।
गुञ्जा प्रमाणाच्छिद्रितमध्य निम्नम्,
विस्तारम्प्यङ्गुल युग्ममेव ॥

उपेन्द्रवज्रा—

परस्परं सन्निभमेववर्तुलं,
विचित्र पट्टावलि पाश बन्धितम्।

कनिष्ठिका नामिक मध्यमाङ्गुली,
प्रसार्य साङ्गुष्ठक तर्जनी द्रुतम ॥

सव्येन हस्तेन तु ताडनीयं,
क्रमेण मध्ये रमणीय नादम्।

बिन्दूद्भवं भक्ति शिव स्वरूप,
माधारमाधेय वशादनिन्द्यम् ॥

मनोगा हस्तगा चास्य द्विविधा मान कल्पना।
प्रमाणं मानसं यत्तु चतुर्भाग इतीरितः ॥

Scanned with OKEN Scanner

हस्तागमनमानं यत्तदर्ध ध्रुवमुच्यते ।
अङ्गुलि द्वय संयोगान्मनोगः सार्ध पादकः ।।
छोटिका कालमानं यद्विन्दुस्ताल सुहस्तगः ।
बिन्दुभ्यां तु लघु प्रोक्तः लघुभ्यां तु गुरुः स्मृतः ।
लैस्त्रिभिश्च प्लुतो ज्ञेयमिति मानमुदाहृतम् ।।

वि०वृ० ।

समताल सु मध्य विवर्तित
समयोऽयमभूल्लयनाल्लयः ।
द्रुतमध्य विलम्बित मानतः
त्रिविधोलयभेदमुदाहृतः ।।

प्रोक्ता यति स्याल्लयमानमाना
त्रेधेति पश्चादनति क्रमेण ।
चित्रादि मार्गेषु यतिस्समा स्यात्
स्रोतो वहो गोकुल पुच्छकेति ।।

ग्रहस्त्रिधा समोतीतस्तथा नागत इत्यपि ।
गीत वाद्ये च नृत्ये च सममेव प्रवर्तते ।।
यस्तालस्य तु विज्ञेयः समग्रह समाह्वयः ।
किञ्चिद्गीते समारब्धे वाद्ये नृत्ये तथा पुनः ।।
ग्रहणं यत्र तालस्य सोतीत ग्रह इष्यते ।
योलङ्कारेण गीते स्यात् तकारेण च वादने ।।
नृत्याङ्ग वर्तनैस्सार्धं सतालो नागत ग्रहः ।
प्रस्तारं सङ्ग्रयया युक्तं नष्टमुद्दिष्टमेव हि ।।
एकद्वयादि लघूपेत मध्य योगं प्रचक्ष्महे ।
अक्षराणि प्लुतं यावत् तदभावे गुरुन्यसेत् ।।

लघुर्वा तदभावे स्यात् द्रुतं शेषं यथोचितम् ।

आर्या—

दलगप मभ्यमे प्राक्तन पिण्डं भित्वा यथाक्षरम् ।
रचयेत्तन्सममालिख पुरतो तदल्लघु बिन्दुतामेति ।।

। इति प्रस्तार सूत्रम् ।

एकेनैव द्रुतेन स्यादेक तालीति संज्ञया ।

आदि तालो लघुः प्रथमजः आदि तालो लघु स्मृतः अयमेवरच्चाल—

तालः तद्वितीयः ।

एकेन सविरामेन लघुना लघु शेखरः ।।
द्रुत द्वन्द्वं विरामान्तं क्रीडाताले प्रकीर्तितः ।

अयमेव चण्ड निस्सारूः एतेत्रयस्तालाः द्रुतलघुरवान्तर भेदाः आदि तुरङ्गलीलागः तद्वितीय भेदा निस्सारूः सत्रितयभेदस्तुरगलीलः ।

तुरङ्ग लील ताले स्यात् द्रुत द्वन्द्वं लघुस्ततः ।।

अयमेव द्वितीय तालः । अयमेव विरामान्तश्चेत् झम्पातालः तत्पञ्चम भेदः प्रतिताल: तोदृतौ प्रति तालस्य । तत्षष्ठ भेदः । करणयति ताल करणयात्याख्या ज्ञेय बिन्दु चतुष्टयम । अयमेव भोजदेवकृत द्वितीयतालः ।

अयमेव विरामान्तश्चैतदायुगलंततः कुर्याल्लघुङ्कृते ।
लघु द्वन्द्वं विरमान्तं ताले निस्सारूगे भवेत् ।
गारुगिः कथ्यते प्राज्ञैः विरामान्तश्चतुर्द्रुतम् ।।

अयमेव रति ताल. एतेत्रयस्तालाः आदि वर्धनावान्तर भेदाः । आदि रति तालः तद्वितीय भेदः रति तालः ।

रति ताले लघुः कार्यः ततस्चेको गुरुः स्मृतः ।

ततृतीय भेदादर्पणः—

दर्पणं स्याद्द्रुतद्वन्द्वं गुरुश्चेकः प्रकीर्तितः ।
अयमेव विरामान्तश्चेन्मदनः तत्पञ्चम भेदः ।।

हंसलीलाताल :—

हंसलीले विधातव्यं सविरामं लघु द्वयम् ।

तत् षष्ठभेदः कुडुक्कताल :—

द्रुतद्वयं लघुद्वन्द्वं भवेत्ताले कुडुक्कके ।।

तत्पञ्चादश भेदो वर्णताल :—

लघुद्वयं द्रुतद्वन्द्वं वर्णताले प्रकीर्तिता ।

तदेकोनविंशति भेदः षटताल :—

षटताल संज्ञके ताले बिन्दुषटकं निरन्तरम् ।।

आदिसिंहलीलादया, तद्वितीय भेदो राजमृगाङ्क :—

एकोद्रुतो लघुश्चेको यत्रैकश्च गुरुर्भवेत् ।

इयं राजमृगाङ्केति यतितिष्ठा मनीषिणा ।।

तत्त्रयोदशभेदः सिंहलीलाताल :—

सिंहलीले विधातव्यं लघ्वाद्यन्तं द्रुतत्रयम् ।।

तदष्टादशभेदो राजमार्तण्ड :—

गुरुरेको लचुश्चेको यस्यांचेको द्रुता भवेत् ।।

राजमार्तण्ड संज्ञैषा यतिमानविशारदाः ।।

तदष्टादशभेदश्चतुस्ताल :—

चतुस्तालो गुरुश्चैकं ततो बिन्दुत्रयं भवेत् ।।

आदिवर्ण भिन्नो लयाः । अयमेव अभङ्गतालः तच्चतुर्थ भेदो मट्ठा :—

सगणो भगणो वापि मट्ठेति परिकीर्तिताः ।

अयमेवोदीक्षण तालः तत्पञ्चमभेदो ललितः ।

ताले ललित संज्ञे स्यात् द्रुतद्वन्द्वं लघुर्गुरुः ।

अयमेव वर्णभेदः भिन्नः । तत्समभेदो वीर विक्रम :

वीरविक्रमताले तु लोद्रुतौ च गुरुस्ततः ।

तदष्ट तत्समभेदो रङ्ग ताल चतुर्द्रुतगाः । त्रयोदशभेदो गजलीला लतः । चतुर्लघु विरामान्तश्चेत् ।

तत्त्रिचत्वारिंशत्तमभेदो राज विद्याधरः ।
लघुर्वक्रो द्रुतौ ताले राजविद्याधराभिधे ॥

षडुत्तरपञ्चाशद्भेदो मल्लिकामोद :—

ताले स्यान्मल्लिकामोदे लद्वयाश्च चतुष्टयम् ॥

आदि ढेंकि गपौ । तत्तृतीयभेदो आनन्द वर्धनः वर्धने बिन्दु युगलं ततः कार्यो लघुः प्लुतः तदष्टम भेदो विषम कङ्काल :—

एकोलघुर्गुरुद्वन्द्वं कङ्काले विषमे भवेत् ।

तन्नव भेदः खण्ड कङ्काल :—

द्रुतद्वयं गुरुखण्डे खण्ड कङ्काल नामनि ॥

तद्दशम भेदो ढेङ्कि ताल :—

ढेङ्किकार गणे नस्या तेशोचित्सैवयोजने ।

तच्चतुर्दश भेदो मुकुन्द :—

मुकुन्द संज्ञके ताले लघुर्बिन्दू लघुर्गुरुः ॥

तदेकोत्तर विंशति भेदोऽभिनन्दन :—

लद्वयं बिन्दु युगलं गुरुश्चैवाभिनन्दने ।

तदष्टाविंशति भेदः समकङ्काल :—

गुरुद्वयं लघुश्चैको समकङ्काल नामनि ॥

तत्त्रयस्त्रिंशत्तम भेदः पूर्ण कङ्काल :—

पूर्णो द्रुतचतुष्केण गुरुणा लघुना क्रमात् ।

आदि चाच पुटः पौ । तद्वितीय भेदः त्रिभिन्न :—

लघुर्गुरुः प्लुतश्चैव त्रिभिन्ने परिकीर्तिता, ॥

ततृतीय भेदः कोकिला प्रियः —

कोकिलप्रिय तालेस्युः क्रमाङ्गुरु लघु प्लुताः ।

तदष्ट भेदः उद्धुटः उद्धुट्टे मगनिस्त्वेकः । तत्समभेदस्त्रिभङ्गि :—

सकराङ्गुरुणैकेन त्रिभङ्गिरभिधीयते ॥

तत्त्रिचत्वारिंशत्तमभेदो राज विद्याधरः ।
लघुर्वक्रो द्रुतौ ताले राजविद्याधराभिधे ॥

षडुत्तरपञ्चाशद्भेदो मल्लिकामोद :—

ताले स्यान्मल्लिकामोदे लद्वयाश्च चतुष्टयम् ॥

आदि ढेंकि गपौ । तत्तृतीयभेदो आनन्द वर्धनः वर्धने बिन्दु युगलं ततः कार्यो लघुः प्लुतः तदष्टम भेदो विषम कङ्काल :—

एकोलघुर्गुरुद्वन्द्वं कङ्काले विषमे भवेत् ।

तन्नव भेदः खण्ड कङ्काल :—

द्रुतद्वयं गुरुखण्डे खण्ड कङ्काल नामनि ॥

तद्दशम भेदो ढेङ्कि ताल :—

ढेङ्किकार गणे नस्या तेशोचित्सैवयोजने ।

तच्चतुर्दश भेदो मुकुन्द :—

मुकुन्द संज्ञके ताले लघुर्बिन्दू लघुर्गुरुः ॥

तदेकोत्तर विंशति भेदोऽभिनन्दन :—

लद्वयं बिन्दु युगलं गुरुश्चैवाभिनन्दने ।

तदष्टाविंशति भेदः समकङ्काल :—

गुरुद्वयं लघुश्चैको समकङ्काल नामनि ॥

तत्त्रयस्त्रिंशत्तम भेदः पूर्ण कङ्काल :—

पूर्णो द्रुतचतुष्केण गुरुणा लघुना क्रमात् ।

आदि चाच पुटः पौ । तद्वितीय भेदः त्रिभिन्न :—

लघुर्गुरुः प्लुतश्चैव त्रिभिन्ने परिकीर्तिता, ॥

ततृतीय भेदः कोकिला प्रियः —

कोकिलप्रिय तालेस्युः क्रमाङ्गुरु लघु प्लुताः ।

तदष्ट भेदः उद्धुटः उद्धुट्टे मगनिस्त्वेकः । तत्समभेदस्त्रिभङ्गि :—

सकराङ्गुरुणैकेन त्रिभङ्गिरभिधीयते ॥

अयमेव रतिलीला। तद्हाम भेदश्चाचपुट :—

गुरुर्लघु गुरुश्चैव भवेच्चाच पुटाभिधे।

तदेकादश भेदः कण्डुक :—

लघुद्वन्द्वं सकारेण कन्दुकं परिकीर्तितः ॥

तदेकोनविंशति भेदः, श्रीकीर्ति :—

श्रीकीर्ति संज्ञके ताले गुरु द्वन्द्वं लघुद्वयम्।

लघु सहित प्रस्तारे तालभेदः। स उद्दिष्ट :—

इतो द्रुत सहित प्रस्तारे। तदष्टादश भेदो नन्दनः।

तत्पंचविंशतितम भेदः श्रीकन्दर्पः। दौलाङ्गाः।

अयमेव परिक्रमतालः। तत्रयस्त्रिंशद्भेदः त्रयश्वर्णः।

लाद्यौ लोगः। तत्षष्टितभभेदो वनमालि चतुर्द्रा लादौगः तदेकोत्तर सप्तम भेदो बिन्दुमाश्चलिगश्चतुर्दाङ्ग :—

आदि चच्चपुटे गपपाः। तद्वितीय भेदो वर्णयतिः —

वर्णयत्याभिधे ताले लघु द्वन्द्वं प्लुत द्वयम्।

तदष्टमभेदः चच्चपुट :—

ताले चच्चपुटे ज्ञेयौ गुरुद्वन्द्वौ लघु प्लुतौ ॥

तन्नवभेदः श्रीरङ्ग :—

श्रीरङ्ग संज्ञके ताले सगणा लघु प्लुतौ मताः,।

तद्विंशतितम भेदो विजयानन्द :—

भवेयुर्विजयानन्दे लद्वयौ गुरवस्त्रयः, ॥

तत्त्रयोविंशतितमभेदः श्रोतृ मट्ठम्—

गुरुर्लघु गुरुश्चैव श्रोत्रमट्ठ इति स्मृतः,।

तदष्टाविंशतितम भेदः सिंहनाद :—

यगणे ला गुरुश्चैव सिंह नादे निरूपिता, ॥

तदेकोत्तरत्रिंशत्तम भेदः। अनङ्गतालः लपौ लोग : तत्त्रयस्त्रिंत्तम भेदो जय मङ्गलः द्विसकारो जय मङ्गलेः। तत्त्रिषष्टितमभेदः प्रत्यङ्गस्त्रिगुरुर्भौ। इति हुतहीन प्रस्तारे तस्त्रिंत्रशदुत्तरतमभेदो हंस नादः लपौदौपः तत्पंचाहादुत्तर चतुहहात भेदो राजचूडामणिः।

राज चूडामणौ ताले द्रुतौ लगौलम् ।

आदि संपग्वेष्टाक संज्ञके । तन्नवाशीतितमभेदः षट्पिता पुत्रक :—

पलगा गलपाश्चैवषट्पिता पुत्र·····॥

(इति षट प्रत्ययस्समाप्तः)

अष्ट कृद्वस्तु चर्चार्यां विरामान्तौ लघुः ।
सिंहविक्रम तालेस्युः मगणो लपला गपैः ॥

लचतुष्कं विरामान्तं गजलीले प्रकीर्तितः ।
गपाद्रुतौ लगोपश्च राजताले प्रकीर्तितः ॥

रङ्गप्रदीपतालेस्युः तगणाङ्ग प्लुतौ यदि ।
तगणौ ल प्लुतः कार्यो रङ्गाभरण संज्ञके ॥

तपौ लोगौ द्रुतौ गौलो पलपागश्चलद्वयम् ।
निहहाण्दञ्च चतुष्कञ्च तालेस्यात्सिहनन्दने ॥

लगौ पगौ लयश्चैव कीर्ति ताले प्रकीर्तिता ।

प्लुतोगश्च प्लुतोलश्च ताले विजय संज्ञके ।
जगणो लद्रुतौगश्च जयताले निरूपिता ॥

प्रताप शेखरे त्र्यङ्गाद्विरामान्तं प्लुतद्वयम् ।
वसन्त ताले कर्तव्यो नगणो मगणस्तथा ॥

रायनारायणे बिन्दु द्विलर गणो गुरूः ।
पार्वती लोचने ताले लौद्रुतौ तनभा क्रमात् ॥

श्री नन्दनस्य तालस्य भगण प्लुत इष्यते ।
इति चर्चर्यादि तालानां षट्प्रत्ययावेदितव्याः ॥

नानाराजसभान्तरालरसिकस्तुत्यञ्च संगीतके ।
चक्रेशरसभावभेदनिपुणस्साहित्यविद्यापतिः ॥

सङ्गीताकरनामधेय विबुधः श्रोपार्श्वदेवोऽधुना ।
चित्रं सर्वजगत्रयं व्यरचयत्तालस्य षटप्रत्ययम् ॥

इति श्रीमदभयचन्द्रमुनीन्द्रचरणकमल मधुकरायितमस्तकमहोदेवार्य
शिष्यस्वरविमलविद्यापुत्र सम्यक्त्वचूडामणिभरत
भाण्डीकभाषाप्रवीणश्रुतिज्ञानचक्रवर्ती
सङ्गीताकरनामधेयपार्श्वदेवविरचिते
सङ्गीतसमयसारे तालषटप्रत्याधिकारे
दशमाधिकरणम् ।

## भाग (ख)

तालस्य लक्षणं × × × × × × × × × × ।
तथा सलक्षणं वक्ष्ये पूर्वशास्त्रानुसारतः ॥१॥

श्री सोमेश्वर दत्तिल प्रभृतिभिस्ताल स्वरूपंपुरा,
प्रोक्तं सर्व जगद्धिताय चतुरश्रादि प्रभेदादिभिः ।

× × ×(तादि ?)तादि भेद सहितं तालस्य षटप्रत्ययं ।
संगीताकर सूरिणा निगदितं चित्रायमानंभुविः (१) ॥

तालंद्वयं कांस्यमयं त्रिहस्त-शाखान्त × × द्यवमान पिण्डम् ।
गुंजाप्रभाच्छिद्रित निम्नमध्यं विस्तारस्रुप्यङ्गुल युग्ममेवच ॥३॥
परस्परं सन्निभवर्तुलाननं प्रचित्र पट्टावलि × × वन्धितम् ।
कनिष्ठकानामिकमध्यमांगुलीः, प्रसार्यसांगुष्ठकतर्जनीधृतम् ॥४॥
सव्येन हस्तेन तु ताण्ड ×××,××××××रमणीय नादम् ।
विन्दूद्भवं शक्तिशिवास्वरूपमाधारका×××शाद नित्यम् ॥५॥

मनोगाहस्तगाचास्य द्विविधा मान कल्पना ।
प्रमाणं मानसं यत्तु चतुर्मात्र इतीरितः ॥६॥

हस्तागमनमानं यत् तद्धीत् द्रुतमुच्यते ।
अर्धांगुलिद्वय संयोगान्मनोगः सार्ध पादकः ॥७॥

घाटिकावयमानं यद विन्दुस्तालस्ततस्ततः ।
विन्दुभ्यां तु लघु प्रोक्तं लघुभ्यां तु गुरुः स्मृतः ॥८॥

लैस्त्रिभिश्च प्लुतो ज्ञेय इति मान उदाहृतः ।
समताल समुध्य विवर्जितः समयोऽयमभूल्लपालयः ॥९॥

द्रुतमध्य विलम्बित माननस्त्रिविधोलयभेद उदाहृतः ।
प्रोक्ता यतिः स्याल्लय यानमानात्रेधे+पश्चादनतिक्रमेण ।
चित्रादि मार्गेषु यतिः समास्यात् स्रोतोवहा गोकुल पुच्छकेति
॥१०॥

प्रस्तारसंख्यायुक्तं (नष्ट) मुद्दिष्टमेव च ॥११॥
एक द्वयादि लघुपेत मध्ययोगं प्रचक्ष्महे ।
दलगपपिण्डप्राक्तन पिण्डं भित्त्वाथाक्षरं रचयेत् ।
तत्सममालिख पुरतो यावल्लघुविन्दुतामेति ॥१२॥

॥ प्रस्तारः ॥

पीयूषद्यु तिलोचन त्रिपुर जिद्दिव्याम्बरं दिव्यदृग्—
ग्रंथोपेतदशाङ्कमालिखपुरा तत्रान्तिमाङ्क द्वयम् ।
एकैकान्तरितैक राशि सहितं राशिं विदध्यात् सुधीः
संगीताकरदेव निर्मितद्रुतो संख्यार्थमाप्तोक्तितः ॥१३॥

॥ द्रुत संख्या ॥

हिमकर नयनाम्भो राशि संख्यां लिखेत् तत्—
त्रयमिलितमधस्तात् तद्वदासन्न संस्थम् ।
उपरितननिविष्टामङ्कमालां क्रमेण,
त्यज लघुगणनार्थं यावदस्ति प्रयोगः ॥१४॥

Scanned with OKEN Scanner

॥ लघु संख्या ॥

संख्याराशावपहर तथा नष्ट ताल प्रमाणं,
शेषं तस्मिन्नपि च सदृशे लेख्यहीने च तत्र ।
वर्णः कार्यः स्व पर सहितं चेन्नवर्णः परेण,
प्रागङ्केन द्वयमपि पुनर्दीर्घमेतत् प्लुतं वा ॥१५॥

॥ नष्टम् ॥

लग पानामधस्तात् यत् तदंशकं लोप्यमेव च ।
संख्यातं तु तदुद्दिष्टं निर्दिष्टं शेषदर्शनात् ॥१६॥

॥ उद्दिष्टम् ॥

विन्दु प्रस्तरणात परं लिख तथा द्वयन्तंक्रमाद् द्वयादिना ।
यत्तत् तद्द्वयमेकशोऽप्यपहृतं द्वन्द्वं मिलित्वाधुना ॥
आसन्नद्वयमेलनाद द्रुत लघु प्रान्तं तदूर्ध्वक्रमा,
देकैकान्तारतोऽङ्कतः परिमितं दीर्घं प्लुतं धीमता ॥१७॥

॥ द्रुतस्यैकद्वयादिलघुक्रिया ॥

एकंद्विपंचक्रमतो मिलित्वा लघु प्रसंख्याद्वितयादि युक्तम् ।
अधो विखासन्न गतित्रिराशलध्वादि (सं) ख्यापरिमाण हेतोः ?

॥ लध्वेक द्वयादि लघुक्रिया ॥

आलिख्य ताल संख्यां तत्संख्यां द्विगुणयेत् पुनर्धीमान् ।
तत्रेक विहीनं चेदङ्गुल्यः स्याः क्रमादध्वे (?) ॥१९॥

॥ अध्वयोगः ॥

द्वादशांगुलिभिस्तु वितस्तिस्तद्द्वयेन तु हस्त इति स्यात् ।
तच्चतुर्दण्ड तद्द्विसहस्त्र कोष तद्वार्थ योजन एकः (?) ॥२०॥
नानाराजसभान्तराल (सरि ? रसि) कस्तुत्य च संगीतके,
च्चक्रेशोरसभावभेदनिपुणः साहित्यविद्यापतिः ।
संगीताकर नामधेय विवुध श्री पार्श्वदेवोऽधुना,
चित्रं सर्वजगत्प्रियं व्यरचयत् तालस्य पट् प्रत्ययम् ॥२१॥

इति श्री मदभिनवभरताचार्य स्वरविमलहेर्म्मणार्यपुत्रश्रुतिज्ञानच (क) वर्ति संगीताकरनामधेय पार्श्वदेव विरचिते संगीतसमयसारे तालषट्प्रत्ययलक्षणम् नाम नवमधिकरणम् ॥

## भाग (ग)

श्री पार्श्वज्ञानमानम्य देशीतलानु लक्षणम् ।
तालस्य लक्षणं वक्ष्ये पूर्व शास्त्रानुसारतः ॥
श्री सोमेश्वर दत्तिल प्रभृतिभिस्ताल स्वरूपं पुरा,
प्रोक्तं सर्व जगद्धिताय चतुर श्रीदप्रभेदान्वितम् ।
एतर्ह्येकद पूर्व भेद सहितं तालस्य षट् प्रत्ययं
सङ्गीताकरण सूरिणा निगदितं चिन्तायमान ब्रुवे ॥

तालशब्दस्य निष्पत्तिः प्रतिष्ठार्थेन धातुना ।
सतालं कालमानं यः क्रियया परिकल्पितः ॥
तालद्वयंकांस्यमयं त्रिहस्तं च शिखाननम् ।
॥ तद्यवमानपिण्डम् ॥
मुंजोपमाच्छिद्रितमध्यनिम्नं,
विसारमप्यङ्गुल युग्ममेव ।
परस्परं सन्निभमेव वर्तुलं,
विचित्र पट्टावलि पाशवर्धितम् ॥
कनिष्ठिकानामिक मध्यमाङ्गुली,
प्रसार्य साङ्गुष्ठक तर्जनीधृतम् ।
सव्येन हस्तेन तु नाडनीयं,
क्रमेण मध्ये रमणीय नादम् ॥

बिन्दूद्भवं शक्तिशिवस्वरूपं,
आधारमाधेयवशादनिन्द्यम् ।

मनोगा हस्तगाभास्य द्विविधाधून कल्पना ।
प्रमाण माननं यस्तु चतुर्भिग उदीरितः ॥

हस्तां गमनमानं यत्तदंगं द्रुतमुच्यते ।
अङ्गुलीद्वयं संयोगान्मनोगस्सार्ध पादकः ।

धोटिका कालमानं यद्बिन्दुस्तालानु हस्तगः ।
बिन्दुभ्यां तु लघुः प्रोक्तः लघुभ्यां गुरुरुच्यते ।

लघुत्रयैः प्लुतो ज्ञेय इति मानमुदाहृतम् ।
समताल सु मध्य विवर्तिन
स्समयोयस्य संभूयनाल्लयः ।

द्रुत मध्य विलम्बिमानतः
त्रिविधोयं लयभेदईरितः ॥

प्राक्तायतिस्साल्लयमान
...तिपश्चादनति क्रमेण ।

चित्रादि मार्गेषुयतिस्सभास्या,
च्छतोवहारो कुल पुच्छकेति ॥

ग्रहास्त्रिधा समोतीनिस्तथा गाय इत्यपि ।
गीते वाद्ये च नृत्ये च सममेव प्रवर्तते ॥

यस्तालस्सनु विज्ञेस्समग्रह समाह्वयः ।
किञ्चिद्गीतं समारब्धे वाद्ये नृत्ते तथा पुनः ॥

ग्रहणं यत्तालस्य सोतीत ग्रह इष्यते ।
योलंकारेण गीतेन तकारेण च वादने ॥

नृत्तांग वर्तनैस्सार्धं सतालो नागतग्रहः ।
प्रस्तारं संख्य या युक्तं नष्ट मुद्दिष्टमेव च ।।
एकाद्यादि लघुपेत मध्ययोगं प्रचक्ष्महे ।
अक्षराणि प्लुतं यावत्तदभावे गुरुं न्यसेत् ।।
लघु···भावस्स्याद्द्रुतं शेषं यथोचितम् ।

**अथ प्रस्तार :—**

दल गप मध्ये प्राक्तनपिंण्ड भित्वा यथाक्षरं रचयेत् ।।
यत···तत्स पुरतोयावल्लघु बिन्दुतामेति ।
पीयूष द्युतिलोचन त्रिपुर मालिखयुता तत्वान्तिमा ।।

.....

.....

द्रुतादि संख्या

हिमकर नयनांभोराशि संख्या लिखेत
त्रयमिलित मधस्तात्तद्वादासन्न संस्थम्
उ .....ननिविष्टामंकमालाक्रमेण
त्यज लघु गणनार्थः यावदस्ति प्रयोगः ।

।। इति लघु संख्या ।।

संख्याराशाव पहर तदा नष्ट ताल प्रमाणं
शेषं त्वस्मिन्नवि च सदृशं योजयेल्लक्षणज्ञः
वर्णः कार्यः स्वपर रहितं चेन्न वर्णः परेण
प्रागं केवद्वयमपिपुनर्दीर्घमेतत्प्लुतंवा ।।

।। इति नष्ट लक्षणम् ।।

लगपानामधस्थं यत्तदंकं··· · घमेवहि ।
अन्तस्यान्तदुद्दिष्टंनिर्दिष्ठं शेषदर्शनात् ।।

॥ इत्युद्दिष्टम् ॥

बिन्दु प्रस्तरणात्परं लिखनदा द्वयं तं ।
क्रमा द्वादिना युक्तं तद्द्वमेक सव्यवृहतं ।

द्वन्द्वंलिखित्वाधुनाग्रासन्नद्रुतमेलानाद्रुतलघुव्रातंतदूर्ध्वं क्रमात्,
एकैकान्तरिताङ्कलः परिमितं दीर्घं प्लुतं धीमता ।

# परिशिष्ट-२

## पार्श्वदेव के द्वारा स्मृत महाविभूतियाँ

### १. कश्यप

सोमरस इत्यादि से उत्पन्न मद्य को 'कश्य' कहा जाता है।[१] 'कश्य' का 'पान' करने के कारण ब्रह्मा के पौत्र और मरीचि के पुत्र मुनि का नाम (कश्प+पा+क=) 'कश्यप' पड़ा।[२] कश्मीर देश का वर्तमान नामकरण 'कश्यपमेरु' का अपभ्रंश है और 'कश्यपमेरु' का अर्थ है, वह पर्वत-शिखर, जिस पर कश्यप मुनि का निवास हो। विद्वानों के एक विशिष्ट वर्ग का यह दृष्टिकोण है।

'भरतनाट्यशास्त्र' के प्रसिद्ध टीकाकार अभिनवगुप्त ने सङ्गीतशास्त्रकार कश्यप को 'षट्साहस्रीकार' भरतमुनि की अपेक्षा प्राचीन माना है।[३] सम्भव है, 'द्वादशसाहस्रीकार' भरत कश्यप के समकालीन या कुछ परवर्ती हों।

अभिनवभारती के प्रथमखण्ड के द्वितीय संस्करण के सम्पादक श्री के० एस० रामास्वामी शास्त्री ने भूमिका में 'नाट्यशास्त्र' के कर्ता भरत के कश्मीरी होने की सम्भावना व्यक्त की है।[४] रागों के रस-भावानुसारी प्रयोग के सम्बन्ध में आचार्य अभिनवगुप्त ने कश्यप के मत को विस्तारपूर्वक उद्धृत किया है।

---

१. "कश्यं सोमरसादि जनितं मद्यं पिबति इति कश्यपः।" 'शब्दकल्पद्रुम' सम्बद्ध भाग, पृ० ६८।

२. "ब्रह्मणस्तनयो योऽभूत् मरीचिरितिविश्रुतः।
कश्यपस्तस्य पुत्रोऽभूत् कश्यपानात् स कश्यपः॥" मार्क० पु०/१०४-३

३. 'कश्यपादिभिस्तावान् यो विनियोग उक्तः सो ऽप्यत्र। अयमपि मुनिविनियुक्तोऽस्तु। परमतमप्रतिषिद्धमभिमतमिति स्थित्या हि न्यायात्।"
—अभिनवभारती, २८ अध्याय, पृ० ७०

४. अभिनवभारती, प्रथम खण्ड द्वितीय संस्करण, भूमिका, पृ० १६, गायकवाड सीरीज़।

Scanned with OKEN Scanner

मतङ्गकृत बृहद्देशी के उपलब्ध संस्करण में भी ग्रामरागों और भाषा-रागों के प्रसङ्ग में कश्यप का उल्लेख है। सम्भव है कश्यप कश्मीर-परम्परा के आदि पुरुषों में हों। शारदामठ से लेकर कुङ्कुमादितट तक पचास योजन तक की भूमि कश्मीर कहलाती है।[1]

## २. तुम्बुरु

इन्हें गन्धर्व कहा जाता है और इनकी चर्चा प्रायः नारद के साथ-साथ आती है। जैन आचार्य सुधाकलश के अनुसार तुम्बुरु की वीणा का नाम 'कलावती' था।[2] अभिनवभारती के रेचक-प्रकरण में तुम्बुरु के मत का उल्लेख हुआ है।[3] संगीतरत्नाकर के वाद्याध्याय में अवनद्ध वाद्यों के प्रसङ्ग में तुम्बुरु की चर्चा आई है।

तुम्बुरु को 'धैवत' और 'निषाद' स्वरों का द्रष्टा माना गया है।[4] अतः तुम्बुरु ही स्वर-सप्तक को पूर्ण करने वाले मनीषी हैं। सप्तक की पूर्णता के पश्चात् ही ग्रामभेद पर विचार हुआ। ग्रामभेद का आधार प्रमाण श्रुति का ज्ञान है। इस दृष्टि से तुम्बुरु वे आदि पुरुष हैं, स्वर-सप्तक की पूर्णता जिनकी अन्तर्दृष्टि का प्रसादमात्र है।

हरिपाल (१२ शती ई०) ने कहा है कि श्रुति का मार्दव ही मूर्च्छना है।[5] प्राचीन स्वर-शास्त्र के मर्मज्ञ जानते हैं कि मध्यमग्रामीय

---

१. शारदामठमारभ्य कुङ्कुमादितटान्तकः।
तावत्कश्मीरदेशः स्यात् पञ्चाशद्योजनात्मकः॥ शक्तिसङ्गतंत्र, पटल ७

२. "कलावती तुम्बुरोस्तु गणानाञ्च प्रभावती।"
'सङ्गीतसमयसारोद्धार', चतुर्थ अध्याय, श्लोक ८, पृ० ७५, गायकवाड़-सीरीज़, १९६१ ई०।

३. तुम्बुरुणेदमुक्तम्—'अङ्गहाराभिधानात्तु करणै रेचकान् विदुः।" अभिनवभारती, द्वितीय संस्करण, चतुर्थ अध्याय, पृ० १६३

४. "वह्निर्वेधाः शशाङ्कश्च लक्ष्मीकान्तश्च नारदः।
ऋषयो ददृशुः पञ्च षड्जादींस्तुम्बुरुर्धनी।"
"धैवतश्च निषादश्च गीतौ तुम्बुरुणा स्वरौ।"
सङ्गीतरत्नाकर, स्वरगताध्याय

५. "श्रुतेर्मार्दवमेवस्यान्मूर्च्छनेत्याह तुम्बुरुः।"
वृहद्देशी, स्वर-निर्णय, पृ० १९, श्लोक ८३
—भरत-कोष, पृ० ५०० पर उद्धृत

धैवत को 'मार्दव' के द्वारा षड्जग्रामीय द्विश्रुति गान्धार बना देने से मध्यमग्राम की प्रथम शुद्ध मूर्च्छना ही षड्जग्राम की प्रथम शुद्ध मूर्च्छना बन जाती है।[1] यह रहस्य ग्राम-मूर्च्छना-पद्धति के रहस्य से अपरिचित मेलवादियों के लिए दुर्बोध है।

## ३. भरत मुनि

नाट्यशास्त्र के वर्तमान संस्करण के अनुसार नाट्यशास्त्र के आदिम प्रयोक्ता भरतमुनि वैदिक कालीन नरेश महाराज नहुष के समवर्ती थे।[2] नाट्यशास्त्र के चौखम्बा-संस्करण में भगवान् बाल्मीकि का नाम भी उन मुनियों में है, जिन्होंने भरतमुनि से नाट्यशास्त्र का श्रवण किया था।[3] कालिदास ने उर्वशी इत्यादि अप्सराओं में अष्टरसाश्रय प्रयोग का नियोजक भरतमुनि को ही बताया है।[4]

आदिभरत अथवा वृद्धभरत के द्वारा निर्मित नाट्यशास्त्र में बारह सहस्र श्लोक थे, अतः यह संस्करण 'द्वादशसाहस्री' कहलाता था, भाव प्रकाशनकार शारदातनय ने 'द्वादशसाहस्री' की चर्चा की है। नाट्यशास्त्र के उपलब्ध संस्करणों को 'षट्साहस्री' कहा जाता है, धनिक, अभिनवगुप्त और शारदातनय ने नाट्यशास्त्र के षट्साहस्री संस्करण की चर्चा की है। नाट्यशास्त्र की अभिनवगुप्तकृत टीका अभिनवभारती षट्साहस्री पर ही

---

१. 'तद्वन्मध्यमग्रामे धैवतमार्दवाद् द्वैविध्यं, तुल्यश्रुत्यन्तरत्वाच्च संज्ञान्यत्वम्।"
भरतनाट्यशास्त्र, गाय० सी०, अध्याय २८, पृ० २६

२. अस्माकं चैव सर्वेषां नहुषस्य महात्मनः।
आप्तोपदेशसिद्धं हि नाट्यं प्रोक्तं स्वयम्भुवा॥
नाट्यशास्त्र, गायकवाड-सीरीज़, अध्याय ३७ श्लोक १७

३. बाल्मीकि-रामायण पर भरतमुनि का प्रभाव देखने के लिए 'भरत का संगीत-सिद्धान्त', ले० आचार्य बृहस्पति, प्रकाशन शाखा सूचना-विभाग उत्तर प्रदेश १९५९ ई० प्राक्कथन, पृष्ठ ३९-४२ तथा 'सङ्गीत-चिन्तामणि' द्वितीय संस्करण (१९७६), पृ० ३०-३६, प्रकाशक, सङ्गीत-कार्यालय, हाथरस उत्तर प्रदेश, देखिये।

४. चित्रलेखे त्वरय त्वरयोर्वशीम्—
मुनिना भरतेन यः प्रयोगो भवतीष्वष्टरसाश्रयो नियुक्तः।
ललिताभिनयं तमद्य भर्ता महतां द्रष्टुमनाः स लोकपालः॥
विक्रमोर्वशीयम्

है। षट्साहस्री की कुछ पाण्डुलिपियाँ अलमोड़ा और काठमाँडू में पाई गई हैं। अलमोड़ा वाली पाण्डुलिपि पाँचसौ वर्ष से अधिक पुरानी है।

आदि भरत की कुल-परम्परा के व्यक्ति भी 'भरत' कहलाये और आगे चलकर 'भरत' का लाक्षणिक अर्थ भरतोक्त शास्त्र हो गया। आदिपुराण के अनुसार जगद्गुरु भगवान् वृषभदेव ने अपने पुत्र भरत चक्रवर्ती को 'ससंग्रहभरत' (संग्रहश्लोकयुक्त भरतनाट्यशास्त्र) की शिक्षा दी और शताध्यायात्मक गन्धर्वशास्त्र की शिक्षा अपने दूसरे पुत्र वृषभसेन को दी।[1]

आदिपुराण के अनुसार गर्भवती महारानी मरुदेवी के मनोविनोद के लिए सुराङ्गनाएँ गीतगोष्ठियाँ, वाद्यगोष्ठियाँ, नृत्यगोष्ठियां और प्रेक्षणगोष्ठियाँ करती थीं।[2]

---

१. भरतायार्थशास्त्रं च **भरतं च ससंग्रहम्**।
अध्यायैरतिविस्तीर्णैः स्फुटीकृत्य जगौ गुरुः ॥
विभुर्वृषभसेनाय गीतवाद्यार्थसंग्रहम्।
गन्धर्वशास्त्रमाचख्यौ यत्राध्यायाः परश्शतम् ॥

आदिपुराणम्, षोडश पर्व, पृ० ३५७, श्लोक ११९, १२०, भारतीय ज्ञानपीठ-प्रकाशन

२. कदाचिद् **गीतगोष्ठीभिर्वाद्यगोष्ठीभिरन्यदा**।
कर्हि**चिन्नृत्यगोष्ठीभिर्देव्यस्तं** पर्य्युपासत ॥
**काश्चित्प्रेक्षणगोष्ठीषु** सलीला नर्तितभ्रुवः।
**वर्धमानलयैर्नेटुः साङ्गहारा** सुराङ्गनाः।
काश्चिन्नृत्तविनोदेन रेजिरे **कृतरेचकाः**।
**नभोरङ्गे** विलोलाङ्ग्यः सौदामिन्य इवोद्गुचः।
**काश्चिदारचितैः स्थानैर्बभुर्विक्षिप्तबाहवः**।
शिक्षमाणा इवानङ्गाद् धनुर्वेदं जगज्जये ॥
**पुष्पाञ्जलिं** किरन्त्येका परितो **रङ्गमण्डलम्**।
मदनग्रहमावेशे योक्तुकामेव लक्षिता ॥
तदुरोजसरोजातमुकुलानि चकम्पिरे।
अनुनर्तितुमेतासामिव **नृत्तं** कृतत्वरम्

आदिपुराण में इन गोष्ठियों का जो सविस्तर वर्णन किया गया है, वह इस तथ्य का साधक है कि 'आदिमभरत' अथवा 'वृद्धभरत' जैन विश्वास के अनुसार भगवान् वृषभदेव की अपेक्षा पूर्ववर्ती हैं, तथा आदिपुराण के रचयिता के द्वारा जो गान्धर्वशास्त्र चर्चा का विषय बना, उसमें सौ अध्याय थे।

नाट्यशास्त्र के वर्तमान षट्साहस्री संस्करण में छत्तीस अध्याय हैं, जिनमें सत्ताईस अध्याय नाट्य-विषयक और अवशिष्ट नौ अध्याय गान्धर्व विषयक हैं। अर्थात् नाट्यशास्त्र का वर्तमान षट्साहस्री संस्करण नाट्य एवं गान्धर्व दोनों का संग्रह है।

अभिनवभारतीकार आचार्य अभिनवगुप्त के एक नास्तिकधुर्य्य (जैन ?) आचार्य का मत था कि नाट्यशास्त्र का षट्साहस्री संस्करण भरतमुनि की कृति नहीं, अपितु किसी ऐसे व्यक्ति के द्वारा किया हुआ सङ्कलन है, जिसने सदाशिवमत, ब्रह्ममत और भरतमत के ग्रन्थों के खण्ड

---

अपाङ्गशरसन्धानैर्भ्रूलताचापकर्षणैः।
धनुर्गुणनिकेवासीत् **नृतगोष्ठी** मनोभुवः॥
स्मितमुद्भिन्नदन्तांशु **पाठ्यं** कलमनाकुलम्।
सापाङ्गवीक्षितं चक्षुः **सलयश्च परिक्रमः**॥
इतीदमन्यदप्यासां धत्तेऽनङ्गशराङ्गताम्।
**किमङ्ग संगतं भावैराङ्गिकै रसतांगतैः**॥
**चारिभिः करणैश्चित्रैः साङ्गहारैश्च रेचकैः।**
मनोऽस्याः सुरनर्तक्यश्चक्रुः संप्रेक्षणोत्सुकम्॥
काश्चित्सङ्गीतगोष्ठीषु दरोद्भिन्नस्मितैर्मुखैः।
बभुः पद्मैरिवाब्जिन्यो विरलोद्भिन्नकेसरैः॥
काश्चिदोष्ठाग्रसंदष्ट**वेणवो**ऽणुभ्रुवो बभुः।
मदनाग्निमिवाध्मातुं कृतयत्ना **सफूत्कृतम्**॥
**वेणुध्मा** वैणवी यष्टी **मार्जन्त्यः** करपल्लवैः।
चित्रं पल्लवितांश्चक्रुः प्रेक्षकाणां मनोद्रुमान्॥
सङ्गीतकविधौ काश्चित् स्पृशन्त्यः **परिवादिनीः।**
कराङ्गुलीभिरातेनुर्गान**मामन्द्रमूर्च्छनाः**॥
**तन्त्र्यो** मधुरमारेणुस्तत्कराङ्गुलिताडिताः।
**अयं तान्त्रो** गुणः कोऽपि ताडनाद् याति तद्वशम्॥

लेकर ब्रह्ममत की सारवत्ता का प्रतिपादन करने के लिए प्रस्तुत षट्साहस्री संस्करण बना डाला है।[1]

अस्तु, आदिभरत की प्राचीनतमता सिद्ध है। आचार्य पार्श्वदेव ने नवम अधिकरण में छन्द १०७-११५ को आदिभरत की उक्ति कहा है और नाट्यशास्त्र के अनेक श्लोकों को अनेक स्थलों पर जैसा का तैसा उद्धृत किया है।

## ४. दत्तिल

नाट्यशास्त्र के वर्तमान संस्करणों में 'दत्तिल' को भी भरतमुनि का पुत्र कहा गया है। अनन्तशयनम् सीरीज नं० २ के रूप में 'दत्तिलम्' नामक एक पुस्तिका छप चुकी है, जो मूलकृति का संक्षिप्त रूपान्तर प्रतीत होती है।

---

वंशे सन्दष्टमालोक्य तासां तु दशनच्छदम्।
**वीणालाबुभिराश्लेषि** घनं तत्स्तनमण्डलम्॥
**मृदङ्गवादनैः** काश्चिद् **बभुरुत्क्षिप्तबाहवः**।
तत्कला कौशले श्लाघां कर्तुकामा इवात्मनः॥
**मृदङ्गास्तत्करस्पर्शात्** तदा **मन्द्रं** विसस्वनुः।
तत्कलाकौशलं तासामुत्कुर्वाणा इवोच्चकैः॥
**मृदङ्गा** न वयं सत्यं पश्यतास्मान् हिरण्मयान्।
इतीवारसितं चक्रुस्ते मुहुस्तत्कराहताः॥
**मुरजाः** सुरवा नैते वदनीया कृतश्रमम्।
इतीव सस्वनुर्मन्द्रं **पणवाद्याः सुरानकाः**॥
**प्रभातमङ्गले** काश्चित् **शङ्खानाध्मासिषुः** पृथून्।
स्वकरोत्पीडनं सोढुमक्षमानिव सारवान्॥
काश्चित्**प्राबोधिकैस्तूर्य्यैः सममुत्तालतालकैः**।
जगुः कलं च मन्द्रं च मङ्गलानि सुराङ्गनाः।

पूर्वोक्त, द्वादशं पर्व, पृ० २६७-२६९, श्लोक १८८-२०९

१. एतेन सदाशिवब्रह्मभरतमतत्रयविवेचनेन ब्रह्ममतसारताप्रतिपादनाय मतत्रयी सारासारविवेचनं तद्ग्रन्थप्रक्षेपेण विहितमिदं शास्त्रम्। न तु मुनिविरचितमिति यदाहुर्नास्तिकधुर्य्योपाध्यास्तत्प्रत्युक्तम्।

अभिनव-भारती प्रथम संस्करण, हिन्दी संस्करण १०६

दत्तिल ने मूर्च्छना के चार भेद पूर्णा, षाडवा, औडुविता और साधारणी माने हैं, 'बृहद्देशी' में इस दृष्टिकोण का भी उल्लेख है।[1] प्रथम शती ई० के एक शिलालेख में दत्तिल की चर्चा है। नान्यदेव (११ वीं शती ई०) तथा आचार्य अभिनवगुप्त ने अनेक स्थानों पर दत्तिल का उल्लेख किया है। 'सङ्गीत-रत्नाकर' के प्रसिद्ध टीकाकार सिंहभूपाल ने दत्तिल की कृति की एक टीका 'प्रयोगस्तवक' की चर्चा की है।

## ५. कोहल

नाट्यशास्त्र के अनुसार 'कोहल' भरतमुनि के सौ पुत्रों में से एक हैं।[2] नाट्यशास्त्र के ही अनुसार जो ज्ञान भरत मुनि को ब्रह्मा के द्वारा

---

१. कुम्भ ने इस मत को भरत-विरोधी एवं असङ्गत बताते हुए इसका खण्डन किया है। सिंहभूपाल इसे दत्तिल और मतङ्ग का मत बताते हैं, भरत का नहीं।

अभिनवगुप्त के अनुसार भरत का मत है :—

क्रमयुक्ताः स्वराः सप्त मूर्च्छनेत्यभिसंज्ञिताः।
षट्पञ्चस्वरकास्तानाः षाडवौडुविताश्रयाः।
साधारणकृताश्चैव काकलीसमलङ्कृताः।
अन्तरस्वरसंयुक्ता मूर्च्छना ग्रामयोर्द्वयोः॥

अभिनवभारती, २८ वाँ अध्याय, पृष्ठ २५

अर्थात्—"क्रमयुक्त सप्त स्वर 'मूर्च्छना' कहे जाते हैं, षाडव और औडुव विधि का आश्रय लेने पर षट्स्वरक एवं पञ्चस्वरक रूप 'तान' कहलाते हैं। शुद्ध-स्वरयुक्त मूर्च्छनाओं के अतिरिक्त मूर्च्छनाओं के तीन अन्य भेद 'साधारणकृत', 'काकलीसमलङ्कृत' तथा 'अन्तरस्वरसंयुक्त' हैं।

झगड़े का निपटारा करते हुए अभिनवगुप्त कहते हैं कि षट्स्वर, पंच स्वर रूपों को भी 'मूर्च्छना' कहा जा सकता है, क्योंकि एक देश के विकृत होने पर भी वे अनन्य (वही) जैसी भासित होती हैं। आचार्य्य अभिनवगुप्त के शब्द हैं :—

"कदाचिच्चौडुवे एता इति स्वरलोपे चैकदेशविकृतत्वेऽप्यनन्यतया भासना सैवासौ मूर्च्छना।"

वही, पृष्ठ वही

२. "शाण्डिल्यं चैव वात्स्यं च कोहलं दत्तिलं तथा।"

ना० शा०, गायक० सीरीज़, प्रथम अध्याय, पृ० १८

हुआ, उसे 'उत्तर तन्त्र' अथवा 'प्रस्तारतंत्र' के द्वारा कोहल कहेगा।[1] इस उक्ति का तात्पर्य्य यह है कि कोहल ने भरतोक्त सिद्धान्तों के 'प्रस्तार' (सोदाहरण विवेचन) किये। दत्तिलकृत कहे जाने वाले ग्रन्थ 'दत्तिलम्' (पृ० १२, श्लोक १२८) में भी कोहल का उल्लेख है। मतङ्गकृत 'बृहद्देशी' के श्रुतिस्वर-निर्णय तथा अलंकारप्रकरण में कोहल के मत का उल्लेख किया है। आचार्य्य अभिनवगुप्त ने 'अभिनवभारती' में 'नाट्याधिकार' और 'गेयाधिकार' के प्रसङ्ग में कोहल के अनेक उद्धरण दिये हैं। लगता है कि नाट्य, नृत्य और गीत सभी पर कोहल ने विचार किया था। 'कुट्टनीमतम्' के लेखक दामोदरगुप्त (८वीं शती ई० का उत्तरार्द्ध) ने भी कोहल का उल्लेख आदरपूर्वक किया है। सङ्गीतरत्नाकर के प्रसिद्ध टीकाकार कल्लिनाथ (पन्द्रहवीं शती ई० का पूर्वार्द्ध) के अनुसार कोहल की एक रचना का नाम, 'सङ्गीतमेरु' है, जो शार्दूल-कोहल के संवाद के रूप में है, जिस का प्रथम भाग 'नाट्य' और दूसरा भाग 'सङ्गीत' से सम्बद्ध है। सम्भव है इसका आधार कोहल की ही कोई प्राचीन कृति हो। मद्रास-मैन्युस्क्रिप्ट-लायब्रेरी में 'कोहलीयमभिनयशास्त्रम्' 'तालकरहस्यम्' और 'कोहलरहस्यम्' नामक कुछ हस्तलिखित ग्रन्थ हैं।

आचार्य्य पार्श्वदेव ने कोहल के मत का उल्लेख 'सङ्गीतसमयसार' में किया है।

## ६. मतङ्ग

मतङ्ग को मुनि कहा जाता है। आचार्य्य अभिनवगुप्त का कथन है कि भगवान् महेश्वर की आराधना के साथ 'वंश' नामक आतोद्य का निर्माण 'वेणु' के द्वारा 'मतङ्ग' इत्यादि मुनियों ने किया।[2] इसका अर्थ यह है कि दशम शती ई० के अन्त में विद्यमान आचार्य्य अभिनवगुप्त मतङ्ग मुनि को एक पौराणिक व्यक्ति मानते थे।

कालिदास के अनुसार एक मतङ्ग मुनि ने गन्धर्वराजपुत्र प्रियंवद

---

१. "शेषमुत्तर (प्रस्तार) तंत्रेण कोहलः कथयिष्यति।"
पूर्वोक्त, सैंतीसवाँ अध्याय, पृ० ५११

२. "वंशातोद्यमिति पूर्वं भगवन्महेश्वराराधनसाधनं मतङ्गमुनिप्रभृतिभिर्वेणुनिर्मितं ततो वंश इति प्रसिद्धम्।" —अभिनवभारती, तीसवाँ अध्याय, पृ० १२६

को उसके गर्व के कारण शाप दिया और उससे मुक्त होने का उपाय भी बताया था।[1] सम्भव है, यही मतङ्गमुनि वेणुवाद्य के आविष्कर्ता हों। मतङ्ग ने 'भरत' को गुरु कहा है।[2]

'बृहद्देशी' को मतङ्ग की कृति कहा जाता है, जो खण्डित रूप में उपलब्ध है और के० साम्बशिव शास्त्री द्वारा सम्पादित होकर ट्रावनकोर से प्रकाशित हो चुकी है, इसमें वाद्याध्याय नहीं है।

'बृहद्देशी' के प्राप्त रूप में नारद प्रश्नकर्ता है और मतङ्ग समाधानकर्ता।[3] बृहद्देशी के उपलब्ध रूप में काश्यप, नन्दी, कोहल, दत्तिल, दुर्गशक्ति, याष्टिक, वल्लभ, विश्वावसु, शार्दूल, विशाखिल इत्यादि पूर्वाचार्यों की चर्चा है और नन्दिकेश्वर के द्वादश-स्वर-मूर्च्छनावाद को रागसिद्धि के लिए आवश्यक माना है।[4]

मतङ्ग सप्ततंत्री वीणा 'चित्रा' के वादक थे, इसलिए इन्हें 'चैत्रिक' भी कहा जाता है।[5] रामकृष्ण कवि के अनुसार मतङ्ग किन्नरी वीणा के आविष्कारक हैं, जो विश्व का आदिम सारिकायुक्त वाद्य है। नाट्यशास्त्र अथवा वाल्मीकि रामायण में किन्नरी वीणा की चर्चा नहीं है।

'सङ्गीतराज' में महाराणा कुम्भ ने किन्नरी वीणा के सम्बन्ध में केवल मतङ्ग के मत का उल्लेख किया है।

---

१. "मतङ्गशापादवलेपमूलादवाप्तवानस्मि मतङ्गजत्वम्।
अवेहि गन्धर्वपतेस्तनूजं प्रियंवदं मां प्रियदर्शनस्य॥
—रघुवंश, सर्ग ५, श्लोक ५३

२. भरतं गुरुमाह मतङ्गः। भरत-कोष, सम्पादक रामकृष्ण कवि, पृ० ४५४

३. मतङ्गस्य बचो श्रुत्वा नारदो मुनिरब्रवीत्।
ननु ध्वनेस्तु देशीत्वं कथं जातं महामुने॥ पूर्वोक्त संस्करण, पृ० १
श्रीमतङ्गमुनिः प्राह मुनीनुद्दिश्य तद्यथा। ,, पृ० १४१

४. द्वादशस्वरमूर्च्छनावाद और उसके खण्डन के लिए देखिये 'भरत का संगीत-सिद्धान्त', पृ० ५१-५४

५. 'मतङ्गो वादकस्तस्याश्चैत्रिको नाम चापरः।
नान्यदेव, भरतकोष, पृ० ६२८ पर उद्धृत

## ७. याष्टिक

याष्टिक की रचना 'याष्टिकसंहिता' कही जाती है, जो इस युग में उपलब्ध नहीं है। बृहद्देशी' के० अनुसार भाषा, विभाषा, तथा अन्तरभाषा नाम तीन गीतियों के प्रवक्ता याष्टिक मुनि हैं।[१] याष्टिक मुनि ने काश्यप (कश्यपगोत्रीय व्यक्तिविशेष) को 'भाषालक्षण' का उपदेशदिया।[२] बृहद्देशी' के चतुर्थ अध्याय को 'सर्वागमसंहिता के अन्तर्गत याष्टिक प्रमुख्य (प्रयुक्त ?) भाषा लक्षणाध्याय' कहा गया है।[३] 'सङ्गीतसुधा' (सत्रहवी शती ई०) के अनुसार याष्टिक 'दक्ष' इत्यादि महापुरुषों के भी उपदेष्टा थे और आञ्जनेय भी देशी रागों के विषय में याष्टिक मुनि के शिष्य थे।[४]

पार्श्वदेव ने 'सङ्गीतसमयसार' में 'वराटी' का जो जगदेककृत श्लोक उद्धृत किया है, उसमें 'याष्टिक' की चर्चा है।[५]

## ८. अनिलसुत (आञ्जनेय, हनुमान्)

वाल्मीकि-रामायण के आञ्जनेय हनुमान् ऋग्वेद, एवं सामवेद पर पूर्ण अधिकार रखते थे, ये व्याकरण के भी पूर्ण पण्डित थे।[६] तीनों स्थानों में यथावसर व्यक्त होने वाले इनकी विचित्र वाणी के व्यञ्जन खड्गहस्त शत्रु को भी वशीभूत कर सकते थे।[७]

---

१. "भाषा चैव विभाषा च तथा चान्तरभाषिका।
तिस्रस्तु गीतयः प्रोक्ता याष्टिकेन महात्मना॥"
बृहद्देशी, पृ० ८२, श्लोक २८९

२. "शृणुष्वावहितो भूत्वा भाषालक्षणमुत्तमम्।
यत् पृथिव्यां प्रयत्नेन गीयते गीतवेदिभिः॥"
—वही, पृ० १०५

३. सर्वागमसंहितायां याष्टिक प्रमुख्य (प्रयुक्त ?) भाषालक्षणाध्यायः चतुर्थः।
—वही, पृ० १३३

४. कदाचिदागात् कदलीववान्तमासेदिवान् याष्टिकमाञ्जनेयः।
सङ्गीतविद्योपनिषद्रहस्यमध्यापयन्तं धुरिदक्षमुख्यान्॥
भरतकोष, पृ० ५४३ पर उद्धृत

५. "समशेषस्वरा पूर्णा शृङ्गारे याष्टिकोदिता।"
सं० स० सार, अध्याय ४, श्लोक ८०, पृ० ८१

६. नानृग्वेदविनीतस्य नायजुर्वेदधारिणः। नासामवेदविदुषः शक्यमेवं विभाषितुम्।
वाल्मीकि-रामायण, किष्किन्धाकाण्ड, सर्ग ३, श्लोक ८

७. अनया चित्रया वाचा त्रिस्थानव्यञ्जनस्थया।
कस्य नाराध्यते चित्तमुद्यतासेररेरपि। वही, काण्ड वही, सर्ग वही, श्लोक ३३

'सङ्गीत-सुधा' के लेखक (१७वीं शती ई०) के अनुसार आञ्जनेय देशी रागों में याष्टिक के शिष्य थे[१] और उन्होंने याष्टिक के उपदेश के अनुसार तथा यक्षसमूह की गान शैली का भी आश्रय लेकर लक्ष्य के अविरोधी शास्त्र का निर्माण किया।[२]

आञ्जनेय का कथन है कि जिन रागों में श्रुति, स्वर, ग्राम, जाति इत्यादि का नियम नहीं होता और विभिन्न देशों की गति की छाया होती है, वे देशी राग होते हैं।[३]

आञ्जनेय के सिद्धान्तों का प्रतिपादक ग्रन्थ 'आञ्जनेयसंहिता', 'हनुमत्संहिता' या 'भरतरत्नाकर' है, प्रो० रामकृष्ण कवि के अनुसार 'हनुमन्मत' में अठारह श्रुतियाँ हैं। यह कहा जाना सम्भव नहीं कि इन पुस्तकों के आधारग्रन्थ या आञ्जनेयकृत मूल ग्रन्थ की कितनी सामग्री पूर्वोक्त पुस्तकों में है। सङ्गीतदर्पणकार दामोदर (१६वी शती ई०) ने स्वयं को हनुमन्मत का अनुयायी कहा है।

## ९. भोज

विद्याव्यसनी प्रसिद्ध धारानरेश महाराज भोज ने महमूद गज़नवी के आक्रमण का प्रतिरोध करने के लिए सङ्घटित एक राजसङ्घ में सहायता की थी। इनके द्वारा विरचित ग्रन्थों की संख्या चौहत्तर बताई जाती है, उनमें 'शृंङ्गार-प्रकाश' अलङ्कारशास्त्रयविषयक है। व्याकरण, काव्यालङ्कार तथा सङ्गीत पर इनके तीन ग्रन्थ कहे जाते हैं।[४] पार्श्वदेव ने 'संगीतसमयसार' के ठाय-प्रकरण में महाराज भोज के मत की चर्चा

---

१. कदाचिदागात्कदलीवमान्तमासेदिवान् याष्टिकमाञ्जनेयः।
सङ्गीतविद्योपनिषद्रहस्यमध्यापयन्तं धुरिदक्षमुख्यान् ॥
भरत-कोष, पृ० ५४३ पर उद्धृत

२. तां याष्टिकोक्तामविरोधरीतिं यक्षौघगीतामपि गानशैलीम्।
आलोच्य बुद्ध्या चिरमाञ्जनेयो लक्ष्याविरुद्धं प्रणिनाय शास्त्रम् ॥
भरत-कोष, पृ० ५४३ पर उद्धृत

३. येषां श्रुतिस्वरग्रामजात्यादिनियमो नहि।
नानादेशगतिच्छाया देशीरागास्तु ते स्मृताः।
संगीतरत्नाकर, रागविवेकाध्याय की टीका में कल्लिनाथ द्वारा उद्धृत

४. भरतकोष, पृ० ४४७

सम्मानपूर्वक की है।[1] अतः वह सिद्ध है कि पार्श्वदेव को भोजकृत संङ्गीतविषयक कोई ग्रन्थ प्राप्त रहा होगा।

## १०. सोमेश्वर

महाराज सोमेश्वर (राज्य काल ११२७-११३४ ई) पश्चिम चालुक्यचक्रवर्ती महाराज त्रिभुवनमल्ल परमर्दी बिक्रमाङ्कदेव (राज्यकाल १०७६-११२६) के प्रतापी पुत्र थे। महाराज सोमेश्वर ने अपने पिता के यशोगान में विक्रमाङ्काभ्युदय' नामक रचना तो की ही, राजविद्या के एक विश्वकोष 'अभिलषितार्थचिन्तामणि' की रचना भी की, जिसमें पाँच प्रकरण हैं और इन प्रकरणों में सौ अध्याय हैं। चौथे प्रकरण में एक हज़ार एक सौ सोलह सङ्गीतविषयक श्लोक हैं। महाराज सोमेश्वर ने भाषा, विभाषा, क्रियाङ्ग इत्यादि में विभक्त छियानवे देशी रागों का कथन किया है। प्रबन्धों का स्पष्टीकरण उदाहरणों के द्वारा किया है।

महाराज सोमेश्वर को 'भूमल्ल' भी कहा जाता है। ये 'कुण्डलीनृत्त' के आविष्कर्ता और प्रवर्तक हुए हैं। पश्चादवर्ती आचार्य्यों ने अत्यन्त आदर पूर्वक इनके मत का उल्लेख किया है।[2] हैदराबाद (दक्षिण) के पास 'कल्याण' नामक स्थानक इनकी राजधानी था।

## ११. जगदेकमल्ल (प्रतापपृथिवीभुक्)

'प्रतापचक्रवर्ती' महाराज जगदेकमल्ल (राज्य-काल ११३४-११४५ ई०) पूर्वोक्त महाराज सोमेश्वर के पुत्र थे। इनके ग्रन्थ का नाम 'सङ्गीत चूडामणि' है, जिसमें इनके पितामह परमर्दी (त्रिभुवनमल्ल) पिता (महाराज सोमेश्वर) पाण्डुसूनु (अर्जुन) एवं बृहद्देशी की चर्चा तो है ही, 'प्राकृतच्छन्द' के रचयिता स्वयम्भू भी इस में चर्चा का विषय बने हैं।

'सङ्गीतचूडामणि' के पाँच अध्यायों में प्रबन्ध, ताल, राग, वाद्य एवं नृत्य का वर्णन हुआ है। वाद्याध्याय एवं नृत्याध्याय असम्पूर्ण रूप में

---

१. भाण्डीकभाषयोद्दिष्टा भोजसोमेश्वरादिभिः।
ठाया: लक्षणतः केचिद् वक्ष्यन्ते लक्ष्यसम्भवाः॥
—सं० स० सार, अध्याय ४, पृ० ४३, श्लोक १

२. भरत का सङ्गीत-सिद्धान्त, पृ० ३००, ३०१, 'भरत-कोष', भूमिका, पृ० ४

चिन्तामणि' 'ध्रुवपद और उसका विकास' 'मुसलमान और भारतीय सङ्गीत' 'खुसरो, तानसेन तथा अन्य-कलाकार' जैसी रचनाओं ने आचार्य्य बृहस्पति को देश विदेश में अत्यन्त ख्याति प्रदान की है। 'नाट्य शास्त्र' के अट्ठाईसवें अध्याय पर आचार्य्य बृहस्पति ने 'सञ्जीवनम्' नामक संस्कृत भाष्य एवं 'साधना' नामक हिन्दी टीका का प्रणयन किया है।

भारतीय स्वर सिद्धान्त को स्पष्ट करने के लिए आचार्य्य बृहस्पति ने 'बृहस्पतिवीणा' 'श्रुतिदर्पण' तथा 'बृहस्पतिकिन्नरी' का निर्माण किया। उन्होंने सहस्रावधि बन्दिशों की रचना की है और उनका एक अन्य ग्रन्थ 'राग-चिन्तन' एक युगान्तरकारिणी कृति है।

आचार्य्य बृहस्पति १९५० ई० से १९६५ ई० तक कानपुर के श्री विक्रमाजीतसिंह-सनातनधर्म-कालेज धर्म्माचार्य्य एवं हिन्दी-साहित्य के अध्यापक रहे, तत्पश्चात् अखिल भारतीय आकाशवाणी में चीफ एड-वाईजर। नवम्बर १९७५ ई० से वे सूचना एवं प्रसारण-मंत्रालय में 'एडवाइजर' हैं।

Scanned with OKEN Scanner